* नगर संस्करण । पेज : 12 | 14.02.2024 | बुधवार | माघ, शुक्ल पक्ष, पंचमी संवत 2080 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 212 | khabarmantra.net

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

खबर मन्त्र

सबकी बात सबके साथ

न्यूज डायरी

पूर्व सांसद घूरन राम ने राजद से दिया इस्तीफा

रांची। लोकसभा चुनाव से पहले इंडिया गठबंधन को झटका लगा है। पलामू के पूर्व सांसद घूरन राम ने राजद से इस्तीफा दे दिया है। अभी उन्होंने यह खुलासा नहीं किया है कि किस पार्टी से जुड़ेंगे। घूरन राम 2007 के लोकसभा उपचुनाव में राजद के टिकट पर पलामू से सांसद बने थे।

कांग्रेस नेता अशोक चव्हाण भाजपा में शामिल

मुंबई। कांग्रेस के कद्दावर नेता एवं महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक चव्हाण मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शमिल हो गये। महाराष्ट्र में कांग्रेस को लगातार झटके लग रहे हैं।

साहिबगंज : घर में घुस रेलकर्मी को मारी गोली

साहिबगंज। नगर थाना के सामने नॉर्थ रेलवे कालोनी में रहने वाले राजकुमार चंदन (35) की अपराधियों ने हत्या कर दी। सोमवार की रात करीब 1:30 बजे घर में घुसकर अपराधियों ने उसे गोली मार दी। चंदन रेलवे में आईडब्ल्यू के भोलमेन था।

चंपई कैबिनेट की तीसरी बैठक कल

रांची। चंपई सोरेन सरकार की तीसरी कैबिनेट की बैठक 15 फरवरी को होगी। यह बैठक शाम 5 बजे से प्रोजेक्ट भवन स्थित मंत्रिपरिषद कक्ष में होगी। इस बैठक में कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर निर्णय लिया जायेगा।

जयाप्रदा को गिरफ्तार कर पेश करने का आदेश

नयी दिल्ली। रामपुर की एमपी/एमएलए अदालत ने पुलिस को एक्ट्रेस से नेता बनीं जया प्रदा को गिरफ्तार कर 27 फरवरी को अदालत में पेश करने का आदेश दिया है।

रामगढ़ में हथियार के साथ तीन बदमाश धराये

रामगढ़। पतरातू क्षेत्र में पुलिस ने छापेमारी कर तीन अपराधियों को गिरफ्तार किया। उनके पास से दो देसी कट्टा, एक पिस्तौल और 8 जिंदा गोली बरामद हुआ है। पतरातू एसडीपीओ वीरेंद्र राम ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी।

चंपई कैबिनेट की तीसरी बैठक कल

रांची। चंपई सोरेन सरकार की तीसरी कैबिनेट की बैठक 15 फरवरी को होगी। यह बैठक शाम 5 बजे से प्रोजेक्ट भवन स्थित मंत्रिपरिषद कक्ष में होगी। इस बैठक में कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर निर्णय लिया जायेगा।

माओवादी प्रदीप सिंह से एनआइए ने की पूछताछ

रांची। छोटू खरवार के दस्ते को लीड करने वाले माओवादी प्रदीप सिंह चेरो (खरवार)से राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने पूछताछ की। एनआईए ब्रांच रांची ने प्रदीप सिंह से चार दिनों तक पूछताछ की है। इस दौरान एनआईए को कई अहम जानकारियां मिली हैं।

गहना आभूषण

सोना (बिक्री)	:	57,800 रु./10 ग्राम
चांदी	:	72,000 रु./प्रति किलो

तीसरी आंख

बोकारो में पुलिस नक्सली मुठभेड़

पुलिस को भारी पड़ता देख भागे नक्सली

- इलाके में अर्द्धसैनिक बलों का सर्च अभियान जारी
- दोनों ओर से करीब 100 राउंड फायरिंग

> बोकारो में मुठभेड़ की सूचना पुलिस मुख्यालय को मिली है। सीआरपीएफ, कोबरा और जगुआर के जवानों को सर्च अभियान में लगाया गया है।
> - अमोल विणुकांत होमकर, आईजी ऑपरेशन सह प्रवक्ता, झारखंड पुलिस।

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची/बोकारो। बोकारो जिला में नक्सलियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करा दी है। मंगलवार को तड़के पुलिस और नक्सलियों के बीच करीब दो घंटे तक मुठभेड़ हुई। दोनों ओर से सौ चक्र गोलियां चलायी गयी। खुद को कमजोर पड़ता देख नक्सली जंगल की ओर भागने में सफल रहे।

नक्सलियों की तलाश में पुलिस जंगल में छापेमारी कर रही है। यह मुठभेड़ बोकारो जिला के अति उग्रवाद प्रभावित क्षेत्र गोमिया प्रखंड के चतरोचट्टी थाना क्षेत्र के जंगल में हुई। बोकारो के एसपी प्रियदर्शी आलोक ने बताया कि भारी बारिश के बावजूद करीब दो घंटे तक दोनों ओर से फायरिंग हुई। एसपी ने बताया कि झुमरा पहाड़ के तलहटी में ये मुठभेड़ हुई है। हालांकि मुठभेड़ में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। कोबरा, झारखंड जगुआर और जिला पुलिस की टीम ने जंगल में एंटी नक्सल सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया है। एसपी ने बताया कि पुलिस को जंगल में माओवादी दस्ते की मौजूदगी की सूचना मिली थी। इसी आधार पर अभियान शुरू किया गया। उन्होंने बताया कि गिंदौनिया जंगल में माओवादी जोनल कमांडर बिरसेन उर्फ चंचल दा उर्फ रघुनाथ मांझी का दस्ता मूवमेंट कर रहा है। इस दस्ते में 12 से 14 कैडर हैं, जिनका पीछा सुरक्षा बलों के जवानों ने जंगल में किया।

सीएम ने संथाल को दी अबुआ आवास योजना की सौगात, कहा

अपने बलबूते राज्य के 20 लाख लाभुकों को देंगे पक्का मकान

- 2027 तक तीन कमरे का देंगे पक्का मकान
- आदिवासियों-मूलवासियों को स्वावलंबी बनायेंगे
- नीतियों के जरिये विकास को दे रहे नया आयाम
- शिक्षा का जो दीप जला रहे हैं जो कभी नहीं बुझेगा

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची/दुमका। मुख्यमंत्री चंपई सोरेन मंगलवार को संताल परगना के तीन जिलों के करीब 24000 लाभुकों को अबुआ आवास योजना की सौगात दी। साथ ही लाभुकों के खाते में पहली किस्त भेजी। वहीं मनरेगा के नव चयनित रोजगार सेवकों को नियुक्ति पत्र और लाभुकों को वनाधिकार पट्टा भी सौंपा। दुमका जिले के जामा प्रखंड स्थित कमार दुधानी में आयोजित अबुआ आवास योजना कार्यक्रम में सीएम ने कहा कि कहा कि आदिवासियों-मूलवासियों को आर्थिक रूप से स्वावलंबी बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। वर्ष 2027 तक झारखंड में हर किसी का अपना मकान का होगा। सभी को तीन कमरे का पक्का मकान मिलेगा। राज्य सरकार ने अपने बलबूते 20 लाख गरीब, जरूरतमंद और आवासविहीन लोगों के अपने आशियाना होने के सपने को साकार करने की दिशा में कदम बढ़ा दिये हैं। उन्होंने कहा कि योजना में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। वहीं बिचौलियों को चेताया भी। (शेष पेज 11 पर)

आपके हर सुख-दुःख में सरकार आपके साथ

मुख्यमंत्री ने कहा कि आपकी उम्मीदों, आकांक्षाओं अरमानो और विश्वास को हम टूटेंगे नहीं देंगे। आपके हप सुख-दुख में आपकी यह सरकार आपके साथ है। राज्य में किसी से कोई भेदभाव नहीं होगा। हर किसी को पूरे मान .सम्मान के साथ उनका हक और अधिकार मिलेगा। इसमें किसी भी प्रकार का कोई लापरवाही अथवा कोताही बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। उन्होंने कहा कि व्यवस्थाओं में सुधार लाये बिना राज्य को आगे नहीं ले जा सकते हैं। इस बात को ध्यान में रखकर आर्थिक, सामाजिक, शैक्षणिक और स्वास्थ्य समेत अन्य सभी व्यवस्थाओं को सुदृढ़ और मजबूत करने का काम हो रहा है। हेमन्त सोरेन ने विपरीत परिस्थितियों के बीच भी अपने कुशल नेतृत्व में जिस तरह विकास को नया आयाम दे रहे थे। उसी को आगे बढ़ने का काम हमारी सरकार कर रही है।

हर वर्ग और समुदाय के विकास पर जोर : मुख्यमंत्री ने कहा कि आदिवासी मूलवासी, दलित, पिछड़े, किसान मजदूर, बुजुर्ग, दिव्यांग, महिलायें बच्चे समेत हर वर्ग और तबके के सशक्तिकरण की दिशा में सरकार लगातार प्रयास कर रही है। सर्वजन पेंशन योजना के तहत सभी बुजुर्ग, महिला, दिव्यांग और विधवा को पेंशन मिल रहा है। किसान सालों भर कृषि कार्य कर सके, इसके लिए खेतों में सिंचाई की सुविधा उपलब्ध करायी जा रही है। आप सरकार की योजनाओं से जुड़ें और राज्य के विकास में भागीदार बनें।

27 से 30 लाख में हुई थी पेपर की डील

पेपर लीक मामले में गिरफ्तार अवर सचिव ने उगला राज

- दो अभ्यर्थियों की तलाश में जुटी एसआइटी की टीम

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। राजधानी रांची में आयोजित जेएसएससी सीजीएल परीक्षा पेपर लीक कांड का सौदा 30 लाख में हुआ था। पुलिस की पूछताछ में पेपर लीक कांड में रांची से लेकर पटना तक के सरकारी अफसरों, कोचिंग संचालकों और धंधेबाजों का बड़ा नेटवर्क सक्रिय था। पुलिस जांच में यह बात सामने आयी। इस मामले में गिरफ्तार झारखंड विधानसभा के अवर सचिव मो शमीम और उनके दो बेटों ने छह अभ्यर्थियों को परीक्षा के पहले 27-30 लाख रुपये में पर्चे उपलब्ध कराये थे। परीक्षा से पूर्व पत्र लोक होने से परीक्षा रद्द कर दी गयी थी। विरोध में अभ्यर्थियों ने भारी हंगामा भी किया था। (शेष पेज 11 पर)

पिता, दोनों पुत्र जेल गये

जेएसएससी पेपर लीक मामले में गिरफ्तार झारखंड विधानसभा के अवर सचिव मोहम्मद शमीम और उसके दोनों बेटों शहजादा और शाहनवाज को मंगलवार को रांची सिविल कोर्ट में पेश किया गया। जहां से कोर्ट ने तीनों को 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। तीनों को नगड़ी थाना क्षेत्र से रविवार को गिरफ्तार किया गया था।

बिहार विधानसभाकर्मी की भी संलिप्तता

परीक्षा पेपर लीक मामले में बिहार विधानसभा के कर्मी मोहम्मद रिजवान की भी संलिप्तता सामने आयी है। रिजवान गिरफ्तार अवर सचिव का दामाद है। उसकी गिरफ्तारी के लिए एसआइटी की टीम ने पटना के अनीसाबाद स्थित उसके घर में छापेमारी की, मगर वह फरार मिला। पुलिस ने बताया कि पहले तो मो. शमीम ने पेपर लीक कांड में अपनी संलिप्तता से इंकार किया। मगर जैसे-जैसे सबूत पेश किये गये, वह राज उगलता चला गया। मो शमीम ने बताया कि जेएसएससी पेपर लीक मामले में छह अभ्यर्थियों से डीलिंग हुई थी। सौदा 27 से 30 लाख में तय हुआ था। दो अभ्यर्थियों की परीक्षा 28 को हुई थी। परीक्षा से दो दिन पहले ही दोनों को पटना भेज दिया गया था। पटना में मो. शमीम के दामाद रिजवान ने उनके रहने की व्यवस्था की थी। दोनों को परीक्षा के पहले ही उत्तर याद करा दिया गया था, इसके बाद उन्हें सेंटर तक छोड़ा गया। एक अभ्यर्थी का सेंटर धनबाद और दूसरे का रांची में था।

रांची में कई ठिकानों पर इडी का छापा

विनोद सिंह, रमेश गोप, हेलिरियस के यहां छापेमारी, कई डिवाइस जब्त

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। जमीन घोटाले मामले में प्रवर्तन निदेशालय (इडी) ने हेमंत सोरेन के करीबी के ठिकाने पर मंगलवार को छापेमारी की। इडी की टीम ने जमीन कारोबारी रमेश गोप के कोकर के अयोध्यापुरी आवास पर छापेमारी की। इसके बाद ईडी की टीम आवास से निकल गयी। लगभग छह घंटे तक ईडी की टीम ने वहां जांच-पड़ताल की। उल्लेखनीय है कि इससे पहले बीते 31 जनवरी को बड़गाई अंचल की 8.5 एकड़ जमीन मामले में पूर्व सीएम हेमंत सोरेन गिरफ्तार किया गया है। जमीन घोटाला मामले में एक बार फिर से इडील के द्वारा रांची के कई स्थानों पर एक साथ छापेमारी की गयी। जानकारी के अनुसार छापेमारी रांची के बरियातू, अशोक नगर, कोकर और कुछ अन्य इलाकों में की गयी। (शेष पेज 11 पर)

भानु से और चार दिन पूछताछ करेगी इडी

बड़गाईं जमीन घोटाला

रांची। बड़गाईं अंचल के 8.46 एकड़ जमीन घोटाले के आरोप में निलंबित राजस्व कर्मचारी भानु प्रताप प्रसाद से ईडी आगे भी पूछताछ जारी रखेगी। ईडी कोर्ट ने मंगलवार को और चार दिन की पुलिस रिमांड की अवधि बढ़ा दी है। इससे पूर्व पीएमएलए के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की अदालत में 8 दिन की पुलिस रिमांड अवधि पूरी होने के बाद उसको पेश किया गया। पेशी के साथ ही ईडी की ओर से और 5 दिनों की और पुलिस रिमांड की मांग की गई। आवेदन में कहा गया कि भानु प्रताप के सहयोग से लामान्वित एक शख्स तक पहुंचना है। इसके अलावा कई और बिंदुओं पर पूछताछ शेष है। सुनवाई के बाद अदालत ने ईडी के आवेदन को स्वीकार किया। लेकिन, पुलिस रिमांड की अवधि चार दिन की स्वीकृति प्रदान की। चार दिनों की पूछताछ के बाद उसे पुनः कोर्ट में 17 फरवरी को पेश किया जायेगा। मालूम हो कि अदालत की अनुमति पर ईडी ने छह फरवरी को जेल से उसे अपने साथ ले गई है। ईडी उससे आगे भी पूछताछ जारी रखना चाहती है।

हिंसक हुआ किसान आंदोलन, भिड़ंत में कई जख्मी

एमएसपी पर जल्दबाजी में कानून बनाना असंभव : मुंडा

एजेंसी

नयी दिल्ली। किसान आंदोलन ने अब हिंसक रूप ले लिया है। पंजाब एवं हरियाणा को जोड़ने वाले शंभू बॉर्डर पर किसानों ने पत्थरबाजी भी शुरू कर दी है। वहीं पुलिस की ओर से लगातार आंसू गैस के गोले दागे जा रहे हैं। इस हिंसक कार्रवाई में करीब 13 लोग जख्मी हो गये हैं। यही नहीं किसानों ने बैरिकेडिंग भी उखाड़नी शुरू कर दी हैं। इसबीच केंद्रीय कृषि मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि फसलों पर न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की गारंटी देने वाला कानून सभी हितधारकों से परामर्श किये बिना जल्दबाजी में नहीं लाया जा सकता। उन्होंने प्रदर्शनकारी किसान समूहों से इस मुद्दे पर सरकार के साथ एक संरचित चर्चा करने का आग्रह किया। मुंडा ने प्रदर्शनकारी किसानों को कुछ तत्वों के बारे में 'जागरूक और सतर्क' रहने के लिए आगाह किया, जो राजनीतिक लाभ के लिए उनके विरोध प्रदर्शन को बदनाम कर सकते हैं।

केंद्रीय कृषि मंत्री मुंडा उस मंत्रिस्तरीय प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा हैं, जिसने किसानों की चिंताओं को हल करने के लिए चंडीगढ़ में संयुक्त किसान मोर्चा (गैर-राजनीतिक), किसान मजदूर मोर्चा सहित विभिन्न किसान समूहों के साथ दो दौर की चर्चा की। हालांकि, बातचीत बेनतीजा रहने पर किसान समूहों ने मंगलवार को अपना 'दिल्ली चलो' मार्च शुरू कर दिया है। (शेष पेज 11 पर)

हेमंत की न्यायिक हिरासत की अवधि 22 तक बढ़ी

रांची। बरियातू की 8.5 एकड़ बड़गाईं अंचल की जमीन दखल के मामले में आरोपी पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की न्यायिक हिरासत की अवधि ईडी कोर्ट ने मंगलवार को 22 फरवरी तक के लिए बढ़ा दी है। बड़गाईं के उप निरीक्षक भानु प्रताप प्रसाद की न्यायिक हिरासत की अवधि भी 22 फरवरी तक निर्धारित है। 31 जनवरी को गिरफ्तारी के बाद हेमंत सोरेन को 1 फरवरी को ईडी के विशेष न्यायाधीश के समक्ष पेश किया गया था। इसके बाद उनकी न्यायिक हिरासत की अवधि 13 फरवरी तक के लिए बढ़ा दी गई थी। मंगलवार को यह अवधि समाप्त हो रही थी, इसे देखते हुए ईडी कोर्ट ने हेमंत सोरेन की न्यायिक हिरासत की अवधि आज बढ़ा दी है। मालूम हो कि हेमंत सोरेन अभी ईडी के रिमांड पर हैं। कोर्ट ने हेमंत सोरेन से पूछताछ के लिये ईडी को 5-5 दिन के लिये दो बार रिमांड पर दिया था। इसके बाद सोमवार को हेमंत को और तीन दिनों की रिमांड पर ईडी को दिया गया है। ईडी ने इस मामले में ईसीआईआर 6/2023 दर्ज किया है। इस मामले भानु प्रताप प्रसाद, हेमंत सोरेन एवं अज्ञात अन्य को आरोपी बनाया गया है।

मोदी आज यूएई के पहले हिंदू मंदिर का करेंगे उद्घाटन

राष्ट्रपति ने गले लगा कर किया स्वागत, हमारा आपसी संबंध और प्रगाढ़ होगा

एजेंसी

नयी दिल्ली। पीएम मोदी संयुक्त अरब अमीरात (यूएइ) के दो दिवसीय दौरे पर बुधवार कतर पहुंचे। पीएम मोदी का भव्य स्वागत किया गया। यूएइ के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद को लगाया गले को गले लगा कर पीएम मोदी ने उनका आभार जताया। पीएम मोदी वहां देश के शीर्ष नेतृत्व से बातचीत करेंगे और अबू धाबी में पहले हिंदू मंदिर का उद्घाटन करेंगे। इस मंदिर के दोनों ओर गंगा और यमुना का पवित्र जल बह रहा है जिसे बड़े-बड़े कंटेनर में भारत से लाया गया है। मंदिर प्राधिकारियों के अनुसार, जिस ओर गंगा का जल बहता है वहां पर एक घाट के आकार का एम्फीथिएटर बनाया गया है। इस मंदिर के लिए एक मुस्लिम व्यवसायी ने अपनी जमीन दान में दी है। मोदी ने यूएइ के पहले हिन्दू मंदिर को सद्भाव, शांति और सहिष्णुता के मूल्यों के लिए एक स्थायी श्रद्धांजलि करार दिया है जो भारत और संयुक्त अरब अमीरात दोनों साझा करते हैं। (शेष पेज 11 पर)

Affiliation No. : 3430740
DAV SWARNREKHA PUBLIC SCHOOL
SENIOR SECONDARY (10+2)
Estd. 2013
Affiliated to CBSE, New Delhi

Admission Open

- Audio/visual Classroom
- Computer Lab
- Special Care For Children
- Well Equipped Laboratory
- Play Ground • Sports Facilities
- Transport Facility
- Homely Environment
- Trained Teachers • Rich Library

Vidya Nagar, Harmu, Ranchi-834002,
Ph.: 8210772409, 7004418497, 9334471071, 9546860825 (0)
E-mail : davspsrnc@gmail.com, Website : davswarnrekha.com

किसानों पर आंसू गैस बरसाना तानाशाह शासक के अंहकार का प्रतीक : कांग्रेस

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। कांग्रेस ने देश के अन्नदाताओं पर मोदी सरकार द्वारा दमनकारी नीतियों का पुरजोर विरोध किया है। किसानों पर बरसाए जा रहे आंसू गैस को पार्टी ने तानाशाह शासक के अहंकार में डूबने का प्रतीक माना है। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने कहा कि मोदी सरकार पार्ट-2 भीषण अन्याय काल का गवाह है। देश के युवा वर्ग, नारी, किसान के अलावा समाज का अन्य तबका भी न्याय की मांग कर रहा है, लेकिन केंद्र सरकार कान में तेल डालकर सो रही है। मोदी सरकार के इसी अन्याय खिलाफ राहुल गांधी द्वारा भारत जोड़ो न्याय यात्रा किया जा रहा है। जिससे समाज में जन जागरण का अभियान चल रहा है।

झारखंड में होनेवाले दूसरे चरण की न्याय यात्रा में राहुल गांधी नहीं होंगे शामिल

कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने कहा है कि एक तरफ अपने लिए न्याय की मांग कर रहे किसानों पर दमनपूर्वक कार्रवाई की जा रही है, तो दूसरी तरफ मोदी इन सबको नजरअंदाज कर विदेश भ्रमण कर रहे हैं। एक तानाशाह शासक की तरह मोदी ने उनके दमन की कार्रवाई शुरू कर दी है। उन्होंने कहा है कि केंद्र सरकार के इन्हीं अन्यायों के विरुद्ध न्याय की मांग को लेकर न्याय यात्रा का दूसरा चरण झारखंड में प्रारंभ किया जाएगा, जो 14 फरवरी को छत्तीसगढ़ से झारखंड में गढ़वा जिले के गोदरमाना से प्रवेश करेगी और रंका गढ़ फाटक, गढ़वा शहर बाजार, बी मोड़ होते हुए पलामू जिले के नावा बाजार में पहुंचेगी, जहां रात्री विश्राम होगा। फिर 15 फरवरी को जपला मोड़ छतरपुर होते हुए हरिहरगंज पहुंचेगी, जहां से यात्रा बिहार में प्रवेश करेगी। हालांकि झारखंड में होनेवाले दूसरे चरण की न्याय यात्रा में किसानों के आंदोलन को देखते हुए कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी शामिल नहीं रहेंगे।

झारखण्ड सरकार, गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग झारखण्ड आन्दोलनकारी चिन्हितीकरण आयोग

63वीं औपबंधिक सूची जिला–खूंटी

क्र0	आवेदनकर्ता की विवरणी	गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड, राँची के संकल्प संख्या–1938, दिनांक–20.04.2021 के आलोक में प्रदत्त कंडिका
विवरण :– चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी बदरी साहु एवं जाबेद पाषा द्वारा आयोग के माननीय सदस्य के समक्ष दिये गये बयान तथा पहचान के आधार पर।		
1.	1. आवेदन क्र0– 09 /24 2. आवेदक–रतन मुण्डा , पिता–स्व0 डिम्बा मुण्डा 3. ग्राम–मेहा , पोस्ट–कोने , थाना–कर्रा , प्रखण्ड–कर्रा 4. लिंग–पुरूष , आयु–74 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें हाथ में तील का दाग।	कंडिका–2(ix)
2.	1. आवेदन क्र0– 10/24 2. आवेदक–सुसाना खोंखा , पति–अनिल खोंखा 3. ग्राम–काला मुच्छिया , पोस्ट–विनगाँव , थाना–कर्रा , प्रखण्ड–कर्रा 4. लिंग–महिला , आयु–53 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें हाथ में गोदना।	कंडिका–2(ix)
3.	1. आवेदन क्र0– 11 /24 2. आवेदक–सालगी मिंज , पति–लक्ष्मण मिंज 3. ग्राम–काला मुच्छिया , पोस्ट–विनगाँव , थाना–कर्रा , प्रखण्ड–कर्रा 4. लिंग–महिला , आयु–61 वर्ष, पहचान चिन्ह–बाया हाथ में तील का चिन्ह।	कंडिका–2(ix)
4.	1. आवेदन क्र0– 12/24 2. आवेदक–जौन सांगा , पिता–सुशील सांगा 3. ग्राम–दरंगकेल नहुवाटोली , पोस्ट–लोधमा , थाना–कर्रा , प्रखण्ड–कर्रा 4. लिंग–पुरूष , आयु–49 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें हाथ में दाग।	कंडिका–2(ix)
5.	1. आवेदन क्र0– 13 /24 2. आवेदक–बरसी हेरेंज , पति–बिरसा हेरेंज 3. ग्राम–काला मुच्छिया , पोस्ट–विनगाँव , थाना–कर्रा , प्रखण्ड–कर्रा 4. लिंग–महिला , आयु–53 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाया हाथ में काला दाग।	कंडिका–2(ix)
6.	1. आवेदन क्र0– 14 /24 2. आवेदक–बहालेन धान , पति–स्व0 सुनील धान 3. ग्राम–दिगादोन , पोस्ट–विनगाँव , थाना–कर्रा , प्रखण्ड–कर्रा 4. लिंग–महिला , आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह–बाया पैर में घाव का दाग।	कंडिका–2(ix)
7.	1. आवेदन क्र0– 15/24 2. आवेदक–राम मिंज , पिता–स्व0 मंगरा मिंज 3. ग्राम–मालगो , पोस्ट–विनगाँव , थाना–कर्रा , प्रखण्ड–कर्रा 4. लिंग–पुरूष , आयु–72 वर्ष, पहचान चिन्ह–चेहरे में काला घाव का चिन्ह।	कंडिका–2(ix)
8.	1. आवेदन क्र0– 16/24 2. आवेदक–दाली मुण्डाईन , पति–सुधीर मुण्डा 3. ग्राम–डेहकेला , पोस्ट–गोविन्दपुर रोड , थाना–जरियागाढ़ , प्रखण्ड–कर्रा 4. लिंग–महिला , आयु–48 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने हाथ में घाव का दाग।	कंडिका–2(ix)
9.	1. आवेदन क्र0– 17/24 2. आवेदक–जोहान मुण्डा , पिता–सोहराई मुण्डा 3. ग्राम–डेहकेला , पोस्ट–गोविन्दपुर रोड , थाना–जरियागाढ़ , प्रखण्ड–कर्रा 4. लिंग–पुरूष , आयु–61 वर्ष, पहचान चिन्ह–बाया हाथ का अंगुठा कटा हुआ।	कंडिका–2(ix)
10.	1. आवेदन क्र0– 18/24 2. आवेदक–जौनी मुण्डाईन , पति–जोहान मुण्डा 3. ग्राम–डेहकेला , पोस्ट–गोविन्दपुर रोड , थाना–जरियागाढ़ , प्रखण्ड–कर्रा 4. लिंग–महिला , आयु–56 वर्ष, पहचान चिन्ह–बाया हाथ खोदा।	कंडिका–2(ix)
11.	1. आवेदन क्र0– 19 /24 2. आवेदक–मसकलन मुण्डा , पिता–यथायाह मुण्डा 3. ग्राम–दुडरी , पोस्ट–मुरहु , थाना–मुरहु , प्रखण्ड–मुरहु 4. लिंग–पुरूष , आयु–54 वर्ष, पहचान चिन्ह–गले पर तील का दाग।	कंडिका–2(ix)
12.	1. आवेदन क्र0– 20 /24 2. आवेदक–सलोमी होरो , पति–सोमनाथ होरो 3. ग्राम–डेहकेला , पोस्ट–गोविन्दपुर रोड , थाना–जरियागाढ़ , प्रखण्ड–कर्रा 4. लिंग–महिला , आयु–47 वर्ष, पहचान चिन्ह–बाया हाथ में खोदा का दाग।	कंडिका–2(ix)
13.	1. आवेदन क्र0– 21 /24 2. आवेदक–धानी मुण्डाईन , पति–स्व0 लेदा मुण्डा 3. ग्राम–मेहा , पोस्ट–कोने , थाना–कर्रा , प्रखण्ड–कर्रा 4. लिंग–महिला , आयु–62 वर्ष, पहचान चिन्ह–कपाल में तील का दाग।	कंडिका–2(ix)
14.	1. आवेदन क्र0– 22/24 2. आवेदक–हीरामनी होरो , पति–कल्यान होरो 3. ग्राम–कोटली , पोस्ट–तिलमी , थाना–कर्रा , प्रखण्ड–कर्रा 4. लिंग–महिला , आयु–54 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही।	कंडिका–2(ix)
15.	1. आवेदन क्र0– 23 /24 2. आवेदक–सुमन धान (आश्रित पुत्र), पिता–स्व0 सुनील धान (मुल आन्दोलनकारी) 3. ग्राम–दिगादोन , पोस्ट–विनगाँव , थाना–कर्रा , प्रखण्ड–कर्रा 4. लिंग–पुरूष , आयु–21 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने हाथ में घाव का दाग।	कंडिका–2(ix)
16.	1. आवेदन क्र0– 25/24 2. आवेदक–अंधु मुण्डा , पिता–रूसु मुण्डा 3. ग्राम–छाता , पोस्ट–छाता , थाना–कर्रा , प्रखण्ड–कर्रा 4. लिंग– पुरूष , आयु–57 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही।	कंडिका–2(ix)
17.	1. आवेदन क्र0– 26/24 2. आवेदक–अलोक तोपनो , पिता –विनोद तोपनो 3. ग्राम–गोविन्दपुर , पोस्ट–गोविन्दपुर , थाना–जरियागढ़ , प्रखण्ड–कर्रा 4. लिंग– पुरूष , आयु–40 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही।	कंडिका–2(ix)
18.	1. आवेदन क्र0–27/24 2. आवेदक–लक्ष्मण पहान , पिता –स्व0 सोमरा पहान 3. ग्राम–गोविन्दपुर , पोस्ट–गोविन्दपुर , थाना–जरियागढ़ , प्रखण्ड–कर्रा 4. लिंग– पुरूष , आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही।	कंडिका–2(ix)
19.	1. आवेदन क्र0– 28/24 2. आवेदक–कमलेष मुण्डा , पिता –फागु मुण्डा 3. ग्राम–छाता , पोस्ट–छाता , थाना–कर्रा , प्रखण्ड–कर्रा 4. लिंग– पुरूष , आयु–41 वर्ष, पहचान चिन्ह–बाया घुटना में घाव का दाग।	कंडिका–2(ix)
20	1. आवेदन क्र0– 29/24 2. आवेदक–राधो मिंज , पिता –स्व0 घुघू मिंज 3. ग्राम–मालगो , पोस्ट–विनगाँव , थाना–कर्रा , प्रखण्ड–कर्रा 4. लिंग– पुरूष , आयु–69 वर्ष, पहचान चिन्ह–कमर में घाव का दाग।	कंडिका–2(ix)
21.	1. आवेदन क्र0– 30/24 2. आवेदक–लछु उरॉव , पिता –नाने उरॉव 3. ग्राम–डेहकेला , पोस्ट–गोविन्दपुर , थाना–जरियागढ़ , प्रखण्ड–कर्रा 4. लिंग– पुरूष , आयु–41 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने पैर में घाव का दाग।	कंडिका–2(ix)
22.	1. आवेदन क्र0– 31/24 2. आवेदक–प्रभु सहाय धान , पिता –स्व0 याकुब धान 3. ग्राम–रोलागुटू , पोस्ट–छाता , थाना–कर्रा , प्रखण्ड–कर्रा 4. लिंग– पुरूष , आयु–78 वर्ष, पहचान चिन्ह–बाया हाथ में घाव का दाग।	कंडिका–2(ix)
23	1. आवेदन क्र0– 32/24 2. आवेदक–मालती देवी ,पति–स्व0 नगेन्द महतो 3. ग्राम–जरंगा गोविन्दपुर रोड , पोस्ट–गोविन्दपुर , थाना–कर्रा , प्रखण्ड–कर्रा 4. लिंग–महिला , आयु–52 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही।	कंडिका–2(ix)
विवरण :– चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी बदरी साहु एवं जाबेद पाषा द्वारा आयोग के माननीय सदस्य के समक्ष दिये गये बयान तथा पहचान के आधार पर।		
24	1. आवेदन क्र0–42/24 2. आवेदक–हेमन्ती कुजुर , पति–जेबियर मिंज 3. ग्राम–मालगो , पोस्ट–बिनगाँव , थाना–कर्रा , प्रखण्ड–कर्रा 4. लिंग–महिला , आयु–43 वर्ष, पहचान चिन्ह–ठुडी में तील का दाग।	कंडिका–2(ix)
25	1. आवेदन क्र0– 43/24 2. आवेदक–फुलमनी मुण्डाईन , पति–आब्रहम मुण्डा 3. ग्राम–छाता , पोस्ट–छाता , थाना–कर्रा , प्रखण्ड–कर्रा 4. लिंग–महिला , आयु–67 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही।	कंडिका–2(ix)
26.	1. आवेदन क्र0– 44/24 2. आवेदक–मंगल पहान , पिता –स्व0 ठेपाई पहान 3. ग्राम–गरके , पोस्ट–कोने , थाना–कर्रा , प्रखण्ड–कर्रा 4. लिंग– पुरूष , आयु–55 वर्ष, पहचान चिन्ह–बाया पैर में घाव का दाग।	कंडिका–2(ix)
27	1. आवेदन क्र0–45/24 2. आवेदक–करूना सुरीन , पति–नथनियल सुरीन 3. ग्राम–बेतरकेरा , पोस्ट–कर्रा , थाना–कर्रा , प्रखण्ड–कर्रा 4. लिंग–महिला , आयु–54 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही।	कंडिका–2(ix)
28	1. आवेदन क्र0– 46/24 2. आवेदक–सुमंजन हेरेंज , पिता –स्व0 घनष्याम हेरेंज 3. ग्राम–मेहा , पोस्ट–कोने , थाना–कर्रा , प्रखण्ड–कर्रा 4. लिंग– पुरूष , आयु–70 वर्ष, पहचान चिन्ह–बाया हाथ तील का दाग।	कंडिका–2(ix)
29	1. आवेदन क्र0– 47/24 2. आवेदक–जोहन होरो , पिता –स्व0 पितरूस होरो 3. ग्राम–डेहकेला , पोस्ट–डेहकेला , थाना–जरियागढ़ , प्रखण्ड–कर्रा 4. लिंग– पुरूष , आयु–44 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं।	कंडिका–2(ix)
30.	1. आवेदन क्र0– 48/24 2. आवेदक–जकुकी मुण्डा , पिता –स्व0 दानिएल मुण्डा 3. ग्राम–छाता , पोस्ट–छाता , थाना–कर्रा , प्रखण्ड–कर्रा 4. लिंग– पुरूष , आयु–78 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं।	कंडिका–2(ix)

नोट :–
1. यह सूची पूर्णरूपेण औपबंधिक है।
2. इस सूची में किसी प्रकार की त्रुटि पाये जाने पर दस (10) दिनों के अन्दर आयोग को आपत्ति कर सकते हैं। आश्रित होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र तथा आश्रित संबंधी प्रतिवेदन संलग्न करना आवश्यक है।

(भुवनेश्वर महतो) सदस्य (नरसिंह मुर्मू) सदस्य PR 318855 (Home)23-24*D (दुर्गा उरॉव) अध्यक्ष

चांडिल अनुमंडल मैदान में ईचागढ़ के पूर्व विधायक अरविंद सिंह भाजपा में शामिल

झामुमो-कांग्रेस ने झारखंड को लूटा : भाजपा

भाजपा ही करती है झारखंड की जनभावनाओं का सम्मान

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची/सरायकेला। सरायकेला खरसावां जिले के चांडिल अनुमंडल मैदान में आयोजित भाजपा के मिलन समारोह में सैकड़ों समर्थकों के साथ ईचागढ़ के पूर्व विधायक अरविंद कुमार सिंह उर्फ मलखान सिंह ने भाजपा की सदस्यता ली। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि भाजपा ही राज्य के निर्माण से लेकर विकास के लिए समर्पित और संकल्पित पार्टी है। उन्होंने कहा कि मलखान सिंह की घर वापसी हुई है। इनके पार्टी में पुनः सक्रिय होने से सिर्फ कोल्हान में ही नहीं बल्कि पूरे प्रदेश में पार्टी का जनाधार बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि आजादी के पूर्व से अलग झारखंड राज्य की लड़ाई चल रही थी लेकिन 65 वर्षों तक देश पर राज करने वाली कांग्रेस पार्टी ने झारखंड की जन भावनाओं को नहीं समझा। कांग्रेस यहां के आदिवासी मूलवासी को वोट बैंक समझती रही। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने **'न खायेंगे न खाने देंगे'** का संकल्प लिया है। आज देश भर में भ्रष्टाचार और भ्रष्टाचारियों के खिलाफ कार्रवाई चल रही है। उन्होंने कहा कि देश आज प्रगति के पथ पर तेजी से आगे बढ़ चला है। गांव, गरीब, किसान, मजदूर महिला, आदिवासी, दलित और पिछड़े सभी विकास की मुख्यधारा से जुड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत तीसरी बार मोदी सरकार में विश्व की तीसरी अर्थव्यवस्था बनेगा।

मिस्टर एक्स ने झारखंड को ए टू जेड तक लूट लिया: प्रतुल शाहदेव

रांची। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने कहा कि आर्किटेक्ट विनोद सिंह और पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के बीच व्हाट्सएप चैट की जो खबरें आ रही हैं, उसमें बताया जा रहा है कि बड़गाईं की विवादास्पद 8.46 एकड़ जमीन पर आलीशान बैंक्वेट हॉल बनाने की तैयारी थी। उन्होंने कहा कि मीडिया की खबरों के अनुसार चैट में आर्किटेक्ट विनोद ने पूर्व मुख्यमंत्री के लिए हॉल का जो नक्शा बनाया है, उसमें उनको मिस्टर एक्स कह कर संबोधन किया है। उन्होंने कहा कि इसी मिस्टर एक्स ने झारखंड का ए टू जेड यानी सब कुछ लूट लिया। चार वर्षों के कार्यकाल में इस सरकार पर 70,000 करोड़ रुपयों के भ्रष्टाचार, लूट- खसोट का आरोप लगा। आदिवासी-मूलवासी को सत्ता में अधिकार देने के नाम पर आयी सरकार ने इन्हीं समूहों को सर्वाधिक लूटा। पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत खुद अभी रिमांड पर हैं। उन्होंने कहा कि सूचनायें आ रही हैं कि पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और आर्किटेक्ट विनोद के बीच हुये चैट में कई दर्जन बड़े अधिकारियों के ट्रांसफर पोस्टिंग की भी डीलिंग हुई थी। उन्होंने कहा बड़े अफसरों में अभी तो सिर्फ पूर्व खान सचिव और रांची के पूर्व डीसी जेल में हैं।

झारखंड में सड़क हादसों में हर दिन 11 लोगों की मौत

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। 15 जनवरी से 14 फरवरी तक देश भर में सड़क सुरक्षा माह मनाया जा रहा है। इस कड़ी में मंगलवार को रांची में सड़क सुरक्षा विषय पर राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार में एडीजी संजय आनंद लाटकर, परिवहन विभाग के सचिव कृष्णानंद झा और रोड सेफ्टी सेल के डीआईजी धनंजय सिंह समेत कई जिलों के परिवहन पदाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी और रोड सेफ्टी से जुड़े कई जानकारों ने हिस्सा लिया। सेमिनार को संबोधित करते हुए एडीजी संजय आनंद लाटकर ने कहा कि झारखंड में सड़क दुर्घटना में हर दिन 11 लोगों की मौत हो रही है। इस आंकड़े को कम करने के लिए सभी विभागों में समन्वय और लोगों में जागरूकता की जरूरत है। इस आंकड़े को कम करने के लिए सभी विभागों में समन्वय और लोगों में जागरूकता की जरूरत है। उन्होंने कहा कि रोड इंजीनियरिंग, एजुकेशन और एनफोर्समेंट को अपनाकर हम एक्सीडेंट को कम कर सकते हैं।

इस मौके पर परिवहन विभाग के सचिव कृष्णानंद झा ने कहा कि सड़क सुरक्षा को मजबूत और दुर्घटनाओं में कमी लाकर देश की जीडीपी को मजबूत किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा की सामूहिक जिम्मेवारी तय होनी चाहिए।

माओवादी प्रदीप सिंह से एनआइए ने की पूछताछ

रांची। छोटू खरवार के दस्ते को लीड करने वाले माओवादी प्रदीप सिंह चेरो (खरवार) से राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने पूछताछ की। एनआईए ब्रांच रांची ने प्रदीप सिंह से चार दिनों तक पूछताछ की है। इस दौरान एनआईए को कई अहम जानकारियां मिली हैं। गौरतलब हो कि लातेहार पुलिस ने छह दिसंबर 2023 को सदर थाना क्षेत्र के बरियातू जागीर जंगल से पांच लाख के इनामी भाकपा माओवादी के सब जोनल कमांडर प्रदीप सिंह को गिरफ्तार किया था।

प्रदीप सिंह पर कई हमलों को अंजाम देने का आरोप : दरअसल टॉप माओवादी कमांडर प्रदीप सिंह खरवार को नक्सली कमांडरों ने जीपीएस नाम दिया है। प्रदीप सिंह खरवार को लातेहार, लोहरदगा और बूढ़ा पहाड़ के इलाके के एक-एक पहाड़ और जंगल के बारे में जानकारी है। उसने एनआइए को बताया है कि बूढ़ा पहाड़ में नक्सली घटना को अंजाम देने के बाद नक्सली किस रास्ते से जंगल पार कर जाते थे। उसने माओवादी के टॉप कमांडर रवींद्र गंझू और छोटू खरवार के बारे में पुलिस को कई जानकारियां दी हैं।

भारत जोड़ो न्याय यात्रा का दूसरा चरण झारखंड में जारी रहेगा

गढ़वा और पलामू जिले में जारी रहेगी यात्रा

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में राहुल गांधी के नेतृत्व में चल रही भारत जोड़ो न्याय यात्रा बुधवार को झारखंड में प्रवेश करेगी। दूसरे चरण की न्याय यात्रा अपने तयशुदा कार्यक्रम के अनुसार झारखंड के गढ़वा एवं पलामू जिले में जारी रहेगी।

प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने बताया कि कतिपय कारणों से राहुल गांधी यात्रा में शामिल नहीं हो पाएंगे। न्याय यात्रा में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव जयराम रमेश, प्रदेश कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर, अखिल भारतीय एनएसयूआई के प्रभारी कन्हैया कुमार उपस्थित रहेंगे। श्री शांति ने पलामू एवं गढ़वा जिले के कांग्रेस नेताओं, कार्यकर्ताओं एवं आम जनता से न्याय यात्रा में भाग लेकर यात्रा को सफल बनाने की अपील की है।

खबर एक नजर में

आज खुला रहेगा ग्रामीण विकास विभाग

रांची। सरस्वती पूजा को लेकर घोषित सार्वजनिक अवकाश के दिन भी बुधवार को प्रोजेक्ट भवन स्थित ग्रामीण विकास विभाग का कार्यालय खोलने का आदेश दिया गया है। इस संबंध में मंगलवार को विभाग के उप सचिव के हस्ताक्षर से आदेश जारी कर दिया गया है। जारी आदेश में विभाग ने कहा है कि अबुआ आवास योजना सहित अन्य महत्वपूर्ण योजनाओं को गति देने के कार्य के चलते बुधवार 14 फरवरी 2024 को कार्यालय खुला रहेगा। ऐसे में विभाग के सभी आप्त सचिव, पदाधिकारी व कर्मचारी रोजाना की तरह कार्यालय में उपस्थित रहेंगे।

डीआरडीए के छह अधिकारियों का तबादला और पदस्थापन, अधिसूचना जारी

रांची। जिला ग्रामीण विकास अभिकरण के छह कर्मियों का स्थानांतरण-पदस्थापन किया गया है। परियोजना पदाधिकारी मजदूरी परक स्कंध चतरा को रामगढ़, परियोजना पदाधिकारी स्वरोजगार लोहरदगा सुधीर मुर्मू को साहेबगंज, सहायक तकनीकी पदाधिकारी जलछाजन लोहरदगा सुनीता नीलमनी मिंज को रांची, तकनीकी सहायक मजदूरी संतोष सिन्हा को जामताड़ा से धनबाद, सहायक तकनीकी पदाधिकारी जलछाजन प्रतिभा कुमारी मिंज को गुमला से खूंटी व सहायक तकनीकी पदाधिकारी गुमला प्रतिभा कुमारी मिंज को स्थानांतरित करते हुए खूंटी भेजा गया है। इस संबंध में ग्रामीण किवास विभाग ने अधिसूचना जारी कर दिया है।

टेरर फंडिग के आरोपी की जमानत अर्जी खारिज

रांची। टेरर फंडिंग मामले के आरोपी छह साल से अधिक समय से जेल में बंद गुमला निवासी प्रभु प्रसाद साहू को अदालत ने जमानत देने से इनकार किया है। उसकी ओर से दाखिल जमानत याचिका पर एनआईए के विशेष न्यायाधीश एमके वर्मा की अदालत में सुनवाई हुई। सुनवाई के बाद उसकी जमानत याचिका खारिज कर दी है। मामले में वह 14 नवंबर 2017 से ही जेल में है। याचिका पर सुनवाई के दौरान एनआईए के वकील ने कहा कि याचिकाकर्ता प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन का सदस्य है। जांच के दौरान कुछ आपत्तिजनक दस्तावेज और लेख जब्त किया गया है जो आरोप का पर्याप्त संकेत देता है। वह सीपीआई माओवादी की आपराधिक गतिविधियों को बढ़ावा देने वाले फंड की साजिश और निषिद्ध गतिविधियों में शामिल था। सीपीआई माओवादी के सदस्य उद्योगपतियोंए खननए सड़क निर्माण के ठेकेदारोंए तेंदू पत्ता ठेकेदारों से लेवी वसूलता था। मालूम हो कि शिकायत पर चुटिया थाना पुलिस ने 30 अगस्त 2017 को रांची रेलवे स्टेशन पर मामले के आरोपियों मूला सत्यनारायण रेड्डी एवं बुरेदी नारायाण को लेवी की मोटी रकम के साथ गिरफ्तार किया था। बाद में इस केस को एनआईए ने टेकओवर किया है। जांच के दौरान प्रभु प्रसाद साहू का नाम आया था।

केंद्रीय एजेंसी को हथियार बनाकर विपक्षी नेताओं को परेशान कर रही है केंद्र सरकार : वृंदा करात

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। सीपीएम की वरिष्ठ नेता सह पूर्व सांसद वृंदा करात ने कहा कि भाजपा और आरएसएस केंद्रीय एजेंसी को अपना हथियार बनाकर विपक्षी पार्टियों के नेताओं पर अन्याय कर रही है। वृंदा करात मंगलवार को रांची स्थित सीपीएम के प्रदेश कार्यालय में में मीडिया से बात कर रही थी।

हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी न्यायोचित नहीं : वृंदा करात ने कहा कि कि हेमंत सोरेन को जिस तरह से बिना किसी अपराध के जेल में बंद किया गया है, यह कहीं से भी न्यायोचित नहीं है। वहीं ईडी की हो रही लगातार कार्रवाई को लेकर उन्होंने कहा कि यदि वास्तव में भ्रष्टाचार हो रहा है तो वहां पर कार्रवाई जायज है, लेकिन जिस तरह से हेमंत सोरेन के साथ केंद्र की सरकार ने अपने एजेंसियों के माध्यम से कार्रवाई की है वह कहीं से भी जायज नहीं है। उन्होंने कहा कि पिछले दिनों केरल में हुई सीपीएम केंद्रीय कमेटी की बैठक में हेमंत सोरेन पर हुई कार्रवाई की पार्टी ने घोर निंदा की है।

केंद्र सरकार को किसानों और मजदूरों की फिक्र नहीं : वृंदा करात ने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि आज किसान और मजदूर परेशान हैं, लेकिन केंद्र में बैठी सरकार की नजर किसानों की समस्या पर नहीं जा रही है। मजदूर और कामगार हर दिन प्रदर्शन कर रहे हैं और अपने हक-अधिकार की मांग को लेकर सरकार से गुहार लगा रहे हैं, लेकिन केंद्र में बैठी अंधी-गूंगी सरकार मजदूरों के दर्द को नहीं बांट पा रही है। इसलिए आगामी 16 फरवरी को देश के किसान एक बार फिर आंदोलन के लिए दिल्ली कूच कर रहे हैं। किसानों के आंदोलन का वामदल और सीपीएम का पूर्ण समर्थन रहेगा।

झारखंड में सीट बंटवारे को लेकर बातचीत जारी : वृंदा करात ने कहा कि झारखंड में सीट बंटवारे को लेकर बातचीत जारी है। उन्होंने बताया कि पिछले दिनों केंद्रीय कमेटी की बैठक में यह तय किया गया था कि राज्य में जो भी बड़ी पार्टी है उसी के नेतृत्व में सीपीएम चुनाव लड़ेगी। हालांकि सीपीएम के नेताओं ने राजमहल से चुनाव लड़ने को लेकर तैयारी शुरू कर दी है, लेकिन पार्टी की तरफ से अभी तक कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है।

प्रमोशन ऑफ स्पाइनलेस कैक्टस प्लांटेशन एंड कल्टिवेशन पर आयोजित कार्यशाला

झारखंड की बंजर भूमि पर होगी कांटा रहित कैक्टस की खेती, पहले चरण में 157 हेक्टेयर भूमि पर होगी शुरूआत

कैक्टस से जैव उर्वरक, पशु चारा, खाद्य पदार्थ, जैव ईंधन, कृत्रिम चमड़ा आदि का निर्माण होगा

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। ग्रामीण विकास विभाग के संयुक्त सचिव अवध नारायण प्रसाद ने कहा है कि झारखंड की बंजर भूमि को हरा-भरा करने के लिए सरकार कांटा रहित कैक्टस की खेती की ओर कदम बढ़ा रही है। राज्य सरकार झारखंड की कुल 68 प्रतिशत बंजर भूमि को जीवंत बनाने के साथ उसे उपयोगी और कमाई का जरिया भी बनाने की पहल कर रही है। संयुक्त सचिव मंगलवार को झारखंड स्टेट वाटरशेड मिशन के तत्वावधान में प्रमोशन ऑफ स्पाइनलेस कैक्टस प्लांटेशन एंड कल्टिवेशन पर आयोजित कार्यशाला में बोल रहे थे। श्री प्रसाद ने वाटरशेड क्षेत्रों से आये किसानों से कहा कि वे सिर्फ जमीन दें और देखभाल की जिम्मेदारी उठायें, विभाग उसके बाद कैक्टस की खेती की सारी जरूरतें पूरी करेगा। उन्होंने बताया कि फिलहाल विभाग राज्य की 157 हेक्टेयर भूमि पर कैक्टस की प्रायोगिक खेती की शुरूआत करने जा रहा है। खूंटी जिले में इसका प्रयोग शुरू हो गया है। केंद्र प्रायोजित इस योजना का मुख्य उद्देश्य बंजर भूमि का सतत विकास करना है। साथ ही वाटरशेड विकास, पारिस्थितिक संतुलन में सुधार, प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण और लोगों की आजीविका को बढ़ाना है।

कार्यशाला में बताया गया कि कांटा रहित कैक्टस की खेती से बंजर भूमि को जहां नया जीवन मिलेगा, वहीं कैक्टस से कई तरह के उत्पाद बनेंगे, जो किसानों की आय में इजाफा करेंगे। बताया गया कि कैक्टस से जैव उर्वरक, पशु चारा, खाद्य पदार्थ, जैव ईंधन, कृत्रिम चमड़ा आदि का निर्माण होगा। साथ ही कैक्टस के कारण भूमि का जल संचय विकसित होगा। पर्यावरण को लाभ पहुंचेगा।

कार्यशाला में बाहर से आये विशेषज्ञ बीके झा और नेहा तिवारी ने कैक्टस प्लांटेशन के तकनीकी पहलुओं पर प्रकाश डाला। कैक्टस के पौधे तैयार करने से लेकर उसकी सिंचाई, देखभाल और उत्पादन की मार्केटिंग तक पर विस्तृत जानकारी दी। बताया कि कैक्टस 25 साल तक फलता-फूलता रहता है। इसकी खेती में पानी की काफी कम जरूरत पड़ती है। कार्यशाला में ग्रामीण विकास विभाग के संयुक्त सचिव अवध नारायण प्रसाद, संयुक्त सचिव प्रमोद कुमार, बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के डॉ. जगन्नाथ उरांव, होर्ट के वैज्ञानिक बीके झा, एनएडी-आइसीएआरडीए की डॉ नेहा तिवारी आदि लोग मौजूद थे।

नारायणा के छात्रों का धमाकेदार परसेन्टाइल

खबर मन्त्र ब्यूरो

जमशेदपुर। साकची स्थित देश की अग्रणी इंजिनियरिंग एवं मेडिकल कोचिंग संस्थान ''नारायणा आईआईटीझीट एकेडमी, जमशेदपुर'' के छात्र-छात्राओं ने जेईई(मेन)-जनवरी 2024 में शानदार सफलता अर्जित की। नारायणा जमशेदपुर सेन्टर के निदेशक श्याम भूषण ने आज पत्रकारों को बताया कि जेईई(मेन)-जनवरी 2024 के रिजल्ट जिसमें नारायणा का ऑल ओवर इंडिया से 100 परसेन्टाइल लाने वाले छात्रों की संख्या 8 है जिनका नाम (1) एम.साई तेजा, (2) शेख सूरज, (3) आर्यन प्रकाश, (4) एम. अनुप, (5) रोहन साई, (6) एच.विदित, (7) टी. दिनेश रेड्डी तथा (8) अमोध अग्रवाल है। श्री भुषण ने बताया कि नारायणा जमशेदपुर सेन्टर से 85 परसेन्टाइल से अधिक स्कोर

निदेशक श्याम भूषण के साथ सफल छात्र-छात्राएं।

करने वाले छात्रों की संख्या 88 है, जिसकी गणना अभी भी जारी है जिसमें और अधिक छात्रों के 85 परसेन्टाइल से अधिक स्कोर होने की संभावना है। नारायणा जमशेदपुर सेन्टरे से फिजिक्स में 100 परसेन्टाईल पाने वाला छात्र किलय कर्ण सिंह नारायणा जमशेदपुर सेन्टर का पाँच वर्षीय क्लासरूम प्रोगाम का छात्र है। नारायणा जमशेदपुर से जेईई. (मेन) जनवरी 2024 में 90 परसेन्टाइल से अधिक स्कोर करने वाले छात्रों की सूची अभी जारी की गई है। किसलय करण सिंह (100 परसेन्टाइल-फिजिक्स), सचिन कुमार गुप्ता , आदर्श राय , प्रियांशु शर्मा , अक्षत सिन्हा , अर्श गदी , मिस्टी शर्मा , शुभम कुमार , क्षितिज नयन , नभया कोठारी , शाह इरम हासमी , प्रेरणा बोथरा , आदित्या कुमार , अखिल कुमार , संजय कुमार शर्मा , अभिषेक कुमार , अयान कुण्डु , अंशु कुमारी , मो. फैजान आरिफ , सौरव कुमार झा , अनिजित महाता , अनिका सिंह , अक्षत कुमार , दिलराज सिंह , अनुराग कर, रितिकेश कुंवर , शैना गेरा , अभिषेक राज , निशु कुमारी , नंदिनी सिंह , शुभांगी दुबे , देबायन लोध , तापस कुण्डु , करण कुमार प्रसाद , इपशिता मंडल , निशांत कुमार , रिषी कुमार चौरसिया, रक्षंदा रजि , नभम , अनुभव साव ,अभिनव आनंद ,पी. सम्पत गणेश , हर्ष कुमार। श्री भूषण ने छात्रो के उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामना देते हुए आगे बताया कि ये छात्र-छात्राए आगामी जेईई. (मेन एवं एडवान्स) - 2024 की परीक्षा में भी शहर के टॉपर होंगे। नारायणा आईआईटीझीट एकेडमी न केवल अपने बेहतर शिक्षक, कोर्स मेटेरियल्स के लिए विख्यात है, बल्कि बेहतर अनुशासित शैक्षणिक वातावरण एवं एक पूर्ण लाईब्रेरी के अलावा सबसे महत्वपूर्ण कि नारायणा द्वारा पूरे भारत स्तर पर एक एकेडेमिक कैलेण्डर के तहत योजनाबद्ध तरीके से तैयारी करायी जाती है।

आकाशियन्स का जेईई मेन में शानदार प्रदर्शन

अपने सेंटर सह निदेशक रमण प्रसाद व शिक्षकों संग सफल छात्र-छात्राएं।

खबर मन्त्र ब्यूरो

जमशेदपुर। आकाश इंस्टिट्यूट के छात्र-छात्राएँ ने जेईई मेन 2024 की परीक्षा में एक बार फिर अपनी शक्ति और प्रतिबद्धता का परिचय देते हुए जमशेदपुर शहर और पूरे राज्य में अपनी शानदार प्रदर्शन की बढ़त बनाई है। आज, 13 फरवरी 2024 को घोषित की गई परीक्षा के नतीजों में, आकाश इंस्टिट्यूट के छात्र अमित पाठक ने 9959 प्रतिशताधिक प्राप्त करके संस्थान को गर्वान्वित किया है।

शीर्ष 10 छात्रों के प्रतिशत: अमित पाठकः 9959%,कृष्ण कुमारः 9879%, आशुतोष सिंहः 9697%, अभिजीत मिश्राः 9687%, मृणमोय महतोः 9581%, स्नेहा दासः 9425% आर्यमन रस्तोगीः 9306%, निशांत कुमारः 9302%, मो. सैयद अमन आलमः 9152%,हर्ष आनंदः 9106%।

आकाश इंस्टिट्यूट के इस उत्कृष्ट परिणाम के पीछे संस्थान की मूल योजना का अहम योगदान है, जिससे छात्रों को गुणवत्ता युक्त शिक्षा प्रदान करने में सफलता मिली है। छात्र अमित पाठक ने एक वर्ष के नियमित पाठ्यक्रम में पूरी ईमानदारी से भाग लिया है और उनका प्रयास उन्हें प्रथम स्थान पर पहुँचाने में सफल रहा है।

संस्थान के दूसरे स्थान प्राप्त करने वाले छात्र कृष्ण कुमार ने भी अपने प्रयासों के साथ 9879 प्रतिशत प्राप्त किए हैं, जो संस्थान के उज्जवल रूप को और बढ़ाता है।

स्पीड न्यूज

समरेश सिंह समर्थकों संग आजसू छोड़ हुए भाजपा में शामिल

जमशेदपुर। आज मंगलवार को चांडिल रिसोर्ट मे भारतीय जनता पार्टी की एक विशाल जनसभा ईचागढ़ के पूर्व विधायक अरविन्द सिंह के द्वारा आयोजित की गयीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता सरायकेला जिलाध्यक्ष उदय सिंहदेव ने किया। मौके पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, पूर्व विधायक अरविन्द सिंह, पूर्व विधायक सह प्रदेश प्रवक्ता कुणाल सारंगी, पूर्व विधायक अनंतराम टूडू, गणेश महाली, रमेश सिंह, शैलेन्द्र सिंह, मनोज सिंह, शिव शंकर सिंह, हेमन्त सिंहदेव, सारथी महतो, अनीता पारीख, रोहित परमार आदि उपस्थित थे। इस मौके पर पूर्व विधायक अरविन्द सिंह के नेतृत्व मे आजसू पार्टी जमशेदपुर महानगर संयोजक समरेश सिंह आजसू पार्टी के जमशेदपुर के 11 मंडलो से अपने कई पदाधिकारी एवं 200 समर्थकों के साथ भाजपा मे पुरे गाजे बाजे के साथ शामिल हुए।

अर्पण' बेटी की शादी हेतु राशन सामग्री उपलब्ध कराई

जमशेदपुर। शहर की अग्रणी सामाजिक संस्था 'अर्पण' द्वारा एक जरुरतमंद परिवार में श्राद्धकर्म हेतु एवं एक परिवार में बेटी की शादी हेतु राशन सामग्री उपलब्ध कराई गई। संस्था द्वारा पिछले 9 वर्षो से यह सेवा जारी है। इस दौरान संस्था द्वारा किए गए सेवा कार्यो में जरुरतमंद परिवार का कभी भी उल्लेख नहीं किया गया। संस्था द्वारा प्रत्येक माह एक दर्जन से भी अधिक आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों में महिने तक का राशन उपलब्ध कराया जा रहा है। इन नेक कार्यो को सफल बनाने में संस्था के जूगुन पांडे, महेश मिश्रा, प्रिंस सिंह, बिभाष मजुमदार, दीपक सिंह, रंजीत कुमार, बलबीर मंडल, मनीष चौबे, मनोज हलदर, आशीष कर, सनोज चन्द्र, कंचन बाग सहित अन्य सदस्यों का सराहनीय योगदान रहता है

छात्रों और अभिभावकों के लिए नुवोकों ने लगाया हेल्थ कैंप

जमशेदपुर। जिला परिषद सदस्य कुसुम पूर्ती के प्रयास से नुवोको विस्तास कर्पोरेशन लिमिटेड के द्वारा जिला परिषद क्षेत्र के अंतर्गत जनेगोड़ा मध्य विद्यालय में छात्रों और अभिभावकों के बीच स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य शिविर का लाभ सैकड़ों विद्यार्थियों और अभिभावकों के साथ ही ग्रामीणों ने भी लिया। मौके पर जिला परिषद सदस्य कुसुम पूर्ती ने बताया कि बच्चे स्वस्थ रहेंगे तो ही उनकी रुचि पढ़ाई के प्रति रहेगी। अभी परीक्षा का समय है ऐसे में बच्चों के स्वास्थ्य के प्रति सजगता काफी आवश्यक है। स्वस्थ बच्चों से ही एक स्वास्थ पंचायत का निर्माण हो सकेगा। इसी से उद्देश्य से यह स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।

साकची बाजार शिव मंदिर में 35वां श्याम महोत्सव 20 को

जमशेदपुर। श्री श्री साकची शिव मंदिर एवं श्री श्याम परिवार का 35वं श्री श्री श्याम महोत्सव आगामी 20 फरवरी मंगलवार को धूमधाम से मनाया जायेगा, जिसकी तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। इस संबंध में श्याम परिवार के उमेश शाह एवं बबलू अग्रवाल ने बताया कि मंगलवार 20 फरवरी को बाबा के दरबार में भजनों की अमृत वर्षा करने के लिए प्रसिद्ध भजन गायक समस्तीपुर से रेशमी शर्मा, कोलकाता से शुभम-रूपम की जोड़ी शहर आ रहे हैं। साथ ही स्थानीय भजन गायक महावीर अग्रवाल भी बाबा के दरबार में हाजरी लगायेंगें। रात 9 बजे से देर रात प्रभु ईच्छा तक भजनों की अमृत वर्षा होगी। महोत्सव का मुख्य आकर्षण क्रमश:, भव्य दरबार, आलौकिक श्रृंगार, इत्र वर्षा, छप्पन भोग, अखण्ड ज्योत, विशाल संकीर्तन होगा। उन्होंने बताया कि मंगलवार 20 फरवरी को दोपहर 2 बजे साकची शिव मंदिर से श्याम नाम की ध्वजा लिए निशान (शोभा) यात्रा निकाली जायेगी, जो विभिन्न मार्गो से होते हुए वापस मंदिर आकर संपन्न होगी। जिसमें 1100 भक्त निशान के साथ शामिल रहेंगें। इसे सफल बनाने में प्रमुख रूप से सुभाष शाह, सुरेश अग्रवाल, बजरंग लाल अग्रवाल, गिरधरी लाल खेमका, कमल चौधरी, नरेश अग्रवाल, विवेक चौधरी आदि अपने श्याम प्रेमी सहयोगियों के साथ लगे हुए हैं।

टाटा स्टील में प्रत्येक व्यक्ति की सुरक्षा सर्वोपरि : टीवी नरेंद्रन

टाटा स्टील का एसएचई एक्सीलेंस अवार्ड का चौथा संस्करण संपन्न

खबर मन्त्र ब्यूरो

जमशेदपुर। टाटा स्टील के एसएचई एक्सीलेंस अवार्ड्स ने हाल ही में ''मूल्य प्रेरित उत्कृष्टता'' थीम के साथ अपना चौथा संस्करण संपन्न किया। ट्यूब मेकर्स क्लब में आयोजित इस कार्यक्रम में उन कर्मचारियों का जश्न मनाया गया जो सुरक्षा, स्वास्थ्य और पर्यावरण (एसएचई) में समर्पण और नेतृत्व का उदाहरण पेश करते हैं। इस अवसर पर टाटा स्टील के सीईओ एवं प्रबंध निदेशक टीवी नरेंद्रन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। समावेशिता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम में, एसएचई उत्कृष्टता पुरस्कार 2023 ने पहली बार गैर-अधिकारियों और विक्रेता भागीदारों को मान्यता दी।

यह कदम सुरक्षा, स्वास्थ्य और पर्यावरणीय उत्कृष्टता को बढ़ावा देने में सभी हितधारकों के सहयोगात्मक प्रयासों की सराहना करने के लिए टाटा स्टील के समर्पण को दर्शाता है। निष्पक्ष और उचित कार्यस्थल को बढ़ावा देने के

अवार्ड प्रदान करते कंपनी के सीइओ एंड एमडी टीवी नरेंद्रन। साथ में वीपी उत्तम सिंह,यूनियन अध्यक्ष संजीव चौधरी और सबसे अंत में वीपी राजीव मंगल।

लिए 2019 में स्थापित, एसएचई उत्कृष्टता पुरस्कार इन आवश्यक मूल्यों को बनाए रखने वाले कर्मचारियों को पहचानने और उनका पोषण करने के लिए टाटा स्टील की प्रतिबद्धता को उजागर करता है।

टाटा स्टील के सीईओ और प्रबंध निदेशक टीवी नरेंद्रन ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति की सुरक्षा सुनिश्चित करने की प्रतिबद्धता सर्वोपरि और सर्वोपरि है। इस्पात मूल्य श्रृंखला में चुनौतियों को स्वीकार करते हुए, उन्होंने केवल शब्दों से नहीं, बल्कि कार्यों के माध्यम से सुरक्षा प्रदर्शित करने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने सुरक्षा, स्वास्थ्य और पर्यावरण के तहत किए गए सराहनीय कार्यों के लिए व्यक्तियों को बधाई दी और उनसे शून्य हानि की दिशा में मिशन में दूसरों को प्रेरित करने का आग्रह किया।

टाटा स्टील के सुरक्षा, स्वास्थ्य और स्थिरता के उपाध्यक्ष राजीव मंगल ने पुरस्कारों को परिभाषित करने वाली कठोर मूल्यांकन प्रक्रिया पर जोर दिया। इस बात पर जोर देते हुए कि सुरक्षा एक प्रमुख मूल्य है। मंगल ने कार्यस्थल उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए इन मूल्यों को विचारपूर्वक अपनाने और लागू करने का आग्रह किया। पुरस्कार और मान्यता कार्यक्रम का उद्देश्य कंपनी के भीतर नेतृत्व व्यवहार को प्रेरित करना है। टाटा वर्कर्स यूनियन के अध्यक्ष संजीव चौधरी ने एसएचई उत्कृष्टता पुरस्कारों के प्रत्येक संस्करण द्वारा निर्धारित बढ़ते मानकों पर प्रकाश डाला। विक्रेता भागीदारों, विशेष रूप से जमीनी स्तर पर पर्यवेक्षकों और कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण भूमिका को पहचानते हुए, चौधरी ने परिचालन स्तर पर समावेशिता को बढ़ावा देने के लिए पुरस्कार और मान्यता पहल में उन्हें शामिल करने के महत्व पर जोर दिया।

सरयू राय ने दिया 2 करोड़ रुपये से अधिक की योजनाओं का उपहार

जमशेदपुर। विधायक श्री सरयू राय ने आज पूर्वी विधानसभा क्षेत्र में 2 करोड़ से अधिक की योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। इन योजनाओं में टेल्को, भुवनेश्वरी मंदिर के समीप विधायक निधि से निर्माण हुए स्वामी विवेकानंद उद्यान का उद्घाटन, नगर विकास विभाग के मद से पूर्ण हुए एग्रिको ट्रांसपोर्ट मैदान में ओपेन जिम एवं मनीफीट, काली पूजा मैदान में शौचालय का निर्माण का उद्घाटन होना शामिल है। इसके पश्चात श्री राय ने सांसदी श्री विद्युत वरण महतो के साथ संयुक्त रूप से 15वीं वित्त आयोग की राशि से क्रियान्वयन होने वाली योजना बारीडीह बजरंग चौक होते हुए भोजपुर कॉलोनी पार्क तक सड़क का कालीकरण, फ्लैंक में पेवर्स ब्लॉक का अधिष्ठापन एवं नाली का निर्माण तथा बागुनहातु चौक फुटबॉल मैदान, गड्ढा मैदान होते हुए तिलक नगर तक सड़क का कालीकरण, फ्लैंक में पेवर्स ब्लॉक अधिष्ठापन एवं कभर सहित आरसीसी नाली का निर्माण का शिलान्यास किया। विधायक श्री राय ने कहा कि एग्रिको ट्रांसपोर्ट मैदान में काफी संख्या में लोग प्रातः भ्रमण के लिए आते हैं। अब उन्हें ऑपेन जिम की सुविधा भी यहाँ मिल पाएगी। इसी तरह टेल्को में भुवनेश्वरी मंदिर के तलहटी में एक बहुत ही सुंदर पार्क का निर्माण स्वामी विवेकानंद उद्यान के रूप में हुई है।

खबर एक नजर में

कम्यूनिटी पुलिसिंग : ग्रामीण एसपी ने डुमरिया में बांटी खेल और पठन सामग्री

जमशेदपुर। वरीय पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में सामुदायिक पुलिस के तहत पुलिस अधीक्षक ग्रामीण पूर्वी सिंहभूम, जमशेदपुर के द्वारा डुमरिया थाना अंतर्गत सुदूरवर्ती क्षेत्र के फुटबॉल खिलाड़ियों को खेल सामग्री से पुरस्त किया गया । इस अवसर पर विद्यार्थियों को पठन-पाठन की सामग्री भी वितरित किया गया। साथ ही ग्रामवासियों को मतदान के प्रति जागरूक करते हुए मतदाता प्रतिज्ञा दिलाई गई।

आज भाजपा का लोस चुनावी कार्यालय का उद्घाटन करेंगे बाबूलाल

जमशेदपुर। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर भारतीय जनता पार्टी द्वारा बुधवार 14 फरवरी को सुबह 9 बजे जमशेदपुर लोकसभा संसदीय चुनावी कार्यालय का उद्घाटन किया जाएगा। साकची जुबिली पार्क के समीप स्थित क्रिस्टल कावेरी अपार्टमेंट में बनाये गए जमशेदपुर लोकसभा के संसदीय चुनावी कार्यालय का विधिवत उद्घाटन झारखंड भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी के द्वारा किया जाएगा। उक्त जानकारी जमशेदपुर लोकसभा के संयोजक सह प्रदेश मंत्री नंदजी प्रसाद ने दी। वे मंगलवार को साकची स्थित जिला भाजपा कार्यालय में प्रेस को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान जमशेदपुर लोकसभा के सह संयोजक सह पूर्व विधायक लक्ष्मण टुडू, भाजपा जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा एवं जिला महामंत्री राकेश सिंह मौजूद रहे। प्रेस वार्ता में जानकारी देते हुए नंदजी प्रसाद ने बताया कि पार्टी द्वारा लोकसभा चुनाव को लेकर तैयारियां जोर-शोर से चल रही है। कार्यालय के उद्घाटन के बाद पार्टी की गतिविधियां अब चुनावी कार्यालय से चलेंगी। कहा कि लोकसभा चुनाव में अब कुछ ही दिन शेष है और लोकसभा चुनाव के लिए पार्टी पूरी तरह तैयार है। हम सभी कार्यकर्ताओं को जमशेदपुर लोकसभा सीट पर भाजपा की बड़ी जीत के लिए कार्य करना है। कहा कि चुनावी कार्यालय से संगठन की गतिविधि और तेजी से संचालित होगी।

झारखंड वरिष्ठ नागरिक सेवा समिति की कार्यकारिणी बैठक संपन्न

जमशेदपुर। झारखंड प्रदेश वरिष्ठ नागरिक सेवा समिति की कार्यकारिणी की एक सभा मानगौ में समिति के उपाध्यक्ष श्री आनंदमय पात्रों के कार्यालय में सुबह 11:00 हुई। सभा की अध्यक्षता झारखंड प्रदेश वरिष्ठ नागरिक सेवा समिति के अध्यक्ष रामाश्रय प्रसाद ने किया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में समिति के संरक्षक एवं जुझारू समाजसेवी एवं कवि व साहित्यकार अरविंद विद्रोही थे। उन्होंने इस तरह की समिति का सराहना किया ,जो वरिष्ठ लोगों के लिए कार्य करती हैं । समिति के सलाहकार पूर्व प्राचार्य डा. एपी ने सभी तरह से इस समिति को सहयोग करने का आश्वासन दिया, । समिति के अध्यक्ष रामाश्रय प्रसाद ने मुख्य अतिथि एवं सभी उपस्थित कार्यकारिणी के सदस्यों का स्वागत पुष्प गुच्छा एवं शाल देकर किया। समिति के कार्यकारिणी अध्यक्ष राम दरस चौधरी और महासचिव धिरीक्षण प्रसाद गुप्ता ने समिति के क्रियाकलापों के बारे में बैठक में रखा। मुख्य रूप से वक्ताओं ने कहा इस तरह की कमेटी आज तक नहीं बनी इससे वरिष्ठ नागरिकों को सम्मान एवं फायदा मिलेगा । वरिष्ठ लोगों की समस्याओं एवं संबंधित मांग पत्र तैयार कर मुख्यमंत्री ,राज्यपाल एवं उपायुक्त को दिया जाएगा जिसमें मुख्य रूप से पेंशन चालू किया जाए, रेलवे का आरक्षण पूर्व की तरह किये जाने की मांग की जायेगी। धन्यवाद विज्ञापन कार्यक्रम के आयोजक श्री आनंद मय पत्रों ने किया। मुख्य रूप से विचार रखने वालों में जमुना तिवारी ,राम नारायण शर्मा , वृंदा प्रसाद, दुर्गा दत्त लोढ़ा, अमरजीत नाथ मिश्रा, उमानंद राय, शत्रुघ्न प्रसाद, जयकुमार महतो, नवीन चंद्र सिंह, बल्लू घोष, कल टू चक्रवर्ती, देवव्रत प्रसाद राधेश्याम सिंह ,अमरनाथ सिंह मौजूद थे।

जुगसलाई विस में बिछाया जा रहा सड़कों का जाल: मंगल कालिंदी

जमशेदपुर। जमशेदपुर प्रखंड मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत स्वीकृत 1 करोड़ 85 लाख 42 हजार रूपए की लागत से गदड़ा तुपुडांग मुख्य पथ से पंचायत भवन, नोर्मस स्कूल होते हुए तिलक नगर मुख्य पथ तक तथा नोर्मस स्कूल से पंकज दास के घर तक 27 उ सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास आज जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी ने किया। वहीं दूसरी और जमशेदपुर प्रखंड अंतर्गत सारजामदा पुराना बस्ती में विधायक निधि से निर्मित पेवर्स पथ निर्माण कार्य का उद्घाटन भी विधायक मंगल कालिंदी ने किया। मौके पर विधायक मंगल कालिंदी ने कहा कि जुगसलाई विधानसभा के विकास के लिए सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है। जुगसलाई विधानसभा के बोड़ाम, पटमदा और जमशेदपुर प्रखंड में विकास की रोशनी फैल रहीं हैं।

चैम्बर के सदस्यों को एल एंड टी सूफीन के अधिकारियों ने किया मार्गदर्शन

जमशेदपुर। सिंहभूम चौम्बर में बीटूबी ई कॉमर्स प्लेटफॉर्म कंपनी एल एंड टी सुफीन के सहयोग से व्यापारियों उद्यमियों को वर्तमान वैश्विक परिदृश्य में कैसे पूरे देशभर में सशक्त और प्रभावी ढंग से डिजिटल तकनीक के माध्यम से अपने व्यापार को एक स्थान पर रहकर कर सके, इसके लिये एक परिचर्चा का आयोजन किया गया जिसमें एल एंड टी सुफीन के चीफ कॉमर्शियल अधिकारी विवेक चौहान ने विस्तृत रूप में व्यापारियों और उद्यमियों को जानकारी उपलब्ध कराई। यह जानकारी मानद महासचिव मानव केडिया ने दी। इस अवसर पर अध्यक्ष विजय आनंद मूनका ने एल एंड टी के उपस्थित अधिकारियों का स्वागत करते हुये कहा कि आज इस ऑनलाईन व्यवसायिक प्रतिस्पर्धात्मक समय में व्यवसायी उद्यमियों को आधुनिक तकनीक से व्यवसाय को करने की अति आवश्यकता है अन्यथा वे पिछड़ते चले जायेंगे। इस अवसर एल एंड टी सुफीन के विवेक चौहान ने बताया कि यह बीटूबी औद्योगिक उत्पादों और सेवाओं के लिये एक एकीत ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म है जो व्यवसायियों एवं उद्यमियों को सशक्त बनाने के लिये कार्य कर रही है।

108 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ के प्रथम दिन का कार्यक्रम सम्पन्न

जमशेदपुर। शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वाधान में गायत्री परिवार ट्रस्ट के द्वारा आयोजित ओल्ड बारीडीह में 108 कुण्डीय गयात्री महायज्ञ का प्रारंभ मंगल कलश यात्रा से प्रारंभ हुआ। सुबह 10बजे शांतिकुंज के विधि विधान से मंत्रउच्चारण पूजन के साथ कलश यात्रा निकाली गई जिसमें विभिन्न क्षेत्रों के लगभग 1500 भाई बहन भाग लिये । मुख्य अतिथि के रूप में समाजसेवी श्री नीरज सिंह एवम जमशेदपुर के सीनियर एसपी के माता पिता श्री बिरेंद्र बर्नवाल एवम उनकी धर्मपत्नी के द्वारा झंडोतोलन किया गया। कलश यात्रा यज्ञ स्थल से एग्रीको मैदान एवं वापसी हुई। कलश यात्रा में मगंल कलश के साथ पर्यावरण, नशा उन्मूलन स 2 नारी सशक्तिकरण की झांकियां भी निकाली गई। ट्रस्ट के उपजोन समन्वयक श्रीमति डालिया भट्टाचार्जी, कार्यकारिणी सदस्य मुनमुन चक्रवर्ती के साथ बारीडीह के बहने की श्रीमती रेणु अग्रवाल ,बिदु शर्मा, बिंदी रीता प्रसाद ,पूनम दास , मधु शर्मा एवम सीमा खत्री का काफी योगदान रहा। श्री के प्रभाकर राव मुख्या प्रबंध ट्रस्टी एवं समयक प्रबंधा ट्रस्टी श्री सुरेश लाल मार्गदर्शन में सभी कार्य सम्पन्न हुआ। शाम पांच बजे शांतिकुंज हरिद्वार से आये अधिक्षा त्यनिर्वाचित पंडितों द्वारा से युग संगीत एवं प्रज्ञा पुराण कथा का वाचन किया गया। अभी के समय परिवार सभी सरस्यों को प्रज्ञा कथा की आवश्यकता है। मां गायत्री के आरती के साथ कार्यकम का समापन हुआ ।

जीएसएससी- सीजीएल परीक्षा पत्र लीक मामले की सीबीआई जांच हो : सहिस

खबर मन्त्र ब्यूरो

जमशेदपुर। मंगलवार को दोपहर 2:30 बजे आजसू पार्टी पूर्वी सिंहभूम जिला समिति की बैठक मंगल सिंह अखाड़ा क्लब स्थित कदमा में हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए पार्टी जिला अध्यक्ष कन्हैया सिंह ने कहा कि आजसू पार्टी संगठन मजबूती के साथ साथ केंद्रीय नेतृत्व के दिशा निर्देश पर सदस्यता अभियान और छात्र इकाई द्वारा कार्यक्रम की तैयारी को लेकर समीक्षा की गई। साथ ही जमशेदपुर लोकसभा चुनाव मजबूती के साथ आजसू पार्टी पुरें दम खम से चुनाव लडेगी। साथ ही पार्टी द्वारा निर्देशित कार्यक्रम के लिए प्रभारी सह प्रभारी के आलावे चुनाव को देखते हुए प्रखंड प्रभारी की नियुक्ति की गई है। उक्त बैठक में भाजपा नेता भोला तिवारी समर्थको संग आजसू में हुए शामिल जिसमे मुख्य रूप से हरी दत्त तिवारी,जयपाल यादव, ब्रजेश यादव, जय हरी प्रमाणिक, सुमित कुमार चौधरी, मनीष कुमार ठाकुर, रौशन सिंह नीतेश कुमार्ज बिट्टू कुमार केदारनाथ , विजय साहू समेत दर्जनों में पार्टी की सदस्यता लिए। बैठक में बतौर अतिथि केंद्रीय प्रधान महासचिव रामचंद्र सहिस ने बताया कि वर्तमान सरकार की नियत ठीक नही है क्योंकि नये मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने स्वयं शपथ लेते वक्त ही कह दिया कि मैं भी वही राह पर चलूंगा जिस पथ पर पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन चले हैं। आजसू पार्टी पूर्व से ही आंदोलन करते आई है कि पूर्व की हेमंत सरकार भ्रष्टाचार में लिप्त है ।हाल ही में युवाओं के जेएसएससी सीजीएल परीक्षा पत्र लीक हो गया जिसके कारण वर्तमान सरकार लाखों युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है आजसू पार्टी इसे गंभीरता से लिया है और इस पूरे घटनाक्रम की सीबीआई जांच की मांग करती है।

टाटा वर्कर्स यूनियन के विजयी मेंबरों व पदाधिकारियों हुये सम्मानित

खबर मन्त्र ब्यूरो

जमशेदपुर। मंगलवार को टाटा वर्कर्स यूनियन सभागार में टाटा वर्कर्स यूनियन के नवनिर्वाचित पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी समिति सदस्यों को विजयी प्रमाण पत्र का वितरण प्रातः 10:00 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक किया गया, जिसमें चुनाव संचालन समिति के सीएच श्रीनिवास राव ने सभी का स्वागत किया। इसके बाद टाटा वर्कर्स यूनियन के 11 पदाधिकारी संजीव कुमार चौधरी ''टुन्नु''(अध्यक्ष), सतीश कुमार सिंह (महामंत्री) , शैलेश कुमार सिंह (सह अध्यक्ष), उपाध्यक्ष - शाहनवाज आलम ,श्री संजय

विजय प्रमाण पत्र के साथ अध्यक्ष संजीव कुमार चौधरी टुन्नू व साथीगण।

कुमार सिंह ,श्री संजीव तिवारी, श्री राजीव कुमार चौधरी, सहायक सचिव - नितेश राज ,अजय कुमार चौधरी, श्याम बाबू , कोषाध्यक्ष - अमोद कुमार दुबे को निर्वाची पदाधिकारी श्रीनिवास एवम सभी चुनाव समिति सदस्यों के द्वारा सभी पदाधिकारियों को प्रमाण पत्र वितरित किया गया। इसके बाद इस सम्मान समारोह का संचालन धर्मबीर कुमार सिंह के आग्रह पर टाटा वर्कर्स यूनियन के अध्यक्ष संजीव कुमार चौधरी , महामंत्री श्री सतीश कुमार सिंह , सह अध्यक्ष शैलेश कुमार सिंह द्वारा चुनाव संचालन समिति के रिटर्निंग अफ सर सीएच श्रीनिवास राव, सदस्य अजीत कुमार लकरा जी, संतानु राय , प्रभु नाथ सिंह , रबिंदर कुमार सिंह, दीपक कुमार एवम निशांत कुमार को अध्यक्ष महासचिव और सह अध्यक्ष के द्वारा संयुक्त रूप से शॉल और पुष्प गुच्छ भेंट कर सभी चुनाव संचालन समिति को समानित किया गया। इसके बाद टाटा वर्कर्स यूनियन के अध्यक्ष श्री संजीव कुमार चौधरी, महासचिव श्री सतीश कुमार सिंह, सह अध्यक्ष शैलेश कुमार सिंह के अलावा सभी उपाध्यक्षो और सहायक सचिवो और कोषाध्यक्ष ने भी सभी के सामने अपना विचार रखा। इसके अलावा टाटा वर्कर्स यूनियन के 203 कार्यकारिणी सदस्यों को भी प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। इस प्रकार कुल पदाधिकारी 11 एवं सदस्यों 203 का कुल मिलाकर 214 कार्यकारिणी समिति सदस्यों के बीच प्रमाण पत्र चुनाव संचालन समिति के द्वारा किया गया । अंत में रिटर्निंग अफिसर श्रीनिवास राव के तरफ से चुनाव में प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से जिन्होंने भी मदद किया है उन सभी को धन्यवाद दिया गया । जैसे कि टाटा स्टील के ग्यारह हजार कर्मचारिगण, टाटा वर्कर्स यूनियन के चुनाव संचालन समिति, टाटा स्टील मैनेजमेंट के सभी पदाधिकारीगण, टाटा वर्कर्स यूनियन के पदाधिकारीगण, टाटा वर्कर्स यूनियन के कर्मचारिगण, टाटा स्टील के सभी ज। इंजबी जिन्होंने चवससपदह चतमेपकपदह अफिसर की भूमिका निभाई थी, प्रेस एवं मीडिया के सभी बंधुओं को हृदय से धन्यवाद दिया।

स्पीड न्यूज

मेदिनीराय की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

सतबरवा पलामू। सदर मेदिनीनगर प्रखंड क्षेत्र के दुबियाखाड़ स्थित दो दिवसीय आदिवासी महाकुंभ मेला के दौरान रविवार को सामाजिक कार्यकर्ता आशीष सिन्हा के नेतृत्व में राजा मेदिनीराय की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। श्री सिन्हा ने कहा कि राजा मेदिनी राय एक प्रतापी राजा थे और सभी के विकास के बारे में सोचते थे। उनके शासनकाल में प्रजा सुखी थी। ौके पर विधायक प्रतिनिधि राणा प्रताप कुशवाहा, उदय सिंह, युवा मोर्चा के सतबरवा मंडल अध्यक्ष पप्पू सिंह, अजय उरांव थे।

बारिश से बढ़ी ठंड, घरों में दुबके लोग

सतबरवा पलामू। मंगलवार को सुबह से ही तेज हवा और बिजली के कड़क के साथ सतबरवा और प्रखंड क्षेत्र के गांवों में बारिश होने से ठंड बढ़ गयी है। प्रखंड कृषि पदाधिकारी धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि 12 मिलीमीटर से ज्यादा बारिश दर्ज की गयी है। बारिश से तिलहन, दलहन तथा सब्जी के फसल को खराब होने की आशंका है। ब्लॉक टेक्नीशियन मैनेजर वरुण यादव ने बताया कि सरसों के फसल में फूल आने के कारण सरसों के पैदावार पर असर पड़ सकता है। चना के फूल में बारिश के कारण नुकसान तथा सब्जी फसल में टमाटर, बैंगन, गोभी, मूली के खेतों में पानी के जल जमाव से फसल पर ग्रहण लग सकता है।

विधायक ने जनसंपर्क कर किया दीवार लेखन

तरहसी पलामू। प्रखंड के ग्राम मिसिर पतरा में बूथ संख्या 84 में भाजपा पीएम मोदी के निर्देश पर गांव चलो अभियान के तहत विधायक डॉ शशिभूषण मेहता ने जनसंपर्क अभियान चलाया। साथ ही दीवार लेखन करते हुए ग्रामीणों की समस्या से रूबरू हुए। वहीं श्रद्धेय पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि बूथ संख्या 84 पर मनाया गया। विधायक ने उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की। कहा कि भाजपा सबका साथ सबका विकास के तर्ज पर पूरे देश में काम कर रही है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश विकास के पथ पर अग्रसर है। मौके पर जिला प्रतिनिधि प्रकाश मेहता, प्रो बच्चन ठाकुर, भाजपा के संजय चंद्रवंशी, भाजपा मंडल अध्यक्ष अजीत गुप्ता, शंकर शुक्ला, विधायक प्रतिनिधि गोपाल साव, दिलीप पांडे, उज्ज्वल पांडे आदि थे।

हर गांव का हो रहा विकास : कमलेश

हुसैनाबाद पलामू। हुसैनाबाद-हरिहरगंज विधायक कमलेश कुमार सिंह ने हुसैनाबाद के बुलंद बिगहा में स्वस्थ उप केंद्र भवन निर्माण कार्य का ऑनलाइन शिलान्यास किया। कहा कि हुसैनाबाद हरिहरगंज विधानसभा क्षेत्र की एक एक समस्या का समाधान किया जा रहा है। सड़क स्वास्थ्य केंद्र विद्यालय भवन के निर्माण से गांव का चहुमुखी विकास हो रहा है। विधायक प्रतिनिधि अजीत सिंह ने कहा कि क्षेत्र में विकास कार्यों का शिलान्यास और उद्घाटन करने के लिए चार टीम बनाई गई है। चारों टीम अलग अलग गांव में स्वीकृत योजनाओं का शिलान्यास कर रही है। कार्यक्रम में एनसीपी प्रवक्ता योगेंद्र सिंह उर्फ गुड्डू सिंह, जयप्रकाश उपध्याय, दिलीप सिंह उर्फ खुदी सिंह, राजकुमार ठाकुर, हंसराज सिंह, ज्ञानप्रकाश उपाध्याय, बुल्टू बाबा, प्रसाद साव उपस्थित थे।

गोस्वामी समाज ने किया मिलन समारोह

सतबरवा। गोस्वामी समाज झारखंड (रजि) के बैनर तले पलामू जिला अध्यक्ष सुनील गोस्वामी के अध्यक्षता में रविवार को मिलन समारोह सह वनभोज चिंयाकी पार्क में किया गया। मुख्य अतिथि गोस्वामी समाज का प्रदेश संरक्षक एवं झारखंड स्टेट बार काउंसलिंग के स्टेटस कमेटी के अध्यक्ष व अखिल झारखंड आजसू के प्रदेश महासचिव राधेश्याम गोस्वामी ने समाज के लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि जो इंद्रियों को वश में कर सके वही गोस्वामी कहलाता है। प्रदेश संरक्षक गणेश गिरी गोस्वामी ने कहा कि बहुत ही कठिन परिश्रम करना होगा तभी समाज का विकास हो सकेगा समाज के लिए 24 घंटा सेवा के लिए मैं सदैव तत्पर रहूंगा। मौके पर नगर अध्यक्ष सुबोध गोस्वामी, सचिव मनोज गोस्वामी, उपाध्यक्ष गौतम गोस्वामी, कोषाध्यक्ष संजू गोस्वामी, प्रखंड अध्यक्ष बजरंगी गोस्वामी, लेस्लीगंज का दिलीप गोस्वामी, अरुण गोस्वामी, तरहसी नागेन्द्र गोस्वामी प्रखंड अध्यक्ष बने।

भव्य प्राण प्रतिष्ठा समारोह संपन्न

हरिहरगंज पलामू। पिपरा थाना प्रांगण में शिव हनुमत मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ संपन्न हो गया। थाना प्रभारी अमित कुमार सिंह, पूर्व थाना प्रभारी सूरज चैल, अभय आनंद, सुरेंद्र सिंह ,विक्रम सिह सहित दर्जनों लोगों ने संयुक्त रूप से हवन कर प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान को संपन्न कराया । क्षत्रिय महासभा के प्रदेश सचिव रंजीत बहादुर सिंह की ओर से पूरे प्रखंड वासियों के लिए थाना परिसर के अंदर ही विशाल भंडारा किया गया। जिसमें हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। रंजीत बहादुर सिंह ने कहा कि प्रखंड वासियों की सेवा में हमेशा तत्पर हूं। वही तेंदुई पंचायत मुखिया प्रतिनिधि अरविंद कुमार सिंह एवं थाना प्रभारी अमित कुमार सिंह के संयुक्त प्रयास से थाना परिसर के अंदर ही भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम किया गया। वहीं पिपरा बाजार निवासी मारकंडे मिश्रा की पुत्री ऐश्वर्या मिश्रा के गीत पर लोग झूम उठे। पूजा अनुष्ठान को अरुण मिश्रा एवं विदेश्वर पाठक ने संपन्न कराया। कार्यक्रम स्थल पर मनकु सिंह, प्रमुख विक्रांत सिंह यादव, जिप सदस्य ददन पासवान, मुखिया रामाशीष पासवान, उषा देवी आदि थे।

ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में विदाई समारोह का आयोजन

कॉलेज जीवन अहम पड़ाव, विद्यार्थी भावी जीवन के अभिभावक : प्राचार्य

■ कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों को दी गयी विदाई, 11वीं के विद्यार्थियों ने किया स्वागत

खबर मन्त्र संवाददाता

मेदिनीनगर। ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में कक्षा बारहवीं के लिए विदाई समारोह किया गया। सर्वप्रथम कक्षा बारहवीं का ग्यारहवीं के छात्रों द्वारा मंच पर स्वागत किया गया। विद्यालय के प्राचार्य डॉ एके सिंह ने समारोह का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन किया। इसी संदर्भ में बालिकाओं के द्वारा स्वागत नृत्य की मनोरम प्रस्तुति दी गई। तत्पश्चात ग्यारहवीं के छात्रों प्रिया कुमारी, कृष कुमार, पूजा भारती, सिमरन आदि ने बारहवीं हेतु भाषण सहित विभिन्न प्रस्तुतियां दी।

कार्यक्रम के दौरान मंच पर उपस्थित विद्यार्थी और शिक्षकगण।

खास बातें : 11वीं की बालिकाओं द्वारा सामूहिक गीत एवं नृत्य की अनुपम प्रस्तुति भी हुई। तत्क्रम में कक्षा बारहवीं की वार्षिक गतिविधियों के आधार पर छात्रा कुमारी आकांक्षा को मिस ऑक्सफोर्ड एवं सक्षम कुमार को मिस्टर ऑक्सफोर्ड के रुप चयनित कर ताज व सैश पहनाकर सम्मानित किया गया। बारहवीं के छात्रों ने अपने अनुभव प्रस्तुत किए तथा उनके लिए विभिन्न प्रकार के सामूहिक व एकल खेल के द्वारा मनोरंजन किया गया। बारहवीं के शिक्षक आकाश मुखर्जी, सचिन संथालिया एवं दिलीप मिश्रा के द्वारा भी बच्चों के लिए आत्मीय संबोधन दिये गये।

महासम्मेलन में ओबीसी समुदाय ने दिखायी चट्टानी एकता : ब्रह्मदेव प्रसाद

■ ओबीसी एकता व अधिकार मंच ने सम्मेलन की सफलता पर सबके प्रति जताया आभार

खबर मन्त्र संवाददाता

विश्रामपुर (पलामू)। ओबीसी एकता व अधिकार मंच के संयोजक ब्रह्मदेव प्रसाद उर्फ बी डी प्रसाद ने कहा कि पिछड़ा वर्ग ने अपने अधिकार के लिए चट्टानी एकता दिखायी, जिससे महासम्मेलन महासफल हुआ। आगे भी ओबीसी समाज अपने हक के लिए एकजुट होकर संघर्ष करता रहेगा। श्री प्रसाद मंगलवार को रेहला में ओबीसी मंच द्वारा आयोजित प्रेस वार्ता में बोल रहे थे। उन्होंने मंच के प्रमंडलीय महासम्मेलन के ऐतिहासिक सफलता हेतु पिछड़ा वर्ग के सभी लोगों के प्रति आभार जताया। यहां बताते चलें कि 11 सूत्री मांगों को लेकर ओबीसी एकता व अधिकार मंच ने 12 फरवरी को मेदिनीनगर हाउसिंग कॉलोनी के मैदान में प्रमंडलीय महासम्मेलन आयोजित किया था। जिसमें ओबीसी समाज के हजारों लोग शामिल हुए थे। बी डी प्रसाद ने कहा कि राज्य और केंद्र सरकार मंच की मांग जल्द स्वीकार करे नहीं तो पिछड़ा समाज उन्हे सत्ता से बेदखल कर देगा। ओबीसी समाज को आबादी के अनुरूप हर क्षेत्र में भागीदारी मिलनी ही चाहिए। डॉ राजनरायण सिंह पटेल ने कहा कि पिछड़ा वर्ग को शिक्षा, नौकरी सहित राजनीति के क्षेत्र में आबादी के अनुसार भागीदारी तय होना ही चाहिए। मौके पर प्रमोद सोनी, पंकज गुप्ता सहित मंच के कई लोग मौजूद थे।

पीएम विश्वकर्मा योजना पर आधारित एक दिवसीय सेमिनार सह जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

शिल्पकारों-कारीगरों को मदद कर व्यवसाय बढ़ाना लक्ष्य : डीसी

खबर मन्त्र संवाददाता

मेदिनीनगर। भारत सरकार एमएसएमई मंत्रालय के एमएसएमई विकास कार्यालय रांची द्वारा पलामू जिले में पीएम विश्वकर्मा योजना पर आधारित एक दिवसीय सेमिनार सह जागरूकता कार्यक्रम किया गया। जिसका मुख्य उद्देश्य लाभार्थियों को योजना से मिलने वाले लाभ, पात्रता एवं आवेदन की प्रक्रिया आदि के बारे में वृहद रूप से जानकारी देना एवं जागरूक करना है।

कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि शशि रंजन ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम के संयोजक सह सहायक निदेशक संदीप सिंह द्वारा उदघाटन सत्र में मुख्य अतिथि समेत सभी गणमान्य अतिथियों का स्वागत किया गया। उन्होंने कार्यक्रम के उद्देश्य व रूप रेखा से अवगत कराते हुए कहा कि पीएम विश्वकर्मा योजना में 18 पारंपारिक विद्याओं में कार्य करनेवाले कारीगर व शिल्पकार शामिल हैं। इसमें कारपेंटर, नाव बनाने वाले, अस्त्र बनाने वाले, लोहार, ताला बनाने वाले, सुनार, कुम्हार, मूर्तिकार, धोबी, दर्जी, मछली का जाल बनाने वाले व कई लोग शामिल हैं।

कार्यक्रम का उद्घाटन करते अतिथि व उपस्थित अन्य।

खास बातें : इस योजना के तहत चयनित लाभार्थियों को एक सप्ताह का प्रशिक्षण एवं 500 रूपये स्टाइपेंड देय होगा। प्रशिक्षण उपरांत टूल किट हेतू 15 हजार ई वाउचर के रूप में प्राप्त होंगे। प्रथम चरण में एक लाख रूपये तक का ऋण, द्वितीय चरण में दो लाख रूपये तक का कोलेटरल फ्री ऋण की व्यवस्था की गयी है। प्रमाण पत्र व पहचान पत्र लाभार्थी को दिया जायेगा। मौके पर मुख्य अतिथि उपायुक्त ने कहा कि भारत सरकार की ओर से प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना विश्वकर्मा जयंती 17 दिसंबर 2023 को प्रधानमंत्री द्वारा डिजिटली लॉंच की गई थी। भारत सरकार का इस योजना को शुरू करने का मुख्य उद्देश्य पारंपरिक शिल्पकारों व कारीगरों को आर्थिक सहायता व उन्नत उपकरण देते हुए उनके व्यवसाय में बढ़ोतरी कराना है।

बच्चों की सुविधा को देख संत मरियम का विस्तार है किड्स स्कूल : अविनाश देव

खबर मन्त्र संवाददाता

मेदिनीनगर। प्रारंभिक जांच परीक्षा में बच्चों के बढ़ती भीड़ को देखते हुए संत मरियम विद्यालय प्रबंधन ने निर्णय लिया कि शहर में ट्रैफिक असुविधा व जाम से निजात बच्चों के दूरी से उत्पन्न थकान सुरक्षा सुविधा को देखते हुए बहुतायत संख्या के रास्ते चैनपुर में संत मरियम किड्स स्कूल के शाखा दिया गया है। इसकी जानकारी संत मरियम स्कूल के निदेशक अविनाश देव ने प्रेस वार्ता में दी। उन्होंने कहा कि यह शाखा के जवाबदेही प्रबंध निदेशक के रूप में आनंद कुमार जी को दी गई जो संत मरियम विद्यालय के प्रधान कार्यालय मेदिनीनगर के नियम शर्तो को पूर्णतः अनुपालन करते विद्यालय को संचालित रखेंगे। संत मरियम विद्यालय के शाखा चैनपुर में हो जाने से इस प्रखंड के सुदूर ग्रामीण इलाके से आने वाले बच्चों को हर तरह से सुविधा मिलेगी। कहा कि बुद्धिजीवी,किसान मजदूर दुकानदार भाइयों को जानकारी देते हुए अपार खुशी हो रही है की नर्सरी से पांचवें वर्ग तक के बच्चों के नामांकन के लिए बसंत पंचमी के शुभ अवसर सरस्वती पूजा के दिन से नामांकन फार्म उपलब्ध है आएं और अपने बच्चों को नामांकन के लिए फॉर्म खरीदें। विशेष जानकारी कार्यालय से प्राप्त करें,सीमित सीट को ध्यान में रखते हुए यथाशीघ्र अपने बच्चों को नामांकन करायें।

किड्स स्कूल के बारे में जानकारी देते संत मरियम के निदेशक।

हुसैनाबाद में लगी बिहार लेनिन बाबू जगदेव प्रसाद की मूर्ति

■ अपने निजी मद से जिप सदस्य राजू मेहता ने लगवायी
■ राष्ट्रपति का हो या चपरासी के संतान सबको शिक्षा मिले एक समान : राजू मेहता

खबर मन्त्र संवाददाता

हुसैनाबाद पलामू। प्रखंड क्षेत्र के उतरी जिला परिषद सदस्य राजू मेहता ने अपने निजी मद से बिहार लेलीन,बाबू जगदेव प्रसाद की मूर्ति स्थापित कराया जिसका भव्य रूप से अनावरण की गयी। कार्यक्रम का आयोजन जगदेव विचार मंच ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत अनावरणकर्ता, राजू मेहता, आगंतुक अतिथि मुखिया ममता देवी, थाना प्रभारी, इंद्रदेव राम, मुख्य वक्ता डॉ जन्नमेजय कुमार राजद के विनय कुमार यादव, राज अली आदि ने महान क्रांतिकारी बाबू जगदेव प्रसाद के मूर्ति अनावरण करते हुए पुष्प अर्पित कर की। इसके बाद आयोजनकर्ताओं ने अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सुरेश कुशवाहा और संचालन राकेश मेहता ने किया।

खास बातें : पूर्व विधायक कुशवाहा शिवपूजन मेहता ने कहा कि बाबू जगदेव प्रसाद बिहार प्रांत में जन्मे के एक क्रन्तिकारी राजनेता थे। जिन्हें 'बिहार लेनिन' के नाम से जाना जाता है जिन्होंने एक अच्छे समाज को गढ़ने में जी जान लगा दिया। जिप सदस्य राजू मेहता ने कहा कि बाबू जगदेव प्रसाद की मूर्ति मैं अपने निजी खर्च से लगा रहा ताकि हमारा समाज अपने महापुरुषों के सिद्धांतों पर चले। बाबू जगदेव प्रसाद ने कहा था, राष्ट्रपति हो या चपरासी के संतान सबको शिक्षा मिले एक समान, मुझे उतरी क्षेत्र की जनता ने जो सम्मान दिया और खास कर देवरी खुर्द बालि बिगहा ने आज उन्हीं के आशीर्वाद से यह सब संभव हो सका है। मुख्य वक्ता डॉ जन्मजय कुमार ने बहुजन समाज को संगठित रहने और उनके महापुरुषों के इतिहास पर विस्तृत प्रकाश डाला। मुखिया मनोज राम, राज अली, पूर्व मुखिया रामशंकर चौधरी, राजद नेता विनय कुमार यादव, धर्म शीला देवी, शीला देवी कृष्णा मेहता, उपेंद्र मेहता, सुबोध मेहता, बसपा से पुनीत अंबेडकर, सुषमा बौद्ध, आजसू अक्षय मेहता, समाजसेवी उपेंद्र मेहता अभिषेक कुमार सचिव विनय कुमार मेहता राजद कलाम खान अखिलेश कुमार मेहता सुदर्शन मेहता मुख्य कलाकार युगेश कुमार एवं ललीता कुमारी मंजू देवी संजू देवी शिला राजेश प्रसाद सहित हजारों लोग मौजूद थे।

जिला प्रतिनिधि ने किया बांध जीर्णोद्धार का शिलान्यास

मेदिनीनगर। पांकी प्रखंड के ग्राम कोनवाई में डीएमएफटी मद से जमीनदारी बांध खाता-24, प्लॉट संख्या 2356 के जीर्णोद्धार कार्य का शिलान्यास पांकी विधायक कुशवाहा डॉ शशिभूषण मेहता के निर्देश पर जिला प्रतिनिधि प्रकाश मेहता ने विधिवत पूजा पाठ एवं नारियल फोड़कर किया। कहा कि पांकी विधायक के अथक प्रयास से पांकी विस क्षेत्र में विकास की लंबी लकीर खींची गयी है। उनके बेहतर करने व योजनाओं के लागू होने से विस क्षेत्र के लोग लाभान्वित हो रहे हैं। मौके पर प्रसिद्ध सिंह, सुधीर तिवारी उपस्थित थे।

विशाखापट्टनम जा रहे व्यक्ति की ट्रेन से गिरकर मौत

हरिहरगंज पलामू। अररूआ खुर्द के जितेंद्र विश्वकर्मा (45) की संबलपुर जंक्शन के समीप ट्रेन से गिरकर मौत हो गयी। वह अन्य साथियों के साथ मजदूरी करने विशाखापट्टनम जा रहा था। शव देखते ही मृतक की पत्नी, तीन पुत्री तथा एक पुत्र सहित घर के लोगों में कोहराम मच गया। बटाने नदी घाट पर मृतक का अंतिम संस्कार किया गया। परिजनों ने बताया कि वह घर का एकमात्र कमाऊ सदस्य था। गरीबी के कारण मजदूरी करने अजय यादव नामक ठेकेदार के बुलावे पर विशाखापट्टनम जा रहा था। उधर स्थानीय लोगों ने उपायुक्त पलामू से मृतक के आश्रितों को आर्थिक सहायता देने की मांग की है। जिससे उसके परिवार का भरण-पोषण हो सके।

लेस्लीगंज सीओ के आश्वासन के बाद धरना खत्म

नीलांबर पितांबरपुर पलामू। लेस्लीगंज प्रखंड सह अचल कार्यालय के समक्ष 12 फरवरी से अखिल भारतीय किसान महासभा एवं भाकपा माले के बैनर तले मंगलवार को दूसरे दिन धरना कार्यक्रम समाप्त किया गया। लिखित रूप से आश्वासन मिलने के बाद धरना को समाप्त किया गया। इसमें काफी संख्या में महिला पुरुष शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता एवं संचालन कामरेड रीना देवी ने किया। प्रखंड सचिव कमेश सिंह चेरो ने कहा कि जब तक लोग आंदोलन करने नहीं उतर रहे हैं तब तक जनता का कोई काम नहीं हो रहा है। उन्होंने कहा कि ग्राम साहद और गुरुवा के भूमिहीन परिवारों को जमीन के कागज के अभाव में भू माफिया द्वारा तंग तबाह किया जा रहा है। वहीं लोटवा में दलित परिवार को रहते हुए जमीन नहीं दिया गया बल्कि दूसरे गांव के दबंग व्यक्ति के हाथो बंदोबस्त कर दिया गया।

पलामू जिले में शीघ्र चलायी जायें तीन लाइफ लाइन गाड़ियां

खबर मन्त्र संवाददाता

■ रेल उपभोक्ता संघ के महासचिव वेद प्रकाश शर्मा ने की मांग

उंटारी रोड पलामू। रेल उपभोक्ता संघ के महासचिव सह भाजपा नेता वेद प्रकाश शर्मा ने बीडी सेक्शन के बंद की गई तीन गाड़ियों का चालू करने की मांग पलामू सांसद, धनबाद मंडल रेल प्रबंधक व हाजीपुर जीएम से किया है। उन्होंने बताया कि गाड़ी संख्या 03311/ 03312 बरवाडीह से डेहरी ऑन सोन, 03363/ 03364 बरवाडीह से डेहरी ऑन सोन, 03341/ 03342 बरकाकाना से डेहरी ऑन सोन उक्त तीनों गाड़ी पलामू जिले के लिए लाइफ लाइन है। उक्त तीनों गाड़ी को बंद हो जाने पर विद्यार्थियों, राहगीरों, शादी विवाह सहित राज्य सरकार द्वारा आयोजित कई प्रतियोगिता परीक्षा में शामिल होने वाले परीक्षार्थियों को कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने तीनों गाड़ी को तत्काल प्रभाव से नवीनगर या जपला तक चालू करने का मांग की है।

भाजपाइयों ने मनायी पंडित दीनदयाल की पुण्य तिथि

पाटन पलामू। मंडल के विभिन्न पंचायत के विभिन्न बूथों पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि मनायी गयी। साथ ही दीवार लेखन और जनसंपर्क अभियान चलाया गया। बूथ संख्या 181, 182 पर पाटन मंडल के स्थाई प्रभारी उदय शुक्ला भी थे।

सुदना तुलसी मानस मंदिर में श्रीमदभागवत ज्ञान 16 से

मेदिनीनगर। शहर के सुदना स्थित श्री तुलसी मानस मंदिर परिसर में श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान महायज्ञ का आयोजन किया गया है।16 फरवरी को कलशयात्रा के साथ श्रीमद भागवत कथा सप्ताह ज्ञान महायज्ञ शुरू होगा। देवी मंडप ट्रस्ट द्वारा आयोजित इस भागवत कथा का समापन 24 फरवरी को होना है। समिति के अभिमन्यु ओझा ने बताया कि भागवत कथा ज्ञान महायज्ञ की तैयारी जोरों पर है।

बेहतर पथ निर्माण से ग्रामीणों का आवागमन होगा सुलभ : विधायक

खबर मन्त्र संवाददाता

■ छतरपुर-पाटन विधायक और पूर्व सांसद ने किया पथ मरम्मत कार्य का शिलान्यास

पाटन पलामू। छतरपुर पाटन विस क्षेत्र की विधायक पुष्पा देवी और पूर्व सांसद मनोज कुमार ने मुख्यमंत्री सड़क योजना अंतर्गत बैदा पीडब्लूडी रोड से कुड़वा पीडब्लूडी रोड तक विशेष मरम्मत कार्य का शिलान्यास किया। इस रोड का निर्माण कार्य करीब तीन करोड़ रुपये की लागत से करायी जायेगी। कार्यक्रम में पाटन छतरपुर विधायक पुष्पा देवी ने कहा कि यह रोड बहुत ही पुराना था जो जर्जर हो गया था। इस रोड का निर्माण कार्य वर्षों से लंबित पड़ा हुआ था जो आज पूरा हो रहा है। कहा कि इस रोड के बन जाने से दर्जनों गांवों का आवागमन सुलभ हो जायेगा एवं पाटन प्रखंड तथा पड़वा प्रखंड की दूरी लगभग सात किलोमीटर कम हो जायेगी।

स्पोर्टिंग क्लब भुड़वा को हराकर रेड ब्लू डालटनगंज ने टूर्नामेंट पर जमाया कब्जा

■ स्व बद्रीनारायण सिंह कॉस्को क्रिकेट टूर्नामेंट संपन्न

खबर मन्त्र संवाददाता

पाटन पलामू। समाजसेवी आजाद सिंह द्वारा आयोजित प्रखंड के हिसरा बरवाडीह मैदान में स्वर्गीय बद्री नारायण सिंह कॉस्को क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मैच रेड ब्लु डाल्टनगंज एवं आजाद यंग स्पोर्टिंग क्लब भुड़वा के बीच खेला गया। रोमांचक मुकाबले में स्पोर्टिंग क्लब भुड़वा को हराकर रेड ब्लु डालटनगंज की टीम ने फाईनल मुकाबला अपने नाम कर लिया। आयोजनकर्ता के द्वारा विजेता टीम को 51000 रूपये एवं शील्ड तथा उप विजेता टीम को 25000 हजार रुपए तथा शील्ड प्रदान किया गया। मौके पर पाटन प्रमुख शोभा देवी, पलामू जिला नगर परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष मनोज सिंह, पांकी विधानसभा के पूर्व विधायक बिट्टू सिंह उर्फ देवेन्द्र सिंह, समाजसेवी शक्ति शंकर गुप्ता, पूर्व सैनिक बृजेश शुक्ला, सेवा निवृत्त कैप्टन सह समाज सेवी बृज बिहारी सिंह सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। अतिथियों ने विजेता एवं उपविजेता टीम को पुरस्कृत कर हौसला आफजाई की। मौके पर खिलाड़ियों एवं उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए पाटन प्रमुख शोभा देवी ने कहा कि खेल से शारीरिक मानसिक एवं आपस में प्रेम बढ़ता है। आज के समय में क्रिकेट के प्रति युवाओं का विशेष रुचि है खेल में युवा आगे बढ़े तभी समाज आगे बढ़ेगा।

विजेता टीम को पुरस्कृत करते पूर्व विधायक व अन्य।

■ पूर्व विधायक बिट्टु सिंह ने कहा कि आज देश में खेल का बहुत बड़ा महत्व है। खेल से युवा अपना कैरियर बना सकते हैं। उन्होंने टूर्नामेंट के आयोजन के लिए समिति को बधाई दी। वहीं पूर्व नप उपाध्यक्ष मनोज सिंह ने भी खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया। उन्होंने तन-मन-धन से खेल के प्रति युवाओं को आगे आने के लिए प्रेरित किया।

18 महिलाओं को सामाजिक कार्यकर्ता ने किया सम्मानित

खबर मन्त्र संवाददाता

सतबरवा पलामू। उत्कृष्ट कार्य कर रही सतबरवा प्रखंड की 18 महिलाओं को प्रखंड सभागार में राष्ट्रीय महिला दिवस पर मंगलवार को सामाजिक कार्यकर्ता आशीष सिन्हा ने अंचलाधिकारी कृष्ण मुरारी तिर्की की अध्यक्षता में सम्मानित किया। इस दौरान प्रखंड प्रमुख रीमा देवी,जिप सदस्य सुधा कुमारी, मुखिया कलावती देवी, रिंकी यादव, निरोतमा कुमारी, प्लस टू उच्च विद्यालय की प्रभारी प्रधानाध्यापिका प्रफुल्लित लकड़ा, जलसहिया प्रीति गुप्ता के साथ पंचायत समिति सदस्य कविता देवी, मधु सिंह, रूबी देवी के अलावे महिला पंचायत सेवक और रोजगार सेविका को शाल, कलम, डायरी और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। मौके पर अजय उरांव, युगल किशोर राम, ज्योति सिंह उर्फ पप्पू सिंह, सीआई विकास मिंज, प्रेमचंद गुप्ता, अंचल अमीन सुनील कुमार, हल्का कर्मचारी यमुना पंडा, सिकंदर भुइयां समेत कई लोग मौजूद थे। मौके पर अंचलाधिकारी कृष्ण मुरारी तिर्की ने कहा कि आज महिलाएं सामाजिक क्षेत्र में चढ़ बढ़ कर कार्य कर रही तथा सभी महिलाओं को आगे बढ़ने का संकल्प लेना चाहिए ताकि आधी आबादी को सम्मान मिल सके।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अतिथि व अन्य।

स्पीड न्यूज

चिरकुंडा थाना में शांति समिति की बैठक

चिरकुंडा। शिक्षा की देवी माँ सरस्वती की पूजा को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने के लिए चिरकुंडा थाना परिसर में शांति समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में चिरकुंडा चैंबर ऑफ कॉमर्स अध्यक्ष व शांति समिति के सदस्य महावीर शर्मा के आकस्मिक निधन पर उनकी आत्मा की शांति के लिए एक मिनट का मौन भी रखा गया। बैठक की अध्यक्षता कर रहे थाना प्रभारी सुनील कुमार सिंह ने कहा कि मूर्ति का विसर्जन हर हाल में 16 फरवरी तक कर लेनी है। डीजे बजाने पर पूरी तरह से प्रतिबंध है व अश्लील गाना नहीं बजाना है। अफवाह पर ध्यान न देते हुए सूचना तत्काल पुलिस को दें। बैठक का संचालन मानिक लाल गोराई ने किया। मौके पर नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी संदीप कुमार पासवान अनि राहुल भारती डबलू बाउरी योगनाथ गोस्वामी सुनीता सिंह प्रो अरूण कुमार राजू अंसारी शेरू खान फिरोज खान उपेन्द्रनाथ पाठक काजल चक्रवर्ती आदि थे।

नारी शक्ति वंदन पर भाजपा का कार्यशाला

दुमका। भाजपा जिला कार्यालय में नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम पर मंगलवार को एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष गौरव कांत ने की। कार्यशाला की संयोजिका महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष नीतू झा ने कार्यक्रम का विषय प्रवेश कराया। प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ लुईस मरांडी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने 10 वर्षो के कार्यकाल में सभी को सम्मान दिया है। प्रधानमंत्री के कुशल नेतृत्व का असर है कि आज महिलाएंआत्मनिर्भर बनने में सबसे आगे है। जिलाध्यक्ष गौरवकांत ने कहा कि महिला स्वंय सहायता समूह एनजीओ जुड़कर स्वालंबी बन रही है और आर्थिक एंव मानसिक रूप से मजबूत हुई है और नरेंद्र मोदी सरकार ने लखपति दीदी बनाने के लिए 2 करोड़ महिलाओं को सलाना एक लाख रुपये से जोड़ने का लक्षय रखा है। कार्यशाला को प्रदेश मंत्री रविकांत मिश्रा पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष बिनोद शर्मा ने भी संबोधित किया।

यह मंच हेमंत सोरेन के बगैर अधुरा : बसंत सोरेन

खबर मन्त्र संवाददाता

दुमका। दुमका में अबुआ आवास योजना स्वीकृति पत्र वितरण समारोह के दौरान कई भावुक पल नजर आए। हेमंत सोरेन की मंच पर गैरमौजूदगी से कई विधायक मायूस नजर आए। दुमका झारखंड की उपराजधानी दुमका के कमारदुधानी स्टेडियम में आयोजित अबुआ आवास स्वीकृति पत्र वितरण कार्यक्रम में कई चेहरे पर मायूसी नजर आई। मंच पर मौजूद पूर्व सीएम हेमंत सोरेन के छोटे भाई बसंत सोरेन सहित कई विधायक भावुक नजर आए। जब विधायक बसंत सोरेन के संबोधन की बारी आई तो थोड़ी देर के लिए वे माइक हाथों में लेकर खामोश रहे. उनके

मुंह से आवाज नहीं निकल रही थी. उन्होंने पहले तो लोगों से कहा कि बाद में बात करेंगे. इस बीच विधायक प्रदीप यादव ने उन्हें ढाढ़स बंधाया. इसके बाद बसंत सोरेन थोड़ी देर रुके इसके बाद पानी पी, फिर उन्होंने फफकते हुए कहा कि यह मंच हेमंत सोरेन के बिना अधूरा है, जिन्होंने यहां के गरीबों के लिए अबुआ आवास योजना लाया।

स्टेज पर हमेशा नजर आते थे हेमंत सोरेन : सीता सोरेन

मंच पर मौजूद पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की भाभी ने भी हेमंत सोरेन को याद करते हुए कहा कि यहां सब कुछ बदला हुआ है. इस तरह के स्टेज पर हेमंत सोरेन नजर आते थे. लेकिन जब भारतीय जनता पार्टी अपने इरादे में कामयाब नहीं हुए तो साजिश के तहत यह खेल खेला गया. यह आवास योजना गुरुजी बाबा का सपना था, जिसे हेमंत सोरेन ने जमीन पर उतारने का काम किया। जब तक हेमंत सोरेन को जेल से बाहर नहीं निकालूंगा, तब तक चैन से नहीं बैठूंगा। इरफान अंसारी ने कहा कि जब वे रांची से कार्यक्रम में भाग लेने आ रहे थे तो भाभी कल्पना सोरेन से मुलाकात की. उनके आंखों में आंसू थे।

प्रदीप यादव ने ईडी पर पढ़ी कविता

मंच पर मौजूद विधायक प्रदीप यादव ने कहा कि केंद्र सरकार के द्वारा झारखंड की महागठबंधन की सरकार को गिराने के लिए काफी प्रयास किए गए। विधायकों को तोड़ने का प्रयास हुआ। जब वे इसमें नाकाम हुए तो ईडी और सीबीआई को पीछे लगा दिया. उन्होंने कहा कि आज पूरे देश में विरोधियों के खिलाफ इस तरह की छापेमारी की जा रही है. मैं दावे के साथ कहता हूं कि हेमंत सोरेन इससे बेदाग होकर निकलेंगे। उन्होंने ईडी पर खुद की लिखी कविता पढ़ कर सुनाई।

16 फरवरी को 3552 पदों के लिए धनबाद नियोजनालय में लगेगा रोजगार मेला

खबर मन्त्र संवाददाता

धनबाद। झारखंड सरकार के श्रम नियोजन प्रशिक्षण व कौशल विकास विभाग द्वारा राज्य के बेरोजगार युवक, युवतियों के लिए रोजगार का एक और अवसर प्रदान किया जा रहा है। इसके लिए धनबाद अवर प्रादेशिक नियोजनालय परिसर बरटांड़ में दत्तोपंत ठेंगड़ी रोजगार मेला 2024 का आयोजन 16 फरवरी को किया जा रहा है। 3552 पदों पर नियुक्ति के लिए कंपनियों का जमावड़ा लगेगा। इच्छुक सभी अभ्यर्थी भर्ती कैम्प में महत्वपूर्ण दस्तावेजों के साथ शामिल हो सकते है। यह मेला सुबह 10 बजे से अपराह्न 04 बजे तक जारी रहेगा। इच्छुक अभ्यर्थियों को बायोडाटा की दो प्रति लानी है। रोजगार मेला में 8 हजार प्रतिमाह से लेकर 50 हजार तक की नियुक्ति मिलेगी। इच्छुक अभ्यर्थी का झारखंड के नियोजनालय में निबंधित होना आवश्यक है। आवेदक अपने सभी शैक्षणिकए प्रशैक्षणिकए आधार कार्डए दो पासपोर्ट साइज का फोटोए नियोजनालय का निबंधन कार्डए अपना बायोडाटा व स्थानीय निवासी प्रमाण पत्र, न्यूनतम अंचलाधिकारी द्वारा निर्गतद्ध के साथ रोजगार मेला में भाग ले सकते हैं। रिक्तियों के विरुद्ध भर्ती के लिए सीधे नियोजक उत्तरदायी हैं। नियोजनालय एवं विभाग मात्र सुविधा प्रदाता के रूप में कार्य कर रही है। इसमें भाग लेने के लिए यात्रा भत्ता देय नहीं है।

सिंदरी : भाजपा जिलाध्यक्षों को किया गया सम्मानित

खबर मन्त्र संवाददाता

सिंदरी। सिंदरी स्थित भाजपा प्रबुद्ध प्रकोष्ठ जिला संयोजक कार्यालय में सोमवार की देर शाम भाजपा धनबाद ग्रामीण जिलाध्यक्ष घनश्याम ग्रोवर और ग्रामीण अनुसूचित जाति मोर्चा जिलाध्यक्ष रविश्वर मरांडी का स्वागत समारोह आयोजित किया गया। इस समारोह में दोनों पदाधिकारियों को जिला संयोजक वरिष्ठ भाजपा नेता दिनेश सिंह ने शॉल ओढ़ाकर और बुके देकर सम्मानित किया। जिला संयोजक ने कहा कि ग्रामीण जिलाध्यक्ष का पद मिलने के बाद पार्टी को मजबूती मिली है। उनके मार्गदर्शन में काम करने की एक अलग अनुभूति होगी। अन्य भाजपा कार्यकताओं ने भी दोनों पदाधिकारियों को सम्मानित किया। इस अवसर पर मिठाई का वितरण किया गया। मौके पर पूर्व पार्षद सह वरिष्ठ भाजपा नेता दिनेश सिंहए सिंदरी भाजपा नगर अध्यक्ष अरविंद पाठकए युवा भाजपा नेता संजय सिंहए जिला कार्यसमिति सदस्य बृजेश सिंहए कामेश्वर सिंहए रासबिहारी सिंहए हरेंद्र सिंहए उपेंद्र सिंहए बी एन पांडेए अजय सिंहए अनिल सिंहए सुनील सिंहए नंदकिशोर सिंहए ओम प्रकाश सिंहए कुंदन श्रीवास्तवए नकुल सिंहए सुभाष सिंहए गुरु चरण सिंहए रवि कुमारए धर्म उपाध्यायए जगदीश सिंहए नीरज कुमार सहित कई भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

रजनीश ट्यूटोरियल सिंदरी के 30 छात्रों ने जेइइ मेंस में लहराया परचम

खबर मन्त्र संवाददाता

सिंदरी। वर्ष 2005 से लगातार कोचिंग क्षेत्र में कार्यरत रजनीश ट्यूटोरियल सिंदरी ने जेइई मेंस 2024 के प्रथम चरण की परीक्षा में अपना परचम लहराया दिया है। इस कोचिंग संस्थान में पढ़ रहे 30 छात्र छात्राओं ने सर्वाधिक प्रतिशत अंक प्राप्त कर सिंदरी ही नहीं धनबाद जिला का नाम रौशन किया है। रजनीश ट्यूटोरियल सिंदरी के निदेशक आदित्य सुमन ने बताया कि संस्थान के छात्रों पीयूष शाह ने 98 परसेंटाइल लाकर संस्थान का नाम आगे बढ़ाया है। पीयूष बैंक ऑफ इंडिया सिंदरी शाखा कर्मी दीपक कुमार शाह और डिनोबली सिंदरी की शिक्षिका रेखा शाह का छोटा पुत्र है। उन्होंने बताया कि नयन कुमार दास ने 95 परसेंटाइलए सौम्या साक्षी ने 94 परसेंटाइल लाया है। इसके अलावा हिमांशु राज ने 93 परसेंटाइलए अंकुश कुमार ने 91 परसेंटाइल विनीत ने 90 परसेंटाइल अमन ने 86 परसेंटाइल अनुष्का हलदर ने 83 परसेंटाइल गुफरान ने 83 परसेंटाइल नफीस ने 82 परसेंटाइल ओम चौरसिया व मनीष विश्वकर्मा और श्रेयस झा ने 81 परसेंटाइल लाकर उपलब्धि हासिल की है। उन्होंने बताया कि छात्रों की कड़ी मेहनत और शिक्षकों के अथक प्रयास से इस प्रकार का परिणाम निकला है। आशा है कि इसे लगातार जारी रखा जाएगा।

सरस्वती पूजा आज : बाजार में युवाओं की बढ़ी चहल-पहल

दुमका। उपराजधानी दुमका सहित आसपास के ग्रामीण इलाकों में सरस्वती पूजा की व्यापक तैयारी की गई। सरस्वती पूजा बुधवार को है। मंगलवार को सरस्वती पूजा को लेकर दुमका बाजार में काफी चहल.पहल दिखी। टीन बाजार से वाहनों को आवागमन करने में काफी दिक्कत हुई। इस दिन छात्र.छात्राएं मां सरस्वती की पूजा.अर्चना कर अपने उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं। सरस्वती पूजा के लिए विभिन्न पूजा समितियों द्वारा तैयारी को अंतिम रूप दिया जा रहा है। पूजा समिति के सदस्य पूजा स्थल की साफ.सफाईए पंडाल निर्माण तथा साज.सजावट के लिए दिन भर सक्रिय रहे। पूजा समिति के सदस्यों का कहना है कि सुबह तक सभी तैयारी पूरी कर ली जाएगी।

Before The Notary Public, Ranchi

AFFIDAVIT

I, Hamza Khan @ Mohammad Hamza Khan, S/o Eqbal Khan, R/o Booty Road, Opposite S.D.A Mission Hospital RMCH, PS-Sadar Dist.-Ranchi, Jharkhand, do hereby solemnly affirm and declare as follows:-

1. That I as resident of above mention address and Indian Citizen.
2. That my actual name is HAMZA KHAN which is mention in my Aadhar Card No.-9160 7034 2345.
3. That my name is mention in Passport No.- F0004407 IS MOHAMMAD HAMZA KHAN issued by Govt. of India.
4. That HAMZA KHAN and MOHAMMAD HAMZA KHAN both name is same and one Person.
5. That all statements made above are true to the best of my knowledge and belief.

Sl. No. 370, Date : 10.02.2024.

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोंदा, राँची।
Email Id – eedwsd.gonda@gmail.com

शुद्धि पत्र

सूचित किया जाता है कि ई–निविदा सं०–30/2023-24 पी०आर०नं० Pr. No. 317380 Drinking Water and Sanitation(22-23)-D प्रकाशित की गई थी जिसे राशि एवं तिथि में निम्नवत् संशोधन किया जाता है :–

क्र०	विवरण	पूर्व प्रकाशित राशि	संशोधित राशि
1.	प्राक्कलित राशि	32,94,209.00	32,91,599.00
2.	वेवसाईट पर ई–निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय	12.02.2024 up to 05.00 P.M.	19.02.2024
3.	ई–निविदा प्राप्त करने की अन्तिम तिथि एवं समय	21.02.2024 up to 03.30 P.M.	27.02.2024
4.	ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय	22.02.2024 up to 4.00 P.M.	28.02.2024

नोटः–अन्य नियम एवं शर्तें यथावत् रहेगी। कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल,गोन्दा,राँची।
PR 318914 (Drinking Water and Sanitation) 23-24 (D)

JHARKHAND INDUSTRIAL INFRASTRUCTURE DEVELOPMENT CORPORATION LTD.
(A GOVERNMENT OF JHARKHAND UNDERTAKING)
Office of the M.D., JIIDCO, 5th Floor, Udyog Bhawan, Ratu road, Ranchi-834001
NOTICE INVITING TENDER, NIT NO. JIIDCO/19/2023-24
2nd Call (Short Notice Inviting Tender)

Sealed tenders are invited, on percentage rate basis from the registered contractors in appropriate class in Building Construction Department (BCD) Department of Government of Jharkhand for the work as given below:

Sl. no.	Name of work	Estimated cost (Rs.)	Earnest money (Rs.)	Cost of tender fee (Rs.) (Non refundable) Including 18% GST	Class of Contractor	Time of completion (In days)
1	2	3	4	5	6	7
01	Repair and Maintenance work of Lady toilet of Main building of Jharcraft at Udyog Bhawan, Ratu road, Ranchi (Jharkhand)	2,82,557.00	6,000.00	885	IV	30 days
02	Renovation of Show Room at Main Building office of Jharcraft, Ratu Road, Ranchi (Jharkhand)	4,35,448.00	8,800.00	885	IV	45 days

a. Tender documents can be purchased from the office of M. D., JIIDCO, 5th Floor, Udyog Bhawan, Ratu road, Ranchi-834001on payment of requisite cost of documents in shape of D.D. in favour of JIIDCO, payable at Ranchi during working hours from 16.02.2024 To 22.02.2024
b. Tender will be received on 23.02.2024 up to 3:00 P.M.
c. Tender will be opened on 23.02.2024 at 3:30 P.M. in presence of tenderer or his authorized representative.

Note: 1. The estimated cost mentioned above in column no. 3 is approximate which may be increased or decreased.
2. For any information/complaints the department helpline no/Mobile no. 8292234107 may be Contacted.

Sd/-
Executive Engineer
JIIDCO, Ranchi

NIT No. JIIDCO/03/2022-23

ट्रेन की चपेट में आने से बस चालक की दर्दनाक मौत

खबर मन्त्र संवाददाता

मैथन। कुमारधुबी चौक के समीप धनबाद हावड़ा रेल के अप लाइन पर मंगलवार की सुबह एक व्यक्ति का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही कुमारधुबी पुलिस और बराकर आरपीएफ घटनास्थल पर पहुंची तथा छानबीन में जुट गई। देखते ही देखते स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गई। मृतक की पहचान शिवलीबाड़ी निवासी बस चालक नसीम खान के रूप में की गई है। भीड़ के बीच से एक महिला ने जैसे ही शव को देखा तो वह जोर जोर से रोने लगी। महिला रजिया खातून मृतक की पत्नी थीं। पुलिस से पूछताछ के दौरान रजिया ने बताया कि उसके पति नाइजीरिया में किसी कंपनी में कार्यरत थे। करीब एक वर्ष पहले वे वतन वापस लौट आए थे। कंपनी के पास छह महीना का वेतन भी बकाया है। यहां वह बस चलाकर परिवार का भरण पोषण कर रहे थे। कुछ दिन से वे काफी तनाव में भी थे। सोमवार की रात नसीम खाना खाकर घर से निकले। काफी देर तक जब वापस नहीं आए तो उन्हें फोन किया गयाए परंतु उन्होंने फोन नहीं उठाया। आज मंगलवार की सुबह सूचना मिली कि रेल पटरी पर किसी का शव पड़ा हुआ है। सूचना मिलते ही पहुंची तो देखा कि शव उनके पति का है। आरपीएफ ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए एसएनएमएमसीएच धनबाद भेज दिया है।

वेलेंटाइन डे को लेकर बाजार की बढ़ी रौनक

वेलेंटाइन डे आज

खबर मन्त्र संवाददाता

दुमका। वेलेंटाइन डे की पूर्व संध्या पर दुमका बाजार में चहल.पहल बढ़ गई है। 14 फरवरी इस दिन लोग अपने साथी से प्यार का इजहार करते हैं। उन्हें तरह.तरह के गिफ्ट देकर खुश करते हैं। आज शहर में हल्की बारिश हो रही है इसके बावजूद बाजारों में भी इसकी रौनक देखने को मिल रही है। वेलेंटाइन डे पर बाजार गुलजार हो गया है। फूल वालों से लेकर गिफ्ट गैलरीए चॉकलेट शॉप व अन्य दुकानों पर रौनक देखते को मिल रही हैं। बाजार में 20 रुपये से लेकर हजारों रुपये तक के गिफ्ट आइटम उपलब्ध हैं। वेलेंटाइन सप्ताह का आगाज 7 फरवरी को हुआ था। मंगलवार को गिफ्ट गैलरियों में काफी चहल.पहल देखने को मिली। गुलदस्तों के अलावा आकर्षक गिफ्ट आइटम भी लोगों को खूब भा रहे हैं। 20 में मिलने वाला गुलाब का फूल अब 30 का है। 5 गुलाब का गुलदस्ता 150 रुपये में उपलब्ध है। मंहगे गुलदस्तों की बाजार में बिक रहे है। वहीं गिफ्ट गैलरियों में टेडी बियरए गुलदानए फोटो फ्रेम हाथ घड़ीए ग्रीटिंग कार्ड आदि ज्यादा बिक रहे हैं। दुकानों में गिफ्ट आइटमों और ग्रिटिंग्स कार्डो की खरीदारी के प्रति युवक.युवतियों का झुकाव काफी कम होने लगा है। वेलेंटाईन डे पर युवक.युवतियां व्हाट्सएपए फेसबुक आदि के जरिए प्रेम दिवस मनाने की तैयारी कर रहे है। साल भर में एक बार ऐसा दिन आता है जिसका प्रेमी जोड़े को इंतजार रहता है और वह है वेलेंटाइन डे। इस दिन प्रेमी युगल अपने प्रेम का इजहार करने से नहीं चूकते। प्रेमी जोड़े इस दिन को अपने ढंग से सेलिब्रेट करते हैं।

JHARKHAND URBAN INFRASTRUCTURE DEVELOPMENT COMPANY LIMITED
(Govt. of Jharkhand Undertaking)
JUIDCO Bhawan, KutcheryChowk, Ranchi-834001, Jharkhand.
Ph No.: +91-651-2225878; e-mail Id-; pdt.juidco@gmail.com
CIN: U45200JH2013SGC001752 CIN: U45200JH2013SGC001752

NIT No: - JUIDCO/NIT/Domchanch/UWSS/2023/581 Date: 12th Feb, 2024
Tender ID: - 2024_UDD_80111_1 PR No.: 315151

Corrigendum- 2

All bidders are hereby announced that Corrigendum- 2 is released for tender having details as mentioned abovefor the project of "Domchanch Urban Water Supply Scheme with 5years of Operation and Maintenance". The bidders are advised to consider the same before submission of their bids against the tender.

Note: Corrigendum- 02 can be referred from the e-tender site of Govt. of Jharkhand i.e., (https:// jharkhandtenders.gov.in)

Sd/-
Project Director (Technical)
JUIDCO Ltd., Ranchi

PR.NO.318903 Urban Development and Housing(23-24):D

जीवन के उत्साह का नाम है बसंत

सरस्वती पूजा विशेष

बिनोद रजक

धनबाद। हमारे देश में ऋतुओं को 6 भागों में बांटा गया है और उनमें बसंत का सर्वाधिक महत्व है। भगवान श्री कृष्ण गीता में कहते हैं श्ऋतुनां कुसुमाकरश अर्थात ऋतुओं में बसंत मैं हूं। बसंत को ऋतुराज भी कहा जाता है। बसंत के आने से प्रकृति हमारे मन एवं शरीर को शीतलता और आनंद प्रदान करती है। शरीर में नई ऊर्जा का संचार होता है और शीत ऋतु की जकड़न से मुक्त हुए शरीर को एक नई अनुभूति होती है। बसंत आते ही प्रकृति का कण कण खिल उठता है और उसके स्वरूप को देखकर सारे जीव उल्लास से भर जाते हैं। सुहाने समय में चारों ओर सुंदर दृश्य और सुगंधित पुष्प मंद मंद बहने वाली पवनए फलों के वृक्षों पर

सुगंध जल से भरे सरोवरए आम के वृक्षों पर कोयल की कूक हमारे जीवन में उत्साह भर देते हैं।वैसे तो माघ मास का पूरा महीना ही उत्साह का संचार करने वाला है। परंतु माघ शुक्ल की पंचमी यानी वसंत पंचमी विशेष महत्व रखती है। माघ मास को यज्ञए दान तथा तप आदि की दृष्टि से बड़ा ही पुण्य फलदाई माना जाता है। बसंत पंचमी संदेश भी देती है कि दुख के बाद सुख का आगमन भी होता है। बसंत के आगमन पर सूर्य से लेकर प्रकृति तक हमें पुराने विचार और पूर्वाग्रह का परित्याग कर अपने सारे क्रियाकलापों में नवीनता समाहित करने की प्रेरणा देती है।

जीवन में किसी भी प्रकार की नई शुरूआत के लिए बसंत पंचमी श्रेष्ठ मुहूर्त है। यह ज्ञान की अधिष्ठात्री देवी माँ सरस्वती का महोत्सव है। जो यह संदेश देती है कि हमें अपने परिवेश को हर दिन नए दृष्टिकोण नए प्रयोग और काव्यात्मक अभिव्यक्ति से रुचि पूर्ण बनाना चाहिए। हमारे पास व्यक्ति की अच्छाई को पहचानने की समझ उसकी कुशलताओं को समझने का विवेक होना चाहिए। मां सरस्वती का स्वरूप बहुत ही प्रेरणादायक है। मां सरस्वती को बागेश्वरीए भगवतीए शारदाए वीणा वादिनी और बग्देवी सहित अनेक नाम से पूजा जाता है। मां सरस्वती के सफेद वस्त्रों के दो संकेत है। पहला कि हमारा ज्ञान निर्मल हो विकृत नहीं व सकारात्मक हो। दूसरा कोई दुर्गुण हमारे चरित्र में ना होए मां सरस्वती के एक हाथ में पुस्तक या संदेश देती कि हमारा लगाव पुस्तकों और साहित्य के प्रति होना चाहिए। एक हाथ में माला बताती है कि हमें हमेशा चिंतन में रहना चाहिए जो ज्ञान अर्जित कर रहे हैंए उसकी लगातार मनन करते रहे इससे हमारी सद्बुद्धि बनी रहेगी।

विद्यार्थी जीवन में संगीत के प्रति हो रुचि

मां सरस्वती के दो हाथों में वीना का वादन यह संकेत करता है कि विद्यार्थी जीवन में ही संगीत जैसी ललित कलाओं के प्रति भी हमारी रुचि होनी चाहिए। मां के चित्र में देवी सरस्वती नदी किनारे एकांत में बैठी हुई दिखाई देती हैए यह बात का संकेत देती है कि विद्यार्जन के लिए एकांत की आवश्यकता है। मां सरस्वती के पीछे सूरज भी उगता दिखाई देता है एजो बताता है की पढ़ाई के लिए सुबह का समय ही श्रेष्ठ है। मां सरस्वती के सामने दो हंस है एजो बुद्धि के प्रतीक है। और संदेश देते कि हमारी बुद्धि रचनात्मक और विश्लेषणात्मक दोनों होनी चाहिए।

संगीत की देवी हैं मां सरस्वती

संगीत की उत्पत्ति करने के कारण व संगीत की देवी भी है। उन्हे विद्या की देवी भी माना जाता है। बसंत पंचमी के दिन को उनके जन्मोत्सव तथा महादेव के तिलकोत्सव के रूप में भी मनाया जाता है। इस दिन सरस्वती जयंती श्री पंचमी आदि पर्व भी होते हैं। देवी भागवत में उल्लेख है कि माघ शुक्ल पक्ष की पंचमी को ही संगीत काव्य कला शिल्प रस छंद शब्द व शक्ति की प्राप्ति जीव को हुई थी। मां सरस्वती को प्रकृति की देवी की उपाधि भी प्राप्त है।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त का कार्यालय, सिमडेगा
(जिला निर्वाचन शाखा)

आगामी लोकसभा आम चुनाव एवं विधानसभा आम चुनाव, 2024 हेतु ई–निविदा की शर्तों में आंशिक संशोधन

आगामी लोकसभा आम चुनाव एवं विधानसभा आम चुनाव, 2024 के निमित निर्वाचन में प्रयुक्त होने वाले सामग्री तथा सेवा यथाः– नाश्ता एवं भोजन आपूर्ति/मुद्रण सामग्री एवं विडियोग्राफी/ फोटोग्राफी/CCTV हेतु प्रकाशित पुर्न ई–निविदा e-Tender Reference No: SIM/DEO/008, SIM/DEO/09, SIM/DEO/010, PR no.316750 Dated 09-02-2024 की शर्त कंडिका में आंशिक संशोधन करते हुए निम्न शर्त निर्धारित किये जाते हैः–

कंडिका संख्या	निर्वाचन में प्रयुक्त होने वाले सामग्री तथा सेवा की विवरणी	पूर्व में निर्धारित शर्त	वर्तमान में निर्धारित शर्त
13	नाश्ता एवं भोजन आपूर्ति	पूर्व में सरकारी कार्यालयों में विगत दो वर्षो में से किसी एक वर्ष का 25,000,00.00(पच्चीस लाख) तक का कार्य अनुभव प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य है।	पूर्व में सरकारी कार्यालयों में संबधित क्षेत्र में 25,00,000.00 (पच्चीस लाख) तक का कार्य अनुभव प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य है।
15	विडियोग्राफी/फोटोग्राफी/CCTV	पूर्व में सरकारी कार्यालयों में संबधित क्षेत्र में विगत दो वर्षो में से किसी एक वर्ष का 20,00,000.00 (बीस लाख) तक का कार्य अनुभव प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य है।	पूर्व में सरकारी कार्यालयों में संबधित क्षेत्र में 20,00,000.00 (बीस लाख) तक का कार्य अनुभव प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य है।
16	मुद्रण सामग्री	पूर्व में सरकारी कार्यालयों में संबधित क्षेत्र में विगत दो वर्षो में किसी एक वर्ष का 25,000,00.00(पच्चीस लाख) तक का कार्य अनुभव प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य है।	पूर्व में सरकारी कार्यालयों में संबधित क्षेत्र में 25,00,000.00 (पच्चीस लाख) तक का कार्य अनुभव प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य है।

अन्य शर्तें यथावत रहेंगी।

उप निर्वाचन पदाधिकारी, सिमडेगा। PR 318941 Election (23-24)_D जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–उपायुक्त, सिमडेगा।

एक बड़ी सफलता

ओमान की एक कंपनी के माध्यम से कतर के एक सुरक्षा प्रोजेक्ट में काम करने वाले इन अधिकारियों को पिछले साल अक्तूबर में निचली अदालत द्वारा मौत की सजा सुनाई गई थी। भारत सरकार के कूटनीतिक प्रयासों से पहले फांसी की सजा को टाला गया और उसके बाद सिर्फ डेढ़ माह में वे सकुशल घर लौट आए। इसमें पीएम मोदी ने विशेष ध्यान दिया। बहरहाल, दाहरा ग्लोबल कंपनी के लिये काम करने वाले भारतीय नागरिकों की रिहाई सुखद है, जिनको लेकर विपक्ष भी सरकार पर दबाव बना रहा था। इन भारतीयों की रिहाई के बाद विदेश मंत्रालय ने घोषणा की है कि प्रधानमंत्री अपनी दो दिवसीय संयुक्त अरब अमीरात यात्रा के बाद अब कतर भी जाएंगे। निस्संदेह, इस घटनाक्रम से दोनों देशों के बीच बढ़े कूटनीतिक तनाव का पटाक्षेप भी होगा। दरअसल, प्रधानमंत्री यूएई में मध्यपूर्व के किसी इस्लामिक देश में बनने वाले पहले हिंदू मंदिर के उद्घाटन के अलावा एक आर्थिक शिखर सम्मेलन में भी भाग लेंगे। उल्लेखनीय है कि इन पूर्व नौसैनिक अधिकारियों को अगस्त, 2022 में गिरफ्तार किया गया था लेकिन कतर व भारत की तरफ से कभी गिरफ्तारी के कारणों का जिक्र नहीं किया गया। कालांतर में भारत के कूटनीतिक प्रयासों से बीते साल अपील दायर करने के बाद मौत की सजा को कैद में बदल दिया गया। वैसे कतर की जेलों में अभी भी काफी भारतीय बंदी हैं। दरअसल, ये सभी कर्मचारी ओमान की कंपनी दाहरा ग्लोबल टेक्नोलॉजीज एंड कंसल्टिंग सर्विसेज में काम करते थे। यह कंपनी कतर नौसेना के लिये एक उन्नत इतालवी तकनीक युक्त तथा रडार से बचने वाली सबमरीन हासिल करने के लिये काम कर रही थी। इस सफलता से साफ इंगित हो रहा है कि केन्द्र सरकार का दुनिया की कूटनीति में दबदबा बढ़ता जा रहा है।

दिल्ली कूच

देश के किसानों ने एमएसपी सहित खेती से जुड़ें मांग को लेकर दिल्ली कूच किया है। कृषि मंत्री अर्जुन मुंडा सहित तीन केन्द्रीय मंत्री से बातचीत विफल होने के बाद यह मामला और अधिक बढ़ता जा रहा है। फसलों का न्यूनतम समर्थन मूल्य यानि एमएसपी की गारंटी देने वाला कानून बनाने की मांग को लेकर किसान एक बार फिर दिल्ली की ओर बढ़ रहे हैं। दिल्ली की ओर बढ़ने के सफर में यह आंदोलनकारी जिस तरह अवरोधकों को तोड़ रहे हैं और उत्पात मचा रहे हैं उससे साफ प्रदर्शित हो रहा है कि ये आंदोलनकारी लोग किसान हैं ही नहीं। जिस तरह से ये आंदोलनकारी पूरी तैयारी के साथ आगे बढ़ रहे हैं वह यह भी प्रदर्शित कर रहा है कि ऐन लोकसभा चुनावों के पहले यह आंदोलन लिए ही खड़ा किया जा रहा है। भारत ने आरोप लगाया था कि कनाडा हमारे आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप कर रहा है। इसलिए प्रश्न उठता है कि कहीं कनाडा में सरकारी प्रोत्साहन पा रहे खालिस्तानी तत्वों द्वारा तो इस आंदोलन को हवा नहीं दी जा रही है? आंदोलन के समय और ढंग को लेकर चिंता स्वाभाविक है। किसान आंदोलन सिर्फ पंजाब से उठता है और हरियाणा के साथ पश्चिमी यूपी तक ही सीमित रहता है। लेकिन चुनावी वर्ष में सरकार के विपरीत स्थितियों पर विशेष संवदेनशील होने के कारण स्थिति लगतार तनावपूर्ण होता जा रहा है। इस मामले को लेकर न्यायलय भी सक्रिय है और पुलिस प्रशासन से कहा है कि आम लोगों को इस आंदोलन से किसी प्रकार की कठिनाई न हो इसका पूरा ध्यान रखें। पूर्व में किसान आंदोलन के क्रम दिल्ली के लाल किला पर जिस प्रकार की घटना हुई थी इसको लेकर दिल्ली प्रशासन को अलोचना का सामना करना पड़ा था। इस बार पुलिस प्रशासन की पूरी तैयारी है लेकिन किसानों का आंदोलन का समाधान स्थायी तौर पर हो यह भी आवश्यक है।

योग -भक्ति के पुरोधा स्वामी निरंजनानंद

बगैर शोर-शराबे के योग-संस्कृति को फैलानेवाले स्वामी निरंजनानंद आत्मप्रचार से हमेशा दूर रहे। आज 14 फरवरी को उनका जन्म दिवस है। स्वामीजी ने अपने गुरु स्वामी सत्यानंद द्वारा स्थापित मुंगेर स्थित बिहार योग विद्यालय को श्रेष्ठ संस्थान बना दिया है। साथ ही रिखिया पीठ को उच्च स्थान पर बनाये रखा है। योग के क्षेत्र में महत्वपूर्ण कार्य के लिए पद्मविभूषण अलंकरण से भी सम्मानित किया जा चुका है।

बात 1956 की है। जब स्वामी निरंजनानंद के गुरु स्वामी सत्यानंद ऋषिकेश स्थित स्वामी शिवानंद के आश्रम मे रह रहे थे। उन्होंने स्वामी सत्यानंद को अपने पास बुलाया और कहा कि तुम्हारा जाने का समय आ गया है. जाओ। दुनिया में परिव्राजक की तरह घूमो. दुनिया को योग सिखाओ।

स्वामी सत्यानंद संसार के लिए निकले. 1963 तक परिव्राजक की तरह भ्रमण करते रहे। स्वामी सत्यानंद को बीस साल मिले और इस अवधि में दुनिया को सत्यानंद के जरिये योग मिला।

इन्हीं बीस सालों में मुंगेर में बिहार योग विद्यालय की स्थापना हुई, जहां से निकल कर सत्यानंद पूरी दुनिया में जाते थे और पूरी दुनिया से लोग निकल कर बिहार योग विद्यालय पहुंचते थे। एक से एक प्रामाणिक, वैज्ञानिक योग ग्रंथों का प्रकाशन हुआ. बीसवीं सदी में योग का जो पुनर्जागरण होना था, बिहार योग विद्यालय उसका केंद्र बन गया और स्वामी सत्यानंद सूत्रधार।

दुनिया का शायद ही कोई ऐसा महाद्वीप होगा, जहां स्वामी सत्यानंद ने योग का बीज न बोया हो। अरब से लेकर अमेरिका तक. अफ्रीका से लेकर ऑस्ट्रेलिया तक. स्वामी शिवानंद का परिव्राजक संन्यासी पूरी दुनिया में घूम घूमकर योग बीज बो रहा था, जो आगे चल कर पुष्पित और पल्लवित होनेवाला था।

लेकिन, एक तरफ जहां वे वर्तमान की सख्त जमीन पर योग बीज रोपित कर रहे थे, वहीं दूसरी तरफ वे भविष्य में इसके रखरखाव की योजना पर भी काम कर रहे थे, ताकि कोई फूल खिलने से पहले न कुम्हला जाये। यह कोई दस-बीस साल का मामला नहीं था। अब तो यह शताब्दियों का मामला है। एक पवित्र परंपरा के पुनर्जागरण काल में सिर्फ वर्तमान नहीं होता। उसका अपना एक भविष्य होता है और उस भविष्य की अपनी एक दैवीय योजना। चार साल के

- स्वामी मुक्तरथ

> छतीसगढ़ के राजनांदगांव में 14 फरवरी, 1960 को जन्मे स्वामी निरंजनानंद की जीवनदिशा उनके गुरु स्वामी सत्यांनद द्वारा निर्देशित रही। यहां उन्हें गुरु ने योगनिद्रा के माध्यम से योग और अध्यात्म का प्रशिक्षण दिया। कम उम्र में ही वे इतने योग्य हो चुके थे कि स्वामी सत्यानंद ने उन्हें दशनामी संन्यास परंपरा में दीक्षित करने के बाद अध्यात्म के उर्त्कष में लगा दिया।

स्वामी निरंजन इसी दैवीय योजना का हिस्सा होकर बिहार स्कूल ऑफ योगा पहुंचे थे।

1964 बिहार स्कूल ऑफ योगा और स्वामी निरंजन दोनों के लिहाज से बहुत महत्वपूर्ण साल है। इसी साल मुंगेर में बिहार योग विद्यालय की स्थापना हुई और इसी साल चार साल के निरंजन योग विद्यालय में प्रविष्ट हुए। छतीसगढ़ के राजनांदगांव में 14 फरवरी, 1960 को जन्मे स्वामी निरंजनानंद की जीवनदिशा उनके गुरु स्वामी सत्यांनद द्वारा निर्देशित रही। यहां उन्हें गुरु ने योगनिद्रा के माध्यम से योग और अध्यात्म का प्रशिक्षण दिया। कम उम्र में ही वे इतने योग्य हो चुके थे कि स्वामी सत्यानंद ने उन्हें दशनामी संन्यास परंपरा में दीक्षित करने के बाद काम पर लगा दिया। उन्हें विदेशों में योग केंद्रों की स्थापना करनी थी। जहां योग केंद्र स्थापित हो चुके थे, उनके संचालन को भी सुनिश्चित करना था। उन्हें न सिर्फ योग समझाना था, बल्कि दुनिया की विविध संस्कृतियों को समझना भी था। सांस्कृतिक एकता के यौगिक सूत्रों की खोज करनी थी. अमेरिका से लेकर ऑस्ट्रेलिया तक। वहां उन्होंने विशेष तौर पर ध्यान और प्राणायाम के क्षेत्र में अनुसंधान का काम अल्फा रिसर्च के लिए नोबेल पुरस्कार से सम्मानित डॉ जो कामिया के साथ काम किया।

सैन फ्रांसिस्को, कैलिफोर्निया के ग्लैडमैन मेमोरियल सेंटर के जापानी डॉ टॉड मिकुरिया ने उन पर ध्यान संबधी शोध किये। जिस समय स्वामी निरंजनानंद विदेश के लिए निकले, तो उस समय स्वामी सत्यानंद के योग आंदोलन के परिणामस्वरूप केवल फ्रांस में 77 हजार पंजीकृत योग शिक्षक थे। उस समय के लिए यह बहुत बड़ी संख्या थी। उन दिनों वे सिर्फ इन योग शिक्षकों को प्रशिक्षित करते थे, ताकि वे अपने स्कूलों मे लौट कर विद्यार्थियों को प्रशिक्षित कर सकें। बाद में यह आंदोलन 'रिसर्च ऑन योगा इन एड्यूकेशन के नाम से पूरी दुनिया में फैल गया।

यूरोप में इस आंदोलन का सूत्रपात पेरिस की स्वामी योगभक्ति, कनाडा में स्वामी अरुंधती ने आरंभ किया गया. इस आंदोलन का नाम योगा एजुकेशन इन स्कूल रखा गया। परिणामस्वरूप यह उत्तर तथा दक्षिण अमेरिका में काफी लोकप्रिय हुआ। इसके परिणामस्वरूप अनेक देशों की शिक्षा पद्धति में योग को शामिल किया गया। निरंजनानंद सरस्वती ने 1983 तक वह सब किया। 23 साल की उम्र तक जब तक कोई नौजवान काम करने के लिए घर से बाहर कदम रखता है, तब तक स्वामी निरंजन अपने हिस्से का एक बड़ा काम पूरा करके वापस लौट आये थे। अब उनके हिस्से आगे की जिम्मेदारियां आनेवाली थीं.

भारत लौटने के बाद उन्होंने बिहार योग विद्यालय को विश्वविद्यालय की प्रतिष्ठा तक ले गये, लेकिन साथ ही साथ वे समूचे विश्व में स्वामी सत्यानंद के बीजारोपण की माली की तरह रखवाली भी करते रहे। वर्ष 1993 के विश्वयोग सम्मेलन के बाद गंगा दर्शन में बाल योग मित्र मंडल की स्थापना की गयी. इसका आरंभ मुंगेर के सात छोटे बच्चों से किया गया और आज मुंगेर शहर में ही बाल योग मित्र मंडल 5000 से अधिक प्रशिक्षित बच्चे योग शिक्षक हैं। मुंगेर में यह संख्या 35 हजार और पूरे भारत में 1,50000 हैं। इन बच्चों ने तीन आसनों, दो प्रणायामों,शिथिलीकरण एंव धारणा के एक-एक अभ्यास का चयन किया।

दरअसल स्वामी सत्यानंद सरस्वती का स्पष्ट दृष्टिकोण था कि यदि हम बच्चों तक पहुंच पाते हैं और उनके जीवन की गुणवत्ता और प्रतिभा में सुधार ला पाते हैं, तो वे अपनी रचनात्मकता का अधिकतम उपयोग कर अपने भावी जीवन के तनावों और संघर्षों का सामना बेहतर ढंग से कर पायेंगे। तत्कालीन राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम दो बार मुंगेर बच्चों के कार्यक्रम में आये. उन्होंने मुंगेर को योगनगरी की संज्ञा दी।

(लेखक सत्यानंद योग मिशन से जुड़ें हैं।)

खास बात

दूषित मन

विनोद बंसल

बच्चों के विवाद में सर्वप्रथम राहुल गांधी कूदे जिसने उसको मुस्लिम व महिला अधिकारों से जोड़ने की कुचेष्टा की। उसके बाद मंगलवार को कर्नाटक के प्रदेश कोंग्रेस अध्यक्ष डी के शिवकुमार ने एक झूठे ट्वीट के द्वारा हिन्दूओं पर आरोप लगाया कि उन्होंने एक कॉलेज में तिरंगे को उतारकर भगवा लहरा दिया जो तिरंगे का अपमान है। जबकि, उसी दिन शिवमोगा के ही पुलिस अधीक्षक श्री बीएम लक्ष्मी प्रसाद ने साफ तौर पर कहा कि पोल पर तिरंगा था ही नहीं। इसमें तिरंगे का अपमान कहाँ से हुआ। वास्तव में तो कॉंग्रेस की चिढ़ भगवा और भगवा-धारियों से है। यह एक बार पुनः स्थापित हो गया। हिजाबियों की तरफ से न्यायालय में कॉन्ग्रेसी ही तो लड़ रहे हैं। वरिष्ठ कॉन्ग्रेसी नेता व राम द्रोही कपिल सिब्बल तो शुक्रवार को इस मामले को लेकर सर्वोच्च न्यायालय ही पहुँच गए जैसे कि वे तीन तलाक व बाबरी के लिए लड़े। इसके अतिरिक्त इस्लामिक जिहादियों व कथित सेकलक्यूलरिस्टों की टूल किट गैंग द्वारा भी पूरे देश में अराजकता का वातावरण निर्मित किया जा रहा है।

पहले तो बेटियों को घर से ही नहीं निकलने दिया जाता। दूसरा उन पर बुर्के को लाद दिया जाता है। अकेले घर से बाहर पाँव नहीं, मोबाइल नहीं, श्रृंगार नहीं, मनोरंजन नहीं, पर-पुरुष से बात नहीं, इत्यादि अनेक फतवे थोप दिए जाते हैं।अब सीबीएसई ने अपनी फाइनल परीक्षाओं की तिथि घोषित कर दी है। आगामी 26 अप्रेल से वे परीक्षाएं देश भर में होने वाली हैं। अब विद्यार्थियों को स्वयं को राजनीति या कट्टरपंथियों का मुहरा बनने की बजाय अपनी पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए।

गणवेश तो पहनना ही पड़ेगा इसी में सब की भलाई भी है। हम 21वीं सदी के नागरिक हैं जो अपनी आजादी की 75वीं वर्षगांठ मना रहे हैं। हमें किसी टूलकिट गैंग का हिस्सा नहीं अपितु अच्छे अंकों के साथ उत्तम परीक्षा परिणाम प्राप्त करने पर ध्यान केंद्रित करना है। संघर्ष हो तो पढ़ाई के लिए व नंबरों के लिए।

वास्तविकता तो यह है कि इस्लामिक कट्टरपंथियों को देश में एकता या एकरूपता पच नहीं रही।

रेडियो के आविष्कार ने सामाजिक जागरण में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। मनोरंजन के अतिरिक्त शिक्षा स्वास्थ्य कृषि पर्व परम्परायें संस्कृति संस्कार एवं विश्व के समग्र विकास में रेडियो के उल्लेखनीय योगदान के प्रति जागरूकता पैदा करने के उद्देश्य से मनाए जाने वाले विश्व रेडियो दिवस पर हार्दिक शुभकामनाएँ ।

– अवधेशानंद गिरी, जूना अखाड़ा

रोचक ट्वीट

कांग्रेस ने हर किसान को फसल पर स्वामीनाथन कमीशन के अनुसार टरढ की कानूनी गारंटी देने का फैसला लिया है।यह कदम 15 करोड़ किसान परिवारों की समृद्धि सुनिश्चित कर उनका जीवन बदल देगा। कांग्रेस की पहली गारंटी है।

–राहुल गांधी, सांसद

दुमका के में आयोजित अबुआ आवास योजना के कार्यक्रम में शामिल हुआ। दुमका, जामताड़ा एवं देवघर के लाभुकों को आवास निर्माण हेतु स्वीकृति पत्र तथा उनके बैंक खाते में डीबीटी के माध्यम से राशि प्रदान की गयी -**चंपई सोरेन**

कुम्भकर्ण का जागना

विचार-प्रवाह

स्वामी सत्यानंदजी परमहंस

जब रावण ने देखा कि राम जी की सेना मेरी सेना का लगातार संहार कर रही है मेरे सभी वीर मरते जा रहे हैं। उसके दिमाग में अब एक ही बात थी कि मेरा भाई कुम्भगर्ण जो इतना शक्तिशाली और बली है वह सोचा है और मैं उसे जगा दूं। अब एकमात्र वही उम्मीद की किरण लग रहा था। कुम्भकर्ण छह माह सोता था और छह माह जागता था। एक दिन जागकर वह इतना भोजन करता था कि वह खाते-खाते सोने लगता था और ब्रह्म जी से ऐसा वरदान मिला था कि जब मैं सोऊ तो छह माह के लिये सो जाऊ। अभी उसकी नींद पूरी नहीं हुअ थी और रावण उसे जगाने का उपक्रम करने लगा। कानों के पास तरह-तरह का बाजा बजाने लगा। उसके शरीर को हिलाया डुलाया। जब वह किसी प्रकार नहीं जग रहा था तो उसमें हाथियों से चिग्घाड़ कराया गया तब उसकी थोड़ी नींद खुली तब उसके नाक के पास विभिन्न प्रकार के व्यंजन परोसे गये। जिसके सुंगध से उसकी नींद टूट गयी। कुम्भकर्ण जग गया और सामने रावण को देखते बोला- भाई आपने मुझे असमय क्यों जगाया? क्या कारण है। रावण ने कहा- लंका का नाश हो रहा है। लंका पर श्रीराम चढ़ाई कर दिये हैं। कारण यह था कि गोदावरी किनारे वे शिविर बनाये हुए थे। बहन शूर्पणखा टोह लेने गयी थी। उनलोगों ने उनका नाक-कान काट दिया था। फिर मैंने उनकी पत्नी सीता का हरण कर लिया। उसके बाद वे सुग्रीव की सेना लेकर लंका पर चढ़ गये।

(ब्रह्म विद्यालय सह आश्रम)

कॉर्टून वर्ल्ड

पर्यावरण की चिंता किसे?

क्या आपका पहला वेलेंटाइन डे है? क्या करें, क्या न करें

सुधांशु कुमार

समाज

पहला वेलेंटाइन डे हमेशा याद रहता है और जीवन की दिशा भी तय करता है। इस दिन लड़का और लड़की दोनों की धड़कनें तेज हो जाती हैं, लड़का जहां कैसे कहूं की उलझन से जूझता रहता है लड़की रिश्ते की नईदुनिया में प्रवेश करने से पहले हिचक भी रही है साथ ही कदम भी पीछे नहीं हटाना चाहती। कमिट करने से पहले ठंडे दिमाग से जरूर सोचें फिर आगे बढ़ें। यहां पढ़िए कि इस दिन आपको क्या नहीं करना है।

आई लव यू कहे लेकिन देर से

इसमें शक नहीं कि जो बात आपने अपने स्वीटहार्ट को वेलेंटाइटाइन डे पर कहने के लिए सुरक्षित रखी थी, उसे कहने के लिए आप उतावली हो रही हैं लेकिन पहली बार में ही आई लव यू कह कर कमिट करना समझदारी नहीं है। यह दिन आपको एक दूसरे की भावनाओं को स्वीकार करने और उसे सेलिब्रेट करने का अवसर देता है। सच यह है कि इतनी बड़ी बात तब कहें जब यह दिल की गहराईयों से अपने आप निकल कर आए। आपका पार्टनर भी आपको प्यार करता है या नहीं यह सुनिश्चित करने के बाद ही कहें। यकीन जानिए कि आप प्यार में कितनी ही अंधी क्यों न हो जाएं लेकिन आपके अंदर जो छठी इंद्रीय है वह आपको सावधान करती रहेगी कि प्यार सच्चा है या झूठा।

प्यार की अभिव्यक्ति के लिए सुरक्षित इस दिन किया गया कमिटमेंट ज्यादा ड्रामाई होकर मुंह के बल औंधा गिर भी सकता है। इसलिए इस अभिव्यक्ति को सही लम्हे के सामने आने तक इंतजार करें।

मुझे तुमसे बात करना है

हमने ऐसे हजारों किस्से सुनें है जब दो प्रेमी आपस में भविष्य की 'बात' करने बैठते हैं तो बात बहस में तब्दील हो जाती है और कई बार हमेशा के लिए ब्रेकअप भी हो जाता है। किसी गलत समय पर उठाई गई महत्वपूर्ण बात खोखली नजर आती है। इसलिए अपनी रिलेशनशिप का भविष्य तय करने जितनी गंभीर बात किसी और दिन पर टाल दें। वेलेंटाइन डे इसके लिए उचित दिन नहीं है।

मैं वैलेंटाइन डे की परवाह नहीं करता या करती हम सभी यह जानते हैं कि वेलेंटाइन डे का सबसे बड़ा फायदा गिफ्ट आइटम या कार्ड बेचने वालों को होता है, हम यह भी जानते हैं कि प्यार जैसी पवित्र भावना की अभिव्यक्ति साल भर में किसी खास दिन की मोहताज नहीं है। इसका सेलिब्रेशन सारे साल किसी भी दिन मनाया जा सकता है।

इसके बावजूद वेलेंटाइन डे का अपना महत्व है इसलिए कभी पार्टनर को इस खास दिन पर यह नहीं कहें कि मैं वैलेंटाइन डे की परवाह नहीं करता। यह दिन अपनी रिलेशनशिप की परीक्षा लेने का नहीं है।

मेरा तो मूड ऑफ हो गया

इस दिन आपकी आपेक्षाएं बहुत अधिक होती हैं, पहले से प्लान भी बनाए होते हैं। इनमें जरा सी भी गड़बड़ हो तो मूड ऑफ होना स्वाभाविक है लेकिन यहीं आपके धीरज की परीक्षा होती है। जिस रेस्तराँ में आपने वेलेंटाइन डे मनाने का रिजर्वेशन कराया है वह किसी कारण रद्द भी हो सकता है। आपके मन माफिक डिश नहीं हुई या सर्विस लेट हुई तो आप अपने आपको पार्टनर के साथ में अपमानित महसूस करने लगते हैं।

याद रखिए कि यह दिन भी दूसरे दिनों की तरह एक सामान्य दिन है। वेटर या रेस्तराँ मैनेजर से झगड़ा करते समय आपका रौद्ररूप देखकर पार्टनर आपसे हमेशा के लिए विमुख भी हो सकती है। यह एक खास दिन है लेकिन किसी की गलती को बहुत दिल पर न लें।

पूरी शाम कुढ़ते हुए या गालियां बकते हुए खराब न करें। याद रखिए कि प्लान ' ए' फेल हो जाते दो प्लान 'बी' पर जाने के लिए हमेशा गुंजाइश रहती है।

लेटर टू एडिटर

सत्ता मोह का रोग

चुनावी मौसम में राजनीति में दल बदल एक असाधारण स्थिति बनती जा रही है। सत्तर के दशक से शुरू हुआ यह रोग आज राजनीतिक नासूर बन गया है। कब, कौन, कहां पलटी मारेगा- कहना बड़ा मुश्किल है। कौन किसको कोसेगा, हमाम में सारे नंगे हैं। सवाल उठता है कि यह खेल कब तक चलेगा? क्या यह राजनीति की नियति बन गई है?

–हर्ष वर्द्धन, हजारीबाग

दल बदलूओं को ...

पार्टी की डूबती नैया, अकर्मण्यता के कारण कटता टिकट या विपक्षी होते हुए सत्ता दूर की कौड़ी लगने पर राजनीति के मौसम वैज्ञानिक विचारधारा से भटकाव, अकुशल नेतृत्व, पार्टी में दम घुटने, जनता की आवाज नहीं उठा पाने जैसे कुतर्क देकर पाला बदलते हैं। लोकतंत्र के हित में दलबदलुओं को सबक सिखाने का सही तरीका है कि हम इन्हें वोट न दें।

– प्रभाकर सिंह, रांची

कतर से भारतीय नौ सैनिकों रिहाई, भारतीय कूटनीति रंग लाई

आर.के. सिन्हा

सामयिक

कतर की जेल में बंद भारतीय नौसैनिकों की 18 महीने बाद जेल से रिहा हो गये। इसे पीएम मोदी का प्रभाव माना जा रहा है।

केन्द्र में मोदी सरकार के 2014 में गठन के बाद से भारत के अरब देशों के साथ संबंध लगातार सुधर रहे हैं। उसी के सार्थक परिणाम को भारतीय नौसैनिकों की रिहाई और घरवापसी के रूप में देखा जाना चाहिए। अब अबू धाबी में सनातन संस्कृति का भव्य मंदिर भी दुनिया देखेगी। 'अगर मोदी जी नहीं होते तो हम हिंदुस्तान की सरजमीं पर आज नहीं खड़े हो पाते'। अपनी रिहाई से खुश एक नौसैनिक ने भारत आने पर भारत मां की जय बोलते हुए कहा कि यदि नरेन्द्र मोदी ने खुद हस्तक्षेप नहीं किया होता तो आज हमारी रिहाई संभव नहीं थी। यह बड़ी उपलब्धि भारत के शक्तिशाली नेतृत्व का प्रभाव प्रमाण है। यह कूटनीतिक जीत 140 करोड़ देशवासियों की जीत है।

आज प्रधानमंत्री मोदी की सफल विदेश नीति का डंका पूरे विश्व में बज रहा है। देश किस तेजी से बदल रहा है, यह जानने को लिए जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) की पूर्व छात्र नेता शेहला रशीद के उस बयान को देखना होगा। वो एक दौर में देश विरोधी शक्तियों के साथ जुड़ी हुई थीं। उन्होंने भी नौसैनिकों की रिहाई के बाद सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, ह्वमौत की सजा से घर वापसी तकः यह भारत के लिए एक बड़ी कूटनीतिक जीत है और इस तथ्य का प्रमाण है कि हमारी विदेश नीति प्रधानमंत्री के नेतृत्व में सक्षम हाथों में है। प्रधानमंत्री मोदी और विदेशमंत्री डॉ. जयशंकर ने फिर असंभव को संभव कर दिखाया है। शांत रहें और विश्वास रखें। कतर से लौटे पूर्व नौसैनिकों के परिवार को बधाई ह्व तो आप समझ गए होंगे कि किस तरह से देश बदल रहा है। दरअसल, कतर के दोहा के अल दहरा ग्लोबल टेक्नोलॉजीज के साथ काम करने वाले भारतीय नौसेना के इन पूर्व जवानों को पिछले साल 28 दिसंबर को कतर की अपील अदालत ने राहत दी थी। अदालत ने तब अक्टूबर 2023 में इन्हें दी मौत की सजा को कम करते हुए 3 साल से लेकर 25 साल तक की अलग-अलग अवधि के लिए जेल की सजा सुनाई थी। कतर की जेल में बंद भारतीयों की रिहाई से साफ है कि अब जहां पर भी भारतवंशी या भारतीय संकट में होते हैं तो भारत सरकार हाथ पर हाथ धर कर नहीं बैठती। रूस-यूक्रेन जंग के कारण हजारों भारतीय मेडिकल स्टुडेंट यूक्रेन में फंस गए थे। उन्हें भारत सरकार सुरक्षित स्वेदश लेकर आई। भारत के हजारों विद्यार्थी यूक्रेन में थे। वे वहां पर मेडिकल,डेंटल, नर्सिंग और दूसरे पेशेवर कोर्स कर रहे थे। ये रूस-यूक्रेन जंग को देखते हुए वहां से निकल कर स्वदेश आना चाहते थे। पहले तो किसी को समझ ही नहीं आ रहा था कि इतनी अधिक संख्या में यूक्रेन की राजधानी कीव और दूसरे शहरों में पढ़ रहे भारतीय नौजवानों को स्वदेश कैसा लाया जाएगा। पर इच्छा शक्ति हो तो सब कुछ संभव है।

पिछले साल अफ्रीकी देश सूडान में सेना और अर्धसैनिक बल के बीच चल रहे भीषण गृहयुद्ध के चलते वहां हालात बद से बदतर हो गए थे। ऐसे में वहां फंसे हजारों भारतीयों को सुरक्षित स्वदेश लाने को लेकर सारा देश चिंतित था। प्रधानमंत्री मोदी ने सूडान में फंसे भारतीयों को जल्द से जल्द निकासी के लिए विदेश मंत्रालय के अधिकारियों को निर्देश दिए। मतलब सरकार एक्शन मोड में आ गई। कुछ ही हफ्तों में वहां से सारे के सारे भारतीय सुरक्षित वापस स्वदेश आ गए।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95705-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

स्पीड न्यूज

झारखंड एथलेटिक्स एसोसिएशन के अध्यक्ष चंद्रदेव सिंह बने, बधाई

रजरप्पा। झारखंड एथलेटिक्स एसोसिएशन के नवनिर्वाचित अध्यक्ष चंद्रदेव सिंह को बनाए जाने पर खेलप्रेमियों एवं शारीरिक शिक्षकों ने बधाई दी। श्री सिंह के अध्यक्ष बनाए जाने पर खेल जगत में बड़े बदलाव एवं प्रतिभागियों को सरकार की ओर से प्राप्त सुविधाओं की उपलब्धता एवं प्रशिक्षण निरंतर प्राप्त हो इस स्तर पर निर्वाचित अध्यक्ष के द्वारा निरंतर कार्य होता रहा है। आने वाले दिनों में भी खेल जगत में भाग लेने वाले खिलाड़ियों एवं शिक्षकों को उनका आशीर्वाद एवं सहयोग प्राप्त रहेगा. बधाई देने वाले में प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी मो. इंशाल्लाह, सोनू करमाली, रोशन करमाली, विनोद कुमार, मदन कुमार, जितेंद्र कुमार, प्रियंका कुमारी, सतीश कुमार, रिसोर्स शिक्षक पावेल कुमार, सीआरपी सहित कई शामिल है।

मानवाधिकार के महासचिव मनोज राम और उपाध्यक्ष बने अमित कुमार

भुरकुंडा (रामगढ़)। रांची के बूटी रोड़ स्थित गोविंदम हॉल में अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार एवं अपराध नियंत्रण संगठन की बैठक हुई। संगठन के चैयरमेन और ब्रांड एंबेसडर मोहित नवानी, राष्ट्रीय महासचिव राज कुमार राज, राष्ट्रीय संयोजक अजय मिश्रा, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष दिपक तिवारी उपस्थिति थे। अध्यक्ष रंजीत राम ने लादी-चिकोरी निवासी मनोज राम को अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार एवं अपराध नियंत्रण संगठन का झारखंड प्रदेश महासचिव मनोनित किया। वहीं भुरकुंडा जवाहर नगर हनुमान गढ़ी निवासी अमित कुमार को झारखण्ड प्रदेश उपाध्यक्ष के पद पर मनोनीत किया। दोनों के मनोनयन पर संगठन के चैयरमेन और ब्रांड एंबेसडर मोहित नवानी ने संगठन का आईडी कार्ड और मनोनयन पत्र देकर सम्मानित किया। मनोज राम और प्रदेश उपाध्यक्ष अमित कुमार ने कहा कि जिस उम्मीद व विश्वास के साथ हमें यह दायित्व सौंपा गया उसका ईमानदारीपूर्वक निर्वहन करना हमारी पहली प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि गरीब-असहाय और जरुरतमंदों की मदद के लिए हर सार्थक कदम उठाते रहेंगे। साथ ही मानवाधिकार की रक्षा और अपराध नियंत्रण पर अंकुश हेतु सम्बंधित विभाग से सम्पर्क कर समस्याओं का निदान कराते रहेंगे। दोनों के मनोनयन पर कुलदीप सोनी, राज सिन्हा, प्रभात सिन्हा, अमीत कुमार, अनिल नायक, सुरेन्द्र पाण्डेय, सुधीर मोदी, सोनु कुमार, शम्भु कुमार, राज कुमार रवानी, दिलीप कुमार, शंकर कालिंदी, गुड्डू कुमार, बबलू राम सहित अन्य लोगों ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी है।

मोतियाबिंद के मरीज हजारीबाग रवाना

भुरकुंडा (रामगढ़)। राष्ट्रीय कनौजिया सोनार महापरिवार के तत्वावधान में पिछले दिनों भुरकुंडा बाजार स्थित खोपड़िया बाबा धर्मशाला में नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर लगाया गया था। शिविर में चिन्हित मोतियाबिंद के मरीजों को ऑपरेशन के लिये सोमवार को हजारीबाग भेजा गया। सदस्यों ने बताया कि संस्था की ओर से मोतियाबिंद के मरीजों के रहने-खाने और आने-जाने की पूरी व्यवस्था नि:शुल्क किया गया है। प्रदेश महासचिव संजीव कुमार वर्मा ने बताया कि निस्वार्थ भाव से जन सेवा का कार्य करते हुए इस प्रकार का सामाजिक कार्य संस्था प्रतिवर्ष करेगी। पतरातु प्रखंड अध्यक्ष सुधीर कुमार वर्मा ने कहा कि नर सेवा नारायण सेवा की सेवा भाव से सामाजिक कार्य हमारी संस्था करती रही है, जो आगे भी जारी रहेगा। मौके पर प्रखंड संरक्षक श्याम सुंदर स्वर्णकार, जिला उपाध्यक्ष विष्णु प्रसाद सोनी, अजय सोनी, नरेश सोनी, प्रेम वर्मा, बसंत सोनी, रोहित सोनी, आशीष कुमार वर्मा, संजीव कुमार वर्मा प्रभु बेदिया, धनवंती देवी, बिल्लू देवी, मुन्नी देवी, कांति देवी, बसंती देवी, मानती देवी, अनूप नायक, कलवा देवी, भुवनेश्वरी देवी, गंगिया देवी, पियासो देवी, कमरुद्दीन निशा, मंगल साहू, गंगा देवी, शिवचरण करमाली, बसंत सोनी, रामप्रसाद गंझू, गिरजा राजवंशी, रामसेवक, देवलाल मेहता, करतार सिंह सहित अन्य लोग मौजूद थे।

कुजू में करमा परियोजना का सेफ्टी बोर्ड सदस्यों ने किया औचक निरीक्षण

कुजू। सीसीएल सेफ्टी बोर्ड मेंबर सह केंद्रीय सचिव जनता मजदूर संघ के सदस्यों ने सीसीएल करमा परियोजना के खुले खदान के सभी विभागों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कई खामियां पायी गयी। इसके बाद सदस्यों ने अधिकारियों को खामियों को जल्द सुधार करने का निर्देश दिया। मौके पर क्षेत्रीय सचिव जगदीश महतो, उमेश प्रसाद साव, नंदकिशोर प्रसाद, राजकुमार महतो व अन्य शामिल थे।

अबुआ आवास में अनियमितता को ले ग्रामीणों ने बीडीओ को दिया आवेदन

कुजू। मांडू बीडीओ संजय कोंगाड़ी को करमा दक्षिणी पंचायत के ग्रामीणों ने अबुआ आवास में बरते जा रहे अनियमितता को लेकर एक आवेदन दिया है। जिसमें ग्रामीणों ने अबुआ आवास निर्माण कार्य में अनियमितता बरते जाने का आरोप लगाते हुए कहा कि आवास निर्माण को लेकर आठ लाभुकों का जो पात्रता अंक चार बिठाया गया है। उसमें सभी आठ लाभुक एक हीं गोतिया के क्रमश: तिलासो देवी, पूनम कुमारी, सुनीता देवी, पानो देवी, चिनियाँ देवी, गुलाचो देवी, कीटिया देवी, फूल कुमारी आदि शामिल है। जबकि पूरे पंचायत में कुल 478 लाभुक हैं। जिनमें से कई लाभुक गरीब, असहाय होने के साथ आवास लेने की पात्रता रखतें हैं। ग्रामीण समेत मुखिया ने असंतोष जाहिर करते हुए कार्रवाई की मांग की है।

हथियार के साथ तीन अपराधी गिरफ्तार

बासल में अपराध की बना रहे थे योजना, धुर्वा के शिवम और मोनू को बासल पुलिस ने दबोचा

खबर मन्त्र संवाददाता

▸▸ एक पिस्टल, दो देसी कट्टा और आठ एमएम की जिंदा गोली बरामद

पतरातू (रामगढ़)। बासल थाना क्षेत्र में अपराध की योजना बनाते तीन अपराधियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अपराधियों के पास से हथियार भी बरामद किया। पुलिस ने पूछताछ के बाद अपराधियों को जेल भेज दिया । पतरातू एसडीपीओ वीरेंद्र कुमार राम ने मंगलवार को प्रेस कांफ्रेंस में बताया कि रामगढ़ एसपी पीयूष पांडेय को गुप्त सूचना मिली थी कि बासल थाना क्षेत्र के मुरकट्टी डैम के निकट अपराधी किसी अपराधिक घटना को अंजाम देने के नियत से जुटे हुए हैं। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए टीम का गठन कर छापेमारी अभियान चलाया गया। इस दौरान पुलिस ने तीन अपराधियों को अवैध हथियारों के साथ गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अपराधियों में पहला रियांश सिंह उर्फ स्वतंत्र उर्फ आरडीएक्स पिता मनोज सिंह साकीन नया गांव थाना मीरगंज जिला गोपालगंज बिहार, वर्तमान पता टंकी साइड थाना धुर्वा जिला रांची, दूसरा शिवम राज, पिता रंजीत कुमार साकीन टंकी साइड थाना धुर्वा जिला रांची और तीसरा अनिकेत कुमार उर्फ मोनू, पिता धर्मदेव साव साकीन जगन्नाथपुर थाना धुर्वा जिला रांची शामिल हैं। एसडीपीओ ने बताया कि तीनों की तलाशी में एक पिस्टल, दो देशी कट्टा और एक आठ एमएम की जिंदा गोली भी बरामद हुई है। उन्होंने बताया की एक अभियुक्त पिछले 6 अगस्त 2023 को बासल थाना क्षेत्र के माही रेस्टोरेंट के मालिक रौशन साहू के हत्याकांड में शामिल था। उसने अपने स्वीकारोक्ति बयान में अपनी संलिप्तता स्वीकार किया है। अभियुक्त की निशानदेही पर हत्याकांड में उपयोग की गई बाइक का नंबर प्लेट भी जब्त भी किया गया है। छापेमारी दल में एसडीपीओ वीरेंद्र कुमार राम, पतरातू इंस्पेक्टर योगेंद्र सिंह, थाना प्रभारी राजदीप कुमार, बासल थाना प्रभारी सुरेंद्र सिंह कुंटिया, मयंक प्रसाद, एसआई सोनू कुमार, मंटू चौधरी सहित सशस्त्र शामिल थे।

सदर विधायक ने गांधी मैदान में सड़क का किया शिलान्यास

गांधी मैदान शहर का हृदयस्थली सड़क सुदृढ़ीकरण जरूरी : मनीष

खबर मन्त्र संवाददाता

हजारीबाग। सदर विधायक मनीष जायसवाल ने मटवारी गांधी मैदान में 52 लाख के सड़क निर्माण का शिलान्यास मंगलवार को किया। यहां एनएच- 100 से मटवारी गांधी मैदान के चारों ओर करीब 01 किमी लंबाई के राइडिंग क्वॉलिटी में सुधार कार्य का विधिवत शिलान्यास किया गया। शिलान्यास के पश्चात विधायक मनीष जायसवाल ने गांधी मैदान के नगरपालिका मार्केट में स्थानीय भाजपा कार्यकताओं और शुभचिंतकों संग चाय पर चर्चा भी किया। मौके पर विधायक मनीष जायसवाल ने बताया की गांधी मैदान शहर का हृदयास्थली है और यहां हमेशा लोगों की चहल कदमी रहती है ऐसे में गांधी मैदान के चहुंओर सुदृढ़ और मजबूत सड़क का होना बेहद जरूरी है जिससे लोगों को अब सड़क निर्माण से बड़ी राहत मिलेगी । मौके पर स्थानीय भाजपा नगर पूर्वी मंडल अध्यक्ष पंकज गुप्ता, वार्ड पार्षद प्रतिनिधि विजय चौधरी, समाजसेवी रिंकू वर्मा, असीम चक्रवर्ती, शिवकुमार प्रजापति, संजय शरण, पंकज सिंह, अजय प्रजापति, अरूण प्रजापति, मो अजीम, सुम कुमार, रूही खान, पार्वती धामी, सुशील कुमार, शिवा धामी, सदर विधायक मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहें।

विधायक का विकास कार्य काबिलेतारीफ : विजय चौधरी

इस मौके पर वार्ड पार्षद प्रतिनिधि विजय चौधरी ने कहा कि जिस तरह का विकास कार्य सदर विधायक ने क्षेत्र में किया है वह किसी भी जनप्रतिनिधि के लिए एक मिसाल है। मटवारी गांधी मैदान में 52 लाख के सड़क निर्माण का शिलान्यास से इस मैदान का कायाकल्प हो जाएगा। यहां शाम में असमाजिक तत्वों का जमावड़ा लगा रहता था। गंदगी पसरी रहती थी लेकिन यहां सफाई और भविष्य में हाई मास्क लग जाने से लोगों का आना जाना शुरू हो जाएगा। यहां लोग मॉर्निंग वाक व इवनिंग वाक के लिए आते हैं। कई चुनाव की रैलियां यहां आयोजित की जाती है। यह शहर की हृदयास्थली है। इसके कायाकल्प को लेकर जो भी विधायक कर रहें हैं, हम उनके शुक्रगुजार हैं।

बाउरी का जायसवाल ने किया स्वागत

हजारीबाग। भाजपा विधायक दल के नेता विधायक अमर कुमार बाउरी मंगलवार को चतरा से रांची जाने के क्रम में हजारीबाग परिषद और सभागार पहुंचे जहां विधायक मनीष जायसवाल ने स्वागत किया। जायसवाल ने उनके साथ झारखंड के मौजूदा राजनीतिक हालात और संगठन को लेकर लंबी चर्चा की। भाजपा विधायक दल के नेता अमर कुमार बाउरी ने यहां बड़ी संख्या में पहुंचे भाजपा नेताओं और कार्यकताओं से भी बड़े ही सहजता से मुलाकात की। मौके पर अमर कुमार बाउरी ने झारखंड की मौजूदा राजनीतिक हालात पर कहा की चंपई सोरेन सरकार जो अबतक अपना मंत्रिमंडल का गठन नहीं कर पाई उससे राज्य के विकास की परिकल्पना करना बेकार है । मौके पर भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश मंत्री विशाल वाल्मिकी, भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष महेंद्र राम बिहारी, कमांडो सिक्योरिटी सर्विस के संचालक टुनटुन सिंह, टोनी जैन, अमित कुमार सिंह, आनन्द साहा, सुमन राय, राजकरण पांडेय, सदर विधायक मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी सहित अन्य मौजूद थे।

स्टीफन स्कूल में शराबियों का उत्पात

नशे में सरकारी संपत्ति को पहुंचाया नुकसान, तोड़ी बेंच उपद्रव करने वालों के खिलाफ होगी कड़ी कार्रवाई: डीएसपी

खबर मन्त्र संवाददाता

दारू। थाना क्षेत्र अंतर्गत सोमवार रात्रि को झुमरा स्थित स्टीफन पब्लिक स्कूल में कुछ अज्ञात असामाजिक तत्व के लोग विद्यालय के कमरे में शराब पीकर दर्जनों शराब की बोतलों को तोड़ दिया। इस बारे मे विद्यालय के प्राचार्य कृष्ण कुमार ने बताया कि पिछले एक महीने से स्कूल के अगल-बगल प्रतिदिन नशाखोरों का अड्डा रहता है।

शराब की टूटी बोतले जहां-तहां देखने को मिलता है। सोमवार की रात्रि कुछ अज्ञात असामाजिक तत्वों के लोग 8 फीट की बाउंड्री के ऊपर से घुस कर उनके विद्यालय प्रांगन में घुसे और शराब पिकर जहां तहां शराब की बोतलो का तोड़फोड़ दिया। इसके बाद शरबियो ने पानी का नल एवं कई टेबल कुर्सियां तोड़ा। इस तरह की घटना विद्यालय में दूसरी बार घटी है। इससे पहले विद्यालय प्रांगण में लगी सीसीटीवी कैमरा चोरी हुआ था। पिछले दो महीना से सीसीटीवी कैमरा खराब है। इसी बीच इस घटना का अंजाम दिया गया है। इन लोगो ने तीन सीसीटीवी कैमरा भी उखाड़ लिया। घटना को लेकर दारू थाना में आवेदन दिया गया है। इस मामले पर प्रशिक्षु डीएसपी ने कहा कि थाना क्षेत्र मे आये दिन इस तरह की घटनाएं घट रही है। स्टीफन विद्यालय झुमरा में हुई घटना शर्मनाक है। इस मामले मे लिप्त शराबियों को चिन्हित किया जा रहा है। जल्द ही दोषियों को चिन्हित कर कार्रवाई की जाएगी।

स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान

रामगढ़। 30 जनवरी से 13 फरवरी तक चलने वाले स्पर्श कुष्ठ जागरूकता कार्यक्रम के तहत मंगलवार को हाई स्कूल सोसोकला में जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी डॉ तूलिका रानी की अध्यक्षता में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के बच्चों के बीच कुष्ठ रोग से संबंधित विभिन्न प्रकार के क्विज प्रतियोगिता कराई गई एवं प्रतियोगिता में सफल विद्यार्थियों के बीच पुरस्कार का वितरण किया गया। साथ ही रास्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत बच्चों एवं शिक्षक को मानसिक रोग के बारे में महत्वपूर्ण जानकारियां जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी के द्वारा दिया गया। मौके पर काय चिकित्सक सावन कुमार ठाकुर, जिला कार्यक्रम सहायक आमोद कुमार, पीएमडब्लू-एनएलईपी सुश्री मनीषा पहान, सीएचओ श्वेता लकड़ा सहित अन्य उपस्थित थे।

अनमोल बचपन प्ले स्कूल में महिलाएं सम्मानित

खबर मन्त्र संवाददाता

▸▸ देश के विकास में महिलाओं का अतुलनीय योगदान : अवधेश

भुरकुंडा (रामगढ़)। भुरकुंडा पटेलनगर स्थित एसएससी कोचिंग व अनमोल बचपन प्ले स्कूल में मंगलवार को पूरे धूमधाम से राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। इस अवसर पर बच्चों के लिए पेंटिंग प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। इसमें प्ले स्कूल के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने आकर्षक पेंटिंग बनाकर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। कार्यक्रम के तहत सर्वप्रथम निधि सिंह द्वारा अनमोल बचपन प्ले स्कूल की शिक्षिका नमिता मिश्रा, जयश्री गोस्वामी, मानसी कुमारी, सुशीला एंथोनी को फूल और टॉफी देकर सम्मानित किया गया। मौके पर शिक्षिका नमिता मिश्रा ने शिक्षा पर जोर देते हुए कहा कि हम सभी महिलाओं को अपने हक-अधिकार व बेहतर समाज के निर्माण के लिए कदम से कदम मिलाकर चलना होगा। मानसी कुमारी ने कहा कि हमसभी को मर्यादा में रहकर देशहित में कार्य करने की आवश्यकता है, जिससे हमारा देश का नाम और रौशन हो सके। उर्मिला कुमारी ने कहा कि महिलाओं को पुरुषों की तरह ही हर क्षेत्र खेल-कूद, पढ़ाई-लिखाई एवं रोजगार के क्षेत्र में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए।

जयश्री गोस्वामी ने कहा कि अपने परिवार एवं समाज के प्रति सकारात्मक सोच के साथ हमसबों को अपने कर्तव्यों का पालन करना चाहिए। तभी स्वच्छ व बेहतर समाज की परिकल्पना की जा सकती है। संस्था के निदेशक अवधेश कुमार सिंह ने कहा कि नारी शक्ति वह शक्ति है जो अपने साहस, परिश्रम और दूरदर्शिता से असंभव को संभव कर दिखाती है। उन्होंने कहा की महिलाएं आगे बढ़ेंगी तभी भारत देश का सूंपर्ण विकास संभव है।

निदेशक श्री सिंह ने कहा कि आज किसी भी क्षेत्र में महिलाएं, पुरूषों से कम नहीं हैं। देश के विकास में महिलाओं का योगदान अतुलनीय है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर हर माता-पिता को अपने-अपने बेटियों को नियमित रूप से स्कूल भेजने का संकल्प लेना चाहिए। बेटियों को अपनी पसंद का कैरियर बनाने के लिए भी अभिभावकों को प्रोत्साहित करना चाहिए।

एक नजर में

मनरेगा में भ्रष्टाचार पर बाबूलाल ने लिया संज्ञान, मुख्यमंत्री से की जांच की मांग

इचाक। प्रखंड में हो रहे मनरेगा में भ्रष्टाचार एवं अबुआ आवास में गड़बड़ी को लेकर विभिन्न अखबारों में छपी खबर पर पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने संज्ञान लिया है। इन खबरों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, बीजेपी का राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, गृह मंत्री अमित शाह भारत के जनरल सेक्रेटरी बी. संतोष और बीजेपी झारखंड को ट्वीटर पर टैग करते हुए उन्होने कहा कि झारखंड में सरकार बदल तो गई लेकिन भ्रष्ट संस्कार नहीं बदले। पूर्व के हेमंत सरकार की तरह ही मुख्यमंत्री चंपई सोरेन की सरकार में भी बिचौलिया हावी हैं। मनरेगा समेत अबुवा आवास दिलाने के नाम पर अवैध वसूली की जा रही है। जिससे आम जनमानस काफी परेशान है। इस पर संज्ञान लेते हुए उचित कार्रवाई करने के कृपा करें। बताते चलें कि इचाक प्रखंड मनरेगा योजना में भारी अनिमियतता कि शिकायत हर दिन आ रही है। इचाक के जनप्रतिनिधि भी इस भ्रष्टाचार को लेकर बेहद परेशान हैं। प्रतिनिधियों का कहना है कि बिना पैसा दिए फाइल एक टेबल से दूसरी टेबल तक नहीं पहुंचता। इस पर नकेल कसना अति आवश्यक है।

पीएचडी कर्मियों ने झांसा देकर मेरे बेटे से कराया फर्जी एग्रीमेंट, मैं अभी जिंदा हूं : ग्रामीण

टाटीझरिया । प्रखंड के झरपो पंचायत के झरपो गांव शांति मार्ग स्थित राजगढ़ भुइंया टोला में अवैध और फर्जी तरीके से झारखंड सरकार तथा पेयजल स्वच्छता प्रमंडल हजारीबाग के नाम पर पीएचडी विभाग के संवेदक व कर्मियों पर झांसा देकर एग्रीमेंट करवाने का मामला प्रकाश में आया है। इस मामले को लेकर झरपो निवासी रामलखन पांडेय पिता स्व. नजीर पांडेय ने 12 फरवरी को हजारीबाग डीसी नैंसी सहाय,पेय जल एवं स्वच्छता प्रमंडल हजारीबाग पुलिस अधीक्षक हजारीबाग को लिखित आवेदन देकर अपने निजी जमीन में पानी टंकी नही बैठाने की मांग की है। दिए गए आवेदन में कहा कि मैं गरीब परिवार से हूं। मात्र खाता संख्या 276 के प्लॉट संख्या 683 में मात्र 22 डिसमिल जमीन है। मैं विभाग सहित झारखंड सरकार को भूमिदान नही दे सकता हूं। मेरे तीन पुत्र हैं। मैंने अभी तक इन तीनों के बीच जमीन का बंटवारा नहीं किया है। मैं घर का गार्जियन हूं। मेरे बिना अनुमति के हर घर नल जल योजना के स्कीम के तहत पानी टंकी व सोलर प्लेट मेरे जमीन में बैठाने का कार्य किया जा रहा है। पीएचडी विभाग के कर्मियों द्वारा हमारे बेटे को बहला फुसलाकर बोरिंग करने और 5 साल बाद सोलर प्लेट सहित लाखों की संपत्ति सदैव के लिए पैतृक सम्पत्ति हों जाने की झांसा देकर फर्जी एग्रीमेंट करवाया गया। मैं स्वयं जीवित हूं। यदि रैय्यत जीवित हो तो पुत्र के एग्रीमेंट पर मान्य नहीं होनी चाहिए। इसलिए टंकी व प्लेट अन्यत्र लगवाने की कृपा करें।

लौकुरा मोहडरवा पिकनिक स्पॉट पहुंचे मित्र

बड़कागांव। प्रसिद्ध लौकुरा मोहडरवा पिकनिक स्पॉट में 1996 मैट्रिक बैच के विद्यार्थी गण एक साथ आए और यादों को ताजा किया। इस दौरान लोगों का आपसी मिलन अकल्पनीय जैसा महसूस हो रहा था। जबकि 28 वर्षों के बाद एक दूसरे को लोग लगभग भूल ही जाते हैं। परंतु लोगों ने अपने मित्रों को नहीं भूला। इस दौरान 28 वर्षों में कई मित्र कई बड़े पदाधिकारी, डॉक्टर, इंजीनियर ,शिक्षक, नेता, बिजनेसमैन बन गए तो वहीं कई वैसे मित्र जो पिछड़े ही रह गए। परंतु इस दौरान सभी का नजरिया एक समान रहा और एक दूसरे से गले मिलकर खुशियां बांटी। वैसे मित्र जो करियर में पिछड़ रह है उन्हें आगे बढ़ाने के लिए आर्थिक सहयोग करने का निर्णय भी लिया गया। मौके पर संजय सिंह, राजेश सिंह,मनोज मंजीत,वीरेंद्र कुमार,रामधर कुमार, संजीव कुमार,कामेश्वर सिंह, पवन कुमार,अनुज कुमार गोप, दीपक कुमार, अभिषेक वर्मा, सूचित पाण्डेय,रोहित कुमार, यशवंत कुमार सिंह ,प्रकाश सोनी,कृष्णा कुमार,मुकेश वर्मा , सतेन्द्र कुमार, दुर्गेश कुमार, अजीत भारती,अरविंद कुमार महतो,,आलोक चौरसिया,इंद्र भूषण कुमार,रंजन गुप्ता बेंगलुरु,संजय वर्मा,तरानी प्रसाद, अमित कुमार शामिल हुए।

टाटीझरिया प्रखंड में बारिश से बढ़ी ठंढ

टाटीझरिया । प्रखंड क्षेत्र के झरपो भराजो खैरा डूमर धर्मपुर टाटीझरिया बेड़म डहरभंगा आठों पंचायत के विभिन्न गांवों में अचानक मौसम परिवर्तन होकर वर्षा होने से ठंड बढ़ गई है । ठंड के कारण चौक चौराहे में सनाटा पसरा देखा गया लोग ठंड से अपने घरों में ही अलाव जलाकर दुबके रहे । हरेक वर्ष की भांति इस वर्ष भी माघ महीने के शुक्ल पक्ष बसंत पंचमी तिथि बुधवार को वेद जननी विद्या दायनी माता सरस्वती की पूजा धूम धाम से मनाने को लेकर स्कूल कॉलेज पूजा पंडालों में बहुत ही सुंदर आकर्षक मन मोहक ढंग से लोग तैयार करने में जुटे थे। माता सरस्वती की प्रतिमा पूजा को लेकर पूजा स्थलों तक ले जानें के लिए श्रद्धालुओ ने क्षेत्र के मूर्तिकारों के पास श्रद्धा युक्त होकर पैदल , साइकिल, मोटर साइकिल,चार पहिया से सरस्वती माता की जय, विद्या दयानी की जय। जय घोष करते हुए ले जाते देखे गए। वही सरकार के निदेर्शानुसार 16 फरवरी 2024 से लगने वाला आचार संहिता लोकसभा चुनाव को लेकर सांसद प्रत्यासी उम्मीदवार चयन को लेकर भी चर्चा करते देखे गए।

दारू में दिव्यांगों के लिए लगा सुरक्षा शिविर

दारू। प्रखंड के दारू पंचायत भवन में मंगलवार को साइटसेवर्स इंडिया एवम जेएसएलपीएस के संयुक्त तत्वावधान में सामाजिक सुरक्षा सुविधा शिविर लगा।कई गांवों के 47 दिव्यांगजनों ने शिविर में भाग लिया एवं इसका लाभ उठाया। मुखिया सुनील कुमार ने कहा कि सरकार का लाभ पाने के लिए आगे आने की जरूरत है। जरूरत पड़े तो हम दिव्यांगजनों के घर भी जायेंगे। उन्होंने कहा कि पंचायत के हरेक योजनाओं में दिव्यांगजनों को उनके आवश्यकता अनुसार लाभ देंगे। साइसेवर्स के हेमनारायण ने दिव्यांगजनों को समूह से जुड़कर आगे बढ़ने की सलाह दी। रोजगार एवं आजीविका से जुड़े मुद्दों तथा स्किल ट्रेनिंग, वोकेशनल ट्रेनिंग को लेकर दिव्यांगजन आगे बढ़ सकते हैं इसके लिए उन्हें प्रेरित किए। शिविर को सफल बनाने में जलपा की ललिता देवी, भारती देवी,मधु देवी सहित अन्य लोग उपस्थित थी।

जेएसएलपीएस दारू में जेंडर रिसोर्स सेंटर खुला

दारू। जेएसएलपीएस दारू में जेंडर रिसोर्स सेंटर का उद्घाटन जिला परिषद गीता देवी,बीडीओ मनीष कुमार,प्रशिक्षु डीएसपी सह थाना प्रभारी पुजा कुमारी ने उद्घाटन किया। इस संस्था में महिलाओं के साथ हो रहे अत्याचार को सीधे जेएसएलपीएस के जेंडर रिसोर्स सेंटर में आवेदन देकर महिलाओं को निजात दिलाने का काम किया जाएगा । सीआरपी खुशबू कुमारी ने रिसोर्स सेंटर संबंधित पूर्ण रूप से सभी लोगों को साझा किया। प्रशिक्षु डीएसपी सह थाना प्रभारी पुजा कुमारी ने कहा कि जब महिलाओ ने फ्रंनफुट में आगे आकर अपना रोल समझ रही है। लेकिन बहुत सारे महिलाओं को पता नहीं है हिंसा क्या है।इस कानून के प्रतिनिधि होकर आप सबों के बीच खड़ा रहकर अच्छा लग रहा है। आप लोगों को किसी भी तरह का हमसे सहयोग चाहिए। हम हर समय तत्पर रहेंगे चाहे हम जहां भी रहे। साथ ही साथ बीडीओ मनीष कुमार व जीप सदस्य गीता देवी ने भी इस संबंध में अपनी बातों को रखा। इस मौके पर मौजूद बीपीएम राज कुमार, वाई पी, अमरेश कुमार, सीसी बब्लू कुमार सहित अन्य क्लस्टर के दीदी मौजूद थी।

स्पीड न्यूज

नुक्कड़ नाटक से लोगों को दी गई सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी

गुमला। सूचना एवं जनसंपर्क विभाग गुमला से पंजीकृत खुशमन सांस्कृतिक कला मंच के द्वारा चैनपुर प्रखंड के सुदूरवर्ती क्षेत्र पीपी बामदा, सिविल, मालम, बेंदोरा एवं कातिंग पंचायत में जन जागरूकता अभियान चला कर लोगों को गीत संगीत एवं नुक्कड़ नाटक के माध्यम से सरकार की योजनाओं की जानकारी दी। इस दौरान टीम लीडर खुशमन नायक ने सरकार की जन कल्याणकारी योजना सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, फूलो झानो आशिर्वाद योजना, के सी सी, आयुष्मान भारत मुख्य मंत्री जन आरोग्य योजना, सर्व जन पेंशन योजना, प्री एवं पोस्ट मैट्रिक छात्रवृति योजना सहित विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी और लोगों को सभी योजनाओं का लाभ लेने हेतु प्रेरित किया। इस मौके पर कला दल के सुभाष लोहरा, शक्ति नायक, बिनोद गोप, मंजू देवी, रूपा कुमारी, पूजा कुमारी, बीटू नायक सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।

बागवानी का नियमित सिंचाई करें और खर पतवार को हटाये : संजीत कुमार

सेन्हा-लोहरदगा। सेन्हा प्रखंड स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय जोगना के खाली भूमी में मनरेगा योजना के तहत 9 एकड़ भूमि में विगत वर्ष आम बागवानी लगाया गया है। जिसका निरीक्षण प्रखंड विकास पदाधिकारी अशोक कुमार चोपड़ा के निर्देश पर कनीय अभियंता संजीत कुमार द्वारा निरीक्षण किया गया। मौके पर मनरेगा मजदूरों से कहा की नवोदय विद्यालय में किया गया आम बागवानी में सिंचाई करें और खर पतवार घास को साफ कर पौधा में एच टेका दें और पौधे के अगल बगल का कड़ी मिट्टी का खोदाई कर खाद डालने और नियमित सिंचाई करने का निर्देश दिया गया। साथ ही रोजगार सेवक को निर्देश देते हुए मजदूरों की संख्या बढ़ाने की बात कही गई। वही मजदूरों ने कहा की विद्यालय में पानी की कमी है। इतना अधिक पौधा का सिंचाई सम्भव नही हो सकता। बोरिंग की आवश्यकता है। कनीय अभियन्ता द्वारा बीडीओ के पास बात रखने की बात कही गई।

बुची टोली में 24 घंटे के अखंड हरिकीर्तन का किया गया आयोजन

भंडरा। प्रखंड के बेदाल बुची टोली में गांव स्थित हनुमान मंदिर में मंगलवार को 24 घंटे का अखंड हरि कीर्तन आयोजन किया गया है। हरिकीर्तन के मंत्रोच्चारण राम सिया राम जय राम जय जय राम के नारे से पूरा वातावरण भक्तिमय में डूबा हुआ था। बूढ़े-जवान यहां तक की युवा पीढ़ी से लेकर बच्चों को भी हरिकीर्तन के रस में डूबो दिया। हरिकीर्तन में एक से बढ़कर एक कलाकारों ने कई धुनों पर राम हनुमान के जयकारे का उच्चारण किया। हरिकीर्तन में आसपास के लोगों की भीड़ उमड़ी हुई थी। लुण्देसवर महतो ने बताया कि मंदिर परिसर में 24 घंटे के अखंड हरिकीर्तन का आयोजन किया गया है। उन्होंने बताया कि हरिकीर्तन के आयोजन से लोगो की सुख, शांति, समृद्धि, भक्तों के मन को शांति के साथ घरों में खुशहाली के लिए की जा रही है। अखंड हरिकीर्तन के पूर्व से पूरा मंदिर परिसर को विशेष साज-सज्जा की गई। इस मौके पर श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद के रूप में खिचड़ी वितरण भी किए गए। मौके पर लुण्डेश्वर महतो, भीम महतो, बनेश्वर महतो, शिव महतो, आनंद कुमार, अर्जुन कुमार, मनोज, धनेश्वर, चंदन, संदीप आदि मौजूद थे।

बिजली तार की चपेट में आने से 8 वर्षीय बालक झुलसा

कैरो, लोहरदगा। कैरो प्रखंड मुख्यालय में 13 फरवरी को दोपहर के समय बिजली पोल की चपेट में आने से कैरो न्याटोली अपने ननिहाल में रह रहे 8 वर्षीय अंश अंसारी झुलस गया। ज्ञात हो कि अंश भारी बारिश के बाद बकरी को खिलाने के लिए एक पेड़ पर चढ़कर पत्ते तोड़ रहा था। इसी बीच अचानक बिजली तार की चपेट में आ गया,जिससे झुलस गया। बच्चे का प्राथमिक उपचार सीबीएन अस्पताल उतका में कराने के बाद बेहतर उपचार के लिए सदर अस्पताल ले जाया गया।

लाभुकों के बीच बतख चुजा का वितरण किया गया

सेन्हा-लोहरदगा। कल्याण विभाग के द्वारा लाभुकों के बीच बतख चूजा का वितरण किया गया। प्रखंड कल्याण पदाधिकारी त्रिवेणी भगत व पशुपालन पदाधिकारी डॉ. मनोज कुमार सिंह की मौजूदगी में प्रखंड मुख्यालय स्थित पशुपालन अस्पताल के समीप चंचला कुमारी, मंगलू उरांव, कृष्णा उरांव, नेहा कुमारी,सुखु भगत,संजीव भगत,नितेश उरांव, सुनैना देवी, जितेंद्र उरांव, सहदेव उरांव, सुमन कुमारी, अंजू उरांव, धरमु उरांव सहित 37 लाभुकों के बीच बतख चूजा का वितरण किया गया। वही लाभुकों को बताते हुए प्रखंड कल्याण पदाधिकारी ने कहा सरकार द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं का लाभ ग्रामीण उठायें और आत्मनिर्भर बने साथ ही कहा कि सरकार ग्रामीणों का उत्थान करने के उद्देश्य से जनता को आत्मनिर्भर बनाने के लिये विभिन्न तरह की जन कल्याणकारी योजनाएं चला रही है। जिस के तहत गाय, बकरी, मुर्गी, बतख, सुकर पालन कर जीविकोपार्जन कर आत्मनिर्भर हो सकते हैं। वही प्रेयक लाभुकों के बीच 15 -15 बतख चूजा का वितरण किया गया। मौके पर प्रखंड कल्याण पदाधिकारी त्रिवेणी भगत,पशुपालन पदाधिकारी मनोज कुमार सिंह के अलावे जगमनी उरांव,विकास उरांव, सोनामती उरांव, कलावती उरांव,गौरी देवी,संतोषी कुमारी, सुमन्ती देवी सहित अन्य सभी लाभुक उपस्थित थे।

सरस्वती पूजा आज, छात्र छात्राओं व बच्चों में उत्साह, तैयारियां पूर्ण

खबर मंत्र संवाददाता

कैरो। प्रखंड क्षेत्र में आज मां शारदे की प्रतिमा का स्थापना कर दिनभर पूजा अर्चना के साथ विद्या की देवी की होगी आराधना। मां शारदे पूजा को लेकर प्रखंड क्षेत्र के विद्यालयों व सार्वजनिक स्थलों में तैयारियां अपने अंतिम चरण में है। आज होने वाली सरस्वती पूजा को लेकर विद्यार्थियों से लेकर ग्रामीणों के बीच एक अलग ही उत्साह देखी जा रही है। छोटे छोटे बच्चों से लेकर सभी तबके के लोग मिलजुल कर सजावट व प्रसाद बनाते दिख रहे हैं। ईधर पूजा को लेकर प्रसासन द्वारा शांति समिति की बैठक के साथ साथ क्षेत्र में शांति व्यवस्था को लेकर गश्ती भी की जा रही है। सरस्वती पूजा के आते ही चारों तरफ एक अलग ही दृश्य बन जाता है, जिसमें सभी तरह के लोग पूजा में शामिल होने के साथ साथ प्रसाद ग्रहण करने व घूमने के लिए निकलते हैं।

सरस्वती पूजा को लेकर हुई शांति समिति की बैठक

कैरो। थाना परिसर में मंगलवार को सरस्वती पूजा को लेकर थाना प्रभारी शंखनाद उरांव की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक आयोजित किया गया। जिसमें आज होने वाली सरस्वती पूजा को लेकर चर्चा करते हुए बैठक में उपस्थित अंचल निरीक्षक चंद्रशेखर आजाद ने कहा कि मां सरस्वती की पूजा में सबसे ज्यादा उत्साह बच्चों का होता है। ऐसे में क्षेत्र में शांति और उल्लास के साथ पूजा संपन्न हो सके इसके लिए सभी को मिलजुल कर सहयोग करने की जरूरत है।

बेमौसम बारिस के बावजूद लोगों में उत्साह

सेन्हा-लोहरदगा। सरस्वती पूजा को लेकर प्रखण्ड क्षेत्र के छात्र छात्रओं और बच्चे बच्चियों में उत्साह व उमंग दिख रही है। बेमौसम बारिस के बावजूद लोग उत्साहित नजर आ रहे हैं। मंगलवार से ही छात्र छात्राएं व बच्चे लोग सरस्वती की प्रतिमा खरीद कर ले जाते देखे गए। प्रखण्ड क्षेत्र में लगभग 150 विद्यालयों तथा 100 अन्य जगहों पर पूजा की जा रही है। इस वर्ष पूजा के अवसर पर प्रशासन द्वारा विशेष निर्देश दिये गए हैं। वही मूर्तिकार बिनोद प्रजापति द्वारा बताया गया कि महंगाई के कारण एक मूर्ति 800 से 1500 रुपैया में बिक रहा है।

गुमला : लगातार अनुपस्थित होने वाले बच्चों को चिन्हित कर चलायें संपर्क अभियान : उपायुक्त

खबर मंत्र संवाददाता

गुमला। उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में मंगलवार को शिक्षा विभाग की समीक्षात्मक बैठक संपन्न हुई। जिसमें कल्याण विभाग के अंतर्गत प्री मैट्रिक छात्रवृत्ति के ऑनलाइन आवेदन तथा आठवीं कक्षा की छात्राओं को साइकिल वितरण हेतु क्लस्टर निर्धारण की समीक्षा की गई। उपायुक्त द्वारा मध्याह्न भोजन अंतर्गत बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने के निर्देश दिए गए एवं लगातार अनुपस्थित होने वाले बच्चों को चिन्हित करने हेतु संपर्क अभियान चलाने को कहा गया। उनके द्वारा बच्चों का आधार कार्ड बनाने और आदिम जनजाति क्षेत्र के बच्चों के स्कूल में नामांकन की समीक्षा की गई एवं आवश्यकता अनुसार बच्चों को ट्रांसपोर्ट की व्यवस्था या विशेष शिक्षण केंद्र खोलने के लिए निर्देश दिए गए। उपायुक्त द्वारा सभी स्कूल में अंडा वितरण और दैनिक मध्याह्न भोजन की समीक्षा की गई। साथ ही फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत एल्बेंडाजोल एवं डीईसी की गोली खिलाने के लिए कहा गया। सभी प्रखंड में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में छात्राओं के नामांकन के लिए प्रचार प्रसार करते हुए इसे सुनिश्चित करने के लिए कहा गया। बैठक में जिला शिक्षा पदाधिकारी वसीम अहमद, अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी पीयूष कुमार, सहायक अभियंता शमशाद अली सहित विभिन्न प्रखण्ड से बीईईओ, बीपीओ तथा मध्याह्न भोजन के आपरेटर उपस्थित थे।

बैठक में निर्देश देते उपायुक्त व उपस्थित शिक्षा विभाग के अधिकारी।

माइंस प्रभावित क्षेत्रों में वर्ष 2015 से हुए विकास कार्यों की जांच की मांग

भाकपा माले रेड स्टार व झानद के सदस्यों ने डीसी को सौंपा ज्ञापन

खबर मंत्र संवाददाता

घाघरा। भाकपा माले रेड स्टार के प्रमंडल प्रभारी सह झारखंड नवनिर्माण दल के संयोजक विजय सिंह के नेतृत्व में सदस्यों ने उपायुक्त से मिलकर हिंडाल्को द्वारा कॉरपोरेट सोशल दायित्व के तहत बॉक्साइट माइन्स प्रभावित क्षेत्र में जनहित में की जा रही कार्यों खासकर 2015-16 से अब तक किए गए कार्यों की वर्ष वार उच्चस्तरीय जांच करने की मांग की है। सिंह ने उपायुक्त को यह भी बताया है कि 45 वर्ष बाद भी हिंडाल्को कंपनी माइंस क्षेत्र में स्कूल, अस्पताल, सड़क जैसे बुनियादी सुविधा बहाल नहीं की है। यही कारण है कि घाघरा के इटकीरी से सेरेंगदाग व आदर से विमरला माइंस तथा बिशुनपुर के बाहर सेरका से हारूप गांव होते हुए जालिम गांव तक पक्की सड़क नहीं बना है। बेशकीमती बॉक्साइट वाली माइंस क्षेत्र से मजदूर व बेरोजगारों का बड़ी संख्या में रोजगार के अभाव में हो रही पलायन से तथा हिंडाल्को के लीज एरिया के बाहर बॉक्साइट की बड़े पैमाने पर हो रही अवैध उत्खनन पर भी डीसी का ध्यान आकृष्ट करते हुए स्पेशल टास्क फोर्स के द्वारा करवाई करने की मांग की गई है। जिसपर उपायुक्त ने त्वरित कार्रवाई का आश्वासन दिया है। सिंह ने यह भी कहा है की माइंस क्षेत्र के जंगल पहाड़ में रहने वाले लोगों के हित में हिंडाल्को कंपनी कार्य नहीं करती है तो कंपनी की लुटनीति के खिलाफ शीघ्र ही आंदोलन शुरू किया जाएगा। इस मौके पर बॉक्साइट माइन्स रैयत मजदूर समिति के अध्यक्ष प्रकाश उरांव, समिति के सचिव आदित्य सिंह, शिवप्रसाद साहू मुख्य रूप से उपस्थित थे।

डीसी को ज्ञापन सौंपते भाकपा माले रेड स्टार व झानद के सदस्य।

लोहरदगा : मौसम के बदले मिजाज से जन-जीवन प्रभावित, सड़कें रही वीरान, घरों में दुबके लोग

खबर मंत्र संवाददाता

भंडरा। प्रखंड में मौसम के बदले मिजाज से आम जन-जीवन प्रभावित हो गया है। मंगलवार को हुई बारिश के बाद ठंड बढ़ गई है। मंगलवार को दिनभर आसमान में बादल छाए रहे, इससे सबसे अधिक परेशानी छोटे बच्चों, बूढ़ों व बीमारों को उठानी पड़ी। दिन भर लोग आग का सहारा लेते रहे। मंगलवार को न्यूनतम तापमान 12 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया था, वहीं अधिकतम 18 डिग्री सेल्सियस था। हल्की बारिश से किसानों को रबी की फसल में बहुत राहत मिली है, वहीं आलू, टमाटर, गोभी जैसी सब्जियों को नुकसान होगा। इससे बाजार में सब्जियों के दाम में बढ़ोतरी हो सकती है। सोमवार की रात से ही ठंडी हवा के झोंके के बाद अचानक बूंदाबादी होती रही। लोग खुद के साथ मवेशियों को ठंड से बचाने की जुगत में जुटे है। जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। गरीब वर्ग के लोग सरकारी कंबल व अलाव से राहत पाने के चक्कर में हैं या घरों में दुबके हैं। बारिश से सड़कें व भंडरा बाजार कीचड़युक्त होने से लोग परेशान हैं।

बारिश से बढ़ी परेशानी

कैरो। प्रखंड क्षेत्र में सोमवार शाम से ही हो रही बारिश के कारण जन जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। जिस कारण मंगलवार को सुबह से ही बारिश के साथ ठंड में भी बढ़ोतरी हो गयी। दिन भर बादल छाए रहे और बारिश भी होती रही, जिस कारण छात्र-छात्रा, किसान, आम जनता के साथ साथ मवेशी के लिए भी चारा का समस्या बना रहा। लोग घरों में ही किसी तरह दुबककर अपने को छुपाए रखा। इधर गेंहू, चना व दलहन के किसानों के चेहरे में खुशी दिखी तो वहीं सब्जी खेती करने वालों के चेहरे में चिंता की लकीरें दिखाई दे रही है क्योंकि इस बरसात और मौषम के बदले मिजाज के कारण सब्जी फसलों में सड़न, गलन, किट व कोहरा के कारण चौतरफा नुकसान होता है। अचानक हुई बारिश के कारण प्रखंड क्षेत्र थम सा गया है इसके अलावे सड़को में पानी के जमा होने और कीचड़ के कारण भी समस्या उत्पन्न हो रही है।

भंडरा में पंचायत सहज कर्ता दल का तीन दिवसीय प्रशिक्षण शुरू



भंडरा। प्रखंड सभागार में मंगलवार को प्रखंड संसाधन दल के मास्टर ट्रेनर वंदना कच्छप द्वारा ग्राम पंचायत सहज कर्ता दल को जन योजना अभियान अंतर्गत सबकी योजना सबका विकास का तीन दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण में हर पंचायत के दो जन प्रतिनिधि, पंचायत सचिव, एक मनरेगा मेट, जेएसएलपीएस के एक एक्टिव सदस्य समेत नौ सदस्य शामिल रहें। प्रशिक्षक के तौर पर पंचायत राज प्रभारी, पंचायत राज पदाधिकारी, एवं प्रखंड समन्वयक द्वारा योजनाओं की चयन एवं सफल बनाने को लेकर पंचायत सहज कर्ता दल को विस्तार से जानकारियां दी गई। इस दौरान ग्राम को सशक्त बनाने के लिए गरीब मुक्त और उन्नत आजीविका गांव, स्वास्थ्य गांव, बाल हितैषी, जल पर्याप्त, स्वच्छ और हरित, आत्मनिर्भर बुनियादी ढांचा, समाजिक रूप से सुरक्षित, सुशासन वाला गांव महिला एवं बाल हितैषी समेत नौ विषयों पर योजना चयन एवं सफल बनाने को लेकर प्रशिक्षण पूर्ण किया गया एवं जीपीडीपी में दिए गए मार्गदर्शन के अनुसार योजनाओं का चयन करेंगे।

रिश्ता हुआ शर्मसार, चाचा ने भतीजी के साथ किया दुष्कर्म

खबर मंत्र संवाददाता

घाघरा। घाघरा थाना क्षेत्र के आदर पंचायत में रिश्ते को शर्मसार करते हुए चाचा ने भतीजी के साथ दुष्कर्म किया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर मंगलवार को जेल भेज दिया। इस संबंध में एसडीपीओ सुरेश प्रसाद यादव ने बताया कि बीते रविवार को आदर पंचायत की एक 20 वर्षीय युवती अपनी सहेली के साथ आदर बाजार आयी थी। घर लौटने के दौरान सहेली ऑटो में चली गयी। जिसके बाद युवती पैदल ही अपने घर जा रही थी। इस दौरान गांव से कुछ दूर पहले जिलिंगसिरा नदी के समीप जैसे ही युवती पहुंची। पीछे से एक युवक ने युवती का बाल पड़कर खींचा। जब युवती पीछे मुड़कर देखी तो पता चला कि वह उसका चाचा 25 वर्षीय सुदेश्वर उरांव है। काफी बचने का प्रयास युवती ने किया पर युवती की एक ना चली। इसके बाद जबरन उठाकर उसे झाड़ी में ले जाकर युवती के साथ चाचा ने दुष्कर्म किया। जिसके बाद धमकी देते हुए कहा कि इस घटना के बारे में किसी को मत बताना यदि किसी को बताएगी तो तुम्हें जान से मार दूंगा। जिसके बाद युवती को उक्त स्थल पर छोड़कर आरोपी गांव की ओर भाग गया। घटना के बाद युवती घर पहुंच कर अपनी मां से घटना की जानकारी दी। जिसके बाद सोमवार को पीड़िता की मां पीड़िता को लेकर थाना पहुंची और घटना के संबंध में थानेदार अमित कुमार चौधरी को बताया। मामला दर्ज कर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी चाचा सुदेश्वर को उसके घर से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।



गिरफ्तार अभियुक्त के साथ एसडीपीओ व थाना प्रभारी।

आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल, एसडीपीओ व थानेदार ने प्रेस कान्फ्रेंस कर मामले का किया खुलासा

विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल का धर्म रक्षा निधि कार्यक्रम चैनपुर प्रखण्ड में आरंभ

चैनपुर। विश्व हिन्दू परिषद व बजरंगदल के द्वारा धर्म रक्षा निधि कार्यक्रम पुरे भारत देश में चलाया जा रहा है। यह अभियान अगले 20 फरवरी तक चलेगा। विश्व हिन्दू परिषद केन्द्र समिति तय किया है किसंगठन के कार्यकर्ता इस अभियान को सफल बनाने में जुट जाएं। मंगलवार को विश्व हिन्दू परिषद, बजरंगदल, के गुमला विभाग सह संयोजक मुकेश सिंह, जिला सत्संग प्रमुख,सह प्रखण्ड, पालक चैनपुर अशोक सिंह, प्रखण्ड सह संयोजक रायडीह रामसागर चीक बडाईक, प्रखण्ड सह मंत्री रायडीह गौतम प्रसाद व सक्रिय कार्यकर्ता अमित कुमार, प्रखंड अध्यक्ष चैनपुर अशोक सिंह व निरंजन कुमार ने धर्म रक्षा निधी के तहत हिन्दू सनातनियो को अवगत कराया तथा अर्थ का भी निधि समर्पण कराया। प्रखण्ड अध्यक्ष अशोक सिंह ने कहा कि विश्व हिन्दू परिषद का एक साल में एक बार धर्म रक्षा निधि धन संग्रह का कार्य क्रम होता है। जिससे संगठन पूर्णकालिक कार्य क्रताओं को हर माह सहायतार्थ राशि दी जाती है। साथ ही उक्त धन का उपयोग लव जेहाद, धर्मांतरण, रोकने तथा और अन्य खर्च संगठन तरफ से होता है।

सरस्वती पूजा की तैयारी पूरी, पंडाल बनाने में जुटे बच्चे

गुमला। विद्या की देवी मां सरस्वती की पूजा की तैयारी जिले में पूरी कर ली गई है। शहर के विभिन्न मुहल्लों में छोटे-छोटे पंडाल बनाकर बच्चे मां की पूजा की तैयारी कर चुके हैं। पूजा को लेकर विद्यार्थियों में उत्साह का माहौल है। वहीं दूसरी ओर मूर्तिकार मां की प्रतिमा को अंतिम रूप प्रदान कर दी है। मंगलवार को लोग वाहनों से पूजा स्थलों तक मां की प्रतिमा भक्ति भाव से ले जाते दिखे। गुमला जिला के पालकोट प्रखंड में सरस्वती पूजा बहुत आकर्षक तरीके से की जाती है।

चंदाली के समीप सड़क किनारे बेहोश पड़े युवक को एम्बुलेंस चालक ने पहुंचाया अस्पताल

गुमला। गुमला थाना क्षेत्र के चंदाली के समीप घायल अवस्था में पड़े युवक को एम्बुलेंस की मदद से सदर अस्पताल पहुंचाया गया। सोमवार की शाम कुछ लोगों ने फोन कर चंदाली के समीप घायल अवस्था में पड़े एक युवक के होने की सूचना 108 में कॉल कर दी। वहीं लोगों ने बताया युवक को कोई अज्ञात वाहन टक्कर मारकर घटना स्थल से फरार हो गया है। घायल युवक की पहचान नहीं हो पाई है।

उज्जवला योजना के तहत 30 लाभुकों के बीच गैस कनेक्शन का किया गया वितरण

रायडीह। प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के तहत प्रखंड के विभिन्न पंचायतों के गांवों के 30 लाभुकों के बीच इंडेन गैस का नया कनेक्शन वितरण किया गया। इसमें लाभुकों को एक एक भरा सिलेंडर, रेगुलेटर, चूल्हा दिया गया। सीता इंडेन ग्रामीण वितरक रायडीह के द्वारा दिया गया है। वितरण भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष राधेश्याम कुशवाहा,जिला महामंत्री अजीत कुमार, कोषाध्यक्ष निर्मल गोयल, नगर अध्यक्ष शंभू सिंह, गैस संचालक अविनाश कुमार अप्पू, अनूप मिंज, मुनेश्वर गोप, सूरज सिंह आदि उपस्थित थे।

वेस्कोट पब्लिक स्कूल में नामांकन आरंभ

गुमला। वेस्कोट पब्लिक स्कूल लोहरदगा रोड गुमला में नये सत्र के लिए बच्चों का नामांकन आरंभ हो गया है। यह जानकारी विद्यालय के प्रधानाध्यापक नोवेल प्रभात तिग्गा ने देते हुए बताया कि इच्छुक अभिभावक विद्यालय के कार्यालय अवधि में आकर नामांकन फार्म प्राप्त कर सकते हैं। विद्यालय में सीटो की संख्या सिमित है।

उदरंगी में भाजपा के गांव चलो अभियान के तहत किया गया दीवार लेखन

खबर मंत्र संवाददाता

भंडरा। भाजपा के पूर्व निर्धारित कार्यक्रम गांव चलो अभियान के तहत भाजपा? के अल्पसंख्यक मोर्चा के महासचिव गुलाम मुस्तफा के नेतृत्व में उदरंगी के कई? मतदान केंद्र के पोषक क्षत्रों में दीवार लेखन कार्य किया गया। इसकी जानकारी देते हुए गुलाम मुस्तफा ने बताया कि प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, किसान निधि के लाभूको से वातार्लाप किया गया और बताया गया कि केंद्र में जबसे मोदी आयें है विभिन्न प्रकार के जनकल्याणकारी योजना चला कर लोगों को उत्थान कर रहें है। दीवाल लेखन कार्यक्रम के तहत दीवार पर कमल फूल का चिन्ह बना व एक बार फिर से मोदी सरकार लिखा गया। गुलाम मुस्तफा ने ग्रामीणों को बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत देश का चहुंमुखी विकास हो रहा है। नरेंद्र मोदी के विजन का परिणाम है कि पूरे देश में गरीबों को मुफ्त में अनाज मिल रहा है। जम्मू कश्मीर से अनुच्छेद 370 को हटाया गया। पाकिस्तान बांग्लादेश और अफगानिस्तान के धर्मों के अल्पसंख्यकों को भारत की नागरिकता देने की शुरूआत की।

दीवाल लेखन कार्यक्रम में शामिल भाजपाई

गन्ने के खेत मे आग लगने से नुकसान

खबर मंत्र संवाददाता

सेन्हा-लोहरदगा। प्रखंड क्षेत्र के सेरेंगहातु पंचायत अन्तर्गत बरही ग्राम में शरारती तत्वों द्वारा गन्ने की खेत मे आग लगा दिया गया। जिसे खेल में आग लगने के कारण राजू महतो, सदीक अंसारी, प्रदीप महतो, रिझु महतो, रेयासत अंसारी का लगभग 6 एकड़ खेत मे लगे गन्ना का फसल जल कर नष्ट हो गया। गन्ना जलने से सभी किसानों को करीब 8 से 10 लाख का नुकसान होना बताया जा रहा है। वही इस संदर्भ में किसानों द्वारा कहीं आवेदन अभी तक नही दिया गया है। प्रदीप महतो और रेयासत अंसारी ने जानकारी देते हुए बताया कि गन्ने की खेत मे आग कैसे लगा किसने लगाया इसकी पूरी जानकारी नही है। परन्तु यह काम किसी शरारती तत्वों का है। जब खेत से आग की लपटें उठने लगा और धुंआ दिखाई दिया तब पता चला कि हम लोगों का खेत में आग लगा गया है। जिसे खेत पहुंच कर आनन फानन में आग को बुझाया गया। पिछले वर्ष भी रही ग्राम में अन्य किसानों का गन्ने की खेत मे आग लग गया था। साथ ही किसानों का कहना है की खेत मे लगा गन्ना का फसल जलने से नष्ट हो जाता है। परन्तु धान या गेंहू जैसा गन्ने का बीमा नही होने के कारण काफी नुकसान होता है। सरकार की ओर से गन्ना का फसल बीमा होने से कुछ सरकारी लाभ मिलने पर सहयोग होता और नुकसान की भरपाई होती जिसे राहत मिलता।

जिला स्तरीय कुकिंग प्रतियोगिता में कुटमु की सुमन को प्रथम स्थान

खबर मंत्र संवाददाता

लोहरदगा। जिला स्तरीय कुकिंग कॉम्पिटिशन 2024 का आयोजन मंगलवार को डीईओ अपरूपा पॉल के नेतृत्व में कस्तूरबा मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय बालिका लोहरदगा में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से डॉ शम्भू नाथ चौधरी, उपाधीक्षक, सदर अस्पताल, अभिषेक झा, अनुमंडल शिक्षा पदाधिकारी, अम्बुज्य कुमार पांडेय, अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, लोहरदगा, भंडरा बीईईओ जयनाथ महतो, कुडु बीईईओ जयमंगल लोहार उपस्थित हुए। प्रतियोगिता में जिले के सभी सात प्रखंडों के रसोइया सह सहायिकाओं द्वारा अपनी पाक कला का प्रदर्शन सीमित संसाधनों से किया गया। इस कॉम्पिटिशन का मुख्य उद्देश्य रसोईया सह सहायिकाओं में गुणवत्तापूर्ण भोजन तैयार करने, मोटा अनाज जैसे मिलेट, रागी, मडुवा, कोदो, गोंदली आदि का व्यापक उपयोग, सीमित साधनों में बच्चों को पौष्टिक आहार उपलब्ध कराने, भोजन बनाने की प्रक्रिया को आनंददायी बनाने, मध्याह्न भोजन के प्रति रसोईया सहायिकाओं में प्रतिस्पर्धा की भावना को बढ़ावा देने, समुदाय की सहभागिता को प्रोत्साहित करना तथा स्थानीय स्तर पर उपलब्ध खाद्य सामग्री के उपयोग हेतु कार्रवाई आदि सुनिश्चित करना है। प्रतियोगिता में कुल 13 प्रतिभागियों ने भाग लिया। निर्णायक मंडल में सिविल सर्जन, अनुमंडल शिक्षा पदाधिकारी, अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी पदाधिकारी, विद्यालय से एक बाल संसद के प्रधानमंत्री, एक स्वच्छता मंत्री और एक पोषण मंत्री थे। जिला स्तरीय कुकिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान राजकीकृत प्राथमिक विद्यालय, कुटमु, लोहरदगा की सुमन उरांव और टीम की मिला वही द्वितीय स्थान पर राजकीकृत मध्य विद्यालय, ककरगड़, कूडु की अनिता देवी और टीम रही। विजेता को रु 5000 और उपविजेता को रू 2500 की प्रोत्साहन राशि, मोमेंटो और प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में विश्वदीपक झा, जीतेन्द्र मित्तल, कुंदन कुमार, अभिषेक भारती, आकाश कुमार, निधि गुप्ता, धर्मेंद्र प्रसाद सोनी, उपेन्द्र नाथ ठाकुर, यूसुफ अंसारी, राजेश देवघरिया, राकेश वर्मा, गौतम कुमार, शंकर लोहरा, दीनबंधु दे,निशा कुमारी, निशांत कुमार, श्यामा मिश्रा, संजीव कुमार, प्रीति अग्रवाल, अनुपमा लकड़ा सहित जिला एमडीएम सेल, प्रखण्ड के विभिन्न विद्यालयों के रसोईया सहित शिक्षाकर्मी उपस्थित थे।

प्रतियोगिता में बने खाना को टेस्ट करते अधिकारी।

उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला स्तरीय साप्ताहिक जन शिकायत निवारण दिवस का हुआ आयोजन

वीडियो कॉल के माध्यम से ई जन शिकायत के तहत उपायुक्त ने पालकोट, बसिया, कामडारा प्रखंड के आवेदकों की भी सुनी शिकायत

खबर मंत्र संवाददाता

गुमला। जिला स्तरीय साप्ताहिक जन शिकायत निवारण दिवस का आयोजन मंगलवार को उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में हुई। इस दौरान जन शिकायत निवारण दिवस में दूर दराज से लगभग 40 आवेदकों ने उपायुक्त से मुलाकात की। वहीं जिले में संचालित नई गतिविधि ई- जन शिकायत के माध्यम से आज पालकोट, बसिया, कामडारा प्रखंड से कुल 40 आवेदकों ने उपायुक्त से ऑनलाइन वीडियो कॉल के माध्यम से मुलाकात की एवं अपनी समस्याओं को साझा किया। उपायुक्त ने एक एक कर सभी समस्याओं को सुना एवं प्रत्येक समस्याओं के निवारण हेतु संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवेदन अग्रसारित कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। विशुनपुर निवासी भिखारी भगत ने जन शिकायत निवारण दिवस में उपायुक्त से मुलाकात कर बताया कि वह स्वतंत्रता सेनानी जतरा टाना भगत शहीद ग्राम चिंगरी में विकलांग बालक एवं बालिका का आश्रम चलता है। इस आश्रम में 50 बच्चें है। बच्चों के लिए आश्रम में रहने के लिए पानी, शौचालय, वाउण्ड्री वॉल एवं बच्चों के नित्य के लिए सुविधा प्रदान करने की मांग की। जिस पर उपायुक्त ने आवेदन पत्र को संबंधित पदाधिकारी को अग्रसारित करते हुए उक्त स्थान की जांच करने का निर्देश दिया गया। गुमला के अरमई गांव निवासी दिव्यांग उषा बेला कुजूर ने उपायुक्त को ज्ञापन सौंपकर आवास देने की मांग की।

जिस पर उपायुक्त ने आवेदन पत्र को संबंधित पदाधिकारी को भेजते हुए कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया।

एक नजर में

सोशल मीडिया के माध्यम से अफवाह फैलाने पर होगी कार्रवाई

चतरा। हंटरगंज थाना परिसर में मंगलवार को सरस्वती पूजा को लेकर शांति-समिति की एक बैठक की गई।जिसकी अध्यक्षता पुलिस निरीक्षक अमरदीप कुमार व संचालन थाना प्रभारी सनोज चौधरी ने किया। बैठक में प्रखंड के जनप्रतिनिधी, समाजसेवी और दोनों समुदाय के लोग शामिल हुए।बैठक में उपस्थित लोगो से सरस्वती पूजा को शांति और सौहर्दपूर्ण माहौल में सम्पन्न में कराने की अपील किया। वहीं पंचायत स्तर पर सभी मुखिया से उनके पंचायत में आयोजित होने वाले सरस्वती पूजा की जानकारी लिया गया। सभी पूजा समिति से सदस्यों नाम और नंबर के साथ आवेदन थाने को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। पूजा के दौरान डीजे पर प्रतिबंध होने की बात बताया गया। अश्लील गानो पर प्रतिबंध रहने की बात बताया गया। पुलिस इंस्पेक्टर और थाना प्रभारी ने कहा की पूजा के दौरान उपद्रवियों पर पैनी नजर रखने की बात बताया गया। पूजा कमिटी को कई आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। शोशल मिडिया पर गलत अफवाह फैलाने पर कानूनी कारवाई किये जाने की बात कहा गया। मूर्ति विसर्जन के दौरान बच्चों के साथ अभिभावकों की मौजूदगी अनिवार्य बताया गया। बैठक में एसआई नितीश दुबे, सुशील टुडू, अनंत शाह, अंचल कार्यालय के बड़ा बाबू नरेश सिंह, मुखिया प्रतिनिधि समरेश सिंह उर्फ पिंटू सिंह, दिलीप दास, मिथिलेश श्रीवास्तव, वकील खान, बेचन पासवान, बृज किशोर सिंह, मदन यादव, बसंती पन्ना सहित दोनो सामुदाय के दर्जनो लोगो मौजुद थे।

वज्रपात से दो मवेशियों की मौत

सिमरिया (चतरा)। सिमरिया थाना क्षेत्र के नवाटांड गांव में मंगलवार को बारिश के बीच हुई वज्रपात में दो मवेशियों की मौत हो गई। दोनों मवेशी गांव के विनोद प्रसाद के थे। भुक्तभोगी ने बताया कि दोनों मवेशियों में एक गाय और एक बैल को खेतों में चरने के लिए छोड़ा था इसी बीच बिजली चमकी और तेज गर्जना के साथ वज्रपात हो गई जिससे दोनों मवेशी की मौत मौके पर ही हो गई। भुक्तभोगी ने आंचल प्रशासन से वज्रपात में मारे गए मवेशियों के मुआवजे की मांग की है। उक्त घटना की पुष्टि स्थानीय मुखिया कविता देवी के द्वारा भी की गई हैं।

खसरा उन्मूलन को लेकर की समीक्षा बैठक

चतरा। समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त अबु इमरान की अध्यक्षता में खसरा उन्मूलन को लेकर समीक्षा बैठक की गई। बैठक में उपायुक्त ने जिले में खसरा के बिमारी की स्थिति की जानकारी लेते हुए कहा कि पिछले वर्ष 2023 में खसरा के काफी मरीज जिले में पाए गए थे। इसकी रोक थाम को लेकर इस वर्ष 2024 में टीकाकरण को सुदृढ़ करते हुए टीकाकरण (मिजल्स रूबेला) टीका 09 माह और 16 माह के बच्चों को समय पर टीका दिया जाना है। जिन क्षेत्रों में टीकाकरण की स्थिति कम पाई गई है उन क्षेत्रों में प्रचार-प्रसार एवं संबंधित विभागों से सहयोग प्राप्त करते हुए लक्ष्य को शत प्रतिशत पूर्ण कराने का निर्देश दिया। उक्त बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी सिमरिया सन्नी राज, अनुमंडल पदाधिकारी चतरा सुरेन्द्र उरांव, , सिविल सर्जन डा. जगदीश प्रसाद, डब्लू.एच.ओ. से डा. दीपक कुमार उपस्थित थे।

नये थाना प्रभारी से पंचायत समिति सदस्य संघ जिला अध्यक्ष ने किया शिष्टाचार भेंट

टंडवा। नवपदस्थापित थाना प्रभारी अनिल उरांव से पंचायत समिति सदस्य संघ जिला अध्यक्ष सह राहम पंसस विकाश कुमार पाण्डेय ने शिष्टाचार मुलाकात कर उन्हें पुष्पगुच्छ देकर अभिवादन किया।सड़को में हो रहे अनगिनत दुर्घटनाएं क्षेत्र में स्थापित कंपनियों से जुड़ी समस्याएं एवं क्षेत्र के जनसमस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर समाधान करने का आग्रह किया

डीसी ने आमजनों की समस्याएं सुनी

चतरा। समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त अबु इमरान द्वारा जनता दरबार के माध्यम से समस्याओं को लेकर मिलने आए आमजनों की समस्याएं सुनी गई। उक्त जनता दरबार में मुख्य रूप से भूमि विवाद, अबुआ आवास, स्वास्थ्य , वृद्धा पेंशन, राशन कार्ड से संबंधित मामले शामिल है। उपायुक्त ने एक एक कर मिलने आए सभी आमजनों के समस्याओं से जुड़े आवेदन का अवलोकन कर जल्द से जल्द मामले का निष्पादन करने का भरोसा आमजनों को दिया।

घरेलू विवाद में विषपान कर युवक ने की आत्महत्या

चतरा। हंटरगंज के डाहा गांव के राधे यादव का 31 वर्षीय पुत्र सुबोध कुमार मंगलवार को जहर खाकर आत्महत्या कर लिया। युवक के मौत पर परिजनों का रो रो कर बुरा हाल बना हुआ है। सुबोध उड़ीसा में रहकर हाईवा चलाने का काम करता था। 10 दिन पूर्व वह अपने घर आया था। किसी बात को लेकर पति-पत्नी में विवाद हो गया था। जिससे नाराज सुबोध ने आत्महत्या कर लिया। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस डाहा गांव पहुंची और युवक के परिजनों एवं आसपास के लोगों से घटना से संबंधित जानकारी लिया। पुलिस शव को कब्जे में कर थाना ले आई है।

क्रियान्वित योजनाओं की समीक्षात्मक बैठक संपन्न

चतरा। समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त चतरा अबु इमरान के निदेर्शानुसार उप विकास आयुक्त चतरा उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति तथा अस्पताल प्रबंधन समिति एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा क्रियान्वित सभी कल्याणकारी योजनाओं एवं कोरोना महामारी से संबंधित समीक्षात्मक बैठक की गई। बैठक में जिले में टीकाकरण की स्थिति को सुदृढ़ कैसे हो इस पर चर्चा की गई। कोई बच्चा छुटे नहीं, इसे लेकर नियमित टीकाकरण के लिए माइक्रोप्लान को अपडेट करें, छुटे हुए स्थानों को जोड़े ताकि शत प्रतिशत टीकाकरण कराया जा सके। वहीं उन्होंने निर्देशित किया कि जिला स्तर एवं प्रखण्ड स्तर पर सही से टीकाकरण कार्य चल रहा है या नहीं इसकी लगातार मॉनिटरिंग करने का निर्देश दिया। शिक्षा विभाग एवं बाल विकास परियोजना पदाधिकारी के साथ समन्वय स्थापित कर सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों एवं विद्यालयों में बच्चों के टीकाकरण के संबंध में मॉनिटरिंग की जा सके।

सांसद आदित्य साहू ने किया शौचालय का उद्घाटन

इटखोरी। राज्यसभा सदस्य आदित्य साहू ने मंगलवार को मां भद्रकाली मंदिर परिसर में शौचालय का उद्घाटन किया। मंदिर परिसर में शौचालय का निर्माण राज्यसभा सदस्य की निधि से किया गया है। शौचालय का उद्घाटन करने के पश्चात उन्होंने कहा कि मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं तथा पर्यटकों को सुविधा होगी। सांसद ने शौचालय को स्वच्छ रखने का सुझाव दिया। इससे पूर्व उन्होंने ऐतिहासिक मां भद्रकाली मंदिर में प्रतिपक्ष के नेता अमर कुमार बाउरी, स्थानीय सांसद सुनील कुमार सिंह तथा पांकी के विधायक शशि भूषण मेहता के साथ पूजा अर्चना की।

शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ को लेकर नगर भ्रमण में शामिल हुई विधायक

कोडरमा। जिला मुख्यालय स्थित दूधिमाटी में आयोजित पांच दिवसीय शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ को लेकर मंगलवार को भव्य नगर भ्रमण का आयोजन किया गया, जिसमे कोडरमा विधायक डॉ. नीरा यादव समेत भारी संख्या में श्रद्धालु महिला पुरुष और बच्चे शामिल हुए। वहीं श्रद्धालुओं को सम्बोधित करते हुए विधायक ने कहा कि यज्ञ से वातावरण साफ, स्वच्छ और शुद्ध होता है, साथ ही लोगों में अध्यात्मिक चेतना का विकास होता है। नगर भ्रमण में सुसज्जित वाहन में रखे भगवान शिव, माता पार्वती, भगवान कार्तिकेय, गणेश और नन्दी का प्रतिमा काफी आकर्षक लग रहा था। नगर भ्रमण में शामिल श्रद्धालुओं की भीड़ भक्ति गीतों पर नाचते गाते और जयकारे लगाते विभिन्न मार्गों से गुजरते हुए पुनः यज्ञस्थल पहुंच कर सम्पन्न हुआ। यज्ञ समिति के अध्यक्ष गदाधर शर्मा ने बताया कि 14 फरवरी को प्राण प्रतिष्ठा, पूणार्हुति एवं रात्रि जागरण का आयोजन किया जाएगा।

ऑटो स्टैंड स्थल का चयन होना एकजुट संघर्ष की जीत: सीटू

झुमरीतिलैया (कोडरमा)। सीटू से सम्बद्ध झारखंड परिवहन मजदूर यूनियन के अंतर्गत ऑटो चालक संघ की बैठक पुराना नगरपालिका के पास झुमरीतिलैया में मो. रफीक की अध्यक्षता में हुई। बैठक में मांगों को लेकर हुए प्रदर्शन की समीक्षा की गई, जिसमें नगर पर्षद के द्वारा पुराना नगरपालिका के पास अस्थायी ऑटो स्टैंड बनाने का स्वागत किया गया। साथ ही केन्द्र सरकार की मजदूर किसान विरोधी नीतियों के खिलाफ संयुक्त किसान मोर्चा और केन्द्रीय ट्रेड यूनियनों के द्वारा 16 फरवरी को देशव्यापी हड़ताल के समर्थन में ऑल इंडिया रोड ट्रांसपोर्ट वर्कर्स फेडरेशन के आह्वान पर हिट एण्ड रण कानून के खिलाफ देशभर में चक्का जाम का आह्वान किया है। जिसका समर्थन करते हुए हड़ताल के समर्थन में झुमरीतिलैया में सीटू की रैली में ऑटो चालक संघ के बैनर तले शामिल होने का निर्णय लिया गया। वहीं बैठक को संबोधित करते हुए सीटू नेता प्रेम प्रकाश ने कहा कि ऑटो चालकों के अन्य महत्वपूर्ण मांगों को लेकर संघर्ष तेज किया जाएगा। देश में बेरोजगारी चरम पर है, जिसके कारण पढ़ें लिखे युवा ऑटो और टोटो चलाने के लिए मजबूर है। अपने अधिकार के लिए इनके पास संघर्ष के सिवाय कोई रास्ता नहीं है। उन्होंने मोदी सरकार की महंगाई और बेरोजगारी बढ़ाने वाली नीतियों और मजदूरों को गुलाम बनाने वाली चार लेबर कोड के खिलाफ 16 फरवरी की हड़ताल को सफल बनाने का आह्वान किया।

अहर्ताएं पूरी नहीं करती है सतगावां की निजी विद्यालय, उड़ाई जा रही है नियमों की धज्जियां

निजी विद्यालयों में अप्रशिक्षित शिक्षकों द्वारा दी जा रही है बच्चो को शिक्षा

मुन्ना कुमार

सतगावां (कोडरमा)। प्रखंड में संचालित निजी विद्यालयों में एक भी विद्यालय निर्धारित अहताएं पूरी नहीं करता, बावजूद सतगावां प्रखंड में धड़ल्ले से प्रतिवर्ष नामांकन के लिए बजापते ध्वनि विस्तारक यंत्रों से पर्चे छपवा कर और सोशल मीडिया के माध्यम से प्रचार प्रसार कर भोली भाली जनता की गाड़ही कमाई को लूटने का काम किया जा रहा है। इस ओर ना तो शिक्षा विभाग के पदाधिकारियों का ध्यान है ना ही प्रशासनिक अधिकारियों का ध्यान है। यह अलग बात है कि ग्रामीणों में इस बात को लेकर जनाक्रोश व्याप्त है। बताते चलें कि सतगावां प्रखंड में लगभग तीन दर्जन निजी विद्यालय संचालित हैं। मगर एक भी विद्यालय निर्धारित अहताएं पूरी नहीं करता है। उल्लेखनीय हो कि ग्रामीण क्षेत्र में वर्ग 1 से 5 तक विद्यालय संचालन के लिए 75 डिसमिल भूमि, 18/20 के पांच कमरों के अलावे आवश्यकता अनुसार उपस्करों, प्रशिक्षित शिक्षकों को होना अनिवार्य है। जबकि वर्ग 1 से 8 तक के संचालन के लिए एक एकड़ भूमि, 18/20 फीट के 8 कमरों, एक कार्यालय कक्ष आवश्यक उपस्करों के साथ-साथ सभी विषयों के प्रशिक्षित शिक्षकों के बाद ही निजी विद्यालयों का संचालन का प्रावधान है। जबकि प्रखंड में संचालित निजी विद्यालयों में बाजाप्ता छात्रावासों में भेड़ बकरियों की तरह 10/10 के कमरों में छात्रों और छात्राओं को रखे जाते हैं। इनके रसोई घरों में इस कदर गंदगी होती है कि दम घुटने लगता है। साथ ही ग्रामीण बच्चों को ऑटो और टोटो में बोरे की तरह लाद कर लाये और पहुंचाये जाते हैं, जिससे कई बार दुर्घटनाएं धटित हुई हैं। इस बावत जब प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी शेख शकील अहमद से बात की गयी तो उन्होंने कहा कि वर्तमान उपायुक्त ने 11 जनवरी 2024 को शिक्षा विभाग की बैठक में जिला शिक्षा पदाधिकारी को निर्देश दिया है कि ऐसे अहताएं पूरी नहीं करने वाले निजी विद्यालयों को जांचोपरांत उन पर कार्रवाई करें। साथ ही वैसे निजी विद्यालयों जिसने सीबीएससी बोर्ड से मान्यता प्राप्त की है, उनकी मान्यता समाप्त कराने के लिए बोर्ड को जिला स्तर से उनके खिलाफ कार्रवाई की अनुशंसा कर कार्रवाई करायी जायेगी। मगर निजी विद्यालयों पर कोई कार्रवाई नहीं होना शिक्षा विभाग पर संदेह होना लाजमी है।

हत्या के आरोपी सास-ससुर को दस वर्ष सश्रम करावास

अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वितीय अजय कुमार सिंह की आदालत ने सुनाई सजा

दोनों आरोपी 9 साल तक रहे थे फरार, न्यायालय ने किया था फरार घोषित

खबर मन्त्र संवाददाता

कोडरमा। दहेज के लिए एक विवाहिता की हत्या किए जाने के एक मामले की सुनवाई करते हुए अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वितीय अजय कुमार सिंह की अदालत ने आरोपी फुलवा देवी व ससुर मथुरा पासवान मदन गुंडी चंदवारा निवासी को 304बी आईपीसी के तहत दोषी पाते हुए 10 साल सश्रम कारावास की सजा सुनाई। वहीं न्यायालय ने 498ए के तहत दोषी पाते हुए 3 वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई, दोनों सजाएं साथ-साथ चलेगी। बताते चलें कि मामला वर्ष 2014 का है। इसे लेकर चंदवारा थाना कांड संख्या 124/2014 दर्ज किया गया था। फरार दोनों अभियुक्तों को 14 मार्च 2023 को पुलिस पड़कर लाई। चार्ज फ्रेम होने के 6 माह के अंदर त्वरित सुनवाई करते हुए न्यायालय ने मामले का निष्पादन किया। ज्ञात हो कि दहेज हत्या के आरोप में मृतका के पति रंजीत पासवान को वर्ष 2017 में ही न्यायालय द्वारा आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई थी। अभियोजन का संचालक लोक अभियोजक पीपी एंजेलिना वारला ने किया। इस दौरान सभी 9 गवाहों का परीक्षण कराया गया। लोक अभियोजक पीपी एंजेलिना वारला ने कार्रवाई के दौरान अपराध की गंभीरता को देखते हुए न्यायालय से अभियुक्त को अधिक से अधिक सजा देने का आग्रह किया। वहीं बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता दीपक गुप्ता एवं अधिवक्ता अनवर हुसैन ने दलीलें पेश करते हुए बचाव किया। अदालत ने सभी गवाहों और साक्ष्यों का अवलोकन करने के उपरांत अभियुक्त को दोषी पाते हुए सजा मुकर्रर की और जुमार्ना लगाया। इसे लेकर मृतक 21 वर्षीय सरिता देवी के पिता शंकर पासवान सरिया निवासी ने चंदवारा थाना में मामला दर्ज कराते हुए पति रंजीत पासवान, सास फुलवा देवी एवं ससुर मथुरा पासवान पर एक लाख रुपये दहेज के लिए उसकी पुत्री की हत्या कर दिए जाने का मामला दर्ज कराया था।

पोक्सो एक्ट के दोषी को 20 वर्ष की सजा, बीस हजार जुर्माना

चतरा। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रथम राजेश कुमार सिंह की अदालत ने नाबालिक लड़की को घर से भागकर दुष्कर्म करने के मामले में 20 वर्ष की सजा और ?20000 जुमार्ना की सजा सुनाई है। इस केस में ए पी पी दीपक कुमार संग ने कल 13 गवाहों की गवाही कर कर अभियुक्त को सजा के अंजाम तक पहुंचाया।और यह भी बताया कि अभियुक्त मोहम्मद रुस्तम अंसारी करीब 3वर्ष 6 महीने से जेल में है। यह मामला टंडवा थाना कांड संख्या 140/ 2020 दिनांक 20 सितंबर 2020 का है। इस मामले में सूचक लक्ष्मीकांत ने टंडवा थाना में दिए अपने लिखित आवेदन में यह आरोप लगाया है कि मेरी नाबालिक लड़की दिनांक 20 सितंबर 2020 को रात्रि करीब एक बजे जब सौच करने के लिए घर से निकली थी। तब उसी समय मोहम्मद रुस्तम और उसके साथी मोहम्मद इम्तियाज ,मोहम्मद चिंटू ,मोहम्मद इस्फाक, सनाउल्लाह ,मोहम्मद अल्तमश, मोहम्मद अफरीदी और मोहम्मद सेफ सभी ने मिलकर उक्त नाबालिक लड़की को अपहरण कर अपने ऐस यूव वी 500 गाड़ी ,नंबर खल्ल10अद/ 6346 से सूचक की नाबालिक लड़की को भाग कर ले गए थे , और उसके साथ दुष्कर्म किए थे । तब पुलिस ने 363,366 ए और 12 पोक्सो एक्ट में मामला दर्ज कर जांच शुरू की। 363 में 7 वर्ष की सजा,366 ए में 10 वर्ष की सजा,और 12 पोक्सो एक्ट में 20 वर्ष की सजा और 20000 जुरमाना सुनाया गया है ।

मांगों को लेकर ढिबरा मजदूरों का अनिश्चितकालीन धरना दूसरे दिन भी जारी

मांगों पर विचार नही किया गया तो सड़क पर उतर कर जेल भरो अभियान का होगा एलान : कृष्णा सिंह घटवार

खबर मन्त्र संवाददाता

कोडरमा। ढिबरा नियमावली लागू करने सहित 9 मांगों को लेकर ढिबरा स्क्रैप मजदूर संघ के द्वारा समाहरणालय के समक्ष बीते 12 फरवरी से आयोजित अनिश्चितकालीन धरना दूसरे दिन भी जारी रहा, धरना पर बैठे आंदोलनकारियों का स्वास्थ्य जांच लेने के लिए स्वास्थ्य विभाग की टीम धरना स्थल पर पहुंची, हालांकि किसी में भी कोई स्वास्थ्य सम्बन्धी परेशानी नही देखी गई। इधर धरना के दूसरे दिन मेघातरी और इंदरवा पंचायत से बड़ी संख्या में ढिबरा मजदूर शामिल हुए, इस दौरान मांगों के समर्थन में जमकर नारेबाजी की गई। धरना का नेतृत्व कर रहे संघ के अध्यक्ष कृष्णा सिंह घटवार ने कहा कि जब तक मांगे पूरी नही हो जाती, तब तक आंदोलन जारी रहेगा, जब तक ढिबरा पर स्पष्ट नीति नही बन जाती, तब तक ढिबरा मजदूर समाहरणालय को नही छोड़ेंगे। उन्होंने कहा कि ढिबरा चुनने, खरीदने और बेचने का हक अधिकार मिलने पर ही बात बनेगी। उन्होंने कहा कि हमारी मांगों पर विचार नही किया गया तो संघ सड़क पर उतरेगी और जेल भरो अभियान का एलान किया जाएगा। मौके पर राजकिशोर सिंह, मो. इस्लाम, प्रकाश कुमार, मुरारी यादव, कलीम अंसारी, शिवशंकर घटवार, संजय सिंह, नंदलाल सिंह, रीतलाल सिंह, मुन्ना सिंह, दिनेश यादव, रंजीत यादव, उमा देवी, सोनिया देवी, सकलू मुंडा, शैलेन्द्र कुमार, दिनेश कुमार मिर्घा, नवीन सिंह, संजय शर्मा, सेराज मियां, कलावती देवी, रजिया मसोमात, सावित्री देवी, मीणा देवी, लीलावती देवी, मुनवा देवी, काजल देवी, रुबिया देवी, राखी देवी, बुधनी देवी, समरी देवी समेत कई लोग मौजूद थे।

विधानसभा की याचिका समिति ने की बैठक

कोडरमा। झारखंड विधानसभा की याचिका समिति की बैठक स्थानीय परिसदन भवन में समिति के सदस्य सह कोडरमा विधायक डॉ. नीरा यादव की अध्यक्षता में हुआ। बैठक के दौरान विधानसभा द्वारा प्राप्त याचिका से सम्बंधित मामलों पर हुए कार्रवाई की समीक्षा करते हुए समिति की सदस्या ने लम्बित मामलों को जल्द से जल्द निष्पादित करने का निर्देश दिया। बैठक में शिक्षा, राजस्व, पथ, ग्रामीण विकास, डीवीसी, पर्यटन आदि विभागों से प्राप्त याचिकाओं को जल्द से जल्द निष्पादित करने आदि का निर्देश दिया गया। मौके पर डीएफओ सूरज कुमार सिंह, डीडीसी ऋतुराज, एसी पूनम कुजूर, एसडीओ रिया सिंह, निदेशक डीआरडीए गोरांग महतो, सीएस डॉ. अनिल कुमार, डीएमओ दारोगा राय, जिला खेल पदाधिकारी कैलाश राम, डीईओ नयन कुमार आदि मौजूद थे।

झारखण्ड सरकार, गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग
झारखण्ड आन्दोलनकारी चिन्हितीकरण आयोग।

63वीं औपबंधिक सूची जिला-सिमडेगा (पार्ट-01)

क्र0	आवेदनकर्ता की विवरणी	गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड, रॉंची के संकल्प संख्या-1938, दिनांक-20.04.2021 के आलोक में प्रदत्त कंडिका
विवरण :- चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी भुवनेश्वर सेनापति, दामियन हेरेंज , नरोत्तम प्रसाद तथा अजयदान कुजूर द्वारा आयोग के सदस्य के समक्ष आवेदन पर दर्ज बयान तथा शपथ पत्र के माध्यम से पहचान के आधार पर।		
1.	1. आवेदन क्र0- 2. आवेदक-भूषण बाड़ा , पिता-पीटर बाड़ा 3. ग्राम-पेठियार टोली, सोगड़ा , पोस्ट-सिकरियाटां, थाना-पाकरटांड , प्रखण्ड-पाकरटांड 4. लिंग-पुरूष , आयु-51 वर्ष , पहचान चिन्ह-बायें पैर में घाव का निशान।	कंडिका-2(ix)
2.	1. आवेदन क्र0- 2. आवेदक-सुमन कुल्लू , पिता-जोसेफ कुल्लू 3. ग्राम-गोठाईन टांगर , पोस्ट-पाकरटांड , थाना-पाकरटांड , प्रखण्ड-पाकरटांड 4. लिंग-पुरूष , आयु-43 वर्ष , पहचान चिन्ह-सिना में तिल का निशान।	कंडिका-2(ix)
3.	1. आवेदन क्र0- 2. आवेदक-लोलस खलखो , पिता-स्व0 याकुब खलखो 3. ग्राम-भंडार टोली , हेठमा, पोस्ट-कुरडेग , थाना-कुरडेग , प्रखण्ड-कुरडेग 4. लिंग-पुरूष , आयु-60 वर्ष , पहचान चिन्ह-बायें हाथ में कटे का निशान।	कंडिका-2(ix)
4.	1. आवेदन क्र0- 2. आवेदक-बिनोद बरला , पिता-स्व प्रीतम मसीह बरला 3. ग्राम-परकला कटर टोली , पोस्ट-खिण्डा , थाना-कुरडेग , प्रखण्ड-कुरडेग 4. लिंग-पुरूष , आयु-54 वर्ष , पहचान चिन्ह-दाहिने जांघ में काला दाग।	कंडिका-2(ix)
5.	1. आवेदन क्र0- 2. आवेदक-अरविन्द लकड़ा , पिता-स्व प्रभु सहाय लकड़ा 3. ग्राम-खिण्डा डुमर टोली , पोस्ट-खिण्डा , थाना-कुरडेग , प्रखण्ड-कुरडेग 4. लिंग-पुरूष , आयु-55 वर्ष , पहचान चिन्ह-बायें हाथ बांह में तिल का दाग।	कंडिका-2(ix)
6.	1. आवेदन क्र0- 2. आवेदक-फिनयन टोप्पो , पिता-स्व सिलबानुस टोप्पो 3. ग्राम-कुरडेग खरवा टोली , पोस्ट-कुरडेग , थाना-कुरडेग , प्रखण्ड-कुरडेग 4. लिंग-पुरूष , आयु-61 वर्ष , पहचान चिन्ह-बायें पैर में घाव का निशान।	कंडिका-2(ix)
7.	1. आवेदन क्र0- 2. आवेदक-लौरेन्तुस कुजूर , पिता-स्व नुवास कुजूर 3. ग्राम-झरैन डाकुवा टोली , पोस्ट-हेठमा , थाना-कुरडेग , प्रखण्ड-कुरडेग 4. लिंग-पुरूष , आयु-46 वर्ष , पहचान चिन्ह-दाहिना पैर में घाव का दाग।	कंडिका-2(ix)
8.	1. आवेदन क्र0- 2. आवेदक-मनोज तिग्गा , पिता-स्व समसोन तिग्गा 3. ग्राम-सेमर डीपा , पोस्ट-कुटमा कच्छार , थाना-कुरडेग , प्रखण्ड-कुरडेग 4. लिंग-पुरूष , आयु-43 वर्ष , पहचान चिन्ह-नाक में तिल का निशान।	कंडिका-2(ix)
9.	1. आवेदन क्र0- 2. आवेदक-सियोन तिर्की , पिता-खिस्तोदास तिर्की 3. ग्राम-भंडार टोली हेठमा, पोस्ट-कुरडेग , थाना-कुरडेग , प्रखण्ड-कुरडेग 4. लिंग-पुरूष , आयु-84 वर्ष , पहचान चिन्ह-बायें गाल में तिल का दाग।	कंडिका-2(ix)
10.	1. आवेदन क्र0- 2. आवेदक-जेम्स तिर्की , पिता-स्व0 बरनाबस तिर्की 3. ग्राम-छाताकाहू गम्भाईरडीपा, पोस्ट-चाड़रीमुण्डा , थाना-कुरडेग , प्रखण्ड-कुरडेग 4. लिंग-पुरूष , आयु-51 वर्ष , पहचान चिन्ह-दाहिने होंठ के नीचे तिल।	कंडिका-2(ix)
11.	1. आवेदन क्र0- 2. आवेदक-नेम्हाती मिंज , पति-स्व0 रविवार मिंज 3. ग्राम-गड़ियाजोर, पोस्ट-गड़ियाजोर , थाना-कुरडेग , प्रखण्ड-कुरडेग 4. लिंग-महिला , आयु-59 वर्ष , पहचान चिन्ह-अंकित नहीं।	कंडिका-2(ix)
12.	1. आवेदन क्र0- 2. आवेदक-देवनीस खलखो , पिता-स्व0 सिलबानुस खलखो 3. ग्राम-कुटमाकच्छार , पोस्ट-कुरडेग , थाना-कुरडेग , प्रखण्ड-कुरडेग 4. लिंग-पुरूष , आयु-59 वर्ष , पहचान चिन्ह-दाये पैर में घाव का निशान।	कंडिका-2(ix)
13.	1. आवेदन क्र0- 2. आवेदक-जिदन जोजो, पिता-जकरिया जोजो 3. ग्राम-बेड़ाटोली चांदसाय , पोस्ट-गेरदा , थाना-बानो , प्रखण्ड-बानो 4. लिंग-पुरूष , आयु-47 वर्ष , पहचान चिन्ह-दाहिना पैर में जला घाव का दाग।	कंडिका-2(ix)
14.	1. आवेदन क्र0- 2. आवेदक-इशु कीरिंग सुरीन , पिता-धर्मदास सुरीन 3. ग्राम-मौनाबेड़ा, डकौली , पोस्ट-लामगढ़ , थाना-बानो , प्रखण्ड-बानो 4. लिंग-पुरूष , आयु-65 वर्ष , पहचान चिन्ह-दाहिना पैर में घाव चिन्ह।	कंडिका-2(ix)
15.	1. आवेदन क्र0- 2. आवेदक-सबन डोंग , पिता-इलियाजर डोंग 3. ग्राम-टोनिया, कुला तुपु , पोस्ट-गेनमेर , थाना-बानो , प्रखण्ड-बानो 4. लिंग-पुरूष , आयु-43 वर्ष , पहचान चिन्ह-दाहिना कलाई में घाव का निशान।	कंडिका-2(ix)
16.	1. आवेदन क्र0- 2. आवेदक-जोन कन्डुलना , पिता-सानिया कन्डुलना 3. ग्राम-टोनिया, कुला तुपु , पोस्ट-गेनमेर , थाना-बानो , प्रखण्ड-बानो 4. लिंग-पुरूष , आयु-49 वर्ष , पहचान चिन्ह-दाहिना छाती में तिल का निषान।	कंडिका-2(ix)
17	1. आवेदन क्र0- 2. आवेदक-बिराज कन्डुलना, पति-जोन कन्डुलना 3. ग्राम-टोनिया, कुला तुपु , पोस्ट-गेनमेर , थाना-बानो , प्रखण्ड-बानो 4. लिंग-महिला , आयु-49 वर्ष , पहचान चिन्ह-बायें हाथ में घाव का निशान।	कंडिका-2(ix)
18.	1. आवेदन क्र0- 2. आवेदक-सुगड़ डोंग , पिता-इलियाजर डोंग 3. ग्राम-टोनिया, पोस्ट-गेनमेर , थाना-बानो , प्रखण्ड-बानो 4. लिंग-पुरूष , आयु-49 वर्ष , पहचान चिन्ह-दाहिना हथेली में तिल का निशान।	कंडिका-2(ix)
19.	1. आवेदन क्र0- 2. आवेदक-अमृत मड़की , पिता-बोवस मड़की 3. ग्राम-केन्दुदा, पबुड़ा , पोस्ट-बानो , थाना-बानो , प्रखण्ड-बानो 4. लिंग-पुरूष , आयु-52 वर्ष , पहचान चिन्ह-दाहिना घुटने में घाव का निशान।	कंडिका-2(ix)
20.	1. आवेदन क्र0- 2. आवेदक-मेलन कन्डुलना , पिता-मतियस कन्डुलना 3. ग्राम-कुदुंगिया, टोंगापानी , पोस्ट-कुदुंगिया , थाना-जलडेगा , प्रखण्ड-जलडेगा 4. लिंग-पुरूष , आयु-45 वर्ष , पहचान चिन्ह-दाहिना कनिष्ट अंगुली में तिल का निशान।	कंडिका-2(ix)
21.	1. आवेदन क्र0- 2. आवेदक-अकसय बेक , पिता-स्व0 कोमल बेक 3. ग्राम-झिमोटोली, गरजा , पोस्ट-गरजा , थाना-सिमडेगा , प्रखण्ड-सिमडेगा 4. लिंग-पुरूष , आयु-58 वर्ष , पहचान चिन्ह-कपार में दाहिना साईड तिल का निशान।	कंडिका-2(ix)
22.	1. आवेदन क्र0- 2. आवेदक-नरेन्द्र प्रधान , पिता-गन्दुरा प्रधान 3. ग्राम-गरजा भण्डार टोली, पोस्ट-गरजा , थाना-सिमडेगा , प्रखण्ड-सिमडेगा 4. लिंग-पुरूष , आयु-46 वर्ष , पहचान चिन्ह-बायें हाथ में तिल का निषान।	कंडिका-2(ix)
23.	1. आवेदन क्र0- 2. आवेदक-लालदेव बड़ाईक , पिता-स्व0 सुकरू बड़ाईक 3. ग्राम-कोचेडेगा, बांसपहार , पोस्ट-कोचेडेगा , थाना-सिमडेगा , प्रखण्ड-सिमडेगा 4. लिंग-पुरूष , आयु-58 वर्ष , पहचान चिन्ह-दाहिना पैर में घाव का निशान।	कंडिका-2(ix)
24	1. आवेदन क्र0-01/24 2. आवेदक-सिमसोन बड़ाईक , पिता-स्व0 दानिएल बड़ाईक 3. ग्राम-बांकी (कम्पुदा) , पोस्ट-बांकी , थाना-बानो , प्रखण्ड-बानो 4. लिंग-पुरूष , आयु-62 वर्ष , पहचान चिन्ह-दाहिने पैर में घाव का निशान।	कंडिका-2(ix)
25.	1. आवेदन क्र0-02/24 2. आवेदक-हेलेन होरो , पति-सिमसोन बड़ाईक 3. ग्राम-बांकी (कम्पुदा) , पोस्ट-बांकी , थाना-बानो , प्रखण्ड-बानो 4. लिंग-महिला , आयु-55 वर्ष , पहचान चिन्ह-होंठ के बगल में घाव का निशान।	कंडिका-2(ix)
26.	1. आवेदन क्र0-03/24 2. आवेदक-मानुएल डोंग , पिता-जुनास डोंग 3. ग्राम-बुढ़ीझरैन , पोस्ट-सिकोरदा , थाना-बानो , प्रखण्ड-बानो 4. लिंग-पुरूष , आयु-54 वर्ष , पहचान चिन्ह-दाहिने पैर में घुटने के पास घाव का निशान।	कंडिका-2(ix)
27.	1. आवेदन क्र0-04/24 2. आवेदक-अनीता डोंग , पति-मनुएल डोंग 3. ग्राम-उकौली (बुढ़ीझरैन) , पोस्ट-सिकोरदा , थाना-बानो , प्रखण्ड-बानो 4. लिंग-महिला , आयु-46 वर्ष , पहचान चिन्ह-बायें हाथ में तिल का दाग।	कंडिका-2(ix)
28.	1. आवेदन क्र0-05/24 2. आवेदक-रूत बागे , पति-स्व0 जोहन बागे 3. ग्राम-बाजार टोली, बानो , पोस्ट-बानो , थाना-बानो , प्रखण्ड-बानो 4. लिंग-महिला , आयु-52 वर्ष , पहचान चिन्ह-चेहरे में बायें तरफ तिल का दाग।	कंडिका-2(ix)
29.	1. आवेदन क्र0-06/24 2. आवेदक-अनिल कुमार बागे , पिता-सुगड़ बागे 3. ग्राम-बानो , पोस्ट-बानो , थाना-बानो , प्रखण्ड-बानो 4. लिंग-पुरूष , आयु-57 वर्ष , पहचान चिन्ह-दाहिने पैर में घुटने के पास घाव का निशान।	कंडिका-2(ix)
30.	1. आवेदन क्र0-07/24 2. आवेदक-भिन्सेन्ट कन्डुलना , पिता-स्व0 मिखेल कन्डुलना 3. ग्राम-मोरहाटोली, सोड़ा , पोस्ट-बानो , थाना-बानो , प्रखण्ड-बानो 4. लिंग-पुरूष , आयु-72 वर्ष , पहचान चिन्ह-बायें पैर पर घाव का निशान।	कंडिका-2(ix)
31.	1. आवेदन क्र0-08/24 2. आवेदक-नवीन तोपनो , पिता-स्व0 आनन्दमसीह तोपनो 3. ग्राम-सिजांग जितिया टोली , पोस्ट-बानो , थाना-बानो , प्रखण्ड-बानो 4. लिंग-पुरूष , आयु-54 वर्ष , पहचान चिन्ह-बायें घुटने में घाव का निशान।	कंडिका-2(ix)
32.	1. आवेदन क्र0-09/24 2. आवेदक-प्रभु सहाय तोपनो , पिता-स्व0 आनन्दमसीह तोपनो 3. ग्राम-सिजांग जितिया टोली , पोस्ट-बानो , थाना-बानो , प्रखण्ड-बानो 4. लिंग-पुरूष , आयु-65 वर्ष , पहचान चिन्ह-बायें पैर में घाव का निशान।	कंडिका-2(ix)
33.	1. आवेदन क्र0-10/24 2. आवेदक-असीम सुरिन , पिता-स्व0 एनेम सुरिन 3. ग्राम-बिरता झिरगा टोली , पोस्ट-बोरोसेता , थाना-महाकुआंग , प्रखण्ड-बानो 4. लिंग-पुरूष , आयु-49 वर्ष , पहचान चिन्ह-दाहिने पैर में घाव का निशान।	कंडिका-2(ix)
34.	1. आवेदन क्र0-11/24 2. आवेदक-सुशालेन बागे, पति-स्व0 पावल बागे 3. ग्राम-बानो कुसुम टोली , पोस्ट-बानो , थाना-बानो , प्रखण्ड-बानो 4. लिंग-महिला , आयु-72 वर्ष , पहचान चिन्ह-बायें पैर में घाव का निशान।	कंडिका-2(ix)
35.	1. आवेदन क्र0-12/24 2. आवेदक-बिलन बागे, पति-स्व0 भीमसेन बागे 3. ग्राम-बानो तेतर टोली , पोस्ट-बानो , थाना-बानो , प्रखण्ड-बानो 4. लिंग-महिला , आयु-64 वर्ष , पहचान चिन्ह-दाहिना हथेली में तिल का निशान।	कंडिका-2(ix)
36.	1. आवेदन क्र0-13/24 2. आवेदक-सुधीर लुगुन , पिता-नवीन दास लुगुन 3. ग्राम-बानो पहान टोली , पोस्ट-बानो , थाना-बानो , प्रखण्ड-बानो 4. लिंग-पुरूष , आयु-48 वर्ष , पहचान चिन्ह-बायां गाल में जला हुआ दाग।	कंडिका-2(ix)
37.	1. आवेदन क्र0-14/24 2. आवेदक-पुष्पा जोजो , पति-भीमसेन्ट जोजो 3. ग्राम-रायकेरा , पोस्ट-रायकेरा , थाना-बानो , प्रखण्ड-बानो 4. लिंग-महिला , आयु-62 वर्ष , पहचान चिन्ह-दाहिने पैर में तिल का निशान।	कंडिका-2(ix)
38.	1. आवेदन क्र0-15/24 2. आवेदक-निमानी जोजो , पति-शांतिएल जोजो 3. ग्राम-रायकेरा , पोस्ट-रायकेरा , थाना-बानो , प्रखण्ड-बानो 4. लिंग-महिला , आयु-47 वर्ष , पहचान चिन्ह-दाहिने हाथ में तिल का निषान।	कंडिका-2(ix)
39.	1. आवेदन क्र0-16/24 2. आवेदक-शांतिएल जोजो , पिता-सागेन जोजो 3. ग्राम-रायकेरा , पोस्ट-रायकेरा , थाना-बानो , प्रखण्ड-बानो 4. लिंग-पुरूष , आयु-47 वर्ष , पहचान चिन्ह-बायां पैर में घाव का निशान।	कंडिका-2(ix)
40.	1. आवेदन क्र0-17/24 2. आवेदक-भीमसेन्ट जोजो , पिता-स्व0 प्रभुसहाय जाजो 3. ग्राम-रायकेरा , पोस्ट-रायकेरा , थाना-बानो , प्रखण्ड-बानो 4. लिंग-पुरूष , आयु-65 वर्ष , पहचान चिन्ह-बायें पैर में घाव का निशान।	कंडिका-2(ix)
41.	1. आवेदन क्र0-18/24 2. आवेदक-जोलेन जोजो , पिता-एनेम दान जोजो 3. ग्राम-जामताई, पट्टातिरील , पोस्ट-डुरदा , थाना-बानो , प्रखण्ड-बानो 4. लिंग-पुरूष , आयु-53 वर्ष , पहचान चिन्ह-बायें पैर पर कटे का निशान।	कंडिका-2(ix)
42.	1. आवेदन क्र0-19/24 2. आवेदक-सुगड़ तोपनो , पिता-स्व0 नेलसन तोपनो 3. ग्राम-डुमरिया , पोस्ट-हटिंगहोड़े , थाना-बानो , प्रखण्ड-बानो 4. लिंग-पुरूष , आयु-52 वर्ष , पहचान चिन्ह-बायां हाथ में तिल का दाग।	कंडिका-2(ix)

नोट :- 1. यह सूची पूर्णरूपेण औपबंधिक है।
2. इस सूची में किसी प्रकार की त्रुटि पाये जाने पर दस (10) दिनों के अन्दर आयोग को आपत्ति कर सकते हैं। आश्रित होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र तथा आश्रित संबंधी प्रतिवेदन संलग्न करना आवश्यक है।

(भुवनेश्वर महतो) सदस्य (नरसिंह मुर्मू) सदस्य (दुर्गा उराँव) अध्यक्ष

PR.NO.318862 Home(23-24):D

स्पीड न्यूज

आंगनबाड़ी केंद्र जबरा मे सेविका, सहायिका का चयन 16 फरवरी को

बारियातू। प्रखंड क्षेत्र के साल्वे पंचायत अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्र जबरा मे सेविका/सहायिका का चयन ग्रामसभा के माध्यम से 16 फरवरी शुक्रवार को 11 बजे होना तय किया गया है। बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, बालुमाथ कार्यालय के निर्देश के आलोक मे परियोजना अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्रों मे आंगनबाड़ी सेविका /सहायिका रिक्त पदों को भरने हेतु कार्यालय के पत्रांक 703 दिनांक 21.12.23 के द्वारा प्रथम चरण मे कुल सात पदो की चयन तिथि आमसभा सहित सलंग्न कर विभाग को भेजी गई थी। जिसमें आंगनबाड़ी केंद्र जबरा मे कुछ त्रुटि पाए जाने के कारण निर्धारित तिथि को स्थगित किया गया था। जिसे सुधार कर दिनांक 16 फरवरी शुक्रवार को ग्यारह बजे निर्धारित की गई है।

श्री सोमेश्वर साई मंदिर का 12 वां वार्षिक उत्सव धुम-धाम के साथ संपन्न

प्रसाद ग्रहण करते श्रद्धालु।

लातेहार। शहर के श्री सोमेश्वर साई मंदिर के 12वें वार्षिक उत्सव बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया। इस मौके पर पुरोहित संतोष मिश्रा और उनके सहयागियों ने वैदिक मंत्रोच्चारण से पूरा शहर भक्तिमय कर दिया। मौके पर बतौर मुख्य यजमान अरविंद प्रसाद सह पत्नी उपस्थित थे। समिति के अध्यक्ष वीरेंद्र प्रसाद ने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजनों से सामाजिक सौहार्द की भावनाओं का संचार होता है। क्षेत्र में सुख व समृद्धि आती है। भंडारे में हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लिया और प्रसाद ग्रहण किया। बता दें कि तीन दिवसीय कार्यक्रम का शुभारंभ 11 फरवरी को कलश यात्रा के साथ हुआ था। दूसरे दिन मंदिर परिसर मे वेदी पूजन व अन्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। तीसरे दिन मंगलवार को भंडारे के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ। मौके पर समिति के लाल आशीष नाथ शाहदेव, बिट्टू प्रसाद, अनिल सिंह, शिवकुमार, नंदन शौण्डिक समेत कई लोग उपस्थित थे।

चंदवा में सरस्वती पूजा की तैयारी जोरो पर, अंतिम रूप देने में जुटे लोग

चंदवा। ग्रीन फील्ड एकेडमी, ब्राइट फ्यूचर पुब्लिक स्कूल पिपराही रोल, प्लस 2 हाई स्कूल, मवि चंदवा, बालिका मवि, मां सरस्वती कोचिंग सेंटर, हरैया, शुक्र बाजार, समेत चंदवा शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों में बुधवार को मनाई जाने वाली विद्या की देवी मां सरस्वती की पूजा को लेकर तैयारी जोरों पर है। खराब मौसम व लगातार हो रही बारिश के बीच पूजा समिति के लोग विद्यार्थी पूजा पंडाल का निर्माण एवं साजो-सज्जा को अंतिम रूप देने में जुटे हैं। इधर मंगलवार को सरस्वती पूजा को लेकर बाजार में उत्साह देखने को मिला, लोग मूर्ति, पूजन सामग्री, सजावट के समान व प्रसाद सामग्री की खरीदारी करते देखे गए। मां सरस्वती कोचिंग सेंटर के संचालक शशिकांत मिश्रा ने बताया कि संस्थान द्वारा सरस्वती पूजा के मौके पर 24 घण्टे का विशेष रामायण पाठ कार्यक्रम किया जाएगा, जिसमे पटना श्रीराम मंदिर की टीम द्वारा प्रस्तुति दी जाएगी। इधर चेटर पंचायत अंतर्गत आन गाव में नवयुवक संघ मिलन चौक के द्वारा सरस्वती पूजा की विशेष तैयारी की जा रही है। पूजा को सफल बनाने में समिति के संरक्षक राजन भगत, अध्यक्ष राहुल कुमार समेत अन्य ग्रामीण पूरी निष्ठा के साथ लगे हुए हैं।

मनिका प्रखंड में धूमधाम से मनाया जाएगा मां सरस्वती की पूजा

मनिका। मनिका प्रखंड क्षेत्र में बसंत पंचमी को मां सरस्वती पूजा को लेकर भक्तिमय वातावरण बना हुआ है श्रद्धालुओं के द्वारा पूजा स्थल एवं पंडालों को पुष्प,गुबारा,लाइट इत्यादि के माध्यम से काफी भव्य तरीके से सजाया गया है। मंगलवार की संध्या में ही सभी पंडालों में माता का प्रतिमा स्थापित किया जाएगा। पंडालों में प्रतिमा स्थापित करने को लेकर सभी मूर्ति निर्माण स्थल पर श्रद्धालुओं की काफी भीड़ देखी गई लोग अपने-अपने वाहनों से विभिन्न जगह पर माता का प्रतिमा ले जा रहे थे। वहीं पशु पालन विभाग मनिका के समीप स्थित न्यू लाइंस क्लब के निक्की कुमार ने बताया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी मां सरस्वती की पूजा बड़े ही धूमधाम से और श्रद्धापूर्वक मनाई जाएगी पूजा का कार्यक्रम शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न करवाने को लेकर पूर्व से ही तैयारी की जा रही थी। बताते चलें कि विद्या की देवी मां सरस्वती की पूजा क्षेत्र के लोग काफी श्रद्धा-भाव के साथ मनाते हैं विद्यालय,मंदिरों के साथ-साथ गांव के लोग अपने निजी स्थलों पर भी पंडाल बनाकर माता का प्रतिमा स्थापित करते हैं और विधिवत पूर्वक पूजा-अर्चना करते हैं। वहीं इस अवसर पर क्षेत्र के विभिन्न गांव में पूजा कमेटी के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया जाएगा।

विधायक व कांग्रेसी कार्यकताओं ने प्रदेश प्रभारी व अध्यक्ष का किया भव्य स्वागत

राहुल गांधी लोगों के लिए कर रहे हैं न्याय यात्रा, चुनाव के लिए नहीं : राजेश ठाकुर

खबर मन्त्र संवाददाता

मनिका। मनिका प्रखंड मुख्यालय स्थित आशीर्वाद होटल के पास दिन मंगलवार को गढ़वा में आयोजित भारत जोड़ो न्याय यात्रा कार्यक्रम में शामिल होने के लिए जाने के क्रम में कांग्रेस झारखंड प्रभारी गुलाम अहमद मीर,प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर,कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष शहजाद अनवर एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय का आगमन हुआ। जहां पर मनिका विधानसभा क्षेत्र के विधायक रामचंद्र सिंह के नेतृत्व में विधायक प्रतिनिधि दरोगी प्रसाद यादव,कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र पासवान,कांग्रेस बीस सूत्री अध्यक्ष विश्वनाथ पासवान,युवा कांग्रेस जिला

स्वागत करते विधायक व कार्यकर्ता।

अध्यक्ष अमित यादव,उपाध्यक्ष सुरेंद्र उरांव,युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष मिथिलेश पासवान,युवा कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष ओम प्रकाश यादव,उपाध्यक्ष विशाल कुमार पासवान,समेत अन्यों ने पुष्प माला पहनाकर व शॉल एवं बुके देकर भव्य स्वागत किया। मौके पर प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने बताया कि भारत जोड़ो न्याय यात्रा लोगों के लिए है जिसे राहुल गांधी लेकर आगे बढ़ रहे हैं आज वह झारखंड राज्य के गढ़वा में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे और पलामू होते हुए बिहार के लिए प्रस्थान करेंगे। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी चुनाव के लिए नहीं लोगों के न्याय के लिए घूम रहे हैं। लोगों को न्याय दिलाने का हम लोगों का प्रयास है और हमें विश्वास है कि लातेहार, मनिका और पलामू के जनता इस न्याय यात्रा में ज्यादा से ज्यादा संख्या में शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि जनता जिसे चुनेगी टिकट उन्हीं को दिया जाएगा। मौके पर वृंदबिहारी प्रसाद यादव, बसंत यादव, लालू यादव, वीरेंद्र यादव, अभिषेक भारती, तस्लीम अंसारी, विनोद यादव, हरेंद्र यादव, कामेश्वर राम, अरुण सिंह, पूर्व मुखिया संजय सिंह, योगेंद्र यादव, उत्तम कुमार, समेत कई लोग उपस्थित थे।

चंदवा में कांग्रेसियों ने प्रदेश प्रभारी का किया स्वागत

मौके पर मौजूद गुलाम अहमद मीर।

चंदवा। झारखंड कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर रांची से अपने काफिले के साथ छत्तीसगढ़ जाने के क्रम में चंदवा के इंदिरा गांधी चौक पर थोड़ी देर के लिए रुके, जहां कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष सह राज्य सभा सांसद प्रतिनिधि असगर खान के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने उनका भव्य स्वागत किया। काफिले में पूर्व मंत्री सुबोधकांत सहाय व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर भी साथ थे। यात्रा की जानकारी देते हुए राजेश ठाकुर ने बताया कि हम लोग राहुल गांधी के सामाजिक न्याय पदयात्रा में शामिल होने के लिए रांची से निकले हैं, सर्वप्रथम छत्तीसगढ़ जाएंगे जहां गोदरमाना में छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष, झारखंड प्रदेश अध्यक्ष को झंडा सौंपेंगे। इसके बाद हम लोग गढ़वा होते हुए बी मोड़ होते हुवे नावागांव पहुंचेंगे जहां राहुल गांधी भी मौजूद होंगे। दूसरे दिन हम लोगों का काफिला राहुल गांधी के नेतृत्व में हरिहरगंज छतरपुर होते हुए बिहार के लिए प्रस्थान करेगी। इस मौके पर कई कांग्रेसी मौजूद थे।

अबुआ आवास के लिए महिला ने बीडीओ से की फरियाद, कहा

तीन साल पहले गिर चुका है घर, दूसरे के आशियाने में परिवार का हो रहा है बसर

खबर मन्त्र संवाददाता

बरवाडीह। राज्य सरकार की महत्वकांक्षी अबुआ आवास योजना में लाभुकों के चयन में बड़ी गड़बड़ी बरवाडीह के विभिन्न पंचायतों में देखने को मिल रही है। जहां जरूरतमंद लोग आवास में नाम शामिल करने को लेकर प्रखण्ड कार्यालय का चक्कर काटते देखे जा रहें है। ताजा मामला खुरा पंचायत से प्रकाश में आया हैं। जहां मगलवार को बभन्डीह ग्राम निवासी महिला ललिता देवी, पति अनोज कुमार ने बीडीओ रेशमा रेखा मिंज को आवेदन सौंपकर आवास योजना में नाम चयन करने की मांग की है। दिए गए आवेदन में ललिता देवी ने

ध्वस्त आशियाने के साथ महिला ललिता देवी।

बताया है कि मेरा घर आज से तीन साल पहले गिर चुका है। मैं अपने 3 बच्चों के साथ अपनी गोतनी के घर में रहती हूं। मेरा अपना घर नहीं होने के कारण बहुत परेशानी उठानी पड़ रही है। बताया कि इसे लेकर पूर्व बीडीओ राकेश सहाय को भी लिखित आवेदन भी दी थी। उन्होंने आवास उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया था लेकिन अभी तक कोई कारवाई नहीं हुई। बताया कि मेरा परिवार इतना गरीब है कि आज तक हमलोग कमा कर अपना अलग घर नही बना सकें हैं, आखिर और कब तक दूसरे के घर में गुजर बसर करना पड़ेगा। उन्होंने बीडीओ रेशमा रेखा मिंज से घर की जांच करते हुए अबुआ आवास योजना में नाम शामिल करने की गुहार लगाई हैं।

फॉरेस्ट व ओबी के पत्थर से कराया जा रहा है गढ़वाल निर्माण, सीसीएल, वन व खनन विभाग है मौन

खबर मन्त्र संवाददाता

बालूमाथ। सीसीएल द्वारा संचालित मगध कोलियरी में लगभग 80 लाख की लागत से बनने वाले 500 मीटर लंबा गढ़वाल निर्माण में खुलेआम फॉरेस्ट व ओबी द्वारा निकाले गए पत्थर से निर्माण कराया जा रहा है और विभाग को चूना लगाया जा रहा है। चमातू ग्राम के डाढ़ीदोहर में सीसीएल मद से बनाए जा रहे गढ़वाल निर्माण में वन विभाग से लाये अवैध पत्थर से बनाया जा रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि यह पत्थर खिरकीया टोंगरी, फुलबसिया एवं अमरवाड़ीह जंगल से अवैध रूप से तोड़कर ट्रैक्टर के माध्यम

अवैध पत्थर।

से अहले सुबह 2:00 से 5:00 के बीच गढ़वाल निर्माण स्थल पर गिराया जाता है। ज्ञात हो कि गढ़वाल निर्माण का जिम्मा जेबियन टेक्नोलॉजी इंडिया प्राइवेट लिमिटेड दिल्ली द्वारा निर्माण कराया जा रहा है। प्रावधान के मुताबिक गढ़वाल निर्माण में लगने वाले पत्थर को लीज माइंस से पत्थर लाकर निर्माण कराना है। लेकिन कंपनी द्वारा सीसीएल की मिलीभगत से वन विभाग एवं ओबी द्वारा निकाले गए घटिया क्वालिटी का मुर्दा पत्थर का उपयोग धड़ल्ले से किया जा रहा है। जिससे गढ़वाल निर्माण की गुणवत्ता के साथ खिलवाड़ हो रहा है। वहीं वन विभाग की जमीन से अवैध पत्थर लाने से जंगल व पहाड़ के अस्तित्व भी खतरे में पड़ता दिखाई पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि गार्डवाल निर्माण में अभी भी जाँच किया जाय तो गड़वाल में लगे सारे पत्थर वन विभाग का निकलेगा। लेकिन आज तक ना तो वन विभाग इस पर कार्रवाई की है ना ही खनन विभाग। इधर कंपनी के अवैध पत्थर लगाने से सरकार को लाखों रुपए राजस्व का नुकसान उठाना पड़ रहा है। इस संबंध में डीएफओ लातेहार रौशन कुमार से संपर्क किया गया तो उन्होंने कहा कि मैं अभी एक मीटिंग में बिजी हूं। इस संबंध में जीएम निपेन्द्र नाथ ने कहा कि इस बिषय में सिविल इंजीनियर से बात कर लीजिए और अगर गलत तरीके से बनाया जा रहा होगा तो जाँच कर कार्यवाही की जाएगी।

कदाचार मुक्त परीक्षा संपन्न

बालूमाथ। झारखंड राज्य अधिविध परिषद द्वारा इंटरमीडिएट की परीक्षा में मंगलवार को इतिहास विषय की परीक्षा हुई। जिसको लेकर बालूमाथ प्रखंड में दो परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। जिसमें परीक्षा केंद्र राजकीय कृत उच्च विद्यालय प्लस टू में कल 588 परीक्षार्थियों में सभी उपस्थित पाए गए। वहीं प्रोजेक्ट इंदिरा गांधी बालिका उच्च विद्यालय में 45 परीक्षार्थियों में सभी उपस्थित पाए गए। केंद्र अधीक्षक मोहम्मद जसीम ने बताया की परीक्षा को कदाचार मुक्त संपन्न कराया गया। ज्ञात हो की झारखंड अधिविध परिषद द्वारा मैट्रिक व इंटर की परीक्षा कराई जा रही है जो 6 फरवरी से शुरू होकर 26 फरवरी तक आयोजित होगा।

अनियंत्रित ट्रक ने बाइक सवार को मारी टक्कर, घायल रिम्स रेफर

बालूमाथ। बालूमाथ-रांची मुख्य पथ एनएच 22 पर मंगलवार को मकईयाटांड ग्राम के समीप एक अनियंत्रित ट्रक ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार तस्वीर आलम 40 वर्ष पिता नुनु आलम ग्राम चैककला चौपारण बिहार निवासी घूम-घूम कर अंगूठी रतन बेचने का काम करता है। तसवीर अपने मोटरसाइकिल से बालूमाथ से चंदवा की ओर जा रहा था। इसी दौरान मकईयाटांड ग्राम के समीप बाइक में पीछे से एक अनियंत्रित ट्रक ने टक्कर मार दिया और फरार हो गया। जिससे तस्वीर गंभीर रूप से वह घायल हो गया। घटना के बाद पुलिस के सहयोग से घायल युवक को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डॉक्टर अमरनाथ प्रसाद के द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज हेतु रांची रिम्स रेफर किया गया।

ईंट भट्ठे में कार्यरत मजदूर की बज्रपात से मौत, परिजनों पर टूटा दुःखों का पहाड़

खबर मन्त्र संवाददाता

चंदवा। मंगलवार को मौसम के बदलने के बाद अचानक शुरू हुई बारिश के बीच हुई बज्रपात के चपेट में आने से थाना क्षेत्र अंतर्गत बारी पंचायत के ऐटे ग्राम निवासी राजेश लोहरा पिता बलि लोहरा गम्भीर रूप झुलस गया। घटना उस वक्त घटी जब वह ईंट भट्ठे में काम करने गया था, इसी क्रम में बारिश से बचने के लिए पेड़ के पास गया ही था कि आसमानी बिजली गिरी, जिसके चपेट में वह आ गया।

मृतक मजदूर।

बज्रपात की चपेट में आने बाद ईंट भट्ठे में कार्यरत मजदूर राजेश लोहरा को आनन-फानन में परिजन लेकर चंदवा सीएचसी पहुंचे जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार राजेश लोहरा जमुनी महुआ स्थित शुल्तान मियां के बंगला ईंट भट्ठे में मजदूरी का काम करता था, प्रतिदिन की तरह मंगलवार को भी वह काम पर गया था। इधर घर के कमाऊ सदस्य की असामयिक मौत के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। बता दें कि राजेश लोहरा अपने पीछे पत्नी गीता देवी समेत एक लगभग डेढ़ वर्ष की बेटी को पीछे छोड़ गया है वहीं गीता देवी भी गर्भवती है। पति की मौत के बाद गीता पूरी तरह से टूट गयी है। परिजनों ने प्रशासन से पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा प्रदान करने की गुहार लगाई है।

कीचड़ और गड्ढे युक्त सड़क से प्रतिदिन जान जोखिम में डालकर गुजरते है ग्रामीण

शिलान्यास के बीस दिनों बाद भी शुरू नहीं हुआ सड़क का निर्माण कार्य

खबर मन्त्र संवाददाता

बरवाडीह। प्रदेश सरकार और मनिका विधानसभा सभा क्षेत्र के विधायक रामचंद्र सिंह सड़कों को गड्ढामुक्त कराने का अभियान चला रहे है। इसी अभियान में बरवाडीह प्रखंड क्षेत्र की कई सड़कों के मरम्मतीकरण के काम का शिलान्यास भी विधायक ने किया। लेकिन शिलान्यास के कई दिनों बाद भी कार्य प्रारंभ नहीं होने से ग्रामीणों में नाराजगी देखी जा रही है। बता दें कि प्रखण्ड क्षेत्र के छेंचा पंचायत में मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत चपरी ग्राम के मेलाटांड़ से मजूमरी टोला तक सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास हुए 20 दिन बीत गए लेकिन संवेदक द्वारा अब तक निर्माण कार्य शुरू करना तो दूर

योजना बोर्ड।

सामग्री भी कही देखने को नहीं मिल रही है। निर्माण कार्य शुरू नहीं होने से गांव के लोगों को आवागमन में भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। बता दें कि विधायक रामचंद्र सिंह के अथक प्रयास से इस सड़क के निर्माण कार्यं की स्वीकृति मिली थी और शिलान्यास के बाद ग्रामीणों में उम्मीद जगी थी की अब उनका आवागमन सुलभ हो सकेगा। क्योंकि आए दिन इस जर्जर मार्ग से गुजरने वाले ग्रामीणों में हादसे का भय बना रहता है, और छोटी मोटी दुर्घटनाएं होती रहती है। बावजूद इसके ग्रामीण कार्य विभाग लातेहार की उदासीनता के कारण अब तक इस सड़क में काम नहीं लगने से ग्रामीणों ने नाराजगी देखी जा रही है। इधर बारिश के बाद सड़क काफी खतरनाक बन चुकी है। इसमें दो किलोमीटर की दूरी तय करते समय लोगों की धड़कनें बढ़ जाती हैं। अबतक कई लोग दुर्घटना के शिकार हो चुके हैं। इस सड़क में सरकारी विद्यालय भी हैं। छात्रों को कितनी परेशानी होती होगी, इसका अंदाजा सहज लगाया जा सकता है। लोगों में सरकार, विधायक व सांसद के प्रति काफी निराशा है। कीचड़ और गड्ढे युक्त सड़क से प्रतिदिन हजारों लोग जान जोखिम में डालकर आवागमन करते है। ग्रामीणों ने जिले की नवपदस्थापित उपायुक्त महोदया से शीघ्र ही मामले को उचित कारवाई करते हुए निर्माण कार्य शुरू कराने की मांग की है।

एक नजर में

आकाशीय विद्युताघात से बरवाडीह के अलग-अलग पंचायत में दो मवेशियों की हुई मौत

बरवाडीह। बरवाडीह में लगातार हो रही बारिश के साथ आकाशीय विद्युताघात का कहर भी देखने को मिला हैं। ब्रजपात से प्रखण्ड के दो अलग-अलग पंचायतों में दो पशुओं की मौत हो गई है। मंगलवार की सुबह लगभग 9 बजे मंगरा गांव में हुए बज्रपात से एक मवेशी (बैल) की मौत हो गई है। वहीं मवेशी मालिक कमल सिंह (45) को भी हल्का बज्रपात का झटका लगने से घायल होकर बेहोश हो गए। वहीं परिजनों द्वारा आनन-फानन घायल कमल सिंह को इलाज के लिए बरवाडीह स्वास्थ्य केंद्र में लाया गया। जहां डॉक्टर जयवंत लकड़ा द्वारा कमल सिंह का समुचित इलाज किया गया। वहीं डॉक्टर जयवंत लकड़ा ने बताया की वैसी कोई घबराने की बात नही है। हल्की बज्रपात का झटका लगने से वो हताश होकर बेहोश गए थे अब वो बिल्कुल ठीक है, उन्हें वापस घर भेज दिया गया है। वहीं बज्रपात में घायल कमल सिंह के परिजनों ने बताया की घर से थोड़ी दूरी पर एक पेड़ के पास बैल को बांधा गया था। सुबह जब बारिश होने लगी तो वो मवेशी को खोलने जा रहे थे तभी अचानक बज्रपात हो गई और मौके पर ही मवेशी का मौत हो गई। वहीं दूसरी ओर प्रखंड के केचकी पंचायत के लालीमाटी गांव में हुए बज्रपात से सुगिया कुंवर के एक गाय की मौत हो गई है। वहीं दूसरी गाय घायल हो गई है। इसकी जानकारी मिलते ही केचकी पंचायत के मुखिया बुद्धेश्वर सिंह ने मौके पर पहुंच कर घटना का जायजा लिया और पीड़ित परिवार को आपदा प्रबंधन के तहत मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया है।

प्रखंड स्तरीय कुकिंग प्रतियोगिता में हुंडरू विद्यालय के रसोईया उषा देवी ने किया प्रथम स्थान प्राप्त

सम्मानित होते रसोईया।

लातेहार। प्रखंड संसाधन केंद्र लातेहार के तत्वाधान में केंद्र के परिसर में प्रखंड स्तरीय कुकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में राजकीय प्राथमिक विद्यालय हुंडरू की रसोइया उषा देवी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया एवं उत्क्रमित उच्च विद्यालय पोचरा की रसोइया सुनीता देवी व कलावती देवी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी राजश्री पूरी ने प्रशस्ति पत्र देकर इन्हें सम्मानित किया गया। इस अवसर पर लेखपाल गजेंद्र राम, अली अख्तर, पवन कुमार यादव, सुरेंद्र कुमार, प्रभावती देवी, विनोद कुमार, प्रमोद कुमार यादव, शंभु राम, प्रकाश कुमार सहित कई लोग उपस्थित थे। प्रथम स्थान प्राप्त करने पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक हीरा प्रसाद यादव, सहायक शिक्षक से संजीव कुमार चंद्र प्रमोद कुमार पांडे ने हर्ष व्यक्त किया।

तेज रफ्तार बाइक ने सड़क किनारे खड़ी महिला को मारी टक्कर, महिला गम्भीर

चंदवा। मंगलवार की दोपहर बाद लगभग ढाई बजे एनएच-22 रांची-चतरा मुख्य मार्ग अंतर्गत चंदवा मुख्य बाजार स्थित जय हिंद पुस्तकालय के सामने एक तेज रफ्तार बाइक ने सड़क किनारे खड़ी महिला को जोरदार टक्कर मारी दी। बाइक की रफ्तार इतनी ज्यादा थी कि बाइक के चपेट में आने के बाद महिला का पैर बुरी तरह से जख्मी हो गया। आसपास के दुकानदारों एवं आमजनों ने मानवता का परिचय देते हुए घायल महिला को निजी वाहन से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चंदवा पहुंचाया, जहां डॉक्टर नीलिमा कुमारी की देख रेख में महिला का उपचार चल रहा था। डॉक्टर के अनुसार महिला का पर टूट गया है।घायल महिला की पहचान सुदूरवर्ती डुमारो पंचायत निवासी फगुनी देवी पति राजकुमार मुंडा के रूप में हुई है। घायल फगुनी देवी ने बताया कि उनकी बेटी स्थानीय कस्तूरबा विद्यालय में अध्यनरत है उन्हीं से मिलने के लिए चंदवा आई थी व किसी काम से बाजार की तरफ गयी थी तभी बाइक तेजी से आकर टक्कर मार दी। इधर चंदवा पुलिस वाहन को कब्जे में लेकर अग्रतर कार्रवाई में जुटी थी।

फरवरी महीने में बदला मौसम का मिजाज, शीतलहर चलने से बढ़ी ठंड

- सब्जियों के साथ चना, सरसों अरहर, मटर आदि की फसल को पहुंचा नुकसान
- सरस्वती पूजा का आयोजन कर रहे छात्र-छात्राओं में मायूसी, किसान भी परेशान

किसानों के खेतों में भरा पानी।

लातेहार। लातेहार जिले में सोमवार व मंगलवार की दरम्यानी रात से लेकर सुबह से देर शाम तक रुक-रुक कर लगातार तेज हवा और बिजली की गड़गड़ाहट के साथ मूसलाधार बारिश होती रही। मौसम का मिजाज अचानक बदलने से विभिन्न चौक-चौराहों पर सरस्वती पूजा का आयोजन कर रहे छात्र-छात्राओं के चेहरे मायूस हो गए। वहीं किसानों के चेहरे पर भी उदासी देखी गई। सोमवार को शाम ढलते ही आसमान में घने बादल छा गए थे। तेज हवा और हल्की बारिश की वजह से वातावरण में नमी बढ़ गई है। हवा के साथ हो रही बारिश व बादल छाए रहने से अब सब्जी, चना, सरसों अरहर, मटर आदि की फसल को नुकसान होने लगा है। गेहूं में बाली लग रही है, इससे दाने पर प्रभाव पड़ जाएगा। सब्जी एवं सरसों, अरहर में कीड़े लगने लगने की संभावना बढ़ गई हैं। आम की बालियां खराब हो रही हैं। इन सबके अब संभलने की उम्मीद नहीं है।

झारखण्ड छात्र संघ (आजसू) लातेहार द्वारा मशाल जुलूस निकाल गया

लातेहार। मंगलवार को आखिल झारखण्ड छात्र संघ (आजसू) लातेहार द्वारा मशाल जुलूस निकाल गया कार्यक्रम की अध्यक्षता छात्र संघ के जिला अध्यक्ष अभिजीत कुमार (सोनू) के द्वारा किया गया थाना चौक से लेकर समाहरनालय गेट तक जुलूस के माध्यम से निकाला गया। जिसमे मुख्य रूप से परीक्षा पेपर लीक की सीबीआई जांच कराने, परीक्षा में हुई धांधली को लेकर लोकतात्रिक तरीके की विरोध कर रहे अभ्यर्थियों सहित प्रतिनिधि पर किया गया प्राथमिकी वापस लिया जाए। नीरज सिन्हा को गिरफ्तार करो छात्रों के साथ धोखा बंद करो आदि अनेक तरह के नारे बाजी किया गया। इस मसाल जुलूस में मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष अमित पाण्डे केंद्रीय सदस्य राकेश सिंह अफरोज हुसैन जिला उपाध्यक्ष नीतेश पाण्डे नगर अध्यक्ष नीतीश जयसवाल अमर उरांव शयाम प्रसाद अंकित दुबे आदित्य दुबे जितेंद्र भगत प्रिंस कुमार दिनेश यादव रोहित कुमार विकास कुमार ठाकुर अंकित कुमार दुबे विकास कुमार एसके सिन्हा विजेंद्र दास पंकज साहू इत्यादि सैकड़ों कि संख्या में आजसू कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

राजद के राष्ट्रीय सचिव, पूर्व सांसद घुरन राम ने पार्टी से दिया इस्तीफा

● झामुमो के भी कई लोगों ने छोड़ी पार्टी

खबर मंत्र संवाददाता

गढ़वा। राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय सचिव, राजद संसदीय बोर्ड के सदस्य पलामू लोकसभा क्षेत्र के पूर्व सांसद घुरन राम ने पार्टी के सभी पदों एवं प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। साथ ही

प्रेस कॉन्फ्रेंस करते घुरन राम।

झारखंड मुक्ति मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष विनोद चंद्रवंषी, संगठन सचिव उमेष सिंह, डंडई प्रखंड अध्यक्ष सुभाष चंद्र मेहता, गढ़वा नगर कमिटी अध्यक्ष अरविंद पटवा, सन्नी चंद्रवंषी आदि ने भी झामुमो छोड़ दिया है। घुरन राम ने मंगलवार को शहर के चिनियां मोड़ स्थित होटल कृष्णा हरि में प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर यह जानकारी दी। जानकारी देते हुए पूर्व सांसद श्री राम ने बताया कि वे पार्टी में लगातार उपेक्षित महसूस कर रहे थे। वर्तमान में झारखंड में इंडिया गठबंधन की सरकार है। इसमें अनुसूचित जाति के लिए कहीं कोई जगह नहीं है और न ही कोई मान सम्मान है। झारखंड में अनुसूचित जाति को न तो कोई मंत्री बनाया गया और न ही किसी बोर्ड, निगम में ही स्थान दिया गया। राजद व इंडिया गठबंधन में रह कर हम अपने लोगों को भला नहीं कर पायेंगे, इसलिए पार्टी छोड़ना ही बेहतर है। उन्होंने कहा कि अनुसूचित जाति यहां काफी उपेक्षित महसूस कर रहा है। अभी तो इस्तीफे की शुरूआत हुई है। इंडिया गठबंधन से दलित समाज के लोगों का इस्तीफा का तांता लगेगा। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार भ्रष्टाचार में आकंठ डूबी हुई है। मौके पर उक्त सहित फजील अहमद, कुर्बान अंसारी, राजेंद्र राम, अनिल कुमार, जितेंद्र चंद्रवंषी आदि लोग उपस्थित थे।

स्पीड न्यूज

पर्वतपुर जेएसडब्ल्यू कोल ब्लॉक के समक्ष बेमियादी धरना शुरू

बोकारो/तालगड़िया। बिहार कोल माइनर्स यूनियन और स्थानीय बेरोजगारों संघर्ष समिति के संयुक्त तत्वावधान में पर्वतपुर स्थित जेएसडब्ल्यू कोल ब्लॉक गेट के समीप अनिश्चितकालीन धरना शुरू किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व मुखिया हरिपद राय एवं संचालन परमेश्वर दास वैष्णव ने किया। दो हजार मजदूरों का बहाल करने 75 फीसदी स्थानीय लोगों को रोजगार देने समेत सात सूत्री मांगों को लेकर धरना दिया गया। मौके पर यूनियन के सचिव अनिल बाउरी ने कहा कि जमीन देकर भी यहां के लोगों को रोजगार नहीं मिल रहा है। जिंदल स्टील प्रबंधन स्थानीय लोगों को रोजगार नहीं दे रहा है। प्रबंधन कोल ब्लॉक को चालू करने के लिए भी सक्रिय नहीं है। कहा कि अपने हक और अधिकार के लिए संघर्ष तेज करना होगा अन्यथा प्रबंधन नियोजन नहीं देगा। मौके पर कुमुद महतो रामलाल महतो साधन राय पूरन सिंह तपन प्रमाणिक गौरीनाथ महतो कयूम अंसारी अनिता देवी मालती देवी आदि मौजूद रहे।

कब सुनी जायेगी इन आंदोलनकारियों की फरियाद, 70 वें दिन भी धरना जारी

बेरमो/तेनुघाट कोर्ट। बेरमो जिला की मांग को लेकर अनुमंडल कार्यालय के समीप तेनुघाट में चल रहे अनिश्चितकालीन धरना का 70 वा दिन भी धरना जारी रहा। बेरमो जिला बनाओ संघर्ष समिति के संयोजक संतोष नायक धरना पर अनिश्चितकालीन के लिए बैठे हुए है। अनुमंडल के जनता में अब दिन-ब-दिन आक्रोश बढ़ता जा रहा है क्योंकि सरकार का कोई नुमाइंदे किसी प्रकार सुध लेने धरना स्थल तक पहुंच नहीं रहे है। इसका आक्रोश जल्दी फूटेगा तो सरकार के खिलाफ लंबी लड़ाई लड़ने का जो नुकसान, खामीयाजा वर्तमान सरकार को आनेवाला चुनाव में भुगतना पड़ सकता है। धरना स्थल पर मुख्य रूप से मुखिया प्रतिनिधि मुन्ना श्रीवास्तव, मिथुन चंद्रवासी, मुकेश कुमार, कुलदीप प्रजापति सहयोगी के रूप में लगातार साथ निभा रहे है। पूर्व पार्षद महासचिव राष्ट्रीय जनता दल ज्ञानेश्वर सिंह यादव ने भी अपना नैतिक समर्थन धरना स्थल पहुंचकर दिया और हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया। अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष कामेश्वर मिश्रा, महासचिव वकील प्रसाद महतो, अधिवक्ता अरुण कुमार महतो, विनोद कुमार गुप्ता, वकील महतो, राम बल्लभ महतो, प्रहलाद महतो, नारायण प्रजापति के द्वारा संरक्षण दिया जा रहा है। कसमार प्रखंड से मंजूर गांव के लगभग दो दर्जन युवकों ने धरना स्थल पहुंच कर नायक को अपना नैतिक समर्थन दिया। मौके पर गोमिया से गणेश यादव तथा मंजूर से विवेक मिश्रा, प्रीतम कुमार, दिलेश्वर गोस्वामी, सुभाष चंद्र महतो, अनूप कुमार महतो, महेश महतो, दिलीप गोस्वामी, महादेव महतो, राजेश कुमार शर्मा जासु श्रीवास्तव, संजय शर्मा सहित अन्य लोगों ने अपना समर्थन दिया।

राहुल गांधी के गढ़वा आगमन पर विधि व्यवस्था को लेकर डीसी ने की बैठक

फोटो 8-बैठक करते डीसी।

गढ़वा। सांसद राहुल गांधी के गढ़वा परिभ्रमण को लेकर जिले में विधि व्यवस्था, चाक-चैबंद एवं सुरक्षा को लेकर डीसी शेखर जमुआर एवं एसपी दीपक कुमार पांडेय ने बैठक कर आवश्यक तैयारियों की समीक्षा की। बैठक में डीसी ने कार्यक्रम स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था एवं आमजनों की सुरक्षा व्यवस्था, पेयजल, शौचालय, अग्निशमन, चिकित्सा आदि व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करने को लेकर संबंधित पदाधिकारी को निर्देशित किया। वहीं एसपी ने आवश्यक सुरक्षा के दृष्टिकोण से विभिन्न पुलिस पदाधिकारियों को विशेष रूप से सक्रियता बरतने की बात कही। जानकारी के अनुसार सांसद श्री गांधी का गढ़वा परिभ्रमण कार्यक्रम के दौरान प्रारंभिक स्थल रंका प्रखंड के गोदरमाना में निर्धारित है। रंका प्रखंड के गोदरमाना कार्यक्रम स्थल से परिभ्रमण करते हुए सांसद का गढ़वा शहर अंतर्गत विभिन्न स्थानों यथा- पुरनचंद चैक टंडवा, पेट्रोल पंप टंडवा, रंका मोड़, आर गुप्ता मेडिकल स्टोर, विजय जेनरल स्टोर एवं मंझिआंव मोड़ जैसे स्थानों पर भी शिरकत करने की सूचना प्राप्त है। बैठक में गढ़वा एसी मतियस विजय टोप्पो, रंका एसडीओ रुद्र प्रताप, सीएस डॉ अशोक कुमार, रंका एसडीपीओ, बीडीओ, सीओ, विभिन्न पुलिस पदाधिकारी, थाना प्रभारी आदि लोग उपस्थित थे।

उपायुक्त की डीएलसीसी व डीएलआरसी की बैठक में बैंक प्रतिनिधि हुए शामिल

बोकारो। बोकारो समाहरणालय स्थित सभागार में उपायुक्त कुलदीप चौधरी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय साख समिति एवं जिला स्तरीय समीक्षा समिति की अपर समाहर्ता मो मुमताज अंसारी आरबीआई के प्रतिनिधि ए तिर्की एलडीएम आबिद हुसैन डीडीएम नाबार्ड फिलेमन बिलांग विभिन्न बैंकों के बैंक समन्वयक एवं अन्य अधिकारियों आदि की उपस्थिति में संपन्न।

कोयला कर्मियों 16 फरवरी के हड़ताल में आम दिनों की तरह अपने कार्यस्थल पर योगदान दे

16 फरवरी का देशव्यापी हड़ताल राजनीति से प्रेरित : रवीन्द्र

खबर मंत्र संवाददाता

बेरमो। मंगलवार को सीसीएल सीकेएस से संबद्ध भारतीय मजदूर संघ द्वारा सीसीएल सीकेएस के कार्यकारी अध्यक्ष सह संयुक्त सलाहकार संचालन समिति सदस्य रवीन्द्र कुमार मिश्रा ने अपने सीसीएल सीकेएस ढोरी के क्षेत्रीय अध्यक्ष कुलदीप तथा क्षेत्रीय सचिव विनय कुमार सिंह के साथ बैठक कर प्रेस के माध्यम से अपने सभी कोयला कर्मचारियों से अपील करते हुए कहे की 16 फरबरी 2024 का देशव्यापी हड़ताल राजनीति से प्रेरित है उक्त



हड़ताल से कोयला कर्मचारियों का कोई वास्ता सरोकार नही है इसमें किसी भी कोयला कर्मचारियों के सुख-सुविधा का चार्टर ऑफ डिमांड नही रखा गया है 16 फरबरी का हड़ताल मात्र अपने राजनीतिक उद्देश्य की पूर्ति के लिए हड़ताल किया जा रहा है इसलिए भारतीय मजदूर संघ सीसीएल सीकेएस उक्त हड़ताल से अपने आपको देश हित मे अलग रखते हुए अपने सभी कोयला कर्मचारियों से अपील करते है कि 16 फरबरी देशव्यापी हड़ताल को देश हित,उधोग हित तथा श्रमिक हित को देखते हुए आप हड़ताल पर नही जाए चुकी पुरे कोल इंडिया स्तर पर वर्तमान समय मे कोयला उधोग अभी उत्पादन के लक्ष्य को पूर्ति के लिए लगा हुआ ताकि हम कोयला कर्मी अपने देश के उद्योग धंधे में उत्पादन कर देश को सहयोग कर सके इसी भावना से हमलोग सभी कोयला कर्मचारी 16 फरबरी के हड़ताल से अपने आप को अलग रखे साथ ही हड़ताल के दिन और अधिक से अधिक प्रबंधन को उत्पादन में आप सभी कोयला कर्मचारी सहयोग करें।

रोटरी क्लब चास द्वारा बीजीएच के ब्लड बैंक में स्वैच्छिक रक्तदान

बोकारो। रोटरी क्लब चास के सदस्यों द्वारा बोकारो जनरल हॉस्पिटल के ब्लड बैंक

अनुभाग के प्रभारी एसीएमओ डॉ श्रवण कुमार एसीएमओ डॉ सुरेंद्र कुमार के तत्वावधान में आयोजित रक्तदान शिविर में क्लब के 15 सदस्यों द्वारा स्वैच्छिक रूप से रक्तदान किया गया। मौके पर डॉ श्रवण कुमार ने कहा कि रक्तदान से किसी को डरने की आवश्यकता नहीं है तथा रक्तदान से किसी भी तरह की कोई कमजोरी नहीं आती। रक्तदान करते रहने से हमारे शरीर का संतुलन बना रहता है तथा हमारे शरीर से कई बीमारियों का खतरा दूर रहता है। ब्लड बैंक अनुभाग के डॉक्टर और नर्सिंग स्टॉफ सुश्री नीता कविता विनीता डॉली विभूतिका मनीष कौशल का रक्तदान शिविर में विशेष सहयोग रहा।

बोकारो विधायक द्वारा आवासीय विद्यालय के क्लासरूम निर्माण का शिलान्यास

खबर मंत्र संवाददाता

बोकारो। बोकारो विधायक बिरंची नारायण की अनुशंसा पर डीएमएफटी मद से तेतुलिया में नेताजी सुभाष चन्द्र बोस आवासीय विद्यालय के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया। मौके पर विधायक बिरंची ने कहा कि बोकारो विधानसभा क्षेत्र एक शिक्षा के हब के रूप में राज्य में जाना जाता हैं। यहां राज्य के कई हिस्सों से विद्यार्थी आकर शिक्षा प्राप्त करते हैं। आने वाले कुछ वर्षों में बोकारो

में उच्च स्तरीय शिक्षा भी मिलनी शुरू होगी। रांची की तर्ज पर बोकारो में सभी सुविधाएं हो यही मेरा प्रयास है। यहां के छात्रों को कही बाहर न जाना पड़े उसके लिये सभी सुविधाओं को बोकारो लाने का प्रयास जारी है। शिलान्यास कार्यक्रम में सांसद प्रतिनिधि भैया आरएन ओझा, माथुर मंडल, वीरभद्र प्रसाद सिंह, डा. अशोक कुमार, बैद्यनाथ प्रसाद, पंसस डीके कुमार, मनोज सिंह, सुजीत चक्रवर्ती, ब्रज दुबे, राजू गुप्ता, जितेंद्र साव आदि मौजूद रहे।

झुमरा पहाड़ पर कोबरा बटालियन के साथ नक्सलियों की मुठभेड़

खबर मंत्र संवाददाता

बेरमो। झुमरा पहाड़ की तलहटी पर कोबरा बटालियन और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ चल रही है। इस संबंध में बताया गया कि बेरमो अनुमंडल के चतरोचट्टी थाना क्षेत्र की चुटे पंचायत अंतर्गत दंडरा जंगल में कोबरा और जगुआर पुलिस का आमना सामना हुआ और दोनों ओर से गोलीबारी शुरू हो गयी। मुठभेड़ की पुष्टि स्थानीय थाना प्रभारी ने की है। सूत्रों के अनुसार कोबरा बटालियन को सूचना मिली थी कि नक्सलियों के दस्ते की इसी जंगल में गतिविधि जारी है। जानकारी

मिलते ही कोबरा बटालियन ने ऑपरेशन शुरू कर दिया। दोनों ओर से गोलीबारी चल रही है। इसकी पुष्टि स्थानीय थाना प्रभारी ने की है। ज्ञात हो कि 24 जनवरी 2022 को भी गोमिया थाना क्षेत्र के धमधरवा कुम्बा टुंगरी नाला के पास नक्सलियों के दस्ते के साथ जिला पुलिस, जगुआर और सीआरपीएफ 26 बटालियन की मुठभेड़ हुई थी। मिथिलेश सिंह के दस्ते के साथ भिड़ंत हुई थी, मिथिलेश सिंह के आत्मसमर्पण के बाद वीरसेन मांझी, कुँवर मांझी इस क्षेत्र की कमान संभाले हुए है।

पत्रकार के निधन पर शोक सभा का आयोजन

शोक मनाते लोग।

मझिआंव। लातेहार के राष्ट्रीय नवीन मेल के ब्यूरो चीफ पत्रकार अजय सिन्हा की संदेहास्पद स्थिति में हुई मौत पर मझिआंव प्रखंड सभागार में सभी पत्रकार के द्वारा उनके चित्र पर श्रद्धांजलि अर्पित कर दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए भगवान से प्रार्थना की गई। बताते चले की 11 फरवरी के दिन ऑल इंडिया स्मॉल एंड मीडियम जर्नलिस्ट वेलफेयर एसोसिएशन के प्रमंडल अध्यक्ष सह लातेहार राष्ट्रीय नवीन मेल के ब्यूरो चीफ अजय सिन्हा का शव क्षत विक्षत अवस्था में रेलवे ट्रैक के किनारे मिला था। शोक सभा के दौरान पत्रकार अखिलेश ठाकुर ने कहा कि हम सभी पत्रकार विकट परिस्थिति में भी समाचार संकलन करते हैं, तथा हम सभी को कोई सुरक्षा नहीं मिलता है। आए दिन पत्रकारों पर हमला हो रहा है जो काफी खेद जनक है। मौके पर अखिलेश ठाकुर, विनय कुमार, उपेंद्र कुमार, सत्यम जायसवाल, अनुप कुमार सिंह, अमित कुमार मेहता, रवि कुमार मेहता, कुमारी दीपिका सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

अवैध शराब विक्रेता ने शराबी के साथ किया मारपीट

मझिआंव। नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड नंबर 1 अखौरी तहले गांव में ठेला संचालक सह अवैध महुआ शराब विक्रेता सुरेश राम ने अपने परिजनों के साथ मिलकर गांव के ही विक्रम ठाकुर के 35 वर्षीय पुत्र शराब के नशे में धुत नीरज कुमार ठाकुर को घर में घुसकर लाठी डंडा एवं ईट मारकर बुरी तरह घायल कर दिया। इधर घायल का इलाज विशाल कुमार एवं सहयोगी राकेश कुमार ठाकुर के द्वारा किया।

मतदान कर जिम्मेदार नागरिक की भूमिका निभाएं : डीईओ

बोकारो। जिले में मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर चास प्रखंड के सिजुआ पंचायत में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त कुलदीप चौधरी समेत जिला स्तरीय पदाधिकारी शामिल हुएं। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त कुलदीप चौधरी ने बताया कि इस वर्ष लोकसभा आम निर्वाचन 2024 प्रस्तावित है। उन्होंने मतदाताओं से मतदान का इस्तेमाल कर जिम्मेदार नागरिक की भूमिका निभाने की अपील की। मौके पर कई उदाहरण देकर लोकतांत्रिक व्यवस्था में मतदान के महत्व एवं मतदान प्रतिशत की

भूमिका के संबंध में विस्तार से बताया। मौके पर निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी ओम प्रकाश गुप्ता जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी धीरेंद्र कुमार स्वीप नोडल पदाधिकारी सह डीसीएलआर प्रभास दत्ता सहायक निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी चास प्रदीप कुमार आदि उपस्थित थे।

प्रेमिका का हत्यारा प्रेमी गिरफ्तार

खबर मंत्र संवाददाता

गढ़वा। मझिआंव पुलिस ने प्रेमिका के साथ शारीरिक संबंध बनाकर हत्या करने के आरोप में उसके प्रेमी को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार अभियुक्त मझिआंव थाना क्षेत्र के भाटोलिया गांव निवासी शेख सलीम बताया जा रहा है। पुलिस ने दो मोबाइल फोन, घटना में प्रयुक्त खून लगा पत्थर, महिला का पर्स, चादर, बस टिकट एवं अन्य सामान बरामद कर लिया है। इसकी जानकारी मंगलवार को एसपी दीपक कुमार पांडेय ने अपने कार्यालय के सभागार में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर दी।

एसपी श्री पांडेय ने बताया कि 12 फरवरी को मझिआंव थाना अंतर्गत कोइनबार टोला हरैया में एक अज्ञात महिला का शव मिलने की सूचना प्राप्त हुई थी। इसके बाद थाना प्रभारी के स्वलिखित बयान के आधार पर मझिआंव थाना कांड संख्या 12/24 के तहत अज्ञात अभियुक्त के विरुद्ध

प्रेस कॉन्फ्रेंस करते एसपी।

प्राथमिकी दर्ज किया गया था। उन्होंने बताया कि मृतका की पहचान चंद्रपुरा गांव निवासी अफसा तबस्सुम के रूप में की गई थी। उन्होंने बताया कि घटना की संवेदनशीलता को देखते हुए उनके निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी गढ़वा के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। इसके बाद गठित टीम ने जांच के बाद शेख सलीम की गिरफ्तारी की। एसपी ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त शेख सलीम ने पूछताछ के दौरान बताया कि मृतका मझिआंव थाना क्षेत्र के चंद्रपुरा गांव निवासी अफसा तबस्सुम के साथ उसका प्रेम प्रसंग था। 20 अक्टूबर को मृतका को भागकर अंबिकापुर ले गया था। इसके बाद 18 जनवरी को वह अपने भाई की शादी में शामिल होने के लिए अपने गांव आ गई। एसपी ने बताया कि शादी में शामिल होने के बाद 24 जनवरी को अपने ससुराल चली गयी। उन्होंने बताया कि इस दौरान 26 जनवरी को मृतका द्वारा फोन कर उसे बताया गया कि उससे मिलने के लिए वह बिशनपुरा आ गई है। एसपी ने बताया कि अफसा तबस्सुम ने उसे बिशनपुरा में आकर ले जाने के लिए कहा था। नहीं आने पर उसे धमकी दी की उसके घर खुद आ जाएगी। इसके बाद शेख सलीम ने मृतका को लेकर जंगल के रास्ते घटनास्थल पर पहुंचा। जहां दोनों के बीच शादी की बात को लेकर आपस में विवाद हो गया। विवाद के बाद अभियुक्त मृतका के साथ जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाया तथा बदनामी से बचने के लिए उसकी हत्या पत्थर से कुचलकर कर दी। उन्होंने बताया कि मृतका के ससुर के द्वारा मझिआंव थाना में अफसा तबस्सुम की गायब होने की आवेदन दिया गया था। पुलिस ने दिए गए आवेदन के आधार पर कांड संख्या 142/23 के तहत प्राथमिक की दर्ज की थी। छापामादी दल में अनुमंडल पुलिस उपाधिकारी नीरज कुमार के अलावे मझिआंव पुलिस निरीक्षक गुलाब सिंह, थाना प्रभारी विवेक कुमार पंडित, पुलिस अवर निरीक्षक रंजीत कुमार, विकास कुमार, स्वामी रंजन ओझा, चालक आरक्षी मिथलेश तिवारी, सहायक पुलिस ओम प्रकाश चैधरी एवं सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

पेज 1 का शेष

अपने बलबूते राज्य के 20...

शहरों के की तरह गांवों में भी सुविधाएं : मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड ग्रामीण परिवेश वाला राज्य है यहां के ज्यादातर ग्रामीण कृषि और मजदूरी पर निर्भर है, ऐसे में ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए काम हो रहा है। शहरों के समांतर गांवों में भी सुविधाएं उपलब्ध करायी जा रही है। उन्होंने कहा कि सरकार ने अब 100 यूनिट की बजाय 125 यूनिट बिजली मुफ्त देने का निर्णय लिया है। विद्युत आपूर्ति व्यवस्था को बेहतर करने तथा वंचित टोलों में बिजली पहुंचाने के काम में गति लाई जा रही है। इस अवसर पर मंत्री सत्यानंद भोक्ता, सांसद विजय हांसदा, विधायक नलिन सोरेन, डॉ स्टीफन मरांडी, सीता सोरेन, प्रदीप यादव, बसंत सोरेन, इरफान अंसारी, दिनेश विलियम मरांडी, जिला परिषद अध्यक्ष जॉयस बेसरा, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव विनय कुमार चौबे, ग्रामीण विकास विभाग के सचिव चंद्रशेखर सहित राज्य सरकार के अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे। **बिचौलियों को चेताया :** इस अवसर पर उन्होंने दुमका के 9827, जामताड़ा के 5711 और देवघर जिला के 9847 लाभुकों को अबुआ आवास का स्वीकृति पत्र प्रदान किया। उनके बैंक खाते में डीबीटी के माध्यम से पहले किस्त की राशि के रूप में 76 करोड 15 लाख 50 हजार रुपये हस्तांतरित किये। उन्होंने स्पष्ट तौर पर कहा कि अबुआ आवास योजना का गलत तरीके से लाभ लेने वालों और बिचौलियों के साथ इसमें संलिप्त अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की जायेगी। इस योजना के तहत गरीब, जरूरतमंद और आवास विहीन लोगों को पक्का मकान दिया जाना है। उन्होंने कहा कि अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश है कि वे पूरी पारदर्शिता के साथ प्राथमिकता सूची के तहत लाभुकों को मकान स्वीकृत करने की कार्रवाई करें।

रांची में कई ठिकानों पर...

जानकारी के अनुसार रांची के अशोक नगर स्थित एक प्ले स्कूल में और कोकर में एक बड़े जमीन कारोबारी के यहां रेड मारा गया। इडी की टीम ने जमीन कारोबारी रमेश गोप के कोकर के अयोध्यापुरी आवास पर पहुंचकर छापेमारी की, इस दौरान इडी की टीम ने रमेश गोप के घर में कई कागजात की जांच की। करीब छह घंटे टीम ने रमेश गोप के आवास पर रहकर जांच की, जिसके बाद दोपहर के करीब दो बजे ईडी की टीम आवास से निकल गयी। यह जमीन बड़गाई अंचल की ही है। बड़गाई अंचल की 8.5 एकड़ जमीन मामले में पूर्व सीएम हेमंत सोरेन गिरफ्तार किया गया है। **इसी जमीन पर बैंक्वेट हॉल बनाने की थी तैयारी :** इडी की ओर से कोर्ट को बताया गया कि हेमंत सोरेन और आर्किटेक्ट विनोद सिंह के बीच वाट्सएप चैट के सबूत मिले हैं। रिमांड पिटीशन में ईडी ने इस बात का भी जिक्र किया कि बड़गाई अंचल की विवादित 8.5 एकड़ जमीन पर बैंक्वेट हॉल बनाने की योजना थी। हेमंत सोरेन और उनका सहयोगी बिनोद सिंह के साथ व्हाट्सएप चैट से सामना कराया जा रहा है, जिसमें अचल संपत्तियों से संबंधित सूचनाओं का आदान-प्रदान शामिल है। ईडी के मुताबिक, हेमंत सोरेन ने संपत्तियों की जानकारी छुपाने के लिए व्हाट्सएप चैट पर हस्ताक्षर करने और स्वीकार करने से भी इनकार कर दिया।

27 से 30 लाख...

इस परीक्षा के माध्यम से राज्य सरकार के विभिन्न विभागों में 2025 पदों पर नियुक्ति की जानी थी। इसके लिए साढ़े छह लाख अभ्यर्थियों ने आवेदन किया है। **अभ्यर्थियों की तलाश में जुटी पुलिस :** पेपर लीक कांड में गिरफ्तार आरोपियों ने 28 की परीक्षा में शामिल दोनों अभ्यर्थियों का नाम और पता भी पुलिस को मिल गया है। पुलिस दोनों की तलाश में जुटी है। एसआईटी की टीम जेएसएससी पेपर लीक कांड में परीक्षा लेनेवाली एजेंसी सतवंत इंफो प्राइवेट लिमिटेड के कर्मियों से पूछताछ करेगी। पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि कहीं इस कांड में परीक्षा लेनी वाली एजेंसी के कर्मी और अधिकारी भी तो शामिल नहीं हैं।

एमएसपी पर जल्दबाजी...

मुंडा ने कहा कि दो दौर की चर्चा में हम उनकी कई मांगों पर सहमत हुए, लेकिन कुछ मुद्दों पर सहमति नहीं बन सकी। बातचीत अभी भी जारी है। **एमएसपी पर कानून बनायेंगे :** राहुल- इधर, कांग्रेस ने मंगलवार को कहा कि वह स्वामीनाथन आयोग के सुझाव के अनुसार प्रत्येक किसान को एमएसपी देने करने के लिए एक कानून सुनिश्चित करेगी। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने एक्स पर पोस्ट में कहा, 'यह न्याय के रास्ते पर कांग्रेस की पहली गारंटी है। यह कदम 15 करोड़ किसान परिवारों की भलाई सुनिश्चित करके उनके जीवन को बदल देगा। पूर्व पार्टी प्रमुख ने आरोप लगाया कि भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर उनकी उचित मांग को स्वीकार करने के बजाय किसानों के खिलाफ आंसू गैस का इस्तेमाल कर रही है। उन्हें जेलों में डाल रही है। अंबिकापुर में अपनी भारत जोड़ो न्याय यात्रा के तहत एक सभा में राहुल ने पीएम मोदी पर देश में छोटे व्यापारियों को बर्बाद करने के लिए जीएसटी और नोटबंदी को हथियार के रूप में इस्तेमाल करने का भी आरोप लगाया। **राकेश टिकैत ने किया समर्थन :** बंगलुरु पहुंचे किसान नेता राकेश टिकैत ने मंगलवार को कहा कि एमएसपी पर कानून, स्वामीनाथन समिति की रिपोर्ट को लागू करने और कर्ज माफी की मांग से सभी किसान चिंतित हैं। किसानों ने इन मुद्दों को लेकर दिल्ली कूच किया है, जिसका वो समर्थन करते हैं। साथ ही उन्होंने इस प्रदर्शन को लेकर कहा कि कई किसान संघ हैं और उनके अलग-अलग मुद्दे हैं। अगर सरकार दिल्ली की ओर मार्च कर रहे इन किसानों के लिए कोई समस्या खड़ी करती है तो वे भी इससे दूर नहीं रहेंगे।

मोदी आज यूएई के पहले...

सांस्कृतिक लगाव और मजबूत होगा : पीएम मोदी ने कहा कि पिछले नौ वर्षों में, व्यापार और निवेश, रक्षा और सुरक्षा, खाद्य और ऊर्जा सुरक्षा और शिक्षा जैसे विभिन्न क्षेत्रों में यूएई के साथ हमारा सहयोग कई गुना बढ़ गया है। हमारा सांस्कृतिक और लोगों से लोगों का जुड़ाव पहले से कहीं अधिक मजबूत है। राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान से मिलने और हमारी व्यापक रणनीतिक साझेदारी को आगे बढ़ाने पर व्यापक चर्चा करने के लिए उत्सुक हूं। पीएम मोदी बुधवार को दुबई में वैश्विक शासन शिखर सम्मेलन में विश्व नेताओं की सभा को संबोधित करेंगे। भारतीय समुदाय के सदस्यों को संबोधित करेंगे। हमारे बढ़ते व्यापार और निवेश, हमारी ऊर्जा साझेदारी को मजबूत करने और संस्कृति और शिक्षा में सहयोग सहित सभी क्षेत्रों में हमारे बहुमुखी संबंध लगातार गहरे हुए हैं। दोहा में 800,000 से अधिक मजबूत भारतीय समुदाय की उपस्थिति हमारे लोगों के बीच मजबूत संबंधों का प्रमाण है। **यूएइ में सनातन की अलख जगा रहा मंदिर :** इस मंदिर का निर्माण कार्य 2019 से चल रहा है। मंदिर के लिए जमीन संयुक्त अरब अमीरात ने दान में दी है। यह करीब 27 एकड़ जमीन पर बनाया गया है, जो दुबई-अबू धाबी शेख जायेद हाइवे पर स्थित है। दिल्ली में अक्षरधाम मंदिर का निर्माण कराने वाली संस्था ने ही इसका भी निर्माण करवाया है। गंगा और यमुना के पवित्र जल के अलावा मंदिर में राजस्थान के गुलाबी बलुआ पत्थर और भारत से पत्थरों को लाने में इस्तेमाल किए गए लकड़ी के बक्सों से बना फर्नीचर भी मंदिर की शोभा में इस्तामाल किया गया है। अबू धाबी का यह मंदिर पहला हिंदू मंदिर है, जो देश के विभिन्न हिस्सों के योगदान से बना वास्तुकला का एक चमत्कार है और हिन्दुस्तानी हुनर का प्रतीक है। इसके पीछे का विचार इसे वाराणसी के घाट की तरह दिखाना है, जहां लोग बैठ सकें, ध्यान लगा सकें और उनके जहन में भारत में बने घाटों की यादें ताजा हो जाएं। जब पर्यटक अंदर आयेंगे तो उन्हें जल की दो धाराएं दिखेंगी जो सांकेतिक रूप से भारत में गंगा और यमुना नदियों को दर्शाती हैं। 'त्रिवेणी' संगम बनाने के लिए मंदिर की संरचना से रोशनी की किरण आएगी जो सरस्वती नदी को दर्शायेगी। **मंदिर की खासियतें :** यह हिंदू मंदिर करीब 27 एकड़ जमीन पर बनाया गया है। मंदिर के अग्रभाग पर बलुआ पत्थर पर उत्कृष्ट संगमरमर की नक्काशी है, जिसे राजस्थान और गुजरात के कुशल कारीगरों द्वारा 25,000 से अधिक पत्थर के टुकड़ों से तैयार किया गया है। मंदिर के लिए उत्तरी राजस्थान से अच्छी-खासी संख्या में गुलाबी बलुआ पत्थर अबू धाबी लाया गया है। मंदिर स्थल पर खरीद और सामान की देखरेख करने वाले विशाल ब्रह्मभट्ट ने बताया कि मंदिर के निर्माण के लिए 700 से अधिक कंटेनर में दो लाख घन फुट से अधिक 'पवित्र' पत्थर लाया गया है।

स्पीड न्यूज

फिल्म 'सरफिरा' का फर्स्ट लुक आउट

मुंबई। बॉलीवुड प्रमुख अभिनेता अक्षय कुमार का एक और नई फिल्म सरफिरा का फर्स्ट लुक दर्शकों के सामने आ गया है। फिल्म सरफिरा का 41 सेकेंड का टीजर आ गया है। इस टीजर में अक्षय कुमार दोनों हाथों को छोड़कर बाइक चलने का आनंद लेते नजर आ रहे हैं। फिल्म की टैगलाइन जब आप बड़े सपने देखते हैं तो लोग सोचते हैं कि आप पागल हैं के साथ टीजर सामने आया है। अक्षय ने इंस्टाग्राम फिल्म की रिलीज डेट का आधिकारिक ऐलान करते हुए लिखा-सपने बड़े देखो....लोग आपको क्रेजी कहेंगे....सरफिरा इस 12 जुलाई को सिनेमाघर में रिलीज हो रही है।

राशन घोटाला : इडी ने कोलकाता में कई स्थानों पर मारे छापे

कोलकाता। प्रवर्तन निदेशालय (इडी) के अधिकारियों ने पश्चिम बंगाल में करोड़ों रुपये के राशन घोटाले की जांच के सिलसिले में मंगलवार सुबह कोलकाता में कई स्थानों पर छापेमारी की। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि केंद्रीय बलों के साथ आए ईडी के दलों ने सॉल्ट लेक, कैखाली, मिर्जा गालिब स्ट्रीट, हावड़ा और कुछ अन्य स्थानों पर छापे मारे। उन्होंने बताया कि जिन लोगों से पूछताछ की जा रही है उनमें कारोबारी और घोटाले में पहले गिरफ्तार किए गए आरोपियों के करीबी लोग शामिल हैं।

माले विधायक मंजिल को उम्रकैद की सजा

पटना। आरा के बहुचर्चित जेपी सिंह हत्याकांड मामले में सीपीआई माले के विधायक मनोज मंजिल को आजीवन कारावास की सजा हुई है। आरा कोर्ट के अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह एमपी-एमएलए विशेष कोर्ट के न्यायाधीश सत्येन्द्र सिंह ने मंगलवार को मनोज मंजिल समेत 23 आरोपितों को दोषी मानते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनायी है। मनोज मंजिल को सजा के अलावा 10 हजार का जुर्माना भी देना होगा। जेपी सिंह की हत्या नौ साल पूर्व हुई थी। हत्या के बाद दर्ज मुकदमे पर आज सजा सुनाई गई है। भोजपुर जिला के अगियांव (सुरक्षित) सीट से माले के विधायक मनोज मंजिल को उम्रकैद की सजा मिलने के बाद पुलिस हिरासत में ले लिया गया है।

न्यूयॉर्क में गोलीबारी एक की मौत, 5 घायल

न्यूयॉर्क। अमेरिका में न्यूयॉर्क शहर के ब्रोंक्स स्थित एक सबवे स्टेशन पर गोलीबारी में एक यात्री की मौत हो गई और पांच घायल हो गए। स्थानीय पुलिस ने मंगलवार को बताया कि सोमवार दोपहर को मेट्रो में सवार किशोरों के दो समूहों के बीच किसी बात पर विवाद के बाद गोलीबारी शुरू हो गयी। घटना में एक व्यक्ति (34) की मौत हो गयी जबकि पांच अन्य घायल हो गया। न्यूयॉर्क पुलिस घटनास्थल से फरार एक अन्य शूटर को खोजने का प्रयास कर रही है।

कंबोडिया में मंकीपॉक्स का एक और मामला

नोम पेन्ह। कंबोडिया में मंकीपॉक्स का एक और मामला दर्ज किया गया है, जिससे पिछले दिसंबर से राज्य में संक्रमितों की कुल संख्या 10 हो गयी है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ पब्लिक हेल्थ की प्रयोगशाला जांच में एक और व्यक्ति के मंकीपॉक्स से संक्रमित होने की पुष्टि हुई। नोम पेन्ह में डांगकाओ जिले के निवासी मरीज का अस्पताल में इलाज जारी है। मंत्रालय ने कहा कि मंकीपॉक्स का प्रकोप बढ़ रहा है, जिससे लोगों को सतर्क रहने की जरूरत है।

इजराइल ने रफाह में की ताबड़तोड़ बमबारी, 74 की मौत

दो बंधकों को हमास के चंगुल से मुक्त कराया

एजेंसी

रफाह। मिस्र की सीमा के पास गाजा के दक्षिणी शहर रफाह में इजराइल सुरक्षा बलों (आईडीएफ) ने ताबड़तोड़ हवाई हमला कर बम बरसाते हुए फिलिस्तीन के आतंकवादी संगठन हमास के कब्जे से दो बंधकों को सुरक्षित रिहा करा लिया। रातभर हुई ताबड़तोड़ बमबारी में फिलिस्तीन के कम से कम 74 नागरिकों की जान चली गई। अमेरिका के प्रमुख

अब तक गाजा से 42 लोग सुरक्षित निकाले जा चुके हैं अभी 134 लोग हैं बंधक

अखबार द न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, इजराइली सेना ने बिना किसी नुकसान के दो बंधकों को एक भी खरोंच आए बिना हमास के ठिकाने से बाहर निकाल लिया। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि भीड़भाड़ वाले शहर में दर्जनों फिलिस्तीनी मारे गए हैं। जिन दो लोगों को बचाया गया

है, उनमें फर्नांडो साइमन मार्मन (60) और लुईस हार (70) शामिल हैं। दोनों के पास इजराइल और अर्जेंटीना की दोहरी नागरिकता है। दोनों के स्वास्थ्य की जांच तेल अवीव के एक अस्पताल में की जा रही है। द टाइम्स ऑफ इजराइल की रिपोर्ट के अनुसार, इस ताजा घटनाक्रम का असर अन्य बंधकों की रिहाई पर इजराइल और हमास आतंकवादी समूह के बीच समझौते के प्रयास पर नहीं पड़ेगा। संयुक्त राज्य अमेरिका, मिस्र, इजराइल और कतर के वरिष्ठ अधिकारियों के बीच मंगलवार को काहिरा में बातचीत फिर से शुरू होने की उम्मीद है। रिपोर्ट के अनुसार, फ्रांसीसी विदेश मंत्रालय का कहना है कि अब तक गाजा से 42 लोगों को सुरक्षित निकाला जा चुका है। अमेरिका (व्हाइट हाउस) दो बंधकों की रिहाई से खुश है। व्हाइट हाउस ने ऑपरेशन के दौरान फिलिस्तीनी नागरिकों की मौत पर दुख व्यक्त किया है। व्हाइट हाउस के राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के प्रवक्ता जॉन किर्बी का कहना है कि रफाह से दो बंधकों की रिहाई की सूचना सुखद है। अब बाकी 134 बंधकों की रिहाई कराना हमारा प्रमुख लक्ष्य है। अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता मैट मिलर ने कहा है कि बंधकों को छुड़ाने के लिए ऑपरेशन चलाने का इजराइल को अधिकार है। इस बीच, बेरुत में हमास के नेता ओसामा हमदान ने कहा है कि इजराइल बंधकों की रिहाई को लेकर गंभीर नहीं है।

बिहार : भाजपा विधायक मिश्रीलाल यादव का बेटा रजौली से हुआ गिरफ्तार

दरभंगा। पुलिस ने अलीनगर के भाजपा विधायक मिश्रीलाल यादव के पुत्र धीरज यादव को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपित धीरज की गिरफ्तारी नवादा जिला के रजौली से हुई है।

पुलिस निरीक्षक सह केवटी थानाध्यक्ष अनोज कुमार द्वारा 11 फरवरी को धीरज यादव के खिलाफ गोली मारने की धमकी एवं अमर्यादित भाषा का प्रयोग करने आदि आरोपों में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। धीरज याव ने रंगदारी से वारंटी लालधारी यादव को छोड़ने की धमकी दी है।

बिहार में 278725.72 करोड़ का बजट पेश

शिक्षा पर 52639 करोड़ होगा खर्च

खबर मन्त्र संवाददाता

पटना। बिहार सरकार ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए दो लाख 78 हजार करोड़ रुपए से अधिक का बजट पेश किया, जिसमें शिक्षा पर सर्वाधिक 52639.03 करोड़ रुपये व्यय का प्रस्ताव है । उप मुख्यमंत्री सह वित्त मंत्री सम्राट चौधरी ने मंगलवार को विधानसभा में वित्त वर्ष 2024-25 के लिए 278725.72 करोड़ रुपये का बजट पेश किया, जो वित्त वर्ष 2023-24 के 261885.40 करोड़ रुपये से 16840.32 करोड़ रुपये अधिक है। बजट में सबसे अधिक 52639.03 करोड़ रुपये शिक्षा विभाग के लिए प्रस्तावित है । इसमें से 50690.81 करोड़ रुपये राजस्व मद में और 1948.22 करोड़ रुपये पूंजीगत मद के लिए प्रस्तावित है।

श्री चौधरी ने बताया कि बजट में गृह विभाग को 16323.83 करोड रुपये, राज्य की शहरी एवं ग्रामीण सड़कों पर ग्रामीण कार्य विभाग तथा पथ निर्माण विभाग को 15235.11 करोड़ रुपये, स्वास्थ्य

स्वास्थ्य को 14932 करोड़ और ग्रामीण विकास को 14296 करोड़ रुपये आवंटित

बजट पेश करने जाते सम्राट चौधरी।

पर 14932.09 करोड़ रुपये और ग्रामीण विकास पर 14296.71 करोड़ रुपये व्यय अनुमानित है । इसी तरह ऊर्जा विभाग के अंतर्गत 11422.68 करोड़ रुपये तथा समाज कल्याण एवं कमजोर वर्गों के पेंशन, आंगनबाड़ी, अनुसूचित जाति, जनजाति, अल्पसंख्यक, पिछड़ा एवं अति पिछड़ा वर्ग से संबंधित विभागों में 12377.26 करोड रुपये बजटीय प्रावधान है ।

बजट की मुख्य बातें

स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड के लिए 700 करोड़। जीएसटी वसूली में 95 फीसदी लक्ष्य पूरा किया। 2024-25 तक बिजली उत्पादन में नवीकरण ऊर्जा से 35 फीसदी बिजली उत्पादन का लक्ष्य। सात निश्चय-2 के लिए 5 हजार 40 करोड़ का प्रावधान। सात निश्चय-1 और 2 पूरे राज्य में लागू होगा।बजट में वित्तीय संतुलन का ध्यान रखा गया है। 2,26,496 करोड़ राजस्व प्राप्ति का लक्ष्य रखा गया है।

बिहार में एक और केंद्रीय विवि खुलेगा

बिहार सरकार ने मंगलवार विधानसभा में राज्य में एक और केंद्रीय विश्वविद्यालय खोलने की घोषणा की। मंत्री विजय कुमार चौधरी ने मंगलवार को प्रश्नकाल के दौरान शिक्षा विभाग से संबंधित सवाल का जवाब देते हुए कहा कि राज्य में दो केंद्रीय विश्वविद्यालय पहले से ही हैं और तीसरा जल्द ही स्थापित किया जाएगा। इसके लिए भूमि अधिग्रहण पहले से ही चल रहा है।

सिंगापुर एयर शो में 20 फरवरी से प्रदर्शन करेगी सारंग टीम

नयी दिल्ली। भारतीय वायु सेना की विश्व प्रसिद्ध सारंग हेलीकॉप्टर डिस्प्ले टीम 20 फरवरी से सिंगापुर में होने वाले एयर शो में एयरोबेटिक्स युद्धाभ्यास का प्रदर्शन करेगी। इसके लिए भारत के 71 वायु योद्धाओं की एक टीम सिंगापुर के पया लेबर एयरबेस पर सोमवार को पहुंच चुकी है। इस एयर शो में पांच स्वदेशी एडवांस लाइट हेलीकॉप्टर (एएलएच) ध्रुव भी अपनी हवाई क्षमता दिखाएंगे। वायु सेना की सारंग हेलीकॉप्टर डिस्प्ले टीम का गठन 2003 में किया गया था।

पाक में फिर पीएम बनेंगे नवाज शरीफ

एजेंसी

- **इमरान खान की पार्टी पीटीआई विपक्ष में बैठेगी**
- **पाकिस्तान मुस्लिम लीग पीपीपी और एमक्यूएम बना सकते हैं नयी सरकार**

इस्लामाबाद। पाकिस्तान में एक बार फिर नवाज शरीफ प्रधानमंत्री बनने की राह पर आगे बढ़ रहे हैं। देश में अगली सरकार गठबंधन वाली होगी और इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक ए इंसाफ (पीटीआई) विपक्ष में बैठेगी। ताजा रिपोर्ट के अनुसार नवाज शरीफ की पार्टी-पाकिस्तान मुस्लिम लीग (नवाज), बिलावल भुट्टो जरदारी की पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) और मुत्ताहिदा कौमी मूवमेंट (एमक्यूएम) आपसी तालमेल करके पाकिस्तान में नई सरकार बना सकते हैं। वहीं पीपीपी का एक वर्ग अभी भी बिलावल के लिए प्रधानमंत्री पद की पैरोकारी कर रहा है। इसलिए पांच वर्ष के सरकार के कार्यकाल में नेतृत्व को लेकर साझेदारी का समझौता संभव

है, जिसमें शुरूआती तीन वर्ष पीएमएल एन को और बाद के दो वर्ष पीपीपी को मिल सकते हैं। इस बीच निर्दलीय सांसदों और विधायकों का पीएमएल एन में शामिल होना जारी है। नवाज की पार्टी को सरकार बनाने के लिए सेना का समर्थन भी माना जा रहा है। पीटीआई प्रमुख गौहर अली खान ने देश में सरकार बनाने के दावे से पीछे हटते हुए सोमवार को कहा, हम नवाज की पीएमएल एन और पीपीपी के साथ नहीं बैठ सकते। इसलिए हमने उनसे सरकार बनाने के संबंध में बात नहीं की। उनके साथ गठबंधन करके सरकार बनाने से अच्छा है कि हम विपक्ष में बैठें। लेकिन सभी को ध्यान रखना चाहिए कि हम बहुमत में हैं।

तेजस्वी यादव को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत, मानहानि मामला किया खारिज

नयी दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने उस कथित टिप्पणी को लेकर राजद के नेता तेजस्वी यादव के खिलाफ दायर मानहानि की शिकायत खारिज कर दी जिसमें उन्होंने कहा था कि केवल गुजराती ही ठग हो सकते हैं। न्यायमूर्ति ए एस ओका और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने इस बात पर गौर करने के बाद यादव को राहत दी कि उन्होंने अपना बयान वापस ले लिया है। पीठ ने कहा कि हमने शिकायत खारिज कर दी है। न्यायालय ने 29 जनवरी को यादव को उनकी यह कथित टिप्पणी वापस लेते हुए एक उपयुक्त बयान दाखिल करने का निर्देश दिया था। तेजस्वी ने अपनी कथित टिप्पणी केवल गुजराती ही ठग हो सकते हैं को वापस लेते हुए शीर्ष न्यायालय में 19 जनवरी को एक हलफनामा दाखिल किया था।इससे पहले, शीर्ष अदालत ने राजद नेता की याचिका पर सुनवाई

बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम ने गुजरातियों को कहा था ठग

करते हुए आपराधिक मानहानि शिकायत में कार्यवाही पर रोक लगा दी थी और इसे अहमदाबाद की अदालत में दायर करने वाले गुजरात के निवासी को नोटिस जारी किया था। गुजरात की अदालत ने अगस्त में दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 202 के तहत यादव के खिलाफ प्रारंभिक जांच की थी और एक स्थानीय व्यवसायी एवं कार्यकर्ता हरेश मेहता द्वारा दायर शिकायत पर उन्हें समन जारी करने के लिए पर्याप्त आधार पाया था। तेजस्वी ने मार्च 2023 में पटना में मीडिया से कहा था कि वर्तमान स्थिति में केवल गुजराती ही ठग हो सकते हैं और उनकी धोखाधड़ी माफ कर दी जाएगी।

लालू के साले सुभाष के घर पहुंचा बुलडोजर डर से किया सरेंडर

पटना। राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव के साले पूर्व राज्यसभा सांसद सुभाष यादव ने पटना की एमएपी-एमएलए स्पेशल कोर्ट में मंगलवार को सरेंडर कर दिया। पुलिस टीम इससे पहले सुभाष यादव के घर पर बुलडोजर लेकर पहुंच गई। कुर्की-जब्ती के डर से उसने सरेंडर कर दिया। सुभाष पर जमीन कब्जे, धोखाधड़ी, रंगदारी समेत कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। अदालत ने सुभाष को भगोड़ा घोषित किया हुआ था। संपत्ति को कुर्क करने का आदेश भी जारी किया गया था। सुभाष यादव पूर्व सीएम राबड़ी देवी के छोटे भाई हैं। उनके खिलाफ बेला गांव में रहने वाले भीम वर्मा ने एफआईआर दर्ज कराई थी। एफआईआर में सुभाष की पत्नी रेणु देवी और बेटे रणधीर कुमार, पंकज यादव, अर्जुन राय, अरुण कुमार उर्फ मुखिया और अरुण सिंह का भी नाम है।

महाराष्ट्र के पूर्व सीएम अशोक चव्हाण भाजपा में हुए शामिल

एजेंसी

मुंबई। महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक चव्हाण मंगलवार को भाजपा) में शामिल हो गए।भाजपा प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले और उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने अशोक चव्हाण को भाजपा की प्राथमिक सदस्यता दिलाई। अशोक चव्हाण ने कहा कि वे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकास से प्रभावित होकर भाजपा में शामिल हुए हैं। आज से वे नए राजनीतिक सफर की शुरूआत कर रहे हैं।अशोक चव्हाण ने सोमवार को अपने विधायक पद के साथ कांग्रेस पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया था। आज अशोक चव्हाण भाजपा के प्रदेश कार्यालय में आयोजित सादे कार्यक्रम में भाजपा में शामिल हो गए हैं। अशोक चव्हाण के साथ उनके कट्टर समर्थक पूर्व विधायक अमर राजुरकर भी भाजपा में शामिल हुए हैं। अशोक चव्हाण ने कहा कि वे कांग्रेस पार्टी में प्रामाणिक रह कर काम कर रहे थे। अब भाजपा में आने के बाद वे उसी तरह काम करेंगे और उन्हें जो जिम्मेदारी दी जाएगी, उसका निवर्हन करेंगे। अशोक चव्हाण ने कहा कि वे पहले भी सकारात्मक राजनीति करते रहे हैं और अब भी वे किसी के बारे में आरोप-प्रत्यारोप नहीं करेंगे।

सूर्यांश वैदिक ज्योतिष कार्यालय
गिरधर गोपाल मिश्रा
ज्योतिषाचार्य
जन्म कुण्डली, रत्न विज्ञान व वैदिक अनुष्ठानों के द्वारा अपने समस्याओं का सम्पूर्ण समाधान प्राप्त करें।
I S H103 Housing Colony Dhanbad Jharkhand 826001.
Mob. 9525504033

जय मां शक्ति सह होमियो चिकित्सा केंद्र
डॉक्टर आर के पाठक
होमियोपैथिक दवा के द्वारा सभी रोगों का इलाज
(सुबह 10 से 12, शाम 5 से 8 बजे तक)
सम्पर्क : 8409363623
कुम्हारपट्टी मनईटांड़, धनबाद

अब भारत खुद बनायेगा जासूसी विमान

एजेंसी

जल्द मिलेगी मंजूरी

- **दुश्मन के संचार तंत्र पर कड़ी नजर होगी, लंबी दूरी के निगरानी में मिलेगी मदद**
- **स्वदेशी रूप से संचालित परियोजना में अधिकांश उपकरण देश में ही बनेंगे**

नयी दिल्ली। दुश्मन के संचार तंत्र पर कड़ी नजर रखने और लंबी दूरी के निगरानी अभियानों को अंजाम देने के लिए भारत अब खुद तीन नए जासूसी विमान विकसित करेगा। इन जासूसी विमानों को सिग्नल इंटेलिजेंस और संचार जैमिंग सिस्टम विमान के रूप में भी जाना जाता है। यह परियोजना स्वदेशी रूप से संचालित की जाएगी और इसके अधिकांश उपकरण भारत में ही बनाए जाएंगे। इन जासूसी विमानों का प्रस्ताव पूरी तरह तैयार है और जल्द ही सरकार से मंजूरी मिलने की संभावना है।

रक्षा मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि इस तरह के विमान की लंबे समय से जरूरत महसूस की जा रही थी लेकिन अब इस परियोजना को अंतिम रूप दे दिया गया है। रक्षा अनुसंधान और विकास प्रयोगशाला (डीआरडीएल) भारतीय वायु सेना के सहयोग से एयरबस-319 श्रेणी के विमान का उपयोग करके इस परियोजना का नेतृत्व कर रही है। सरकार से मंजूरी मिलने के बाद प्लेटफॉर्म के अधिग्रहण के लिए संबंधित एजेंसियां विमान निर्माताओं को निविदा जारी करेंगी। इन जासूसी विमानों के लिए प्रस्ताव पूरी तरह तैयार है और जल्द ही सरकार से मंजूरी मिलने की संभावना है। उन्होंने बताया कि

भारत तीन नए जासूसी विमानों को विकसित करने के साथ अपनी रक्षा क्षमताएं बढ़ाने के कगार पर है। इन उन्नत विमानों को सिग्नल इंटेलिजेंस और संचार जैमिंग सिस्टम विमान के रूप में भी जाना जाता है। ऐसे जासूसी विमानों की लंबे समय से चली आ रही आवश्यकता अब अंतिम दौर में पहुंच गई है। सेंटर फॉर एयरबोर्न स्टडीज इस पहल की देखरेख कर रहा है और एयरबोर्न अर्ली वार्निंग एंड कंट्रोल सिस्टम सहित विभिन्न परियोजनाओं पर काम किया जा रहा है। दरअसल, भारत ने 3 जासूसी विमान विकसित करने की इस परियोजना पर वैश्विक निमार्ताओं के साथ डेढ़ दशक पहले काम शुरू किया था। भारत ने 2009 में विमान परियोजना के लिए एम्ब्रेयर और इजराइल एयरोस्पेस इंडस्ट्रीज को शॉर्टलिस्ट किया था लेकिन ऑफसेट नीति का खुलासा न किये जाने से यह परियोजना रद्द कर दी गई। इसके तीन साल बाद वायु सेना ने इन विमानों के विकास और खरीद के लिए नया अनुरोध जारी किया। इसके बाद 2017 में अनुमानित 570 मिलियन डॉलर में सात जासूसी विमानों के अधिग्रहण के लिए एक नया अनुरोध प्रस्ताव जारी किया गया था लेकिन परियोजना परवान नहीं चढ़ पाई। रक्षा बजट में वृद्धि की घोषणा केबाद अब इन जासूसी विमानों का प्रस्ताव पूरी तरह तैयार कर लिया गया है।

पीएम सूर्य योजना में 75 हजार करोड़ से अधिक होगा निवेश

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को घोषणा की कि सरकार पीएम सूर्य घरः मुफ्त बिजली योजना शुरू कर रही है। इसका लक्ष्य प्रतिमाह 300 यूनिट तक मुफ्त बिजली प्रदान करके एक करोड़ घरों को रोशन करना है। मोदी ने कहा कि इस परियोजना में 75 हजार करोड़ रुपये से अधिक का निवेश होगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि सतत विकास और लोगों की भलाई के लिए, हम पीएम सूर्य घरः मुफ्त बिजली योजना शुरू कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस योजना को जमीनी स्तर पर लोकप्रिय बनाने के लिए शहरी स्थानीय निकायों और पंचायतों को अपने अधिकार क्षेत्र में छत पर सौर प्रणाली को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। इस योजना से लोगों को अधिक आय, कम बिजली बिल और रोजगार सृजन होगा।

वर्मा प्रेस प्रा0 लि0
राँची
VERMA PRESS
Verma's® Today®
शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

Class - X		Class - IX	
Hindi	₹ 140	Hindi	₹ 140
English	₹ 140	English	₹ 140
Mathematics	₹ 140	Mathematics	₹ 140
Science	₹ 140	Science	₹ 140
Social Science	₹ 140	Social Science	₹ 140
Sanskrit	₹ 120	Sanskrit	₹ 120
Hindi – B	₹ 140	Hindi – B	₹ 80
Hindi Vyakaran– II	₹ 120	Hindi Vyakaran– II	₹ 120
English Grammar II	₹ 120	English Grammar II	₹ 120
Sanskrit Vyakaran–II	₹ 100	Sanskrit Vyakaran–II	₹ 100
Hindi Practical	₹ 55	Hindi Practical	₹ 55
English Practical	₹ 55	English Practical	₹ 55
Maths. Practical	₹ 65	Maths. Practical	₹ 55
Science Practical	₹ 65	Science Practical	₹ 70
S. Science Practical	₹ 65	S. Science Practical	₹ 65
Sanskrit Practical	₹ 55	Sanskrit Practical	₹ 55
Maths. Practical (Combined)	₹ 90	Maths. Practical (Combined)	₹ 75
Science Practical (Combined)	₹ 90	Science Practical (Combined)	₹ 75
English Medium		English Medium	
Mathematics	₹ 200	Mathematics	₹ 130
Science	₹ 200	Science	₹ 200
Social Science	₹ 200	Social Science	₹ 130
Maths. Practical	₹ 80	Maths. Practical	₹ 80
Science Practical	₹ 80	Science Practical	₹ 80
S. Science Practical	₹ 80	S. Science Practical	₹ 80

मिलते जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान!

वसंत के शब्दशिल्पी महाप्राण निराला

अरुण कुमार दवे

ऋतुराज वसंत का आगमन हो चुका है। मधुरिमा, सरसता एवं हरीतिमा से सुसज्जित धरा के कण कण में सौन्दर्य प्रस्फुटित हो रहा है। प्राणवंत प्रकृति का लावण्य चतुर्दिक निखर उठा है। वसंत ने सारी सृष्टि में मधुर संगीत भर दिया है। वन उपवन कोयल की कूक से आह्लादित हो रहे हैं । रंग और सुगंध से सराबोर वसंत के आगमन पर रसप्लावित धरित्री संगीतमय हो झूम रही है। जब जब वसंत ऋतु आती है तब तब हिन्दी साहित्य रसिकों की चेतना में महाप्राण कवि सूर्यकान्त त्रिपाठी निराला की ये पंक्तियां गूंजने लगती हैं

सखि, वसंत आया।
भरा हर्ष वन के मन
नवोत्कर्ष छाया।
किसलय-वसना नव-वय लतिका
मिली मधुर प्रिय-उर तरु पतिका
मधुप-वृंद बंदी
पिक-स्वर नभ सरसाया।

वसंत ऋतु निराला की धड़कनों में बसती थी । निराला ने 'हिंदी के सुमनों के प्रति पत्र' कविता में लिखा भी है झ मैं ही वसन्त का अग्रदूत। वसंत पर निराला ने श्रेष्ठतम गीत लिखे हैं। घनघोर अभावों का सामना करने के बावजूद उनकी चेतना में वसंत की महक विद्यमान रही। अपने अनुपम प्राकृतिक सौंदर्य से सबको सम्मोहित करती वसंत ऋतु के समान ही निराला ने अपनी अनुपम कविताओं से हिंदी साहित्य जगत को सम्मोहित किया।

वसंत पंचमी के साथ महाकवि निराला का अप्रतिम लगाव था। वाणी के वरद पुत्र कविवर 'निराला का जन्मदिन भी वसंत पंचमी को ही मनाया जाता है` उनका जन्म वैसे तो माघ शुक्ल एकादशी, संवत 1955 तदनुसार इक्कीस फरवरी 1899 ई. को हुआ था, लेकिन उन्होंने स्वेच्छा से वसंत पंचमी को अपना जन्म दिन घोषित किया था। 1930 ई. में गंगा पुस्तकमाला के प्रकाशक दुलारे लाल भार्गव ने वसंत पंचमी के दिन गंगा पुस्तकमाला का महोत्सव और अपना जन्मदिन मनाया था । इस अवसर पर निराला ने भी एक निबंध पढ़ा। डॉ.रामविलास शर्मा बताते हैं कि उन्होंने देखा कि दुलारेलाल भार्गव वसंत पंचमी को अपना जन्मदिवस मनाते हैं। उन्होंने निश्चय किया कि वह भी वसंत पंचमी को ही पैदा हुए थे। वसंत पंचमी सरस्वती पूजा का दिन, निराला सरस्वती के वरद् पुत्र, वसंत पंचमी को न पैदा होते तो कब पैदा होते? नामकरण संस्कार से लेकर जन्मदिवस तक निराला ने अपना जन्मपत्र नए सिरे से लिख डाला।ह्व भाग्य के लेख को बदलने की कवि की इस अद्भुत जिद के कारण ही गंगा प्रसाद पांडेय ने 'निराला' को महाप्राण कहा था।

वसंत के जितने मोहक काव्य चित्र निराला ने प्रस्तुत किये हैं उतने शायद ही किसी ने किये हो। वसंत अपने पूरे रंग वैभव के साथ उनके गीतों में नज़र आता है। वसंत में धरती पग पग रंग जाती है; वृक्षों के अंतस की लालिमा निखर जाती है। वसंत की सुषमा का यह अनूठा चित्र दृष्टव्य है

रंग गई पग-पग धन्य धरा
हुई जग जगमग मनोहरा।
वर्ण गंध धर, मधु-मरन्द भर
तरु उर की अरुणिमा तरुणतर
खुली रूप कलियों में पर भर
स्तर-स्तर सुपरिसरा।

गूंज उठा पिक-पावन पंचम
खग-कुल-कलरव मृदुल मनोरम,
सुख के भय कांपती प्रणय-क्लम
वन श्री चारुतरा।

सृष्टि के कण-कण में छिपा सौंदर्य वसंत के रंग-बिरंगे फूलों के भीतर प्रस्फुटित हो उठा है। ऐसा लगता है मानो फूलों के चेहरों पर स्वर की मादकता हमारी नस नस में घुल जाती है। प्राणों के भीतर अनहदनाद गुंजरित होने लगता है। कवि लिखता है

कुंज-कुंज कोयल बोली है,
स्वर की मादकता घोली है।
कांपा है घन पल्लव-कानन,
गूंजी गुहा श्रवण-उन्मादन,
तने सहज छादन-आच्छादन,
नस ने रस-वशता तोली है।

स्नेह से सिचित करने वाली ऋतु है वसन्त। इसके आगमन मात्र से हमारी रगों में उल्लास का संचार होने लगता है। रसोद्रेक का चमत्कारिक प्रभाव प्रकृति में इस प्रकार परिलक्षित होने लगता है

फिर बेले में कलियां आई।
डालों की अलियां मुस्काई।
सींचे बिना रहे जो जीते,
स्फीत हुए सहसा रस पीते
नस-नस दौड़ गई हैं खुशियां
नैहर की कलियाँ लहराई।

कवि जीवन भर अभावों के भीषण दंश झेलता रहा मगर जीवन में बीते कुछ वासंती

श्रृंगार, रहा जो निराकार,
रस कविता में उच्छ्वसित धार
गाया स्वर्गीय प्रिया-संग-
भरता प्राणों में राग झ रंग,
रति रूप प्राप्त कर रहा वही,
आकाश बदलकर बना मही।

उनकी अनेक कविताओं में वसन्त की अधिष्ठात्री देवी सरस्वती का स्तवन किया गया है। सरस्वती की आराधना करके शब्दों को सार्थकता प्रदान करने वाले निराला के अंतर्मन में सरस्वती और वसंत दोनों रमे हुए हैं। निराला की कविता वसंत के सौंदर्य रूप तथा सरस्वती के रस रूप की उपासना है। महाकवि माघ ने लिखा था- क्षणे-क्षणे यन्नवतामुपैति तदैव रूपं रमणीयताया?। वसंत और सरस्वती दोनों ही पल प्रतिपल नवीनता के द्योतक हैं

नव गति, नव लय, ताल छंद नव
नवल कंठ, नव जलद मंद्र रव;
नव नभ के नव विहग-वृंद को
नव पर नव स्वर दे!

मां शारदा का वसंत पर अतिशय अनुराग है। वसंत की सुसज्जित माला धारण कर वह वरदायिनी बनती है।

'अणिमा', 'बेला', 'नए पत्ते', 'गीत कुंज, 'आराधना', 'सांध्य काकली', 'अपरा' जैसे काव्य-संग्रहों रचना की। 'अप्सरा', 'अलका', 'प्रभावती', 'निरूपमा', 'कुल्ली भाट' और 'बिल्लेसुर' 'बकरिहा' शीर्षक से उपन्यासों तथा 'लिली', 'चतुरी चमार', 'सुकुल की बीवी', 'सखी' और 'देवी' नामक कहानी संग्रहों का सृजन किया। 'मतवाला' व 'समन्वय' पत्रिकाओं का संपादन भी किया। सौ पदों में लिखी गई तुलसीदास निराला की सबसे बड़ी कविता है।

निराला का साहित्य प्रकृति सौंदर्य, प्रेम के औदात्य, आध्यात्मिकता, राष्ट्रप्रेम, सामाजिक चेतना एवं मानवीय संवेदना से सराबोर है साहित्य जगत को अपनी अविस्मरणीय रचनाओं से वसंत का अहसास कराने वाले इस महाप्राण कवि का व्यक्तिगत जीवन अभावों एवं कष्टों से भरा रहा मगर बेबाकी एवं फक्कड़पन से भरा यह कवि समझौतापरस्त नहीं बना। ठिठुराती सर्दी में एक असहाय वृद्धा के मुख से बेटा का संबोधन सुनकर अपनी नई रजाई उसे ओढा देने वाला हिन्दी का यह कवि सिंहासन तक को ठोकर मारने का जज्बा रखता था। इलाहाबाद विश्वविद्यालय के यशस्वी वाइस चांसलर अमरनाथ झा ने एक बार निराला को अंग्रेजी में पत्र लिखकर अपने घर पर काव्य पाठ के लिए निर्मंत्रित किया। शिक्षा, संस्कृति और प्रशासकीय सेवाओं के क्षेत्र में अमरनाथ झा की तूती बोलती थी। मगर स्वाभिमानी निराला सरीखे कवि को यह गवारा न था कि पद या सम्पन्नता के गुमान में कवि दरबार आयोजित करने वाले प्रभावशाली व्यक्ति के घर हाजरी बजाकर भांडवत काव्यपाठ करें। उन्होंने जवाब भेजा झ ह्लआई एम रिच ऑफ माई पुअर इंग्लिश, आई वाज ऑनर्ड बाई योर इनविटेशन टू रिसाइट माई पोयम्स एट योर हाउस। हाउ एवर मोर आनर्ड आई विल फील इफ यू कम टू माई हाउस टू लिसिन टू माई पोयम्स।ह्व (मैं गरीब अंग्रेजी का धनिक हूँ। आपने मुझे अपने घर आकर कविता सुनाने का निमंत्रण दिया मैं गौरवान्वित हुआ। लेकिन मैं और अधिक गौरव का अनुभव करूँगा यदि आप मेरे घर आकर मेरी कविता सुनें)।ह्व इसी प्रकार एक बार ओरछा नरेश से अपना परिचय देते हुए निराला ने कहा, ह्लहम वो हैं जिनके बाप-दादों की पालकी आपके बाप-दादा उठाते थे।ह्व यहाँ कवि परंपरा पर गर्व करने वाले निराला ने उस घटना का संकेत किया था, जब राजा छत्रसाल ने कवि भूषण की पालकी स्वयं उठा ली थी

जीवनपर्यन्त साहित्य झ रसिकों को वासन्ती शब्दसुमनों से रसप्लावित करने वाले शब्दशिल्पी निराला के जीवन में मात्र 22 वर्ष की अल्पायु में पत्नी के चिरवियोग से पतझड़ आ गया और उसके बाद बिटिया सरोज के असामायिक निधन से यह पतझड़ स्थाई बन गया। दुर्दांत दुर्भाग्य के प्रबल प्रहारों को झेलते झेलते आखिर शोक संतप्त निराला की मनोदशा व्यथा एवं वेदना से टूट-सी गई और 15 अक्टूबर, 1961 को यह अमर कवि इस लोक से विदा हो गया।

निराला वाकई निराला ही थे उनकी स्मृति आते ही हमारे चित्त में वसंत की सुरभि और सौंदर्य मूर्तिमान हो उठते हैं। हमारा अंतस स्वत? ही गुनगुनाने लगता है।

अभी न होगा मेरा अंत,
अभी अभी ही तो आया है,
मेरे वन में मृदुल वसंत,
अभी न होगा मेरा अंत

(जन्म दिन वसंत पंचमी पर विशेष)

कृष्ण ने गीता में वसंत को अपनी सृष्टि माना

वसंत की शुरुआत माघ महीने की शुक्ल पंचमी से हो जाती है। रामायण में महर्षि वाल्मीकि ने वसंत का अत्यंत मनोहारी चित्रण किया है। भगवान कृष्ण ने गीता में 'ऋतुनां कुसुमाकर' कहकर वसंत को अपनी सृष्टि माना है।

कविवर जयदेव तो वसंत का वर्णन करते थकते ही नहीं। सतत आकर्षक लगने वाला निसर्ग वसंत ऋतु में अत्यधिक लुभावना लगने लगता है। अपने अनोखे सौंदर्य के कारण वह मनुष्यों को आकृष्ट करता है।

वसंत का उत्सव प्रकृति की पूजा का उत्सव है। सदैव सुंदर दिखने वाली प्रकृति वसंत ऋतु में सोलह कलाओं में दीप्त हो उठती है। यौवन हमारे जीवन का मधुमास वसंत है तो वसंत इस सृष्टि का यौवन।

मानव को अपने स्वास्थ्य और जीवन के सौंदर्य के लिए प्रकृति के अनुपम सान्निध्य में जाना चाहिए। निसर्ग में ऐसा जादू है कि मानव की वह समस्त वेदनाओं को तत्काल भुला देता है। निसर्ग का सान्निध्य यदि सदैव प्राप्त होता रहे तो मानव जीवन पर उसका प्रभाव बहुत ही गहरा होता है।

निसर्ग में अहंकार नहीं है। अत वह प्रभु के अत्यधिक निकट है। इसी कारण निसर्ग के सान्निध्य में जाने पर हम भी स्वयं को प्रभु के अधिक निकट महसूस करते हैं।

सुख-दुख के समस्त द्वंद्वों से परे है - निसर्ग। वसंत हो या वर्षा, अलग-अलग रूपों में प्रभु का हाथ सृष्टि पर फिरता ही रहता है और सम्पूर्ण निसर्ग प्रभु के स्पर्श से निखर उठता है।

जीवन में भी यदि प्रभु का स्पर्श हो तो सम्पूर्ण जीवन ही बदल जाता है। जीवन में वसंत खिल उठेगा, जीवन के दुख, दैन्य, सब क्षण भर में दूर हो जाएंगे। प्रभु स्पर्शी जीवन में निरंतर एक ही ऋतु का साम्राज्य होता है और वह मादक ऋतु है वसंत!

निसर्ग के सान्निध्य से मानव के तन में स्फूर्ति, मन में उल्लास, बुद्धि में प्रसन्नता और हृदय में चेतना की सृष्टि होती है, वसंत मुख्य द्वार से प्रविष्ट हो रहा है। समग्र सृष्टि सुमधुर प्रतीत होने लगती है। सृष्टि के अनुपम माधुर्य का पान करने के लिए संभवतः दो नेत्र काफी नहीं। सृष्टि की सुंदरता और यौवन की रसिकता का जहां सुमेल हो, वहां निराशा, नीरसता और निष्क्रियता का क्या काम। परंतु निसर्ग की सुंदरता व मानव की रसिकता में यदि प्रभु का स्वर न हो तो वह विलास का मार्ग बनकर मनुष्य को विनाश के गर्त में डाल देती है। इसलिए वसंत के संगीत में गीता के स्वर होने चाहिए। वसंत का उत्सव अमर आशावाद का प्रतीक है। वसंत का सच्चा पुजारी जीवन में कभी निराश नहीं होता। पतझड़ में जिस प्रकार वृक्ष के पत्ते गिर जाते हैं, उसी प्रकार वह अपने जीवन में से निराशा और असफलताओं को झटक देता है। निराशा से घिरे हुए जीवन में वसंत आशा का संदेश लेकर आता है। निराशा के वातावरण में आशा की अनोखी किरण फूट पड़ती है। भक्ति और शक्ति के सुंदर सहयोग से यह जीवन और प्रकृति सुंदर हो उठते हैं। उसका जीवन मानो गीता का जीवंत भाष्य प्रतीत होने लगता है। जीवन में आने वाले समस्त दुखों को झेलने और सकारात्मक दृष्टि से देखने का विवेक उत्पन्न होता है। वसंत अर्थात आशा व सिद्धि का सुंदर संयोग, कल्पना और वास्तविकता का सुभग समन्वय है। यह निराशा पर आशा और अमंगल पर मंगल की विजय है। जीवन और वसंत को जिसने एकरूप कर दिया है, ऐसे मानव को हमारी संस्कृति संत कहकर पुकारती है। जो जीवन में वसंत लाए वही संत हैं। यौवन व संयम, आशा और सिद्धि, कल्पना और वास्तविकता, भक्ति और शक्ति, सर्जन और विसर्जन, इन सबका समन्वय करने वाला और जीवन में सौंदर्य, संगीत और स्नेह का



कूची फिरा दी गई हो

कूची तुम्हारी फिरी कानन में
फूलों के आनन आनन में
फूटे रंग वासंती, गुलाबी,
लाल पलास, लिए सुख, स्वाबी,
नील, श्वेत शतदल सर के जल,
चमके हैं केशर पंचानन में।

वसन्त में जब कोयल बोलती है तो उसके क्षणों को भूल नहीं पता है। कवि के जीवन में वसन्त की मधुरिमा लेकर पहले तो उनकी सहचरी मनोहरा देवी आई, बाद में लाडली बिटिया सरोज वसंतवत आई। कवि की ये वासंती स्मृतियाँ 'सरोज-स्मृति' कविता में इस प्रकार अभिव्यक्त हुई है।

देखा मैंने, वह मूर्ति धीति
मेरे वसंत की प्रथम गीति-
वरद हुई शारदा जी हमारी
पहनी वसंत की माला संवारी।

निराला ने 1920 के आस-पास अपनी साहित्यिक यात्रा शुरू की। वीणावादिनी के इस वरद पुत्र ने 1961 तक अनवरत लिखते हुए अनेक कालजयी रचनाओं से हिन्दी साहित्य को समृद्ध किया। 'अनामिका,' 'परिमल', 'गीतिका', 'द्वितीय अनामिका', 'तुलसीदास',

विद्यालय प्रबंधन समिति की हुई बैठक

हेरहंज। प्रखंड क्षेत्र के इनातू ग्राम स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय डोरांग (इनातू) के प्रांगण में मंगलवार को विद्यालय प्रबंधन समिति की एक बैठक की गई जिसमें निम्न बिंदुओं पर चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रबंधन समिति के अध्यक्ष जितेंद्र यादव ने किया। बैठक में विद्यालय में सरस्वती पूजा धूमधाम से मनाने,बच्चों की उपस्थिति व अन्य विषयों पर चर्चा की गई.आज की बैठक में सरस्वती पूजा मनाने को लेकर समिति का गठन किया गया। जिसमे सर्व सम्मति से अध्यक्ष विक्की यादव, सचिव नीतीश कुमार यादव, उपाध्यक्ष मंजीत कुमार, कोषाध्यक्ष वीरेंद्र यादव, संरक्षक कमिटी विकाश कुमार, मनीष कुमार, पवन कुमार, निरंजन कुमार व सदस्य प्रिंस कुमार, संदीप कुमार, पिन्टू भुइंया, सुखलाल भुइंया, गणेश भुइंया, सोनू भुइंया का चयन किया गया। मौके पर शिक्षक प्रभारी प्रधानाध्यपक बिपिन बिहारी प्रसाद, सहयोगी शिक्षक कुंज बिहारी प्रसाद, विशेश्वर राम व ग्रामीण मौजूद थे।

बलकुदरा आउटसोर्सिंग खदान में रैयत-विस्थापित मोर्चा ने ब्लास्टिंग को कराया बंद

खबर मन्त्र संवाददाता

भुरकुंडा (रामगढ़)। सीसीएल बरका-सयाल क्षेत्र के बलकुदरा आउटसोर्सिंग खदान में चल रहे ब्लास्टिंग कार्य को रैयत-विस्थापित मोर्चा ने मंगलवार को बंद करा दिया। सुबह से ही मोर्चा के लोगों ने खदान में होने वाले ब्लास्टिंग कार्य को बंद करवा दिया। इसकी अध्यक्षता वीरेंद्र मांझी और संचालन गणेश बेदिया ने किया। सूचना के बाद सीसीएल प्रबंधन की ओर से पीओ मनोज कुमार पाठक ने मोर्चा के लोगों से वार्ता की। वार्ता के दौरान मोर्चा के लोगो ने कहा की पीएलआर कंपनी में यहां के 38 मजदूरों कार्यरत थें। लेकिन वर्तमान कंपनी पीसीएम केवल 10 मजदूरों को ही काम पर रखने को सहमत है। मोर्चा के लोगो ने कहा की तत्काल 15 मजदूरों को काम पर रखा जाय, नहीं तो काम नहीं होने दिया जायेगा। लेकिन वार्ता के बाद भी पीसीएम कंपनी ने 10 से ज्यादा मजदूरों को काम देने पर सहमत नही हुई। मोर्चा के लोगो ने कहा कि सीसीएल प्रबंधन हमेशा रैयतों को छलने का काम करती रही है। पूर्व में रोजगार और रोजगार भत्ता को लेकर हमलोगों द्वारा प्रबंधन को मांग-पत्र सौंपा गया था। लेकिन प्रबंधन की ओर से अभी तक कोई सकारात्मक पहल नही की गई। प्रबंधन के रवैये से मोर्चा के लोगो में रोष है। इधर वार्ता के विफल होने के बाद बीरेंद्र मांझी ने कहा की जब तक कंपनी रैयत-विस्थापित की मांगों को पूरा नहीं करती है तब तक बलकुदरा का बालस्टिंग कार्य बंद रहेगा। वार्ता में मोर्चा की ओर से संतोष मुंडा, राजेश, गणेश बेदिया, मनोज मुंडा, शिवराज हांसदा, संजय नायक, नकुल सिंह, राजकुमार करमाली, रंजीत मांझी, उमेश मुर्मू, राजू हांसदा, नरेश ठाकुर, सुनील सोनी, श्याम देव मुंडा, दिनेश मुर्मू, बबलू हांसदा, विनोद मुर्मू, पिंटू मुर्मू, रमेश, मनीष मुर्मू, दिनेश मुंडा, बजरंगी यादव शामिल थें। वहीं प्रबंधन की ओर से पीओ एमके पाठक, बलकुदरा मैनेजर बबलू कुमार, आरके वर्णवाल, एसएम राजकुमार, पप्पू सिंह, मनोज राम, अमित पाठक, पंकज सिंह आदि शामिल थें।

ब्लास्टिंग कार्य ठप कराते मोर्चा के लोग।

एक नजर में

सरस्वती पूजा को लेकर कुजू ओपी में शांति समिति की बैठक

कुजू। कुजू ओपी परिसर में सरस्वती पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता ओपी प्रभारी विनय कुमार ने किया। बैठक के दौरान पुलिस पदाधिकारियों ने मौजूद ग्रामीणों से पूजा शांति पूर्ण तरीके से मनाने का बात कही। वहीं मौजूद ग्रामीणों व जन प्रतिनिधियों ने भी क्षेत्र में होने वाले पूजा को सही तरीके से मनाने का भरोसा दिलाया। बैठक में जिप प्रतिनिधि ज्योतिंद्र प्रसाद साहू, अमर सिंह, प्रेम प्रसाद, शिव कुमार प्रसाद, अरविंद कुमार, प्रदीप कुमार गुप्ता, गणेश सोनी, अशोक कुमार महतो, धर्मराज राम, कुमारी नीलम, महेश महतो आदि मौजूद थे।

शांति समिति की बैठक

मांडू। मांडू थाना परिसर मांडू में 13 फरवरी को सरस्वती पूजा सौहाद्रपूर्ण वातावरण में मनाने के लिए शांति समिति की बैठक थाना प्रभारी अनिल हेंब्रम और रमाकांत सिंह की अध्यक्षता में हुई। मांडू थाना क्षेत्र से आए गणमान्य व्यक्तियों ने क्षेत्र में हो रहे सरस्वती पूजा को लेकर विभिन्न मुद्दों पर विचार विमर्श करते हुए भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष अमरेंद्र कुमार गुप्ता ने कहा कि पूजा में लोग अश्लील गाना ना बजा कर भक्ति गाने बजाएं और शांति के साथ पूजा संपन्न करें। साथ ही पुलिस द्वारा सुरक्षा की पूरी व्यवस्था की मांग की गयी। बैठक में मांडू डीह पंचायत मुखिया बैजनाथ राम,आजसू वरिष्ठ नेता लालचंद महतो, संजय साव,नवरत्न कुमार, बालेश्वर भुईयां,राजकपूर साव, प्रभात कुमार,अमित कुमार,रामवृक्ष महतो,जयनाथ महतो,दशो हेंब्रम,प्रभात कुमार,चौरंगी आदि मौजूद थे।

कोडरमा थाना में शांति समिति की बैठक संपन्न

कोडरमा। थाना में सरस्वती पूजा को लेकर थाना प्रभारी कुंदन कुमार की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक की गई। बैठक में सभी समुदाय के लोग शामिल हुए। इस दौरान थाना प्रभारी ने थाना क्षेत्र के सभी लोगों से अपील किया की सरस्वती पूजा के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखें, सोशल मीडिया पर विशेष नजर रखी गई है, शांति भंग करने वालों पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी, मूर्ती विसर्जन के दौरान व पूजा पंडालों में अश्लील गानों पर प्रतिबंध रहेगा। मौके पर राजेश सिंह, लक्ष्मण प्रसाद, सुभाष यादव, गोपाल साव, गौतम कुमार, भीम कुमार, महेंद्र यादव, रवि कुमार, मो. साजिद, अशोक यादव आदि लोग मौजूद थे।

डीडीसी ने किया सतगावां प्रखंड का दौरा

सतगावां (कोडरमा)। उप विकास आयुक्त ऋतुराज ने मंगलवार को सतगावां प्रखंड का दौरा किया। इस दौरान प्रखंड कार्यालय में सभी पंचायतों के मुखिया, पंचायत सेवक के साथ बैठक कर मनरेगा योजनाओं की समीक्षा किया। वहीं कुछ पंचायतों में कूप निर्माण योजना का कार्य धीमी होने का कारण पूछा। वहीं मुखिया द्वारा बताया गया कि कुछ गावों में पानी का स्तर चालीस फीट से अधिक नीचे होने के कारण कूप निर्माण नही कराया जा सकता, साथ ही प्रखंड के अबुआ आवास एवं नलकूप निर्माण की समीक्षा की गई। वहीं उन्होंने योग्य लाभुकों का चयन कर अबुआ आवास क्रमवार सूची तैयार करने का निर्देश दिया। मौके पर सभी पंचायत के मुखिया एवं पंचायत सचिव मौजूद थे।

मवेशी लगा दो ट्रक जप्त, दस अभियुक्त गिरफ्तार

मरकच्चो (कोडरमा)। पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह को मिली गुप्त सूचना के आधार पर मरकच्चो थाना प्रभारी अब्दुलाह एवं एएसआई मदन मोहन शर्मा ने संयुक्त छापेमारी कर मंगलवार की सुबह मरकच्चो बंधन चैक के समीप से दो ट्रक में लदे 48 मवेशी को जप्त कर थाना ले आए। वहीं दोनों ट्रको में 28 गाय, 18 बछड़ा, 1 भैंस और 01 भैंस का बच्चा को जप्त करते हुए दस अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। वहीं मरकच्चो थाना प्रभारी ने 12/24 मामला दर्ज करते हुए अभियुक्त 25 वर्षीय दिलीप कुमार पिता रामाधार यादव, 25 वर्षीय उपेंद्र कुमार पिता स्व देवनारायण राय, 32 वर्षीय प्रदुमन यादव पिता स्व विजय यादव, 61 वर्षीय टुनटुन राय पिता शिवाजी राय, 35 वर्षीय हरेंद्र यादव पिता ललन यादव, 21 वर्षीय विजेंद्र कुमार पिता हृदयांद यादव, 50 वर्षीय श्यामबाबू राय पिता कैलाश राय, 31 वर्षीय प्रमोद राय पिता मिर्चाई राय सभी साकीन बिरमपुर थाना कोईलवर जिला भोजपुर बिहार। वहीं ट्रक चालक 23 वर्षीय महेश यादव पिता रामविलास यादव, 32 वर्षीय अनिल कुमार पिता रविंद्र यादव दोनों साकिन कुल्हडिया थाना मुफ्फसिल बक्सर जिला बक्सर बिहार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

नव पदस्थापित डीपीआरओ ने संभाला पदभार, कहा

जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने में मीडिया की भूमिका अहम

खबर मन्त्र संवाददाता

कोडरमा। नवपदस्थापित जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रवि कुमार ने जिले के सभी पत्रकारों के साथ बैठक कर परिचय प्राप्त किया। वहीं उन्होंने कहा कि जिला जनसंपर्क कार्यालय प्रशासन एवं आमजनों के बीच कड़ी का कार्य करती है, ऐसे में सरकार द्वारा संचालित लोक कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी जिले के सुदूर गांवों में रहने वाले अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना मेरी प्राथमिकता होगी। जिला जनसंपर्क कार्यालय द्वारा योजनाबद्ध तरीके से जनसंपर्क का दायरा बढ़ाते हुए व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाएगा। वहीं उन्होंने कहा कि किसी भी सूचना के प्रचार-प्रसार में मीडिया की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। इसलिए सभी विभागों के साथ समन्वय बनाकर सूचनाओं का आदान-प्रदान करते हुए मीडिया के माध्यम से सूचनाएं जनता के साथ साझा की जाएगी। मौके पर सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार व विभिन्न मीडिया संस्थानों के पत्रकार मौजूद थे।

इंदरवा मुखिया ने अबुआ आवास सूची में गड़बड़ी को लेकर डीडीसी व जिप अध्यक्ष को दिया आवेदन

खबर मन्त्र संवाददाता

कोडरमा। प्रखंड अंतर्गत इंदरवा पंचायत मुखिया उमा देवी ने मंगलवार को अबुआ आवास सूची में गड़बड़ी को लेकर डीडीसी ऋतुराज व जिप अध्यक्ष रामधन यादव को आवेदन सौंपा है। दिये गये आवेदन में बताया गया है कि अबुआ आवास को लेकर इन्दवा पंचायत भवन में सभी वार्ड सदस्य, उप मुखिया एवं भाग संख्या एक और दो के पंचायत समिति सदस्यों के साथ ग्राम सभा किया गया था। जिसमें अबुआ आवास लेने योग्य लाभुकों की लिखित सूची बनाया गया था। जिसमें कुछ बिचैलियों द्वारा उस सूची को बदल कर दूसरा सूची विभाग को उपलब्ध करवा दिया। बदले गए सूची पर विभाग के द्वारा हस्ताक्षर करने के लिए दबाव बनाया जा रहा है। वहीं उन्होंने बताया कि डीडीसी से बोले हैं की सूची में थोड़ी गड़बड़ी हो गई है, सूची की जांच करवाते हैं। वहीं जिला परिषद अध्यक्ष ने भी जांच की बात कही है।

अबुआ आवास से वंचित परिवार से मिले डीडीसी

दिव्यांग परिवार से मिलते डीडीसी।

कांडी। डीडीसी राजेश कुमार राय मंगलवार को कांडी प्रखंड के कुरकुटा गांव पहुंच कर अबुआ आवास से वंचित असहाय व बेहद गरीब दिव्यांग जनाबुद्दीन अंसारी व उनके परिवार से मिलकर वस्तुस्थिति से अवगत हुए। दिव्यांग परिवार को अबुआ आवास से किस परिस्थिति में वंचित किया गया, इसकी छानबीन करते हुए मौके पर ही दिव्यांग परिवार को अबुआ आवास देने की घोषणा की। डीडीसी ने कहा कि मेरे सामने जब यह मामला आया तो मैंने तुरंत संज्ञान लेते हुए कहा था कि 24 घंटे के अंदर इसको देखुंगा। इस परिवार को सिर्फ आवास संबंधी ही नहीं बल्कि और भी जो सुविधा इनको मिल सकती है, ये सुविधा हम देने का प्रयास करेंगे। डीडीसी ने कहा कि ये सबसे सुटेबुल कैंडिडेट हैं अबुआ आवास के लिए। मैं इस बात को चेक करूंगा कि ऐसे लोगों को अबुआ आवास के सूची में क्यों नहीं रखा गया है। कहा कि मैं बीडीओ को उनकी टीम के साथ बुलाया हूं और जो बेहद गरीब हैं उन सभी को अबुआ आवास मिले, यह सुनिश्चित करूंगा। डीडीसी ने जल्द ही अबुआ आवास सूची की जांच के लिए टीम भेजने की बात भी कही।

शिव प्राण प्रतिष्ठा, महायज्ञ की तैयारी पूरी, कलश यात्रा आज

खबर मन्त्र संवाददाता

मरकच्चो (कोडरमा)। प्रखंड मुख्यायलय के दक्षिणी पंचायत स्थित भगवतीडीह नवनिर्मित मंदिर परिसर में 11 दिवसीय शिव प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ की तैयारी पूर्ण हो गई है। उक्त बातों की जानकारी यज्ञ समिति के अध्यक्ष रामकृष्ण पांडे, उपाध्यक्ष रामदेव यादव, कैलाश सिंह, सचिव गौरी शंकर सिंह, उपसचिव तपेश्वर पांडे, कोषाध्यक्ष बबलू यादव और मनोज पांडे ने संयुक्त रूप से बताया कि 14 फरवरी की सुबह 11 बजे भव्य कलश यात्रा निकलेगी। मंदिर व मंदिर परिसर दुल्हन की तरह सज कर तैयार है। नगर भ्रमण के साथ ही महायज्ञ का शुभारंभ होगा, इसके लिए कलश की व्यवस्था की गई है। जो महिला, युवती इस यात्रा में शामिल होंगी उन्हें मंदिर की ओर से कलश की व्यवस्था कराई जाएगी। मंदिर परिसर में महायज्ञ कार्यक्रम के आयोजकों व श्रद्धालुओं की ओर से भव्य सजावट की गई है। 24 फरवरी को महायज्ञ की पूणार्हुति होगी। वहीं दूसरी ओर चोपनाडीह पंचायत के ग्राम बेलाडीह, ताराटांड़ में 14 फरवरी से आयोजित 9 दिवसीय श्री शतचंडी महायज्ञ को लेकर भव्य कलश यात्रा निकली जाएगी। उक्त बातों की जानकारी यज्ञ समिति के अध्यक्ष मुंशी यादव, सचिव बाबूलाल यादव, कोषाध्यक्ष द्वारिका प्रसाद यादव ने संयुक्त रूप से दी।

भाजपा गांव चलो अभियान कार्यक्रम का आयोजन

गढ़वा। भाजपा के निवर्तमान जिलाध्यक्ष ओम प्रकाश केशरी ने जिले के भंडरिया मंडल कंजिया करचाली ग्राम अंतर्गत बूथ क्रमांक 395 में भाजपा गांव चलो अभियान कार्यक्रम के तहत करचाली गांव के लोगों से संवाद किया। उन्होंने गांव के लोगों से मिलकर केंद्र सरकार के जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी। साथ ही भाजपा के प्रमुख कार्यकताओं के साथ बैठकर बूथ समिति पन्ना प्रमुख का सत्यापन किया। निवर्तमान जिलाध्यक्ष ने बताया कि 2024 लोकसभा चुनाव में भाजपा 400 पार करेगी। भाजपा के द्वारा प्रदेश से लेकर बूथ स्तर पर पार्टी के जनप्रतिनिधि नेता कार्यकर्ता सभी लोगों ने बूथ स्तर पर प्रवास किया। कार्यक्रम में उपस्थित सांसद प्रतिनिधि रूप निरंजन सिन्हा ने केंद्र सरकार की योजनाओं के बारे में लोगों को बताया और भाजपा को वोट देने के लिए आग्रह किया।

रजिस्टर्ड इंडस्ट्रीज को रिटर्न फाइल के लिए आयोजित हुआ कार्यशाला

खबर मन्त्र संवाददाता

गोविंदपुर। भारत सरकार सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के अधीन राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण कार्यालय ;क्षेत्र संकार्य प्रभागद्धए उप क्षेत्रीय कार्यालय धनबाद के द्वारा औद्योगिक संघों एवं कारखाना अधिनियम 1948 सेक्शन 2 एम में पंजीकृत औद्योगिक इकाइयों को वेब पोर्टल पर अपनी रिटर्न फाइल स्वयं करने के लिए संवेदनशील बनाने एवं प्रेरित करने हेतु वार्षिक औद्योगिक सर्वेक्षण पर एक कार्यशाला का आयोजन प्रखंड कार्यालय गोविंदपुर में सोमवार को किया गया। अध्यक्षता एवं उद्घाटन वरीय सांख्यिकी अधिकारी काजल कुमार खलखो ने किया। उन्होंने सर्वेक्षण के सफल संचालन के लिए औद्योगिक इकाइयों के सहयोग के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि सर्वेक्षण से एकत्र डाटा का उपयोग राष्ट्रीय आय के अनुमानए औद्योगिक संरचना के अध्ययनए योजनाए नीति निर्माण और तेजी से औद्योगिक विकास के लिए नीतियां बनाने में किया जाता है। इसके जरिये पूंजीए रोजगार की स्थितिए कच्चा मालए इनपुट आउटपुट अनुपातए मूल्यवर्धनए श्रमए टर्नओवर आदि से संबंधित डाटा एकत्र किये जाते हैं। वरीय सांख्यिकी अधिकारी बिजय कुमार गुप्ता एवं पुरुषोत्तम अग्रवाल ने औद्योगिक इकाइयों को वेब पोर्टल पर रिटर्न फाइल करने का प्रशिक्षण दिया तथा साथ ही रिटर्न फाइल भरने में होने वाली कठिनाइयों के निराकरण पर चर्चा भी की। वरीय सांख्यिकी अधिकारी तरुण कुमार सिन्हा ने धनबादए गिरिडीह और बोकारो से आये लगभग 35 उद्योगों के मालिक व प्रतिनिधियों के बीच सांख्यिकी संग्रहण अधिनियम 2008 पर विस्तृत चर्चा की। वरीय सांख्यिकी अधिकारी अजय कुमार ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

16 फरवरी को 3552 पदों के लिए धनबाद नियोजनालय में लगेगा रोजगार मेला

- दत्तोपंत ठेंगड़ी रोजगार मेला 2024 में स्थानीय स्तर पर रोजगार पाने का सुनहरा अवसर
- धनबाद जिला के अवर प्रादेशिक नियोजनालय परिसर में 16 फरवरी को 3552 पदों के लिए सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक होगा रोजगार मेला का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

धनबाद। झारखंड सरकार के श्रम नियोजन प्रशिक्षण व कौशल विकास विभाग द्वारा राज्य के बेरोजगार युवक, युवतियों के लिए रोजगार का एक और अवसर प्रदान किया जा रहा है। इसके लिए धनबाद अवर प्रादेशिक नियोजनालय परिसर बरटांड़ में दत्तोपंत ठेंगड़ी रोजगार मेला 2024 का आयोजन 16 फरवरी को किया जा रहा है। 3552 पदों पर नियुक्ति के लिए कंपनियों का जमावड़ा लगेगा। इच्छुक सभी अभ्यर्थी भर्ती कैम्प में महत्वपूर्ण दस्तावेजों के साथ शामिल हो सकते है। यह मेला सुबह 10 बजे से अपराह्न 04 बजे तक जारी रहेगा। इच्छुक अभ्यर्थियों को बायोडाटा की दो प्रति लानी है।

रोजगार मेला में 8 हजार प्रतिमाह से लेकर 50 हजार तक की नियुक्ति मिलेगी। इच्छुक अभ्यर्थी का झारखंड के नियोजनालय में निर्बंधित होना आवश्यक है। आवेदक अपने सभी शैक्षणिकए प्रशैक्षणिकए आधार कार्डए दो पासपोर्ट साइज का फोटोए नियोजनालय का निबंधन कार्डए अपना बायोडाटा व स्थानीय निवासी प्रमाण पत्र, न्यूनतम अंचलाधिकारी द्वारा निर्गतद्ध के साथ रोजगार मेला में भाग ले सकते हैं। रिक्तियों के विरुद्ध भर्ती के लिए सीधे नियोजक उत्तरदायी हैं। नियोजनालय एवं विभाग मात्र सुविधा प्रदाता के रूप में कार्य कर रही है। इसमें भाग लेने के लिए यात्रा भत्ता देय नहीं है।

जेई मेंस परीक्षा में विवेकानंद कॉन्वेंट स्कूल के छात्रों ने लहराया परचम

कोडरमा। चेचाई चाराडीह स्थित विवेकानंद कॉन्वेंट में विज्ञान संकाय बारहवीं कक्षा में अध्यनरत पांच छात्रों प्रियांशु कुमार सिंह 95.7, मोहित राज 95.4, अक्षत दुबे 92.6, आदित्य कुमार 91.2 एवं अनुराग कुमार राज 82.7 ने उपरोक्त उलेखित प्रतिशत अंक प्राप्त कर शिक्षा मंत्रालय अधिनष्ट नेशनल टेसिंट्ग एजेंसी द्वारा आयोजित जेई मेंस परीक्षा में सफलता प्राप्त किया। यह सभी छात्र जेई एडवांस की परीक्षा हेतु योग्य हो गये एवं मई माह में आयोजित होने वाली जेई मेंस की परीक्षा देकर देश के प्रतिष्ठित संस्थान आईआईटी व एनआईटी में नामांकन प्राप्त कर इंजीनियर बनने का सपना पुरा करेगा। इस सफलता पर विद्यालय निदेशक अनिल कुमार ने बताया कि यह क्षण बच्चों के अभिभावकों के साथ-साथ पूरे विद्यालय परिवार के लिए गौरव का क्षण है, यह यादगार लम्हा अतुलनीय है। यदि बच्चे लगनशीलता से मेहनत करते हैं तो उसके सफलता को कोई रोक नही सकता है। पूरे विद्यालय परिवार ऐसे होनहार प्रतिभावन बच्चों के सहयोग के हमेशा तत्पर रहेगी। यह बच्चे समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत है। बच्चे के माता पिता के साथ साथ विद्यालय के प्राचार्य व शिक्षक-शिक्षिकाओं ने हर्ष व्यक्त करते हुए उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।

कुमारधुबी ओपी में शांति समिति की बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता

कुमारधुबी। सरस्वती पूजा को सफलतापूर्वक संपन्न कराने को लेकर कुमारधुबी ओपी प्रांगण में ओपी प्रभारी संदीप कुमार यादव की अध्यक्षता में मंगलवार को शांति समिति की बैठक संपन्न हुई। समिति का संचालन नेता नागेंद्र कुमार ने किया। ओपी प्रभारी संदीप कुमार यादव ने कहा कि सरस्वती पूजा शिक्षा की देवी की पूजा है। उसे खुशी से और शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न करें। विसर्जन के दौरान डीजे पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेगा और पूजा पंडाल में वालंटियरों को तत्पर रहना होगा। अगर संभव हो सके तो ड्रोन कैमरे की निगरानी में ही विसर्जन करें। पूजा पंडाल और उसके समीप किसी तरह का संदेह होने पर पुलिस को तुरंत सूचित करें। अन्य वक्ताओं ने साफ सफाई व विसर्जन के दौरान पुलिस की मौजूदगी जैसे कई बातों को रखा। सरकार के गाइडलाइंस के अनुसार 16 फरवरी तक मूर्ति विसर्जन कर देना है। पूजा के दौरान अश्लील गानों पर पूरी तरह से पाबंदी रहेगी। मौके पर जिप सदस्य गुलाम कुरैशीए समाजसेवी पप्पू यादवए मुखिया पारुल पांडेए मुन्ना यादवए इरफान अहमद खानए जुबेर खानए एस आई घासीराम माड़ीए एस आई वसीम अनवर खानए एस आई कमलेश यादव सहित गणमान्य लोग मौजूद थे।

प्रखंड कार्यालय में पंचायत समिति की हुई बैठक

पूर्वी टुंडी। 15 वें वित्त आयोग के पूर्वी टुंडी क्षेत्र में कार्य को लेकर पूर्वी टुंडी प्रखंड कार्यालय सभागार में पंचायत समिति सदस्यों की बैठक मंगलवार को आयोजित की गई। बैठक में प्रखंड प्रमुखए बीडीओ अमृता सिंहए जिप सदस्य जेबा मरांडी उपस्थित रहे। प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा निर्देश दिया गया कि लोकसभा चुनाव की अधिसूचना आने से पहले योजनाओं को चालू कर दिया जाए। इसके साथ ही योजनाओं में होने वाली अनियमितताओं की सूचना भी दें। क्षेत्र में बंद स्वास्थ्य केंद्र की जानकारी और चालू स्वास्थ्य केन्द्रों में कर्मियों की मौजूदगी की जानकारी भी दें। मौके पर अनवर अंसारीए किशोर कुमारए कनिय अभियंता सुमित कुमारए ज्ञानी आलोक आदि उपस्थित थे।